राजस्थान में हिंदी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज

(द्वितीय भाग)

प्राचीन साहित्य शोध-संस्थान
उदयपुर विद्यापीठ
उदयपुर

अगरचन्द नाहटा

राजस्थान में हिंदी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज

(द्वितीय भाग)

लेखक
अगरचन्द नाहटा

श्रीयुत् छोटेलाल जैन
के प्राक्कथन सहित

प्राचीन साहित्य शोध-संस्थान
उदयपुर विद्यापीठ
उदयपुर [राजपूताना]

प्रथम संस्करण १०००]　　सन् १९४७ ई०　　[मूल्य ४)

प्रकाशक—
उदयपुर विद्यापीठ सरस्वती मन्दिर,
प्राचीन साहित्य शोध-संस्थान;
उदयपुर ।

मुद्रक—
मथुराप्रसाद शिवहरे
दी फाईन आर्ट प्रिंटिङ्ग प्रेस,
अजमेर ।

स्व० श्री सेठ केसरीचन्द्रजी चतुर
उदयपुर (मेवाड़)
[आपके पौत्र श्री प्रकाशमलजी चतुर की पत्नी सुगनकुमारी के असामयिक देहावसान पर स्मृतिरूप में उनके सन्तप्त परिवार द्वारा]

प्राक्कथन

राजस्थान ने भारत के इतिहास में बहुत महत्त्वपूर्ण भाग लिया, और यह श्रेय भारत के अन्य किसी भी भू-खण्ड को नहीं प्राप्त हुआ। बारहवीं शताब्दी के भी पूर्व से लेकर मुगलों के पतन तक राजस्थान बराबर मुसलमानों के आक्रमणों का प्रतिरोध करता रहा, और उनसे निरन्तर संघर्षरत रहा। इसका फल यह हुआ कि जब अंग्रेज मुग़लों के उत्तराधिकारी बने, तो राजस्थान की एक अंगुल भूमि भी मुग़लों के अधिकार में न थी। यह बात गौरव के साथ कहनी पड़ती है कि भारत का कोई भी अन्य प्रान्त इतने दीर्घकाल तक अविरत रूप से युद्धरत न रहा। इस भीषण संघर्ष काल के उत्थान-पतन में राजस्थान को कितना निस्वार्थ त्याग करना पड़ा होगा, कितना लोमहर्षक शौर्य प्रदर्शित करना पड़ा होगा, छः सौ वर्ष तक स्वतंत्रता की अजस्र ज्वाला जाग्रत रखने के लिये कितने ईंधन की आवश्यकता हुई होगी, स्वतंत्रता के ध्येय को प्राप्त करने के लिये उसका कितना अटल निश्चय और अध्यवसाय होगा, स्वतंत्रता-संग्राम के भारवहन की शक्ति कितने गम्भीर और अक्षय देश-प्रेम से प्राप्त की गई होगी, उसकी विचारधारा, भावना, सफलता पिछली दस शताब्दियों में कैसी रही होगी ? इन सब बातों का मार्मिक दिग्दर्शन राजस्थान के साहित्य में ही प्राप्त हो सकता है।

राजस्थान की भाव-व्यंजना हिन्दी और राजस्थानी भाषा में हुई है। महान् हिन्दू जाति की संस्कृति और सभ्यता के द्योतक इस साहित्य को भावी सन्तति के हितार्थ राजस्थान ने सुरक्षित रक्खा है।

अब भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त करली है, और यह उपयुक्त समय है कि भारत की वीर-भावना और उत्साह नष्ट न हो, जिससे यह देश विश्व में अन्याय और दुराचार का विरोध और दमन करने में समर्थ हो सके। हमारी वीरता का पुनर्जागरण प्राचीन साहित्य के अध्ययन से किया जा सकता है।

राजस्थान में हस्तलिखित ग्रन्थों की अपार निधि है। कर्नल टॉड, राजा राजेन्द्रलाल मित्र, महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री, डॉ० बूलर, भण्डारकर, टेसीटरी आदि महानुभावों ने पुरातन हस्तलिखित ग्रन्थों की अन्वेषणा का सराहनीय कार्य किया है, परन्तु अधिकांश भाग तो अभी तक अनेक्षित ही है। ये हस्तलिखित प्रतियां हमारे विचार-क्षेत्र को विस्तृत करेंगी, जीवन को अधिक उन्नत बनायेंगी,

राष्ट्रीय उत्साह का अक्षय स्रोत होंगी, भारतीय जीवन और संस्कृति के ऐक्य को स्थापित करेंगी, और हिन्दू जाति के राष्ट्रीय भविष्य को व्यक्त करेंगी। इसमें सन्देह नहीं।

उदयपुर विद्यापीठ ने 'राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज' का प्रथम भाग सन् १९४२ में प्रकाशित किया, जिसमें १७५ हिन्दी ग्रन्थों का उल्लेख है और साथ ही संक्षिप्त टिप्पणियाँ भी हैं। अब इसका यह दूसरा भाग भी प्रकाशित हो रहा है। इसमें १८३ हस्तलिखित अज्ञात हिन्दी ग्रन्थों का विवरण है, जिनमें कोष, काव्य, वैद्यक, रत्न-परीक्षा, संगीत, नाटक, इतिहास, कथा, नगरवर्णन, शकुन, सामुद्रिक आदि विभिन्न विषयों के ग्रन्थ हैं, जो १०२ कवियों द्वारा रचित हैं। ये ग्रन्थ कई संग्रहालयों से प्राप्त हुए हैं, और प्रायः १७ वीं से १९ वीं शताब्दि तक के हैं। इनका सम्पादन-कार्य मेरे परम मित्र श्रीयुत अगरचन्दजी नाहटा द्वारा हुआ है। नाहटाजी ने जैन-साहित्य-क्षेत्र में सुख्याति प्राप्त की है और वे अपने अनुसन्धान-कार्य को समय-समय पर पत्रों में प्रगट करते रहे हैं।

श्रीयुत नाहटाजी ने राजस्थान के हस्त-लिखित ग्रन्थों की अन्वेषणा और संग्रह में अपना बहुमूल्य समय और शक्ति का व्यय किया है,जिसके लिये हिन्दी साहित्य-प्रेमी उनके आभारी हैं।

प्राचीन साहित्य शोध-संस्थान, उदयपुर सम्वत् १९९८ वि० में स्थापित हुआ था और इतने अल्पकाल में ही उसने आशातीत सफलता प्राप्त की है। इस संस्था के संचालक न केवल विद्वान् ही हैं, वरन् कर्मठ भी हैं। सबसे अधिक विशेषता की बात तो यह है कि अच्छी से अच्छी सामग्री का ये बहुत ही अल्प व्यय से निर्माण करते हैं, जिनसे इनकी आश्चर्यजनक मितव्ययिता प्रगट होती है। अतः हम श्री जनार्दनरायजी नागर और श्री पुरुषोत्तमजी मेनारिया तथा अन्य कार्यकर्त्ताओं को जितना धन्यवाद दें थोड़ा है।

अन्त में मुझे यही कहना है कि भारतीय हस्तलिखित सामग्री के परिचय के लिये ऐसी ग्रन्थ-सूचियों की नितान्त आवश्यकता है।

कलकत्ता
आश्विन शुक्ला ८
सं० २००४ वि०

छोटेलाल जैन

दो शब्द

उदयपुर विद्यापीठ गत दस वर्षों से अपनी विविध संस्थाओं द्वारा राजस्थान में शिक्षणात्मक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और लोकोत्थान का कार्य कर रही है तथा अब वह संपूर्ण विद्यापीठ का रूप ग्रहण कर चुकी है। महाविद्यालय, श्रमजीवी विद्यालय, कलाकेन्द्र, सरस्वती मन्दिर (जिसमें प्राचीन साहित्य शोध-संस्थान संयुक्त है) महात्मा, गांधी लोक शिक्षण विद्यालय, मोहता आयुर्वेद सेवा सदन, प्रगतिशील प्रकाशन संस्थान (जिसमें विद्यापीठ प्रेस संयुक्त है), राम सन्स टेक्निकल इंस्टीट्यूट और जनपद इसकी संस्थाएं हैं।

सरस्वती मन्दिर साहित्यिक-सांस्कृतिक निर्माणात्मक एवं शोध सम्बन्धी कार्य करने की योजना के साथ अग्रसर हो रहा है। इसके लिये मेवाड़ सरकार ने कृपा कर शहर के निकट ही सात बीघा जमीन भी बिना मूल्य लिये प्रदान की है, जिसके लिये वह हमारे धन्यवाद की पात्र है। प्राचीन साहित्य शोध-संस्थान के सामने अन्य प्रवृत्तियों के साथ राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज का विस्तृत और महत्त्वपूर्ण कार्य भी है। राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज भाग २ का प्रकाशन बहुत विलम्ब से हो रहा है और इसके बाद आगे के दो भागों के मुद्रण का कार्य भी शेष है। आशा है अब शीघ्र ही शोध-संस्थान इनको प्रकाशित करने में समर्थ होगा।

संस्थान श्रीयुत्, अगरचन्दजी नाहटा का अत्यन्त आभारी है, जिन्होंने इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ को बड़े परिश्रम, अनुभव और ठोस अध्ययन के आधार पर तैयार किया है। इस कार्य में हमें श्रीयुत्, नाहटाजी से बहुत आशा है और वे पूर्ण होंगी-इसमें सन्देह नहीं।

मेवाड़ सरकार ने कृपा कर अपनी विशेष स्वीकृति से १०००) रु० की सहायता इस ग्रन्थ के प्रकाशनार्थ प्रदान की है। इसके लिये संस्था सरकार को हार्दिक धन्यवाद देती है और आशा करती है कि इस महत्वपूर्ण ग्रन्थमाला के आगामी प्रकाशनों के लिये भी मुद्रण का अधिकांश व्यय प्रदान करेगी।

श्रीयुत्, छोटेलालजी जैन, कलकत्ता ने कृपा कर प्रस्तुत ग्रन्थ के लिये अपना प्राक्कथन लिखना स्वीकृत किया तदर्थ हम आपके बहुत आभारी हैं।

उदयपुर विद्यापीठ
कार्तिक कृष्ण ७, २००४ वि०

अर्जुनलाल महता
पीठ मन्त्री

निवेदन

—:&:—

राजस्थान में प्राचीन साहित्य, लोक-साहित्य, इतिहास और कलाविषयक शोध-कार्य करने के लिये उदयपुर विद्यापीठ द्वारा वि० सं० १९९८ में प्राचीन साहित्य शोध-संस्थान की स्थापना की गई थी। योजनानुसार इसके विभागान्तर्गत कई महत्त्वपूर्ण प्रवृत्तियां स्थापित एवं विकसित हो चुकी हैं। जैसे– १- राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज, २—चारणगीत माला, ३—राजस्थान गौरव ग्रन्थमाला, ४—राजस्थानी कहावत माला, ५—राजस्थानी लोकगीत माला, ६-स्व० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा निबन्ध संग्रह, ७—महाकवि सूर्यमल आसन, ८—शोध-पत्रिका और ९—संग्रहालय आदि।

सर्वप्रथम हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज का कार्य प्रारंभ किया गया था। उस समय विद्वानों का राजकीय अथवा व्यक्तिगत पुस्तकभण्डारों में प्रवेश पा सकना और वहां के हस्तलिखित ग्रन्थों का विवरण तैयार करना आज से कहीं अधिक कठिन था। किन्तु इस कार्य में सफलता मिली और श्रीयुत्, पं० मोतीलाल मेनारिया एम० ए० द्वारा प्रस्तुत खोज का प्रथम विवरण-ग्रन्थ प्रकाशित कर दिया गया। इस ग्रन्थ के रूप में द्वितीय विवरण-ग्रन्थ भी प्रकाशित किया जा रहा है। आगे के तृतीय और चतुर्थ भाग भी–एक श्रीयुत्, उदयसिंह भटनागर एम० ए० का, दूसरा श्रीयुत्, अगरचन्द नाहटा का प्रेस के लिये प्रस्तुत हैं। आशा है शोध-संस्थान शीघ्र ही इनको भी प्रकाशित करने में समर्थ होगा। तब तक कई नवीन भाग तैयार हो जावेंगे। चारणगीतमाला के लिये लगभग १०५० गीत अब तक एकत्रित किये जा चुके हैं। और प्रथम-द्वितीय भाग का सम्पादन-कार्य भी समाप्तप्रायः है। राजस्थान-गौरव-ग्रन्थमाला के अन्तर्गत महाकवि चन्द कृत पृथ्वीराज रासो का प्रामाणिक संस्करण प्रस्तुत किया जा रहा है। श्रीयुत्, कविराव मोहनसिंह के सम्पादकत्व और श्रीयुत्, भगवतीलाल भट्ट के संयोजन में पृथ्वीराज रासो-कार्यालय द्वारा इसके ३३ प्रस्तावों का कार्य समाप्त हो गया है। राजस्थानी कहावत माला की प्रथम 'पुस्तक मेवाड़ की कहावतें' भाग १. सम्पादक श्रीयुत्, पं० लक्ष्मीलाल जोशी एम० ए० एल० एल० बी० प्रकाशित हो चुकी है। द्वितीय पुस्तक 'प्रतापगढ़ की कहावतें' सम्पादक श्रीयुत्, रत्नलाल महता, बी० ए०, एल० एल० बी० और तृतीय पुस्तक 'राजस्थानी भील कहावतें' सम्पादक-श्रीयुत्, पुरुषोत्तम मेनारिया

'साहित्यरत्न' प्रेस के लिये तैयार हैं। चतुर्थ पुस्तक 'मेवाड़ की कहावतें' भाग—२. सम्पादक श्रीयुत्, पं० लक्ष्मीलाल जोशी एम० ए० एल० एल० बी० का कार्य भी चल रहा है। मेवाड़ के विभिन्न विभागों से लगभग ६०० लोकगीतों का संग्रह कार्य किया जा चुका है। इनमें भील गीत मुख्य हैं। स्व० डॉ० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा के निबन्ध चार भागों में प्रकाशित किये जावेंगे। नवीन खोज के अनुसार टिप्पणियां जोड़ने का महत् कार्य कृपा कर श्रीयुत्, डॉ० रघुवीरसिंह एम० ए०, डी० लिट्०, एल एल० बी०, महाराजकुमार सीतामऊ ने प्रारंभ कर दिया है और प्रथम भाग शीघ्र ही प्रेस में दिया जाने वाला है। महाकवि सूर्यमल आसन के तृतीय अभिभाषक श्रीयुत्, डॉ० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या एम० ए०, डी० लिट, अध्यक्ष भाषातत्त्वविभाग कलकत्ता विश्व-विद्यालय के 'राजस्थानी भाषा' विषयक भाषण प्रेस में हैं। शोध-पूर्ण निबन्धों के प्रकाशनार्थ और शोध-कार्य को प्रगति देने के उद्देश्य से त्रैमासिक 'शोध-पत्रिका' का प्रकाशन भी चैत्र सं० २००४ वि० से प्रारंभ किया गया है। संस्थान का संग्रह-कार्य भी प्रगति पर है। प्राप्त जमीन पर संग्रहालय का भवन निर्मित होते ही संग्रहालय की उपयोगिता और प्रगति कई गुनी बढ़ जायगी। कई कठिनाइयों को सहते हुए भी इस प्रकार शोध-संस्थान अपने ध्येय की ओर अग्रसर हो रहा है।

राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज का कार्य सर्वथा नवीन और महत्त्वपूर्ण है। यह बहुत आवश्यक है कि समस्त राजस्थान में खोज का यह प्रारम्भिक कार्य शीघ्रातिशीघ्र समाप्त हो जाय। राजस्थान के विद्वानों, धनी-मानी सज्जनों और रियासती सरकारों की पूरी पूरी सहायता इसके लिये पूर्णतया अपेक्षित है इसी से यह संभव है। आशा है राष्ट्रनिर्माण के इस महत्वपूर्ण कार्य में शोध-संस्थान को अवश्य ही पूर्ण सहयोग मिलेगा।

उदयपुर विद्यापीठ सरस्वती मन्दिर,
प्राचीन साहित्य शोध-संस्थान,
कार्तिक कृष्णा ७, २००४ वि०

पुरुषोत्तम मेनारिया
सञ्चालक

प्रस्तावना

भारतीय वाङ्मय बहुत ही विशाल एवं विविधतापूर्ण है । अध्यात्मप्रधान भारत में भौतिक विज्ञान ने भी जो आश्चर्यजनक उन्नति की थी उसकी गवाही उपलब्ध प्राचीन साहित्य भली प्रकार से दे रहा है । यहाँ के मनीषियों ने जीवनोपयोगी प्रत्येक विषय पर गंभीरता से विचार एवं अन्वेषण किया और वे भावी जनता के लिये उसका निचोड़ ग्रन्थों के रूप में सुरक्षित कर गये । उस अमर वाङ्मय का गुणगान करके गौरवानुभूति करने मात्र का अब समय नहीं है । समय का तकाजा है—उसे भली भाँति अन्वेषण कर शीघ्र ही प्रकाश में लाया जाय । पर खेद के साथ लिखना पड़ता है कि हमारे गुणी पूर्वजों की अनुपम एवं अनमोल धरोहर के हम सच्चे अधिकारी नहीं बन सके । हमारे उस अमृतोपम वाङ्मय का अन्वेषण एवं अनुशीलन पाश्चात्य विद्वानों ने गत शताब्दी में जितनी तत्परता एवं उत्साह के साथ किया हमने उसके एकाधिकारी—ठेकेदार कहलाने पर भी उसके शतांश में भी नहीं किया; इससे अधिक परिताप का विषय हो ही क्या सकता है ? जिन अनमोल ग्रन्थों को हमारे पूर्वज बड़ी आशा एवं उत्साह के साथ, हम उनके ज्ञानधन से लाभान्वित होते रहें—इसी पवित्र उद्देश्य से बड़े कठिन परिश्रम से रच एवं लिखकर हमें सौंप गये थे, हमने उन रत्नों को पहिचाना नहीं । वे नष्ट होते गये व होते जा रहे हैं तो भी उसकी भी सुधि तक नहीं ली ! किसी माई के लाल ने उसकी ओर नजर की तो वह उसे व्यर्थ का भार प्रतीत हुआ और कौड़ियों के मोल पराये हाथों सौंप दिया । सुधि नहीं लेने के कारण जल एवं उदेई ने उसका विनाश कर डाला । कई व्यक्तियों ने उन ग्रन्थों को फाड़फाड़ कर पुड़ियां बांध कर लेखे लगा दिया । कहना होगा कि इनसे तो वे अच्छे रहे जिन्होंने अल्प मूल्य में ही सही बेच डाला; जिससे अधिकारी व्यक्ति आज भी उनसे लाभ उठा रहे हैं । जिन्होंने पैसा देकर खरीदा है वे उसे संभालेंगे तो सही । हमें तो पूर्वजों के श्रम का मूल्य नहीं, पैसे का मूल्य है, अतः बिना पैसे प्राप्त चीज की कदर भी कैसे करते ?

भारतीय साहित्य की विशेषता एवं उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए लाहोर निवासी पं० राधाकृष्ण के प्रस्ताव को सं० १८९८ में स्वीकार कर भारत सरकार ने

उसके अन्वेषण[१] एवं संग्रह की ओर ध्यान दिया। फलतः हजारों ग्रन्थों की लक्षाधिक प्रतियों का पता लग चुका है। डॉ० कीलहार्न, बूलर, पीटर्सन, भांडारकर, बर्नेल, राजेन्द्रलाल मित्र, हरप्रसाद शास्त्री आदि की खोज रिपोर्टों एवं सूचीपत्रों को देखने से हमारे पूर्वजों की मेधा पर आश्चर्य हुए बिना नहीं रहता। डा० आफ्रेक्ट ने 'कैटेलोगस कैटेलोगरम' के तीन भागों को तैयार कर भारतीय साहित्य की अनमोल सेवा की है। उसके पश्चात् और भी अनेक खोज रिपोर्टें एवं सूचीपत्र प्रकाशित हो चुके हैं जिनके आधार से मद्रास युनिवर्सिटी ने नया 'कैटेलोगस कैटेलोगरम' प्रकाशित करने की आयोजना की है। खोज का काम अब दिनोंदिन प्रगति पर है अतः निकट भविष्य में हमारी जानकारी बहुत बढ़ जायगी, यह निर्विवाद है।

हिन्दी भाषा का विकास एवं उसका साहित्य—

प्रकृति के अटल नियमानुसार सब समय भाषा एकसी नहीं रहती, उसमें परिवर्त्तन होता ही रहता है। वेदों की आर्ष भाषा से पिछली संस्कृत का ही मिलान कीजिये यही सत्य सन्मुख आयगा। इसी प्रकार प्राकृत अपभ्रंश में परिणत हुई और आगे चलकर वह कई धाराओं में प्रवाहित हो चली। वि० सं० ८३५ में जैनाचार्य दाक्षिण्यचिन्हसूरि ने जालोर में रचित 'कुवलयमाला' में ऐसी ही १८ भाषाओं का निर्देश करते हुए १६ प्रान्तों की भाषाओं के उदाहरण उपस्थित[२] किये हैं। मेरे नम्रमतानुसार हिन्दी आदि प्रान्तीय भाषाओं के विकास को जानने के लिये यह सर्वप्रथम महत्वपूर्ण निर्देश है। हिन्दी भाषा की उत्पत्ति पर विचार करते हुए कुवलयमाला में निर्दिष्ट मध्यदेश की भाषा से उसका उद्गम हुआ ज्ञात होता है। ९ वीं शताब्दी में मध्य देश में बोले जाने वाले "तेरे मेरे आउ" शब्द ११८० वर्ष होजाने पर भी आज हिन्दी में उसी रूप में व्यवहृत पाये जाते हैं। १४ वीं शताब्दी के सुप्रसिद्ध विद्वान् श्री जिनप्रभसूरि या उनके समय के रचित गुर्जरी, मालवी, पूर्वी और मरहठी भाषा की बोली नामक कृति[३] उपलब्ध है उससे हिन्दी का सम्बन्ध पूर्वी के ही अधिक निकट ज्ञात होता है। अनूप संस्कृत पुस्तकालय में "नव बोली छंद" नामक रचना प्राप्त है

---

[१]—पुरातत्वान्वेषण का आरंभ सन् १७७४ के १४ जनवरी को सर विलीयम जोन्स के एशियाटिक सोसायटी की स्थापना से शुरु होता है।

इसके सम्बन्ध में मुनि जिनविजयजी का "पुरातत्व संशोधन नो पूर्व इतिहास" निबंध द्रष्टव्य है जो आर्यविद्याव्याख्यानमाला में प्रकाशित है।

२—देखें अपभ्रंश काव्यत्रयी पृ० ९१ से ९४।

३—राजस्थानी, वर्ष ३ अंक ३ में प्रकाशित।

उससे भी हिन्दी का सम्बन्ध दिल्ली एवं पूर्व की बोली से ही सिद्ध होता है अर्थात् हिन्दी मूलतः मध्यदेश एवं पूर्व के ओर की भाषा है।

मध्यप्रदेश भारत का हृदय स्थानीय होने से साधु सन्तों ने यहाँ की भाषा में अपनी वाणियाँ प्रचारित की। वे लोग सर्वत्र घूमते रहते हैं अतः उनके द्वारा हिन्दी का सर्वत्र प्रचार होने लगा। इसके पश्चात् मुसलमानी शासकों ने दिल्ली को भारतवर्ष की राजधानी बनाया अतः उसकी आसपास की बोली को प्रोत्साहन मिलना स्वाभाविक ही था। इधर व्रजमंडल जो कि भगवान् कृष्ण की लीलाभूमि होने के कारण, हिन्दुओं का तीर्थधाम होने से एवं राजपूताना उसका निकटवर्ती प्रदेश होने के कारण व्रजभाषा का प्रचार राजस्थान में दिनोंदिन बढ़ने लगा। महाकवि सूरदास आदि का साहित्य और वल्लभसम्प्रदाय के राजस्थान में फैल जाने से भी व्रजभाषा के प्रचार में बहुत कुछ मदद मिली। राजपूत नरेशों ने हिन्दी के कवियों को बहुत प्रोत्साहन दिया। व्रज के अनेक कवियों को राजस्थान के राजदरबारों में आश्रय मिला। फलतः सैकड़ों कवियों के हजारों हिन्दी ग्रन्थ राजस्थान में रचे गये। अन्यत्र रचित उपयोगी एवं महत्वपूर्ण ग्रन्थों की प्रतिलिपियें कराकर भी राजस्थान में विशाल संख्या में संग्रह की गई जिसका आभास राजस्थान के विविध राजकीय संग्रहालयों एवं जैनज्ञान भंडारों आदि में प्राप्त विशाल हिन्दी साहित्य से मिल जाता है।

वैसे तो हिन्दी का विकास ८ वीं शताब्दी से माना जाता है और नाथपंथी-योगियों और जैन विद्वानों के विपुल अपभ्रंश काव्यों[1] से उसका घनिष्ट सम्बन्ध है पर हिन्दी भाषा का निखरा हुआ रूप खुसरो की कविता में नजर आता है। यद्यपि उनकी रचनाओं की प्राचीन प्रति प्राप्त हुए बिना उनकी भाषा का रूप ठीक क्या था, नहीं कहा जासकता। उसके पश्चात् सबसे अधिक प्रेरणा कबीर के विशाल साहित्य से मिली है। नूरक चंदा-मृगावती, पद्मावत आदि कतिपय प्रेमाख्यानों से १५ वीं १६ वीं शताब्दी के हिन्दी भाषा के रूप का पता चलता है पर इसका उन्नतकाल १७ वीं शताब्दी है। सम्राट् अकबर के शान्तिपूर्ण शासन का हिन्दी के प्रचार में बहुत बड़ा हाथ रहा है। वास्तव में इसी समय हिन्दी की जड़ सुदृढ़ रूप से जम गई और आगे चलकर यह पौधा बहुत फला फूला। हिन्दी ने अपनी अन्य सब भाषाओं को पीछे छोड़ कर जो अभ्युदय लाभ किया वह सचमुच आश्चर्यजनक एवं गौरवास्पद है।

---

१ —सरहप्पा, कण्हपा, गौरक्षपा, आदि नाथपंथी योगी एवं जैन कवियों के रचना के उदाहरण देखने के लिये 'हिन्दी काव्य धारा' ग्रन्थ का अवलोकन करना चाहिये।

१७ वीं और १८ वीं शताब्दी में हिन्दी के अनेक सुकवियों का प्रादुर्भाव हुआ जिनके ललित काव्यों ने इसकी सुख्याति सर्वत्र प्रचारित करदी। इधर राजसभाओं में इन कवियों द्वारा हिन्दी की प्रतिष्ठा बढ़ी उधर कबीर, सूर के पदों एवं तुलसीदासजी की रामायण ने जनसाधारण में हिन्दी की धूम सी मचादी फलतः इसका साहित्य इतना समृद्ध, विशाल एवं विविधतापूर्ण पाया जाता है कि अन्य कोई भी भाषा इसकी तुलना में नहीं खड़ी हो सकती।

हिन्दी साहित्य की शोध—

प्राचीन हिन्दी साहित्य की विशालता की ओर ध्यान देते हुए नागरीप्रचारिणी सभा ने सर्वप्रथम हिन्दी ग्रन्थों के विवरण संग्रह करने की उपयोगिता पर ध्यान दिया। सभा ने सन् १८९८ तक तो एशियाटिक सोसायटी एवं संयुक्त प्रदेश की सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया पर वह विशेष फलप्रद नहीं होने से १८९९ में प्रान्तीय सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। उसने ४००) रु० वार्षिक सहायता देना व रिपोर्टें[1] अपने खर्च से प्रकाशित करना स्वीकार किया। यह सहायता बढ़ते-बढ़ते दो हजार तक जा पहुँची। इस प्रकार सन् १९०० से लगाकर ४७ वर्ष होगये। निरन्तर खोज होते रहने पर भी हिन्दी भाषा का अभी आधा साहित्य भी हमारी जानकारी में नहीं आया। अनेक स्थान तो अभी ऐसे रह गये हैं जहाँ अभीतक बिलकुल अन्वेषण नहीं हो पाया। राजपूताने को ही लीजिये इसमें अनेक रियासतें हैं और बहुतसे राज्यों में कई राजा बड़े विद्याप्रेमी हो गये हैं। उनके आश्रय एवं प्रोत्साहन से बहुत बड़े हिन्दी साहित्य का निर्माण हुआ है पर उनमें से जोधपुर आदि के राज्य-पुस्तकालयों के कुछ ग्रन्थों को छोड़ प्रायः सभी ग्रन्थ अभीतक अन्वेषक की बाट जो रहे हैं। जहाँतक मुझे ज्ञात है इसकी ओर सर्वप्रथम लक्ष्य देने वाले अन्वेषक मुंशी देवीप्रसादजी हैं। आपने 'राज रसनामृत', 'कविरत्नमाला', 'महिलामृदुवाणी' आदि में राजस्थान के हिन्दी

१—खेद है कि सरकार ने कुछ रिपोर्टें प्रकाशित करने के पश्चात् कई वर्षों से प्रकाशन बंद कर दिया है। प्रकाशित सब रिपोर्टें अब प्राप्त भी नहीं। अतः आजतक की खोज से प्राप्त हिन्दी ग्रंथों के विवरणों की संग्रहसूची प्रकाशित होनी अत्यावश्यक है। नागरी प्रचारिणी सभा के हस्तलिखित हिन्दी पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण (१९४३ तक का) प्रकाशन प्रारंभ किया था वह भी अधूरा ही पड़ा है। सभा को उसे शीघ्र ही प्रकाश में लाना चाहिये ताकि भावी अन्वेषकों को कौन-कौनसे कवियों एवं ग्रंथों का पता आजतक लग चुका है जानने में सुगमता उपस्थित हो। 'हिन्दी पुस्तक साहित्य' ग्रन्थ से जिस प्रकार मुद्रित 'हिन्दी पुस्तकों' की आवश्यक जानकारी प्राप्त होती है उसी ढंग से प्राचीन ग्रन्थों के सम्बन्ध में भी एक ग्रन्थ प्रकाशित होना चाहिये।

कवियों को प्रकाश में लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। सं० १९६८ में द्वितीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के कार्य-विवरण (दूसरे भाग) में आपका 'राजपूताने में हिन्दी पुस्तकों की खोज' शीर्षक लेख प्रकाशित हुआ है जिसमें ३३८ हिन्दी ग्रन्थों की अक्षरादि क्रम-सूची दी गई है। उसमें आपने यह भी लिखा है—सूचियों की कई जिल्दें बन गई हैं। श्री मोतीलालजी मेनारिया ने भी आपके ८०० कवियों की सूची मिश्र-बन्धुओं को भेजने एवं उनमें २०० नवीन कवियों के निर्देश होने का उल्लेख किया है अत: उन जिल्दों को उनके वंशजों से प्राप्त कर प्रकाशित करना परमावश्यक है। उससे बहुतसी नवीन जानकारी प्रकाश में आने की संभावना है।

राजस्थान ने अपनी स्वतंत्र भाषा होने पर भी एवं उसमें विपुल साहित्य की रचना करने पर भी हिन्दी भाषा की जो महान् सेवा की है वह विशेष रूप से उल्लेखनीय है। स्व० सूर्यनारायणजी पारीक ने १. राजस्थान की हिन्दी सेवा, २. राजस्थान के राजाओं की हिन्दी सेवा, ३. राजस्थान की हिन्दी कवि-कवयित्रीयें आदि विस्तृत लेखों द्वारा इस पर प्रकाश डाला था[1] पर राजस्थान में हिन्दी ग्रन्थों की हजारों प्रतियें हैं अतः ऐसे प्रयत्न निरन्तर होते रहने वांछनीय हैं। छुटकर प्रयत्नों से विशेष सफलता नहीं मिल सकती। यहां तो वर्षों तक निरंतर खोज चालू रखने का प्रयत्न करना होगा। नागरी प्रचारिणी सभा की भांति दो तीन वेतनभोगी व्यक्ति रखकर राजकीय प्रसिद्ध संग्रहालयों, पुराने खानदानों, विद्याप्रेमी घरानों, जैन उपासकों, साधु सन्तों के मठों में और गांव-गांव में, घर-घर में घूम फिर कर तलाश करनी होगी। क्योंकि बहुत से ग्रन्थ ऐसे हैं जिनकी अन्य प्रतिलिपियें नहीं हो पायीं उनकी प्राप्ति कवि के आश्रयदाता या वंशजों के पास ही हो सकती है। कई व्यक्ति आज बहुत हीन दशा में हैं पर उनके पूर्वज बड़े विद्वान् व विद्याप्रेमी हो गये। उनके पास पूर्वजों के संग्रहीत अनेकों दुर्लभ-ग्रन्थ प्राप्त हो सकेंगे। बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, अलवर, बूंदी आदि अनेकों राजकीय संग्रहालयों के अतिरिक्त दो महत्वपूर्ण संग्रह भी राजस्थान में हैं वे हैं—विद्याविभाग कांकरोली और पुरोहित हरीनारायणजी जयपुर के संग्रहालय। इन सब संग्रहालयों की खोज रिपोर्टें अति शीघ्र प्रकाशित होनी चाहिये।

प्रस्तुत ग्रंथ का संकलन—

उदयपुर विद्यापीठ ने राजस्थान में हिन्दी ग्रन्थों की शोध का परमावश्यक कार्य

१—राजस्थान के आधुनिक हिन्दी विद्वानों के सम्बन्ध में 'राजस्थान के हिन्दी साहित्यकार' नामक ग्रन्थ देखना चाहिये जो कि हिन्दी परिषद्, जयपुर से प्रकाशित है।

हाथ में लेकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। इसकी ओर से श्री मोतीलालजी मेनारिया एम० ए० के संग्रहीत एवं सम्पादित "राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज" का प्रथम भाग सन् १९४२ में प्रकाशित हो चुका है। उदयपुर विद्यापीठ के शोध-संस्थान द्वारा यह कार्य मुझे भी सौंपा गया और मैं अपना कार्य शीघ्रता से सम्पन्न कर सकूं इसके लिए सहायतार्थ श्री पुरुषोत्तमजी मेनारिया साहित्यरत्न भी कुछ समय बाद बीकानेर आ गये। बहुतसे ग्रन्थों के नोट्स मैंने पहले ले ही रखे थे। उनके आने से वह कार्य पूरे वेग से चलाया गया और दस बारह दिनों में ही कुल मिलाकर एक भाग की जगह दो भागों के योग्य विवरण संग्रहीत होगये अतः उनका विषय-वर्गीकरण करके करीब आधे विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में दूसरे भाग के रूप में प्रकाशित करने का निश्चय कर लिया तदनुसार यह ग्रन्थ पाठकों की सेवा में उपस्थित है।

विवरण लेते समय पहले तो सभी हिन्दी ग्रन्थों का विवरण लिया जाना सोचा गया था, पर जब मैंने अपने संग्रह को ही टटोला तो छोटे बड़े ५०० के करीब हिन्दी ग्रन्थ उपलब्ध हुए अतः मैंने यही उचित समझा कि अभीतक हिन्दी जगत् में अज्ञात ग्रन्थ ही सैकड़ों उपलब्ध हैं और उनमें से बहुतसे विविध दृष्टियों से महत्वपूर्ण हैं अतः उनका विवरण ही पहले प्रकाश में आना चाहिये अन्यथा पूर्व ज्ञात ग्रन्थों का परिचय प्रकाशित करने से व्यर्थ ही समय शक्ति एवं द्रव्य अर्थ का अपव्यय होगा और संभव है अज्ञात ग्रन्थों के प्रकाश में लाने का मौका ही नहीं मिले जो बहुत अन्याय होगा। बीकानेर में अनूप संस्कृत लाइब्रेरी नामक राजकीय संग्रहालय भी बहुत ही महत्वपूर्ण है। उसमें विविध विषयों के महत्वपूर्ण ग्रन्थों की १२ हजार प्रतियें हैं जिनमें हिन्दी ग्रन्थों की प्रतियें भी १ हजार के लगभग हैं। अतः अद्यावधि अज्ञात ग्रन्थों के ही विवरण संग्रहीत करने पर कई भाग होजाने संभव हैं। इन सब बातों पर विचार करके दो भाग के उपयुक्त विवरण ले लिये जाने पर उस कार्य को स्थगित कर दिया गया एवं काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित हस्तलिखित हिन्दी पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण से चेक कर जिनका विवरण उसमें आगया था उन्हें अलग निकालकर ३५०-४०० अज्ञात ग्रन्थों के विवरण[1] हिन्दी विद्यापीठ शोध-संस्थान के सञ्चालक श्री

१—जिनमें से १८६ ग्रन्थों के विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में प्रकाशित हो रहे हैं। अवशिष्ट विवरणों में १ पुराण उपनिषद्, २ संत साहित्य, ३ कृष्ण काव्य, ४ वेदान्त, ५ नीति, ६ जैन० साहित्य, ७ शतक, ८ बावनी, ९ फुटकर इन विषयों के ग्रन्थों के विवरण चौथे भाग में प्रकाशित होंगे।

पुरुषोत्तमजी मेनारिया के सुपर्द कर दिये। मेरी हस्तलिपि बड़ी दुष्पाठ्य है और मेनारियाजी ने जो विवरण लिये वे भी बड़ी उतावली में लिये थे अतः प्रेस कापी करने करवाने का श्रम भी मेनारियाजी ने ही उठाया।

विवरण लिखने की पद्धति--

प्रस्तुत ग्रन्थ में विवरण संग्रह की पद्धति में आपको कई नवीनताएं प्रतीत होंगी अतः उनके सम्बन्ध में स्पष्टीकरण करदेना आवश्यक है। प्राचीन हस्तलिखित प्रतियों के अवलोकन एवं सूची बनाने में मेरी अत्यधिक अभिरुचि रही है। मेरे साहित्य साधना के १८ वर्ष बहुत कुछ इसी कार्य में बीते हैं। पाश्चात्य एवं भारतीय अनेक विद्वानों के सम्पादित पचासों सूचीपत्रों (जितने भी अधिक मुझे ज्ञात हुए व मिल सके) को देखा एवं ४० हजार के लगभग प्रतियों की सूची तो मैंने स्वयं बनाई है अतः उसके यत्किंचित् अनुभव के बल पर मुझे प्रचलित पद्धति में कुछ सुधार करना आवश्यक प्रतीत हुआ। मेरे नम्र मतानुसार विवरण में अपनी ओर से कम से कम लिखकर ग्रन्थकार, ग्रन्थ एवं प्रति के सम्बन्ध में प्राप्त प्रति से ही आवश्यक उद्धरण अधिक रूप में लिया जाना ज्यादा अच्छा है। पाठकों को बतलाने योग्य जो कुछ समझा जाता है वह ग्रन्थकार के शब्दों ही में रखा जाय तो उसकी प्रमाणिकता बहुत बढ़ जायगी। विवरण लिखने वालों की जरासी असावधानी या भूल-भ्रान्ति से परवर्त्ती पचासों ग्रन्थ उस भूल के शिकार हो जाते मैंने स्वयं देखा है क्योंकि उसको प्रमाण माने बिना काम चलता नहीं और उसके अनुकरण में जितने भी व्यक्ति लिखेंगे सभी उसी भ्रान्ति को दुहराते जायेंगे। मौलिक अन्वेषण व जाँच कर लिखने वाले हैं कितने ? अतः मैंने ग्रन्थ के उद्धरण अधिक प्रमाण में लिये हैं और अपनी ओर से कुछ भी नहीं या कम से कम लिखने की नीति बरती है। ग्रन्थ का नाम, ग्रन्थकार उनका जितना भी परिचय ग्रन्थ में है, ग्रन्थ का रचनाकाल, ग्रन्थ रचने का आधार आदि ज्ञातव्य जिस ग्रन्थ में संक्षेप या विस्तार से जितना मिला विवरण में ले लिया है जिससे प्रत्येक व्यक्ति ऊपर निर्दिष्ट मेरे लिखतसार को स्वयं जांचकर निर्णय कर सके। जहाँतक हो सका है ग्रन्थ के पद्यों की संख्या का भी निर्देश कर दिया है। अपनी निर्धारितनीति को मैं सर्वत्र नहीं बरत सका, इसका कारण है विवरण तैयार करते समय सब प्रतियों का सामने न होना। कई संग्रहालयों के वर्षों पहले एवं उतावल में नोट्स कर लिये गये थे और विवरण तैयार करते समय प्रतियें सामने न थी। अतः पूर्व-कालीन नोट्स का ही उपयोग कर संतोष करना पड़ा। प्रति के लेखनकाल के सम्बन्ध

में भी मैंने अपने अनुभव का उपयोग किया है। जिन प्रतियों में लेखन संवत् नहीं था उनका कागज एवं लिखावट आदि के आधार से अनुमानित शताब्दी लिखदी गई है जिससे प्रति की प्राचीनता एवं ग्रन्थकार के अनिर्दिष्ट समय का भी कुछ अनुमान लगाया जा सके।

विवरण लेने की प्रस्तुत पद्धति में जैन साहित्य महारथी स्व० मोहनलाल देशाई के जैनगुर्जर कविओ से भी मैं बहुत प्रभावित हूँ।

प्रस्तुत ग्रन्थ की कतिपय विशेषताएं--

प्रस्तुत ग्रन्थ की दो विशेषताओं (अज्ञात ग्रन्थों का ही विवरण लेना एवं आवश्यक ज्ञातव्य को ग्रन्थकार के शब्दों में ही अधिक से अधिक रखना) का ऊपर निर्देश किया जा चुका है। इनके अतिरिक्त तीन विशेषतायें और भी हैं जो पूर्व प्रकाशित विवरण ग्रन्थों से तुलना करने पर महत्व की प्रतीत होगी उनका भी संक्षेप में उल्लेख कर देना आवश्यक समझता हूँ।

(१) अन्य सब हिन्दी ग्रन्थों के विवरणग्रन्थों से भिन्न इसमें एक-एक विषय के अधिक से अधिक अज्ञात ग्रन्थों का विवरण संग्रहीत किया गया है और उनका विषय वर्गीकरण कर दिया गया है। इसमें मेरा प्रधान लक्ष्य यह रहा है कि अभी तक हमारे हिंदी साहित्य का अनुशीलन विषयवर्गीकरण की दृष्टि से नहीं किया गया। इसके बिना हमारे साहित्य की समृद्धता एवं उपयोगिता का उचित मूल्याङ्कन नहीं हो सकता। श्रीयुत डॉ० रामकुमार वर्मा के हिन्दी साहित्य के आलोचनात्मक इतिहास के प्रारंभ में कतिपय विषयों के हिन्दीग्रन्थों की तालिका दी गई है पर वह बहुत ही सीमित एवं अपूर्ण है। मेरी राय में जिस प्रकार विविध धाराओं की आलोचना की जा रही है उसी प्रकार प्रत्येक विषय के जितने भी ग्रन्थ हिन्दी साहित्य में हैं उन सब का अध्ययन कर किस कवि में क्या विशेषता थी ? किन-किन नवीन बातों को कवि ने अपनी अनुभूति के बलपर नवीन रूप में या नवीन शैली से प्रतिपादित किया, किसने किन-किन ग्रन्थों से प्रेरणा ली, अनुकरण किया, किन-किन विषयों पर वर्त्तमान जगत आगे बढ़ चुका है या पीछे रह गया है, उस साहित्य का विकास कबसे व कैसे हुआ ? इत्यादि उस विषय सम्बन्धी जितने भी तथ्यों पर विचार किया जा सके करके प्रकाश डाला जाय, इससे महत्वपूर्ण ग्रन्थों का पता चलेगा, वे प्रकाशित किये जाकर हमारी ज्ञानवृद्धि करेंगे। हमारे विद्वानों का ध्यान आकर्षित करने के लिये मैंने छंद[1], कोष, रत्नपरीक्षा, संगीत[2], वैद्यक आदि विषयों एवं शतक, बावनी, गजल आदि

प्रकारों के हिन्दी साहित्य के सम्बन्ध में कई लेख प्रकाशित किये हैं। उनसे स्पष्ट है कि किन-किन विषयों के कितने ग्रन्थों का अभी तक पता चल चुका था और उस विषय के मुझे प्राप्त अज्ञात ग्रन्थ कितने हैं। मेरे उन लेखों से पाठक स्वयं समझ सकेंगे कि प्रस्तुत विवरणी द्वारा किस-किस विषय के नवीन ग्रन्थ किस परिमाण में प्रकाश में आये हैं।

(२) प्रस्तुत विवरण में कतिपय ऐसे विषय एवं ग्रन्थों के विवरण हैं जो हिन्दी साहित्य के इतिहास में एक नवीन जानकारी उपस्थित करते हैं जैसे नगर-वर्णनात्मक गजल-साहित्य। ऐसी एक भी रचना अभी तक किसी विवरण में प्राप्त नहीं-हुई एवं ये सभी गजलें जैनकवियों की रचित हैं (एक आबूगजल जैनेतर-रचित है। वह भी जैन गजलों की प्रेरणा पाकर ही रची गयी ज्ञात होती है)। एवं 'हिन्दी ग्रन्थों की टीकाएँ' विभाग में हिन्दी ग्रन्थों पर तीन संस्कृत टीकाएँ एवं एक राजस्थानी टीका का विवरण आया है। अभी तक हिन्दी ग्रन्थों पर संस्कृत में टीकायें रची जाने की जानकारी शायद यहाँ पहली ही बार दी गई है।

(३) अन्य विवरण-ग्रन्थों में राजस्थानी लोकभाषा व साहित्यिक भाषा डिंगल और गुजराती आदि के ग्रन्थों को भी हिन्दी के अंतर्गत मानकर उनका सम्मिलित विवरण दिया गया है। मेरी राय में राजस्थानी भाषा एक स्वतंत्र भाषा है। भाषाविज्ञान की दृष्टि से उसका मेल हिन्दी की अपेक्षा गुजराती से ज्यादा है। अतः मैंने राजस्थानी बोल-चाल की भाषा (जिसमें जैन कवियों ने बहुत विशाल साहित्य निर्माण किया एवं वार्ता ख्यात आदि गद्य रचनाओं में तथा लोक साहित्य में जो अधिक रूप से व्यवहृत हुई है) एवं साहित्यिक (चारण बारहठ प्रभृति रचित गीत आदि) डिंगल भाषा के ग्रन्थों के विवरण स्वतंत्र ग्रन्थ में लेने की योजना बनाई है और प्रस्तुत विवरण में हिन्दीप्रधान (मिश्रित राजस्थानी ग्रन्थों को सम्मिलित

[पृष्ठ ८ की अन्तिम लाइन के-छन्द[१], संगीत[२], वैद्यक[३], बावनी[४] का फुटनोट यहाँ देखें]

१. देखें, सम्मेलनपत्रिका, माघ-चैत्र का अंक। विविध विषयक जैन ग्रन्थों के सम्बन्ध में इसी पत्रिका के वर्ष २८ अंक ११ में लेख प्रकाशित है।

२. कोष—नाममाला, रत्नपरीक्षा और संगीतविषयक ग्रन्थों की सूची राजस्थान साहित्य वर्ष १ अंक १-२-४ में प्रकाशित की गयी है जो कि राजस्थान हिन्दी साहित्य सम्मेलन से प्रकाशित है।

३. हिन्दुस्तानी वर्ष ११ अंक २।

४. शतक और बावनी के सम्बन्ध में मधुकर वर्ष ५ अंक १५-१९ में प्रकाश डाला गया है। गजलसाहित्य मुनि कान्तिसागरजी शीघ्र ही प्रकाशित कर रहे हैं।

करने के कारण) ग्रन्थों के ही विवरण लिये गये हैं। प्रारंभिक खोज के समय हिन्दी ग्रन्थों की इतनी अधिक उपलब्धि नहीं हुई थी अतः अन्य प्रान्तीय भाषाओं के विवरण भी उन्हें हिन्दी की शाखा मानकर साथ ले लिये गये, वह अनुचित नहीं था। पर अब जब हिन्दी के ही हजारों ग्रन्थों का पता चल चुका व चल रहा है, अन्य भाषा के साहित्य को भी साथ में निभाये जाना भारी पड़ जाता है। राजस्थानी ग्रन्थों का विवरण-ग्रन्थ स्वतंत्र रूप से प्रकाशित किया जायगा एवं उसके साहित्य का इतिहास भी प्रकाशित करने का मेरा विचार है।

कवि-परिचय में भी समस्त कवियों का यथाज्ञात संक्षिप्त परिचय दिया गया है एवं परिशिष्टत्रय में अज्ञातकर्तृक ग्रन्थ एवं ग्रन्थकार और अपूर्ण प्राप्त ग्रन्थों की सूची देदी गई है।

अब इस ग्रन्थ की कुछ अन्य आवश्यक बातों का परिचय भी करा दिया जाता है जिससे सरसरी तौर से ग्रन्थ के सम्बन्ध में जानकारी हो जाय—

(१) प्रस्तुत ग्रन्थ १२ विभागों में विभक्त है जिनके नाम एवं विवरण लिये गये ग्रन्थों की संख्या इस प्रकार है—

		विषय	पृष्ठ	ग्रन्थ
१.	(क)	नाममाला (कोष)	पृ० १ से ८	१०
२.	(ख)	छंद	पृ० ९ से १४	८
३.	(ग)	अलंकार	पृ० १५ से ३७	३१
४.	(घ)	वैद्यक	पृ० ३८ से ५४	२१
५.	(ङ)	रत्नपरीक्षा	पृ० ५५ से ६०	१६
६.	(च)	संगीत	पृ० ६१ से ६८	१२
७.	(छ)	नाटक	पृ० ६९ से ७०	३
८.	(ज)	कथा	पृ० ७१ से ९१	२३
९.	(झ)	ऐ० काव्य	पृ० ९२ से ९८	८
१०.	(ञ)	नगर-वर्णन	पृ० ९९ से ११६	३२
११.	(ट)	शकुन'सामुद्रिक' ज्योतिष, स्वरोदय, रमल, इन्द्रजाल	पृ० ११७ से १३४	२८
१२.	(ठ)	हिन्दी ग्रन्थों की टीकायें	पृ० १३५ से १४०	४

इनमें से मिश्र-बन्धु-विनोद[1] देखने पर १. ख्यालकबारी २. लखपत जस सिंधु और ३. चम्पूसमुद्र तीन ग्रन्थों का उल्लेख उसमें प्राप्त होता है अवशेष १८३ ग्रन्थ उसमें अनिर्दिष्ट हैं।

(२) जैसा कि कविनामानुक्रमणिका से स्पष्ट है इसमें १०२ कवियों की १३८ रचनाओं का विवरण है। इनका परिचय कविपरिचय में दिया गया है। इसमें से मिश्र-बन्धु-विनोद[1] में २० कवियों का उल्लेख है। कई अन्य कवियों के भी नाम वहाँ मिलते हैं पर वे विवरणोक्त ही हैं या समनाम वाले भिन्न कवि हैं, यह निश्चय करने का साधन नहीं है। मेनारियाजी के ग्रन्थ में जान एवं गणेशदास दो कवियों का उल्लेख आ चुका है। प्रायः ८० कवि इस ग्रन्थ द्वारा ही सर्व प्रथम प्रकाश में आ रहे हैं। ४८ रचनायें अज्ञातकर्तृक हैं जिनकी सूची परिशिष्ट में दे दी गयी है।

(३) इस विवरणी में जिन-जिन पुस्तकालयों की प्रतियों का उपयोग किया गया है उनका भी उल्लेख कर देना यहाँ आवश्यक है। इनमें से सबसे अधिक विवरण (१) अभय जैन ग्रन्थालय (जो कि हमारा निजी संग्रह है) तत्पश्चात् अनूप संस्कृत लायब्रेरी (बीकानेर का राजकीय पुस्तकालय) के हैं। इनके अतिरिक्त (३) बृहत् ज्ञान भंडार (खरतरगच्छीय बड़ा उपासरे में स्थित) जिसके अंतर्गत महिमा भक्ति भंडार, दानसागर भंडार, वर्द्धमान भंडार, जिनहर्षसूरि भंडार आदि भी आजाते हैं (४) श्री जिन चारित्र सूरि ज्ञान भंडार (५) जयचन्द्रजी ज्ञान भंडार (६) आचार्य शाखा भंडार (७) पन्नीबाई उपासरा का संग्रह (८) गोविन्द पुस्तकालय (९) लछीरामयति संग्रह (१०) राव गोपाल सिंहजी वैद का संग्रह (११) कविराज सुखदानजी का संग्रह (१२) विनय सागरजीका संग्रह (हमारे यहीं है) (१३) नवल नाथजी बगीची। ये तो बीकानेर में ही हैं। बाहर के संग्रहालयों में (१४) श्रीचंद्रजी गधैया संग्रह, सरदार शहर (१५) सीताराम शर्मा राजगढ़ (१६) यतिवर्य ऋद्धि करणजी का संग्रह, चुरु, ये बीकानेर रियासत में है[2] (१७) यति विष्णुदयालजी का संग्रह फतेपुर, जयपुर रियासत में है। (१८) जिनभद्र सूरि

१—मिश्र-बन्धु-विनोद में सैकड़ों भूल-भ्रान्तियें हैं जिसका परिमार्जन प्रस्तुत ग्रन्थ के कवि-परिचय में किया गया है। मैंने अपने "मिश्र-बन्धु-विनोद की भद्दी भूलें" शीर्षक लेख में इस सम्बन्ध में विशेष रूप से प्रकाश डाला है जो कि नागरी प्रचारिणी पत्रिका में शीघ्र ही प्रकाशित होगा।

२—नं० १ से ९ और १४ वें १६ वें संग्रहालयों के, सम्बन्ध में मेरा " बीकानेर के जैन ज्ञानभंडार " शीर्षक निबंध देखना चाहिये जो कि 'वरदा' में प्रकाशित हो चुका है।

भंडार (१९) वृद्धिचंद्रजी यति संग्रह (२०) चुन्नी संग्रह, ये तीन जैसलमेर में[१] हैं। (२१) हरिसागर सूरि भंडार, लोहावट जोधपुर रियासत में है। इन इक्कीस संग्रहालयों की प्रतियों का विवरण है। प्रसंगवश विवरण लिये गये ग्रन्थों की अन्य प्रतियाँ जो राजस्थान के बाहर के संग्रहालयों में भी ज्ञात हैं उन पांच संग्रहालयों (१) दि० जैन मन्दिर देहली, सेठ कुचेवाली गली में अवस्थित (२) भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना (३) नकोदर जैन-ज्ञानभंडार पंजाब (४) गुलाब कुमारी लायब्रेरी कलकत्ता (५) साहित्यालंकार मुनि कान्ति सागरजी संग्रह का भी उल्लेख किया गया है।

आभार—

कोई भी साहित्यिक कार्य प्राय: अनेक व्यक्तियों के सहयोग से ही सम्पन्न होता है। अत: जिन-जिन महानुभावों का सहाय प्राप्त हो उनके प्रति कृतज्ञता प्रकाश करना आवश्यक हो जाता है। प्रस्तुत ग्रन्थ के प्रकाश में आने के निमित्तभूत एवं सुविधा देकर कार्य में सुगमता एवं शीघ्रता करने के लिये श्रीजनार्दनरायजी नागर, बीकानेर पधार कर कई दिन लगातार मेरे साथ श्रम उठाकर विवरण-संग्रहमें सहायता एवं प्रेस-कोपी तैयार करने-करवानेके लिये श्रीपुरुषोत्तमजी मेनारिया और विषय-वर्गीकरण आदि कार्यों में सत्परामर्श देने एवं प्रूफ संशोधन में सहायता करने के लिये माननीय स्वामी नरोत्तमदासजी का मैं बड़ा आभारी हूँ। सबसे अधिक आभार तो जिन संग्रहालयों की प्रतियों का विवरण लिया गया है उनके संचालकोंका मानना आवश्यक है जिनकी कृपा के बिना यह ग्रन्थ संकलित हो ही नहीं सकता था। उन संचालकों में से श्री अनूप संस्कृत लायब्रेरी की प्रतियों के यथावश्यक नोट्स लेने की आज्ञा एवं सुविधा देने के लिये डायरेक्टर शिक्षाविभाग राज श्री बीकानेर, एवं क्यूरेटर महोदय का विशेष रूप से कृतज्ञ हूँ।

प्रस्तावना में कुछ अधिक लिखने का विचार था। जिन-जिन विषयों के ग्रन्थों का विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में दिया गया है उन सभी विषयों के अद्यावधि प्राप्त समस्त ग्रन्थों की सूची एवं उनके विकास और हिन्दी साहित्य पर अन्य प्रासंगिक विचार प्रकट करने का विचार था पर ग्रन्थ को रोके रहना उचित नहीं समझ अत्यंत संक्षेप में समाप्त की जा रही है। समय ने साथ दिया तो मेरे सम्पादित आगामी भागों के प्रकाशन के समय विस्तार से प्रकाश डालने की भावना है।

बीकानेर]

—अगरचन्द नाहटा

(१)—जैसलमेर के ज्ञान भंडारों एवं वहाँ के अज्ञात ग्रन्थों के सम्बन्ध में मेरे निम्नोक्त दो लेख प्रकाशित हैं :—(क) जैसलमेर के भंडारों की कुछ ताड़पत्रीय अज्ञात प्रतियें (प्र० अनेकान्त वर्ष ८ अंक १), (ख) जैसलमेर के भंडारों के अन्यत्र अप्राप्त ग्रन्थ (प्र० 'जैन' साहित्य प्रकाश वर्ष ११ अंक ४)।

कवि नामानुक्रमणिका

———

ग्रन्थनामानुक्रमणिका

राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज

(द्वितीय भाग)

(क) कोष-ग्रन्थ

(१) अनेकार्थ नाममाला । पद्य १२० । रचयिता—महासिंह । रचनासंवत—१७६०

आदि—

प्रारंभ का एक पत्र खो जाने से ७॥ पद्य नहीं हैं । ९ वाँ पद्य इस प्रकार है—

> अग्नि धनंजय कहत कवि, पवन धनंजय आहि ।
> अर्जुन बहुर्यो धनंजय, कृष्ण सारथी जाहि ॥ ९ ॥

अंत—

> जो इह अनेकार्थ कौ, पढे सुने नर कोइ ।
> ताके अनेका अर्थ इह, पुनि परमारथ होइ ।
> मो मनु निसु दिनु तुम बसो, सदा भिखारीदास ।
> महासिंह तुम जीय जीयत, मो मन करो निवास ॥ २० ॥

लेखन—सं० १७६० ज्येष्ठ मासे कृष्णपक्षे १२ शनौ । पातसाहि श्री मनिविनोदात् अवरंगजेब राज्ये लि० पांडे महासिंह ।

> अमर आदि कोस जु घनें, तिनि कोस तु इहां लीन ।
> महासिंह कवि यों भनें, अनेकार्थ यह कीन ॥

प्रति—गुटकाकार पत्र १४ । पंक्ति १४—१५ । प्रति पंक्ति अक्षर १२—१६ । साइज ५॥×८। — ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२) अनेकार्थ नाममाला । पद्य १६९ । विनयसागर । सं० १७०२ कार्तिक पूर्णिमा, गुरुवार ।

आदि—

दूहो धन दीरघ ३, लघु ४२ अक्षर ४५

सदय हृदय गुन गन भरन, अभरन ऋषभ जिनंद ।
भव भय दुह दुहग हरहिं, सुखवर करन दिनंद ॥ १ ॥

× × ×

अनेकारथ अनेक विधि, प्रबल बुद्धि प्रकाश ।
शास्त्र समूह सोधि कइं, विरचित विनय विलास ॥ ४ ॥

अंत—

धर्म पाटि कल्यान गुर, अंचलगण सिणगार ।
विनयसागर इयूं वदे, अनेकार्थ अधिकार ॥ ६८ ॥
सतरसहि बिडोतरे, कार्तिक मास निधान ।
पूनमि दिन गुरुवासरे, पूरण एहि प्रधान ॥ ६९ ॥

इति श्री विनयसागरोपाध्याय विरचितायां दूहा बद्धानेकार्थनाममालायां तृतीयाधिकार संपूर्णः ।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी ।

प्रति—पत्र १२ । पंक्ति ११ । अक्षर ३५ ।

(प्रति—भंडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना; प्रतिलिपि अभय जैन ग्रन्थालय)

(३) अनेकार्थी । पद्य ६० । सागर

आदि—

सारंग सब्द नाम—

कमल कुरंग मराल ससि, पावस कुसुमअनंग ।
चातिक केहर दीप पिक, हेम राग सारंग ॥ १ ॥

अंत—

पिता सुपुत्र हित ग्यांन मन, रति कौतक हित कांम ।
रसना षट-रस स्वाद हित, पंच सुनो रस नाम ॥ ६० ॥

इति अनेकार्थी सागर कृत ।

लेखन काल—१९ वीं शताब्दी ।

प्रति—गुटकाकार बड़ा साइज । (अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(४) आतमबोध नाममाला। पद्य २७३। चेतनविजय। सं० १८४७ माघ शुक्ला १०।

आदि—

अथ नाममाला लिख्यते।

दोहा—

सिद्ध सरभ(सर्व)चित धारि कें, प्रणमुं सारद पाय।
मुझ ऊपर कीजैं कृपा, मेधा दीजैं माय॥ १॥
गुरु उपगारी जगत में, जानें सब संसार।
चरन कमल संसार के, वंदो वारमवार॥ २॥
भाषा आतम बोध की, रचना रचौं सुदाम।
बहुत वस्तु है जगत में, तिनको कहूँ वखान॥ ३॥

अंत—

इह शुद्ध आतमबोधमाला, किये रचना नाम कौ।
शुभ कुसुम मेधा सरस गुंथ्यौ, हिय धर इह दाम कौ॥
अति महक आवै, ग्यान पावै, चतुरता उपजै सही।
चित चेत चेतन समझ लीजैं, नाम जग सोभा लही॥ २७२॥
इक अष्ट चार अरु सात धरिये, माघ सुद दसमी रची।
इह साख विक्रमराज का है, चित्त धार लीजे कची॥
इह नाममाला अति विसाला, कंठ धारे जे नरा।
बहु बुद्धि उपजै हिय मांहि, ज्ञान जग में है खरा॥ २७३॥

इति श्री आतमबोध नाममाला समाप्तं।

लेखनकाल—लिपिकर्त्ता ऋ. भज्जू सं० १९२३।

प्रति — पत्र १८। पंक्ति २२। अक्षर ५०। साइज १०×४॥।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(५) आरंभ नाममाला। सुबुद्धि।

आदि—

आदि गुरुन गुरु शिव कर, जियदाता जगपाल।
पावन पतित उधार अरु, दीनानाथ दयाल॥ १॥
× × ×
अमर ग्रन्थ मैं जे कहे, सुने लहे करि शुद्ध।
कछु उपजाये अर्थ सों, नए नांउ निज बुद्ध॥ ५॥
× × ×

भाषा महिमा अधिक है, दिन २ गुन अधिकाहिं।
मृतक जीवत मंत्र सों, तुहो तों भाषा माहिं ॥ ९ ॥
× × ×
जे कवित्त भाषा पढ़ें, जोरत भाषा शुद्ध।
तिनके समुझन कौ इतै, वरनै विविध सुबुद्ध ॥ १३ ॥
× × ×

अंत—

सूरजसुत जम जगतअरि, जियनिपात कर जान।
शिष्टभखी निर्दई अयुनि, रवितन जोपरि बान ॥

पद्य ६७ के बाद पद्यांक नहीं दिये।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी

प्रति—पत्र १४। पंक्ति ११ से १४। अक्षर ३६ से ४८।

विशेष—प्रति पर कर्ता का नाम सुबुद्धि दिया गया है जिस का आधार अज्ञात है, केवल छंद ११—१३ में सुबुद्धि नाम आता है, पर वहां रचयिता के अर्थ में नहीं प्रतीत होता। आदि अंत दोनों ही भाग नाममय हैं (आदि का करतार नाम, अंत का जम नाम) कविका परिचय, रचना—समय आदि का कोई पता नहीं चलता।

(जयचन्द्रजी भण्डार)

(६) ख्वालकबारी। पद्य १५४।

आदि—

खालिकबारी सिरजनहार। वाहद एक बड़ा करतार ॥ १ ॥
इस्म अल्लाहु खुदायका नांउ। गरमा धूप सायह हइ छांउ ॥ २ ॥
रसूल पइगंबर जानि बसीठ। यार दोस्त बोलीजइ ईठ ॥ ३ ॥
राह तरीक सबील पहिछांनि। अरथ तिहुं का मारग जानि ॥ ४ ॥
ससियर मह दिणयर खुरसेद। काला उजला स्याह सफेद ॥ ५ ॥
नीला पीला जर्द कबूद। तांना बांना तनिस्तह पूद ॥ ६ ॥

अंत—

ख्वोहम् गुप्त कहूँगा हूँ, ख्वाहम् करद् करूंगा हूँ।
ख्वाहम् आमद् आऊंगा हूँ, ख्वाहम्. जिह मारुंगा हूँ।
ख्वाहम्. शिस्त वइठउ काहुं, ख्वाहम्. शस्त वइठउ कातूं।
यारमनी तो सिरजंन मेरा, जानमनी तो जीवरा मेरा ॥ ८३ ॥

तम तभामभु । ख्वालकवारी ।। लेखन—पं० अभयसोमेनालेखि ।।

प्रति—पत्र २ । पंक्ति १७ । अच्चर ६० । साइज ९।।+४ ।

विशेष—प्रति में ग्रन्थ दो विभागों में लिखा हुआ है जिनमें क्रमशः ७१ और ८३ पद्य हैं । प्रथम विभाग का अन्तिम पद्य इस प्रकार है—

तमन्ना वहम् आरजू चाह कहीयइ ।
इदो दस्त हाथों कदम पाउ गहियइ ।। ७१ ।।

(अभयजैन ग्रन्थालय)

(७) धनजी नाममाला । पद्य १४५ । सागर कवि

आदि—

दोहा

पश्या (पशु) पति सिव सुत ईस्वरी, कवलासन अरु संभु ।
करि प्रणान(म) सुभ देव को, सागर करहु अरंभु ।। १ ।।
विश्नुनाम—विश्नु ना(न)रायण नरांपति वंनवाली हरि स्यांम ।
मधुसूदन अरु दैत्य रिपु, रावण- अरि श्रीरांम ।। २ ।।

अंत—

अंतरध्यांन नाम—गुप्त तिरोहित अंतरित, गूड दुरुहनिलीय ।
लोकाजन मे लुकि सखी ईह बिधि तीय ।। ४५ ।।

इति श्री धनजी नाममाला सागर कृति समांपूर्ण ।

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी ।

प्रति—गुटकाकार बड़ा साइज । विविध कृतियों के साथ में यह कृति है ।

(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(८) प्रदीपिका नाममाला । पद्य ३५५ । रघुनाथ ।

आदि—

अविरल मद रेखा दिपैं, गनपति ललित कपोल ।
गंध लुब्ध मनु मगन है, षटपद करत कलोल ।। १ ।।
हंस जान श्री सारदा, करत मधुर धुनि बीन ।
संत सकल सुरगन सदा, चरण कमल आधीन ।। २ ।।
वानी वरन सकें नहीं, मन पहुंचे नहिं ताहिं ।
निराकार निरगुण जु है, सो सुर वे सुर आहि ।। ३ ।।

अथ हौं बरनों शब्द निधि, पार होन की आस।
चित बिलास रघुनाथ कवि, नाना उकति प्रकास ॥ ४ ॥

अंत—

विविध नाम रत्नावली, सुनत हरैं दुख दंद।
कृत रघुनाथ प्रदीपिका, विष्णुदत्त के नंद ॥ ३५५ ॥

इति रघुनाथ विरचिता रत्नादिप्रदीपिका नाममाला सम्पूर्णम्।

प्रति—पत्र २३। पंक्ति ९ से १२। अक्षर २७ से ३२।

(श्री जिन चारित्रसूरि संग्रह)

(९) भारती नाममाला। पद्य ५२६। भीखजन सं० १६८५ आश्विन शुक्ला पूर्णिमा, शुक्रवार। फतेहपुर।

आदि—

प्रथम निरंजन बंदि हौं, जगवंदन सुखकंद।
दिन छिन दोछिन छिन जपे, अनदिन होत अनंद ॥ १ ॥

× × ×

राज ताहि राजत अवनि, क्यौं ग्रन्थ गुन चाहि ॥ ८ ॥

× × ×

बागर मधि गुन आगरो, सुबस फतेहपुर गांव।
चक्रवर्ति चहुवांन निरप, राज करत तिहां ठांव ॥ १० ॥
राज करत रस सौं भयौ, ज्यों जगतीपति इंद।
अलिफखान नंदन नवल, दौलतिखान नरिंद ॥ ११ ॥
दान क्रिपांन सुजान पन, सकल कला संपूर।
रवि विरंचि ऐसौ रच्यौ, वचन रचन सति सूर ॥ १२ ॥
ता नंदन बंदन जगत, गुन छंदनह निधान।
कवि पंछी छाया रहे, तरवर ताहरखान ॥ १३ ॥
अजा सिंघ नित एकठां, धर्म रीति आनंद।
सकल लोक छाया रहे, बिनैराज हरिचंद ॥ १४ ॥
तहां सुभग सोभा सरस, बसै बरन छत्तीस।
तहां भीखजनु जानिकै, इह मनि भई जत्तीस ॥ १५ ॥
नाममाल गुन सहसक्रिति, दुगम लखी जीय जांनि।
इह उपजी जनु भीख जीय, रचि जु भाषा आंनि ॥ १६ ॥
मथ्यो ग्रन्थ गुन सारदी, वीनि लेउ नग सिंधु।
कछुक और सुनि आंन ते, रचौं जु दोहा बंध ॥ १७ ॥

तेरह मत्ता प्रथम पद, ग्यारह दुतिय करंति।
तेरह ग्यारह साजि कैं, दोहा नाम धरंति ॥ १८ ॥
सरस कला रस सों भरी, करी भीखजनु जांनि।
धर्यो नाव तिह भारथी, भाख्यो ग्रन्थ प्रवानि ॥ १९ ॥
सोलह सै पच्चासिए, संवत इहे विचार।
सेत पाखि राका तिथू, कवि दिन मास कुवार ॥ २० ॥

अंत—

कथी भारथी भीखजनु, हित चित करि निज लेहुं।
जहां नाम पद पूरना, तहां समझि के लेहुं ॥ २५ ॥
संख्या सब गुन दोहरा, कित जनु भीख सुचेत।
सत्रह उपरि पांचसै, आठों कवित्त सहेत ॥ २६ ॥

इति भारती नाममाला समाप्ता।

लेखनकाल सं० १६९१। कार्ती सुदी १३। श्री झुंझुणु मध्ये। वा० ज्ञानमेरु शिष्य मुनि विमला लि चि० रंगसोम पठनार्थे।

प्रति—पत्र २०। पंक्ति १४। अक्षर ४८।

(श्री जिनचारित्र सूरि संग्रह)

(१०) मानमंजरी नाममाला। पद्य ११३। बद्रीदास।

आदि—

अथ मानमंजरी लिख्यते—

कवित्त

अमल कमल पद प्रनति, प्रथम गुरुजन (न) सुभ सुंदर,
दरस सरस छवि कृष्ण, सरद राकेस बदन वर।
करुणा सागर सुभग जगति, कारण लीला रचि,
तिन के गोकुल ग्रेह ललित, गोपिन तन संग नचि।
सहंसक्रित नहिं कछु, सकति बिना को पचि मरै,
यथा सुमति बद्री सुखद, नाम दाम प्रगटैं करैं ॥ १ ॥

सोरठा

बहु विधि नाम निहारि, अरथ अमर जु कोष कैं।
सरब सभाउ विचारि, मान छड़ावति राधिका ॥ २ ॥

मान के नाम

दर्पक मद अहंकार, मान गर्भ मति छोह भरि।
बद्रीदास अधार, माननि कौ अभिमान सुभ ॥ ३ ॥

अंत—

जुगल के नाम

द्वै जुग दहूँ जमक बीय, मिथुन अरु बिव उभै।
नितही कीसोर जुगल, समरन बद्रीदास कै ॥ ११३ ॥

इति श्रीमानमंजरी संपूर्ण ॥

ले०—संवत् १७२५ वर्ष वैशाख वदि १२ दिने श्री जयतारिणी मध्ये लि० पं० श्री यशोलाभ गणिना वाच्यमाना चिर नंद्यात्।

प्रति—पत्र १०। पंक्ति १५। अक्षर ४०। साइज ९॥+४। । अक्षर सुन्दर हैं। किनारे से पत्र उदई द्वारा भक्षित होने से कुछ पाठ खंडित हो गया है।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(ख) छंद ग्रन्थ

(१) छंद मालिका । पद्य १९४ । हेमसागर । सं० १७०६ हंसपुरी ।

आदि —

अलख लख्यौ काहु[1] न परै, सब विधि करन प्रबीन ।
हेम सुमति वंदित चरन, घट घट अंतर लीन ॥ १ ॥

× × ×

कल्याणसागर गुरु मुनिराज वंदो । जामैं करीहु भवसागर मान फंदो ।
गच्छाधिराज विधिपक्ष सरूप धारी । सोहैं सदा विविध मार्ग परूपकारी ॥ ३ ॥

दोहा

सुरत विंदर के निकट, नगर हंसपुर एक ।
लघु साजने तहां वसै, श्रावक बहु सुविवेक ॥ ५ ॥
राखे पूजि चौमास तहिं, सूरीश्वर कल्याण ।
सतरसें छीडोत्तरै, प्रगट्यो सुजश महान ॥ ६ ॥
हेम सुकवि चोमास में, छंद मालिका कीन ।
भादौं वदि नौमी सरस, भाषा कवि हित लीन ॥ ७ ॥

अंत —

संवत सत्तरसें ही वरष, पट ऊपरि जानो ।
हंसपुरी चोमासि, सूरि कल्याण बखानो ।
शांतिनाथ सुपसाय करी, छंदन की माला ।
सुकबि कंठ अति सोभ, सुगन सुभ वरन विशाला ।
छंद जू इसी मुनि कहें, हेम सुकवि आनंद धरी ।
साह कुआ परबोध कूं, छंदमालिका में करी ॥ १ ॥

इति छप्पय

१—पाठान्तर—परत न कहुं ।

इति श्री सत्यासी छंद समाप्त। पूज्य पुरंदर युग प्रधान श्री श्री कल्याणसागर सूरीश्वर विजयराज्ये शिष्य कवि श्री हेमसागर गणि कृते छंदमालिका संपूर्ण।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी।

प्रति—१. छतीबाई उपाश्रय के संग्रह में, (प्रतिलिपि, अभयजन ग्रन्थालयमें)।

२. हरिसागर सूरि भंडार। पत्र १३, संवत् १७०७ लि० छंद ८५—२०७

३. जैसलमेर भंडार

(२) छंदसार। पद्य २६७। सूरत मिश्र।

आदि—

अथ छंदसार लिख्यते—

सोरठा

कृष्ण चरन चित आन, कहूँ सुमत पिंगल कछु।
जिहि तें छंद हि जान, प्रभु गुन तामें वरनिये॥ १॥

चौपाई

प्रथमहि संख्या कर्म बताय, प्रस्तारहि सूची चितलाय।
पुन इहिष्ट नष्ट सुवखान, मेर पताका मर्कटि जान॥ २॥

दोहा

अष्ट कर्म ए मत्त के, पुनवर्त्तन के जान।
इहि विधि षोडश कर्म ए, कहै सुकवि सुखदान॥ ३॥

अंत—

रसीले रूप आगर विलासी सुख सागर, सुन्यो जू स्याम नागर इतै हूँ नै टरियै।
सुवंसी के बजावत छबीली के रिझावत, सुवैइ चित्त भावन सुवेगैं परि हरियै।
श्री वृन्दावन नाइक समस्तै इछदायक, सुनैं हो श्रवलायक बकैं सै धीर धरियै।
त्रभंगी मैन मूरत न देखियै महूरत, पुकारैं द्वार सूरत कृपा की दृष्टि करियै॥२१॥
छंद बंध जौ वरहिं तो, छंद बंध चितलाय।
छंद बंधि सब छाड़ कैं, नंद नंद गुन गाय॥ २२॥

(१) प्रति—(१) हमारे संग्रह की प्रति अपूर्ण (पत्र १९ से २१) है अतः अंत का पद्य बृहत् ज्ञान भंडार की प्रति से लिखा गया है।

(२) पत्र ३। पंक्ति ९। अक्षर २४। साइज ७॥ × ४॥

(३) पत्र १२। पंक्ति १२। अक्षर ५०। साइज १०। × ४॥

(महिमाभक्ति-भंडार)

(३) छन्दो हृदयप्रकाश। मुरलीधर। सं० १७२३ कार्तिक शु० १५।

आदि—

श्री विनती सुकोमिलि जो, लिखौकै गन भेद धरा भरिकै।
छन्द भुजंगप्रयात बखानि, गो मत्त महोदधि को तरिकै।
नट्ठ उदिट्ठनि मेरु पताकनि, मक्कटि जालनि कौं धरिकै।
भूषण सोई जगै जग मैं, फुनि पिंगलु मंगल कौं करिकै॥ १॥

अंत—

गहवर गुन पंडित कवि मंडित रामकृष्ण कश्शप कुल भूषन।
रामेसर ता तनय सुकवि जा.......जहिंन निरखेउ नेकु दूषन।
मुरलीधरु तासुअनु सुपंचम देवसिंघ कियउ कवि भूषन।
'छन्दोहृदयप्रकासु' रचउ तिन जगमगातु जिमि मीहरू मयंखन॥ ८॥
संमत सत्तरह सय वर्ष तेईस कातिक मास।
पूनिव को पूरन भयो, छन्दो हृदय प्रकास॥

इति श्री पौलस्त्यवंशवारिजविकासनमार्तण्डगढादुर्गाधिराज्यलक्ष्मीरक्षणविचक्षण-दौर्दण्ड चतुःषष्टिकलाविलासिनी भुजंगमहावीराधिवीर राजाधिराज श्री महाराज हृदयनारायणदेव प्रोत्साहित त्रिपाठी रामेश्वरात्मज मुरलीधर कवि भूषण विरचिते छन्दो हृदयप्रकाशे गद्यविवरणनाम त्रयोदशोऽध्यायः॥ १२॥

लेखन—लिखितमिदं पुस्तकं त्रिपाठी संभुनाथेन सं० १७३० माघ सुदी ११ हरिधवलपुर ग्रामे समाप्तं।

प्रति—पत्र ४७। पंक्ति १२। अक्षर ३२। साइज़ ९। × ५।

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(४) प्रस्तार प्रभाकर। पद्य ८९। रसपुञ्ज। सं० १८७१ चैत्र कृष्णा ५ गुरुवार।

आदि—

दोहा

दासोहं यह मत्त पुरा, प्रभु मैं हुती सुढार।
हर लीजो दाकार तिन, गोपी अम्बर हार॥

अंत—

संमत ससि[१] मुनि[७] वसु[८] मही[१], चैत्र कृष्ण पछ सार।
पंचमी गुरु पूरण भयो, प्रभाकर सु प्रस्तार॥

प्रति—गुटकाकार।

(कविराज सुखदानजी चारण के संग्रह में)

(५) माला पिंगल । पद्य १५३ । ज्ञानसार । सं० १८७६, फा० सु० ९ ।

आदि—

श्री अरिहंत सु सिद्ध पद, आचारज उवझाय ।
सरव लोक के साधु कुं, प्रणमूं श्री गुरुपाय ॥ १ ॥
प्राकृत तैं भाषा करूं, मालापिंगल नाम ।
सुखैं बोध बालक लहै, परसम कौ नहि काम ॥ २ ॥

अंत—

जंबूदीपै मेरु सम, अवर न को ऊतुंग ।
त्युं शरीर मय गछ सकल, खरतर गच्छ उतमंग ॥ १४७ ॥
गीर्वाग् वाणी सारदा, मुख तें भई प्रगट्ट ।
यातैं खरतर गच्छ में, विद्या को आर्भट्ट ॥ १४८ ॥
ताके शिखा समान विभु, श्री जिनलाभ सुरीस ।
ज्ञानसार भाषा रची, रत्नराज गणि सीस ॥ १४९ ॥

चौपाई

संवत[६] कायैं फिर भय[७] देय । प्रवचनमायैं[८] सिधसिल[१] लेय ।
फागुण नवमी ऊजल पक्ष । कीनौ लक्षण लक्ष विपक्ष ॥ १५० ॥
रूपदीप तैं बावन किए । वृतरत्न तैं केते लिए ।
चिन्तामणि तें केई देख । रचना कीनी कवि मति पेख ॥ १५१ ॥
नहि प्रस्तार न कर उद्दिष्ट, मेरू मर्कटी न कियौ नष्ट ।
आधुनकाली पंडित लोक, ग्रंथ कठिन लखि देहै धोक ॥ १५२ ॥

दोहा

इकसौ अठ दो मेर के, वृत्ति किए मतिमंद ।
यातैं याकूं भाखियो, नामैं माला छंद ॥ १५२ ॥

इति श्री माला पिंगल छंद संपूर्णम् ।

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी ।

प्रति—पत्र १३ । पंक्ति १३ । अक्षर २७ से ३२ । साइज़ ९॥ × ४॥

विशेष—प्रस्तुत छंद-ग्रन्थ में ११० छंदों का वर्णन है । इसकी दो अपूर्ण प्रतियां भी हमारे संग्रह में हैं ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(६) लघु पिंगल। पद्य १११। चेतनविजय। सं० १८४७ पौष शुक्ला २ गुरुवार। वंगदेश।

आदि—

अथ लघु पिंगल भाषा लिख्यते

दोहा

चरन कमल गुरुदेव के, वंदौं शीश नवाय।
लघुपिंगल भाषा करूं, सारद देहु बताय॥ १॥

छाया विन नहीं कर सके, पिंगल छंद अपार।
रूपदीप चिंतामणि, ए पिंगल मन धार॥ २॥

चेतन लघुपिंगल कहैं, सुनियो वचन प्रमान।
कवित्त छंद केइ जातके, जानैं चतुर सुजान॥ ३॥

लघु दीरघ गण अगण हैं, अक्षर मत्त समान।
चेतन बरनैं ग्यान सुं, लघुपिंगल गुन खान॥ ४॥

अंत—

रूपदीपक चिंतामणि, इन पिंगल को देख।
भाषा लघुपिंगल रची, कीन्हा सुगम विशेष॥ १०५॥

छंद व्यालिसे जात के, लघु पिंगल सों जान।
भणें गुणें कंठै करै, उपजै बुद्धि निधान॥ १०६॥

× × ×

ऋद्धि विजय वाचक गुरू, बहु आगम के जान।
तस शिष्य लघु चेतन भये, जनमें वंग सुथान॥ १०९॥

दिक्षा ले यात्रा किये, फिरि आए निज देश।
संगत पायें साध की, मेटे सकल कलेश॥ ११०॥

चंद[१] सिद्ध[८] वेदा[४] मुनि[७], मास पोष गुनखान।
स्वेत बीज गुरुवार कौं, पूरे ग्रन्थ सुजान॥ १११॥

इति लघु पिंगल भाषा संपूर्ण।

लेखनकाल—संवत १९२३ मिती श्रावन वद ७ मी। लिखतं भज्जूलाल।

प्रति—पत्र ११। पं० २२। अक्षर ५०। साइज़ १०×४॥

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(७) वचनविनोद । पद्य १२५ । आनन्दराम कायस्थ । सं० १६७९ लेखन ।

आदि—

पिंगल भूषण दूषण कवित्त की जाति वर्णन ।

राम सुमिरि गुरु सुमिरि करी, सुमिरि सबद अभिराम ।
रुचिर वचन रचना रचौं, कवि जन पूरण काम ॥ १ ॥

गुरु नुति दोहायुग्म ।

नमो कमल दल जमल पग, श्री तुलसी गुरु नाम ।
प्रगट जगत जानत सकल, जहां तुलसी तहां राम ॥ २ ॥
कासी वासी जगतगुरु, अविनासी रसलीन ।
हरि दासन दरसत सदा, जल समीप ज्यों मीन ॥ ३ ॥
अद्भुत वरननि वरनिका, करि करननि चितु लाइ ।
वरन वरन के भेद सब, वरनों प्रगट बनाइ ॥ ४ ॥
कवि कवित्त वरनत सकल, समुझति विरला लोइ ।
भूपन गन दूपन लखै, निदूंपन तब होइ ॥ ५ ॥

अंत—

ए भूपन दूपन समुझि, रचै जु कविजन छंद ।
ताहि पढ़त अति सुख बढ़त, श्रवन सुनत आनंद ॥ १२४ ॥
जब लग स्वर वसुधा सुधा, उदधि संगपति चंद ।
तब लगि अविचल ह्वै रहो, वचनविनोद अनंद ॥ १२५ ॥

इति आनंदराय कायस्थ भटनागर हिंसारि कृत वचन-विनोद समाप्त ।

लेखन-सं० १६७९ वर्षे आसु सुदि ४ सनौ लिखतं नागोर मध्ये तेजाकेन स्वाधीत्यः ।

प्रति—पत्र ६ । पंक्ति १३ से १५ । अक्षर ४० । साइज़ ११×५
उदाहरण में कइ दोहे शाहमहमद के रचित हैं

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(८) वृत्तिबोध । स्वरूपदास । सं० १८९८ माघ कृष्णा १ । सिवापुर ।

आदि—

वृत्ति सब्द की छन्द की, तालवृत्ति जुत लीन ।
सुमरि जक कृत रचत हु, सुगम ग्रन्थ नवीन ॥ १ ॥
वृत्ति समुझवो कठिन है, सज्जन देखहु सोध ।
स्वरूपदास विरचत सुगम, बाल पढ़ै हुय बोध ॥ २ ॥

अंत—

संमत अष्टादस शतक, और अठाणूं मान ।
माघ कृष्ण पड़िवा भयो, ग्रन्थ सिवापुर थान ॥

प्रति—गुटकाकार ।

(कविराज सुखदानजी चारण के संग्रह में)

(ग) अलंकार ग्रंथ

(१) अनुप्रास कथन । पद्य ३० । श्रीपति ।

आदि—

अथ अनुप्रास कथनं लिख्यते—

अनुप्रास सो जानिये, बरन साम्य जहं होइ ।
छेक लाट मिश्रित कहे, तीन भांति कवि लोइ ॥ १ ॥
साम्य वर्ण जहं आदि में, वहै छेक पहिचानि ।
एक खंड पद दूसरो, अरु समस्त अनुमानि ॥ २ ॥

अंत—

दामनी नचत तम जामनी सचत ब्रजपति बिन कामिनी तचत पंच बांन सौं ।
सीपति रसिक मन डोलत बयारि सीरी बोलति है केल धीरी परम सयांन सौं ।
घूंमि घूंमि धावै, झूंमि झूंमि झुकि आवै, ऊंमि ऊंमि झरि लावै छवि धुरवांन सौं ।
नेंसुक निहारे सिखि होत है सुखारे भारे बिरही दुखारे होत कारे बदरांन सौं ॥ ३० ॥

इति अनुप्रास कथनं संपूर्ण ।
प्रति—पत्र ३ । पंक्ति १२ । अक्षर ३६ । साइज १२ × ६.

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(२) अनूप रसाल । उदैचंद । सं० १७२८ आसोज शुक्ला १० । बीकानेर ।

आदि—

जगमणि जगसिरि जगमगत, जगत जोति जगवंद ।
जगत चच्छ जग जय तिलक, बंदे चंद अमंद ॥ १ ॥
× × ×
विक्रमपुर पति कर्णसुत, श्री अनूप भूपाल ।
राजे गाजे बाजतैं, रसिक सिरोमनि माल ॥ ३ ॥

ज्ञान अनूप अनूप गुण, भाग अनूप सरूप।
दान अनूप अनूप खग, राजै राज अनूप ॥ ४ ॥
ता हित चित करिकै रच्यो, ग्रन्थ अनूप रसाल।
कवि कोकिल कुल सुख सदन, सरस मधुर सुविशाल ॥ ५ ॥

अंत—

संबत सत्तरैसे अठइसैं आसु सुदी दसमि कुज दीसैं।
श्री बीकापुर नगर सुहावा। तहां ग्रन्थ पूरणता पावा ॥ ३५ ॥

इति श्रीमन्महाराजा श्रीअनूपसिंह विरचिते श्रीअनूपरसाले तृतीयः स्तवकः संपूर्णः।
लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी।
प्रति—गुटकाकार। पत्र १३। पंक्ति १७। अक्षर ११। साइज ६+९।
विशेष—प्रथम स्तवक पद्य ६१, नायिका वर्णन; द्वितीय स्तवक पद्य २०, नायक वर्णन; तृतीय स्तवक पद्य ३५, अलंकार वर्णन। प्रति की प्रारंभिक सूची में इसका कर्ता 'मथेन उदैचन्द कृत' लिखा है।

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(३) अनूप शृंगार। अभयराम सनाढ्य। सं० १७५४ अगहन शुक्ला २ रविवार।

आदि—

गिरजासुत को समरिलै, एक रदन मुख सोइ।
प्रगट बुद्धि कवि कौं दई, भाषा कृत गुण होइ ॥ १ ॥
× × ×
ब्रह्मा तैं प्रगटित भये, भारद्वाज रिषराज।
जिनके कवि-कुल में तहां, कोविद के सिरताज ॥ ४२ ॥
खांभ पदारथ चंद ये, जिन के केसवदास।
मेरसाहि सब विधि भले, भाषा चतुर निवास ॥ ४३ ॥
अभैराम जिनकै भयै, सब कवि ताके दास।
रणथंभोर गढ़ की तनी, गांव वैहरना वास ॥ ४४ ॥
जाति सनावढ गोति करैया, अभैनाम हरि दीनों।
जासो कृपा करि महाराजा, जब गिरंथ यह कीनो ॥ ४५ ॥
सुनो कान बांचे यथा, दुख को काटणहार।
नांव धर्यो या ग्रन्थ कौ, यह अनूप शृङ्गार ॥ ४६ ॥
कृपा करि महाराज ने, बकस्यों बहुत बनाय।
रोग हरे सब दुख गयो, नामु दियो कविराय ॥ ४७ ॥

संवत सतरंसै चौपना, ग्रन्थ जन्म जग जानि।
अगहिन सुदि का द्वैज यह, आदितवार बखानि ॥ ४१ ॥

अंत—

यह अनूप सिंगार रस, सुनियो कहूँ सुनाइ।
अछिर चूक्यौ होइ जो, लीजो सुकवि बनाइ ॥

इति श्री महाराजाधिराज महाराज श्रीमदनूपसिंह देवस्थआज्ञा पांडे अमैराम विरचिते अनूप श्रृंगारे नायकावर्णनम्।

लेखनकाल – १८ वीं शताब्दी।

प्रति—गुटकाकार। पत्र ९५। पंक्ति २१। अक्षर १५। साइज ६ × १०

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(४) अलस मेदनी। पद्य। ११५; नंदराम। अनूपसिंह कारित।

आदि—

वन्दन करि उर ध्यान धरि, धाम जलद अभिराम।
अलसमेदिनी सरस रस, करत सुकवि नंदराम ॥ १ ॥
विक्रमपुर नायक भये, रायसिंह नर राज।
एक भोज अगनित दये, जिन माते गजराज ॥ २ ॥
सूरसिंह तिनके भये; मनो दूसरे सूर।
जिनके तीछन तेज तें, दुरयो तिमिर सब दूर ॥ ३ ॥
बांके बांके अरिन के, गढ़ तोरे वर जोरि।
कर्णसिंघ तिनके तनय, नय कोविद सिरमोरि ॥ ४ ॥
दान दया अरु जुद्ध यह, तीन भांति रस वीर।
सो जान्यो नृप कर्ण अरु, भये भक्ति रस धीर ॥ ५ ॥
चारि पुत्र नृप कर्ण के, जेठे राव अनूप।
तेग त्याग जीते जिनहु, सब देसन के भूप ॥ ६ ॥
विक्रमपुर बैठे तखत, करि जन मन आनंद।
सुथिर राज तौ लौं करौं, जौं लगि धरनी चंद ॥ ७ ॥
भोजनि सों दारिद हरत, फौजनि रिपु कुल मूल।
नन्दराम जाके सदा, हर धरिनी अनुकूल ॥ ८ ॥
नृप अनूप गुण रतन को, जलनिधि ज्यों आधार।
तत्र गुनी सब देस के, सेवत हैं दरबार ॥ ९ ॥
नृप अनूप के हुकम तें, कोविद कवि नन्दराम।
रस ग्रन्थन को सार ले, करत ग्रन्थ अभिराम ॥ १० ॥

अंत—

बड़े ग्रन्थ देखन करें, जे आरस सुकुमार।
तिनको हित नंदराम कवि, रच्यो नयो परकार ॥ ३३ ॥

इति श्रीमन्महाराजाधिराज अनूपसिंह विरचितायामलसमोदिन्यामलंकार निरूपण नाम तृतीय प्रमोद संपूर्ण।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी।

प्रति—गुटकाकार। पत्र ११। पंक्ति १८। अक्षर १२। साइज़ ६×९॥

विशेष—नायिकावर्णन प्रथमप्रमोद पद्य ६४; नायकवर्णन द्वितीय प्रमोद पद्य १८, अलंकार वर्णन तृतीय प्रमोद पद्य ३३; कुल पद्य ११५।

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(५) कवि वल्लभ। कवि जान। साहजहां राज्ये। सं० १७०४

आदि—

अगम अगोचर निरंजन, निराकार कर्तार।
अविगत अविनासी अलख, निश्चय अपरंपार ॥ १ ॥

× × ×

रवि ससि धू आकास धर, पानी पवन पहार।
तौं लौं अविचल जांन कहि, साहिजहां संसार ॥ ८ ॥
जौं लौं या संसार में, निसि दिन आवे जांहि।
तौं लौं अविचल राज सों, चगता जगती मांहि ॥ ९ ॥
कहत जांन कवितान हितु, ग्रन्थ करी उचारु।
अलंकार समुझाइहौं, अपनी मति अनुसारु ॥ १० ॥
कवित करन की इच्छ जिहि, ताके आवत काम।
यातें राख्यों समुझि कै, कवि वल्लभ यह नाम ॥ ११ ॥

अंत—

साहिजहां जगपतिह दाइक, चैन की मैन सरूप सुहावै।
वंस अकव्वर सत्ति है लायक, वैन को ऐन सु सूर कहावै।
मोहन मूरति अत्ति है मोहत, माननि मान गुमानि मिटावै।
जांन अनुपम गत्ति है सोहन, कामनि प्रान ढइसि लगावै।

इसके बाद कई चित्र-काव्य हैं।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी।

प्रति—गुटकाकार। पत्र ९६। पंक्ति १८। अक्षर २२। साइज़ ६×९॥

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(६) काव्य प्रवन्ध । लालस बगसीराम । सं० १९१३ आ० शु० १५ ।

आदि—

श्री चिंतामणि सगुनम्, सर्व बीज बीजाक्षर संयुतम् ।
तम् नमामि पद त्रिगुनम्, बगसीराम जय जय जय जगवंदे ॥ १ ॥
दोहा—श्री वाणी जय जय शक (ति) बगसीराम तिहि वंद ।
सकल वर्ण वर्णात्म सिंध, अथग करण आणंद ॥ २ ॥
श्री लम्बोदर बुध सदन, चारु वदन सिर चंद ।
इस्वासन बगसा अभय, विघन विनासन चंद ॥ ३ ॥
भोंवानी गनपति विभू, दान सुबुध क्षय दुंद ।
सो ह्वै है तुमतै सहज, पूरण काव्य प्रवंध ॥ ४ ॥
श्री सादल रतनेस सुव, नरियन्द बीकानेर ।
छाया छत्र छित्तीस की, फेर काव्य चहुं फेर ॥ ५ ॥

× × ×

संमत उगनीसे तीन दस, सुक्क क्वार सुख सिंध ।
तिथ पुन्नू बीकाण तह, वरण्या कान्य प्रवंध ॥ १४ ॥
गुनकरन या ग्रन्थ को, रच्यो जु बगसीराम ।
प्रस्नोत्तर परवंध में, मों लिखहूँ तिह नाम ॥ १५ ॥

(कविराज सुखदानजी के संग्रह में)

(७) कृष्णचरित्र सटीक । कर्ण नृपति ।

आदि—

श्रीमत्कर्ण क्षितिपतिरर्थालंकारदीपमातनुते ।
मुग्ध व्युत्पत्ति कृते भाषामयमाज्ञया श्रियः पत्युः ॥ १ ॥
ग्रंथान् कुवलयानंद प्रभृतीन् वीक्ष्य यत्नतः ।
श्रीकृष्णचरितं ग्रंथं कुरुते कर्ण-भूपतिः ॥ २ ॥
कृत्याकृतमहादेवः श्रीकर्णनृपनिर्मितात्
ग्रंथात् स्फुटीकरोत्यर्थालंकारान् सम्यगाज्ञया ॥ ३ ॥

श्री लक्ष्मीनारायण गुणरूपसिं (धु) पुन करन प्रभु की सुंदरता की कही जात नें बात ।
नेनामी नउवां ठोर रमे सु मो मन जमुना नीर ज्यों रोक न राख्यो जात ॥१॥

संक्षिप्त तात्पर्य याको यह । जो श्री लक्ष्मीनारायण जी हैं सो गुण अरु रूप इनको समुद्र हैं । एसो सब कवि वरनतु है ।

अंत—

प्रति अपूर्ण है ।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी।

प्रति—पत्र ७१। पंक्ति ९ से १०। अक्षर २४ से २८। साइज़ १०+५

विशेष—करणी भूपति रचित कृष्णचरित्र पर गद्य में टीका है। ग्रन्थ में अलंकारों का वर्णन है।

(अनूप संस्कृत-पुस्तकालय)

(८) चित्रविलास। पद्य १३१। अमृतराइ भट्ट शिष्य चतुर्भुदासजी। सं० १७३६ का० शुक्ला ९। लाहोर।

आदि—

छप्पय छंद

सुंडा दंड भसूंड मंड, सिंदूर भूरवर।
केसर गुंड अलि झुंड लसै, शशि खंड भाल पर।
मुकट चंड सुचंड गंड, मद झरन चलतच्चै।
कुंडल करन अखंड चढ़े, जनु मारतंड है।
भुज दंडन नुर बल कंड अति, नवो खंड वंदत चरन।
कंटक विहंड सत खंड कर, लंबोदर संकट हरन॥ १॥

× × ×

बानी पै वर पाइ कै, पुन बंदौं सिरनाइ।
भाषा गुरु सब विध चतुर, जै श्री अमृतराइ॥ ३॥

× × ×

बैठे हैं बहु मित्र मिल, कवि अमृत के धाम।
तिन सबहिन मिल यों कह्यो, रच्यो ग्रन्थ अभिराम॥ ५॥

कुंडलिया

पंडित बड़े लाहोर में, अंत गुनन को नांहि।
कछु ऐसी विध कीजिये, ज्यों सब मोहे जांहि।
ज्यों सब मोहे जांहि, ग्रन्थ रचिये अति रुचकर।
आगे भयो न होइ, और भाषा में सरवर।
हो तुम चतुर सुजान, सबै विद्या गुनमंडित।
कीजै वहै उपाय, जाहि सुन रीझत पंडित॥ ६॥

तिन की आज्ञा तैं भयो, कवि के चित्त हुलास।
चतुरदास छत्री वहल, वरन्यो चित्र बिलास ॥ ७ ॥
संवत् सत्रहसे वरष, बीते अधिक छतीस।
कार्तिक सुदि नवमी सु तिथ, वार चारु दिनईस ॥ ८ ॥
चौगत्ता कौ राज। राजत आदि जुगादिजग, ... ।
तिनके कुल सिरताज, अवरंग साह महाबली ॥९॥
तिनके सहर बड़े बड़े, अपनी अपनी ठौर।
तिन सब में सब बिध अधिक, नागर नगर लाहौर ॥ १० ॥

× × ×

चित्र प्रकार अनंत गति, कहि आए कविराइ।
कवि अमृत द्वै विध रचै, अभरन भरन बनाइ ॥ १५ ॥

अंत—

चित्रजात अभरन कछू, बरनी अमृतराइ।
भरे चित्र की वृत्त अब, कहि चतुरंग बनाइ ॥ १२१ ॥

इति श्री चित्रविलास ग्रन्थ अभरन, अमृतराय भट्ट कृत संपूर्णम्।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी।

प्रति—पत्र ६। पंक्ति १७। अक्षर ४५ से ५०।

विशेष—इसके आगे चित्र भरे वृत्त होने चाहिए थे पर वह खंड इसमें नहीं है। कर्ता अमृतराइ भट्ट प्रति में लिखा है पर प्रारंभ से चतुर्दास क्षत्री कर्ता ज्ञात होता है।

(जयचन्द्रजी भंडार)

(९) दंपतिरंग। पद्य ७३। लछीराम। सं० १७०९ से पूर्व।

आदि—

अथ दंपतिरंग लिख्यते।

दोहा

करि प्रनाम मन वचन क्रम, गहि कविता को ब्योहारु।
प्रकृति पुरिष वरनन करूं, अघमोचन सुख सारु ॥ १ ॥
रसिक भगत कारन सदा, धरत अलख अवतार।
कान्हकुंवर रव नीर वन, प्रगट भये संसार ॥ २ ॥
जिहिं विधि नाइक नाइका, बरनै रिषिनि बनाइ।
लछीराम तिहिं विधि कहत, सो कवियन की सिख पाइ ॥ ३ ॥

अंत—

सवैया

जा तियकैं निसि द्यौसु रहे पति, सो तिय काहे कौं नेह कसे ।
घन बार छुटे दग अंजन ही, नतमोर त्रिना मुख लाल हसे ।
सखि स्यांम महावरु पाइ दयौ, सु विलोकि विलोकि विचारि रसे ।
मन आनैं नहीं बनिताजि बनी, सब हीं के सिंगारनि देखि हंसे ॥ ७२ ॥

इति सौन्दर्यगर्विता अरु प्रेम गर्विता कही ॥ इति श्री दंपतिरंग शृंगार अष्ट-नाइका भेद संपूर्ण ।

लेखन—संवत् १७०९ का वैशाख सुदि ३ दिने श्री जगतारिणी मध्ये पं० चारित्र विजय लिखतं वाचनार्थं दीर्घायु सक्त । भंडारी श्री कपूरचंद्रजी री पोथी उपरि लिखि आख्या तीजं है दिन शुक्रवार । श्रीरस्तु ।

प्रति—गुटकाकार । पत्र ६ (१४२ से १४७) । पंक्ति १९ । अक्षर ३८ । साइज ७॥×५

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१०) दुर्गसिंह शृंगार । जनार्दन भट्ट । सं० १७३५ । ज्येष्ठ शुक्ला ९ रविवार ।

आदि—

प्रथम के २३ पत्र नहीं हैं ।

अंत—

तिय तरवनि जावक लसे, सब सोभा आगार ।
नव पल्लव पंकज मनों, दयो हारि निज सार ॥ ३४३ ॥
सत्तरेसे पैंतीस सम्, जेठ शुक्ल रविवार ।
तिथि नौमि पूर्ण भयो, दुर्गसिंह शृङ्गार ॥ ३४४ ॥
छन्द अर्थ अक्षर कहूँ, भयो होइ जो हीन ।
लीजयो सकल सुधारिकै, सो या मांझ प्रवीन ॥ ३४५ ॥

इति श्री गोस्वामी जनार्दन कृत: श्री दुर्गासिंह शृङ्गार संपूर्ण । श्री शुभमस्तु । श्रीरस्तु संख्या ९०० ।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी ।

प्रति—पत्र २४ से ४६ । पंक्ति ९ । अक्षर ३८ । साइज १०×५

विशेष—प्रारम्भिक अंश मिलने पर संभव है दुर्गसिंह के बारे में नई जानकारी प्राप्त हो । (अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(११) दूलह विनोद । दूलह ?

आदि—

अथ दूलह विनोद लिख्यते

दोहरा

अलख अमूरति अगम गति, कहत न जीभ समाय ।
अद्भुत अवगति जाह की, सो क्यों वरनी जाहि ॥ १ ॥

× × ×

आदि जन्म सब एक है, अरु फुनि अंतहु एक ।
बौरं ते जग कहतु है, हिंदू तुरक विवेक ॥ ६ ॥

× × ×

मोहन रूप अनुप सि मूरति, भुप बलि विधि रूप सुधारो ।
तेग बली अरु त्याग बलि, अरु भाग्य बलि सिरताज संवारो ।
साहि सुजान विहान को भांन, जिहांन जान औ नैनंनि तारो ।
साहिब आलम साहिन साहि, महम्मद साहि सुजा जगि प्यारो ॥ १॥

अंत—अप्राप्त

केवल प्रथम पत्र ही प्राप्त है ।

प्रति—पंक्ति १२ । अक्षर ३२ । साइज़ ९ × ४

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१२) नखसिख । पद्य ६३ । घनश्याम । सं० १८०५ काती सुदी····बुधवार

आदि—

अथ राधाजी को नखसिख वर्णनं लिख्यते । पुरोहित घनश्याम कृत ।

कवित्त छप्पय

श्री बल्लभ नित समर, करत मति निरमल लायक ।
विट्ठलेस प्रभु समर, सरन गत सदा सहायक ।
गोवर्द्धन धुर सुमिर, सकल ब्रज जुवती नायक ।
निज गुरु गिरिधर सुमिर, सदा मंगल बुधदायक ।
इन चरनन को अनुसरहु, हरदासन की हुवै सरन ।
राधा अदभुत् रूप तिहां, घनश्याम नखसिख वरन ॥ १ ॥

अंत—

अष्टादश शत पंचए, संवत् कातिक मास ।
सुकल पछि पद बुध दिवस, नख सिख भयो प्रकास ॥ ६१ ॥

बिनुहि समझ वर्णन करगो, लघु दीरघ सम साध ।
श्री वल्लभकुल को दास गनि, छमहु सु कवि अपराध ॥ ६२ ॥
श्री वल्लभ प्रभु सरन है, ज्ञान कह्यो सच पाय ।
घनस्याम अच्छर सबै, पीतो भव जदुराय ॥ ६३ ॥

इति नखसिख वर्णन संपूर्ण ।

लेखनकाल—सं० १८२८ माघवदी १४ दिने वा० कुशलभक्ति गणी लिखतं श्री पंचभद्रामध्ये ।

प्रति—गुटकाकार । पत्र ६ । पंक्ति १९ । अक्षर ३८ । साइज ९×५॥

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१३) नखसिख ।

आदि—

अथ नखसिख वर्णनम्

रसदायिनी दायिनी सरस, परस समोह सयान ।
विमल वदन वाणी विनय, नमन निरंतर दान ॥ १ ॥
रसिकनि हेतु सिंगार रस, नख सिख अंग विचार ।
निरुपम रुचि नव नागरी, ताके कहत सिंगार ॥ २ ॥

× × ×

अथांघ्रिवर्णनम्

कमल कुलीन किधुं कूरम सुलीन जर जोर गति नीर निधि काम करि ठए हि ।
गति के करीश किधुं मोहन मृणाल दल सायक कइ पांचउ पुन्य पूरन के नए हि ।
पदमा के पीन नवनीत सुं सुधारे ढारे अमल अमोल छवि छाहेर रस दए हि ।
किधुं पद युग नव तरुनी के राजतहि वाजने नूपुर गज गाह धरि लएहि । १ ॥

अंत—

पत्र ३ के बाद पत्र नहीं मिलने से ग्रन्थ अधूरा रह गया है ।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध

प्रति—पत्र ३ । पंक्ति १३ से १४ । अक्षर ५० से ५७ । साइज १०।×४।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१४) नखशिख । सवैये ३० ।

आदि—

जीवन सरोवर के कोमल सिवाल सूल, काम तंतु तूल मखतूल कैधे तार हैं ।
पंच सर सिंधुर के स्याह और किधौं मौर किधौं सिरि सहज सिंगार रस सार हैं ।

माथैं मार मरकत मनि के मयूख, किधौं घेरैं चंद कौ तिमिर परवार हैं।
लामैं लामैं जामैं जोति लता के वितान किधौं, किधौं स्यामवरन छबीले छूटे वार हैं ॥ १ ॥

अंत—

बीजुरी ताक किधौं रतन सलाक किधौं, कोमल परम किधौं प्रीतिलता पी की है।
रूप रस मंजरी कि मंजुल चंपक दाम, किधौं कामदेव के अमर मूरि जी की है।
चन्द्रकला सकलंक मालिन कमल माल, जाके आगे लागति प्रदीप जोति फीकी है।
दूजी सुर नर नाग पुरन बिरञ्ची रची, जैसी नखसिख अंग राधिकाजू नीकी है ॥ ३० ॥

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी।

प्रति—पत्र ३। पंक्ति १६ से १८। अक्षर ३६ से ४०। साइज ९×४

(श्री जिन चारित्र सूरि संग्रह)

(१५) प्रेममंजरी। पद्य ९७। प्रेम। सं० १७४० चैत्र सुदी १० सोमवार

आदि—

मन वच करूं प्रणाम, प्रथमहि गुरु गोविन्द कूं।
पूजै मन की काम, जिनकी कृपा सुदृष्टि तैं ॥ १ ॥

अंत—

सतरैसे चालोतरा, चैत्र मास उजियार।
अटकनि अटकहि लिख चुके, तिथि दसमी शिववार ॥

लेखन—संवत १७५४ अनुपसिंह राज्ये कुंवर सरुपसिंह चिरंजीयात् महाराज कुंवर आणंदसिहजी भाणेज जोरावरसिंह सीसोदिया हजूर, मथेण राखेचा लि० आदूणी गढ़े।

प्रति—पत्र १४

(खरतर आचार्य शाखा चुन्नी-भंडार, जैसलमेर)

(१६) भाषा कवि रस मंजरी। पद्य। १०७। मान

आदि—

सकल कलानिधि वादि गज, पंचानन परधान।
श्री शिवनिधान पाठक चरण, प्रणमि वदे मुनि मान ॥ १ ॥
नव अंकुर जोवन भई, लाल मनोहर होइ।
कोपि सरल भूषण ग्रहै, चेष्टा मुग्धा सोइ ॥ २ ॥

अंत—

नारि नारि सबको कहै, किउं नाइकासु होइ।
निज गुण मनि मति रीति (ध) रि, मान ग्रन्थ अवलोइ ॥ ११७ ॥

इति भाषा कवि रस मंजरी नायका ८, नायक ४ दूत ४ दूती १७ भेदाः समाप्ताः।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी

प्रति—पत्र ४ । पंक्ति १९ । २० । अक्षर ५६ से ६० । साइज १० । × ४।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१७) मनोहर मंजरी । पद्य १४८ । सं १६९१ । मथुरा ।

आदि—

अथ मनोहर मंजरी लिख्यते

एक दंत गुणवंत महा बलवंत विराजै,
लंबोदर बहु विघन हरत, सुमिरन सुख राजै ।
भुजा चारि गज वदन भदन मोदक मद गाजै,
गवरिनंद आनंद कंद जगदंब सदा जै ॥ १ ॥

दोहा

कछु अनुभव कछु लोक ते, कछु बि रीति बखानि ।
करत मनोहरमंजरी, रसिक लेहु पहिचानि ॥ २ ॥

अंत--

वरन येक[1] नव[6] रस[6] मही[1], मधु पूरन दिनरात ।
करी मनोहर मंजरी, रसना कबि न अघात ॥ ४७ ॥
मथुरा को हो मधुपुरी, वसत महौली पौर ।
करी मनोहरमंजरी, अति अनूप रस सौर ॥ ४८ ॥

इति मनोहर मंजरी संपूर्ण शुभमस्तु ।

लेखनकाल—२० वीं शताब्दी

प्रति -पत्र ५ । पंक्ति २३ । अक्षर ५६ । साइज १० × ५

विशेष— नायिका भेद आदि का वर्णन है ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१८) रतिभूषण । जगन्नाथ । सं० १७१४ जे० शु० १० चंद्रवार । जैसलमेर

आदि—

पहिले करो प्रणाम, गणपति सरसति सुगुरुको ।
द्यो मोहे मति अभिराम, तिय पिय केलि सु वरणवों ॥ १ ॥

अंत—

प्रीत प्रभाह के दर्शन चार प्रकार ।
जोरि करि जगन्नाथ कवि, ऐसी भांति विचार ॥ १४ ॥

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी

विशेष—जैसलमेर के रावल सबलसिंह के पुत्र अमरसिंह के लिये रचित। ग्रन्थ में ६ अध्याय हैं।

(जिनभद्रसूरि भंडार, जैसलमेर)

(१९) रस तंरगिनी भाषा। कवि जांन। सं० १७११ माघ

आदि—

अलख अगोचर सिमरिये, हित सौं आठौं याम।
तो निहचै कवि जान कहि, पूजै मनसा काम ॥ १ ॥

दीन दयाल कृपाल अति, निराकार करतार।
तन को पोषण भरण है, मन इच्छा दातार ॥ २ ॥

नबी महम्मद समरियै, जिन सर्ज्यो करतार।
वारापार जिहाज विन, कैसे कीजै पार ॥ ४ ॥

साहिजहां जुग जुग जिऔ, सुलताननि सुलतान।
जान कहै जिह राज मैं, करत अनंद जहांन ॥ ४ ॥

रसुतरंगिणी संस्कृत, कृते कोविद भान।
ताकी मैं टीका करी, भाषा कहि कवि जान ॥ ५ ॥

सब कोइ समझत नहीं, संस्कृत दुगम बखान।
तातै मैं कीनी सुगम, रसकनि हित कहि जान ॥ ६ ॥

अंत—

सन् हजार जु पैसठो, रविउल अव्वल मास।
रसुतरंगिणी जान कवि, भाषा करी प्रकाश ॥ ३२६ ॥
संवत सतरहसै भयौ, इग्यारह तापर और।
माह मास पूरण भई, साहिजहां के दौर ॥ ३२० ॥

लेखनकाल— सं० १७२४ प्रथम आषाढ शुक्ल ९ चन्द्रवासरे लिखितम्
प्रति—पत्र २८ ग्र० १०५४

(आचार्य शाखा भंडार, बीकानेर)

(२०) रस रत्नाकर। मिश्र हृदयराम। सं० १७३१ वै० शु० ५.

आदि—

शिव(र!), पर सरस सिंगार सों सहित सौहै, सारस मैं जैतवार सखी मैं सहास है।
ओर देवतानि के वदन मांह निन्द मय, महानदी मांह महा रोस को प्रकास है।

फुंकरत लखि फणपति में सभय हरि, लोचन चरित मांह विस्मय विलास है।
जयति जयंती जूकी दीठि भाव रसमय, करुण सहित शुभ जहां शिवदास है।

कवि वंश वर्णनम्

ब्रह्मा कीनी सृष्टि सब, पहिलैं करि सप्तर्षि।
तिनि सातनि के वंश सों, उपजे बहु ब्रह्मर्षि ॥ १ ॥
पंच गौड़ द्विज जगत में, पंच द्राविड़ जांनि।
जहं जहं देस बसे तहां, नाम विशेष बखानि ॥ २ ॥
जनमेजय के यज्ञ मैं, हरि आने जे विप्र।
इन्द्रप्रस्थ के निकट तिन, ग्राम दये नृप क्षिप्र ॥ ३ ॥
गौड़ देस तें आनि के, बसे सबै कुरु खेत।
विप्र गौड़ हरि आनियां, कहै जगत इहिं हेत ॥ ४ ॥
तिनमैं एक भटानिया, जोशी जग इहिं ख्याति।
यजुर्वेद माध्यंदिनी, शाखा सहित सुजाति ॥ ५ ॥
गोत कलित कोशल्ये, गनौं घरोंडा ग्राम।
उपजै निज कुल कमल रवि, विष्णुदत्त इहिं नाम ॥ ६ ॥
विष्णुदत्त को सुत भयो, नारायण विख्यात।
ताको दामोदर भयो, जग में जस अवदात ॥ ७ ॥
भाष्य सहित कैयट सकल, पढ्यो पढ़ायो धीर।
षट दर्शन साहित्य में, जाको ज्ञान गंभीर ॥ ८ ॥
स्वारथ परमारथ प्रदा, विद्या आयुर्वेद।
श्री दामोदर मिश्र सब, ताको जानै भेद ॥ ९ ॥
हरिवंदन के नाम जिन, ग्रंथ कर्यो विस्तार।
कर्मविपाक निदान युत, और चिकित्सासार ॥ १० ॥
करी चाकरी बहुत दिन, बैरम-सुत के पास।
बहुरि वृद्ध ताके भये, कीनो कासी वास ॥ ११ ॥
रामकृष्ण ताको तनय, विद्या विविध विलास।
विप्र नगर के सिष्य सब, कियो जौनपुर वास ॥ १२ ॥

इसके पश्चात् भुवनेश मिश्र के २ संस्कृत पद्य आदि हैं।

× × ×

आसफखां जू को अनुज, यातिकादखां वीर।
ताकौं करि कृपा महा, जानि गुणनि गंभीर ॥
रामकृष्ण के तनय त्रय, जेठे तुलसीराम।
मझिले माधवराम बुध, लहुरे गंगाराम ॥

× × ×

रामकृष्ण को पौत्र है, हृदयराम कवि मित्र ।
उद्धव पुत्र प्रयाग द्विज, दीक्षित को दौहित्र ॥ १५ ॥

रामकृष्ण को पुत्र मणि, माधवराम सुजान ।
साहि सुजा की चाकरी, करी बहुत दिन मान ॥ १६ ॥

नंदन माधवराम को, हृदयराम अभिराम ।
नवरस को वर्णन करे, यथा सुमति संदाम ॥ १७ ॥

× × ×

संमत सत्तरैसे वरस, बीते अरु एकतीस ।
माधव सुदि तिथि पंचमि, वार वरनि वागीस ॥ २१ ॥
भानुदत्त कृत संस्कृत, रसतरंगिणी भाइ ।
रसिक वृंद के पढ़न कौं, पोथी करी बनाइ ॥ २२ ॥

अंत—

ज्यों समुद्र मथि देवतनि, पाये रतन अमोल ।
त्योंही नवरस रतन लही, मथि तेरह कल्लोल ॥ २७ ॥
रसरत्नकर ग्रन्थ यह पढ़ै जु नर मन लाइ ।
ताकौ ह्वै हैं हृदय मैं, नवरस ज्ञान बनाइ ॥ २८ ॥
करि प्रनाम कछु करत हौं, विनती बुध सौं लेखि ।
जहँ असुद्ध तहं शोधियो, सहृदय बुद्धि विशेखि ॥ २९ ॥

इति श्री मिश्र माधवरामात्मज श्री मिश्र हृदयराम विरचिते रस रत्नाकरे, रसालंकारे, रसाभिव्यक्ति वर्णनन् नाम द्वादश कल्लोलः समाप्तः ।

लेखन—सं० १७४८ वर्षे कुंवार शुक्ल पक्षे ५. शुभमस्तु ग्रन्थ संख्या १८८०
प्रति—गुटकाकार । पत्र ७५ । पंक्ति २० । अक्षर १८ । साइज ७ × ९

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(२१) रस विलास । गोपाल (लाहोरी) सं० १६४४ वैशाख शुक्ला ३ । मिरजाखांन के लिये ।

आदि—
प्रस्तुत ग्रन्थ का केवल अंतिम पद्य ही प्राप्त है अतः आदि के पद्य नहीं दिये जा सके ।

अंत—

रुकुमनी लछनि रूप गुनही, को कवि कहे निवाहि ।
मे जानइ तेही कहे, गोविंद रानी आंहि ॥ ४१ ॥

संवत सोरहसइ वरस, बीते चोतालीस।
सोमतीज वैशाख को, करी कमध्वज ईस ॥ ४२ ॥
बरनि सेनि बैकुंठ की, सची वेलि संसार।
सुने सुनावइ जिन नसतु, प्रेम उतारइ पार ॥ ४३ ॥
आज्ञा मिरजांखांन की, भई करी गोपाल।
वेल कहे को गुन यहइ, कृष्ण करो प्रतिपाल ॥ ४४ ॥
मरुभाषा निरजल तजी, करि व्रजभाषा चोज।
अब गुपाल यातें लहैं, सरस अनोपम मोज ॥ ४५ ॥
कवि गुपाल यह ग्रन्थ रचि, लायो मिरजां पास।
रस विलास दे नांउं उनि, कवि की पूरी आस। ४६ ॥

इति श्रीमन् ति(नि!)खिल खांन शिरोरत्न श्रीमान् मुसाहिब खांन तनुज श्रीमन्नबाप सिरदारखांनात्मज श्रीमन्मिरजांखांन मनोविनोदार्थ पंडित लाहोरी कृतं। रस-विलास समाप्त।

लेखन—संवत् १७४९ वर्षे पं० प्रेमराजेन लिपी कृता श्री भुज नगरे।

प्रति—अंत का आठवां पत्रांक प्राप्त। साइज १०। × ४॥।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२२) रसिक हुलास   सूरदत्त   सं० १७१६ फागुन शुक्ला ५ अमरसर।

आदि—

आनंद के कंद, जगवंद, दजुत चंद सोहैं, पारवती के नंद हरैं विपति कुमति कौं।
बुधि के सदन गजवदन रदन सुभ, दुख के कदन सुख देत दै सपत्ति कौं।
विघन हरन सब के भरन पोषन हो, असरन सरन सो सुमति को।
श्रीपति सिवापति सिकराय सुरपति, करत प्रनाम ऐसे महा गनपति को ॥ १ ॥

नगर अमरसर अमरपुर, कीनो भुव कर्तार।
वसैं जहां चारों वरन, दाता वनिक अपार ॥ २ ॥

× × ×

राय मनोहर नृपति तहँ, रच्यो एक कर्तार।
सेखाउत कछवाह मनि, पारथ को अवतार ॥ ६ ॥
मिरजाई तिह को दई, अकबर साहि सुजान।
सुत सम बहु आदर करै, जानै सकल जहान ॥ ७ ॥
ताकौं सुत जग मैं विदित कहिये पृथिवीचंद।
सुमिरत जाके नाम को, मिटे सकल दुख दंद ॥ ८ ॥
कृष्णचन्द्र ताको तनय, मनसिज सौ अभिराम।
साहि समान प्रसिद्ध जग, सुर तरवर को धाम ॥ ९ ॥

रसिकराय सों तिन कह्यो, करिके बहुत सनेहु ।
हमकों रसिक हुलास करि, रसतरंगिनि देहु ॥ १० ॥

दोहा

संवत सतरैपे वरस, सोरह ऊपर जानि ।
फागुन सुदि तिथि पंचमि, सु मह्रूरत सो मानि ॥ ११ ॥

ता दिन ते आरंभ यह, कीन्हों रसिक हुलास ।
समुझि परै जाके पढ़ें, (र)सकै सबै विलास ॥ १२ ॥

पढ़ै जो रसिकहुलास वह, नर नर वर म कोइ ।
जानै गति रस भाव की, मजिलिस मंडन होइ ॥ १३ ॥

सूरदत्त कवि अलप मति, कासी जाको वास ।
अति प्रवीन तिन सरस यह, कीनो रसिकहुलास ॥ १४ ॥

अंत—

बुध वारिद वरषहुं सदा, तातें नह नवीन ।
जातें रसिकहुलास की, बृद्धि होहि परवीन ॥

जावत सूर सुता रहै, धरती मै सुख पाइ ।
तावत सूरदत्त कृत, रसिकहुलास सुहाइ ॥

इति श्री सूरदत्त विरचिते रसिक हुलासे दृष्टि आदि निरूपणं नाम अष्टमो हुल। समाप्तं ।

लेखनकाल—सं १७४९ । मिती कार्तिक वदी सप्तमी ।

प्रति— पत्र ४५ । पंक्ति । २२ । अक्षर १७ । रस रत्नाकर वाले गुटके में है ।

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(२३) रसिक आराम पद्य १०० । सतीदास व्यास । सं० १७३३ माघ शुक्ला २ बीकानेर

आदि—

नमन करि हलवीर कुं, नव जलधर वर स्याम ।
सतीदास संछेप सुं, रचति रसिकआराम ॥ १ ॥

शुभ संवत सै सप्तदश, वरस वरन तेतीस ।
मास माघ सित पछ तिथि, दूज भ वार दिन ईश ॥ २ ॥

बीकानेर सुहावनों, सुख संपति गुन रूप ।
सुथिर राज महि मेरू लों, अधिपति भूप अनूप ॥ ३ ॥

अंत—

देवीदास विथास मनि, गुननिधि विद्या धाम।
तिनके सुत के सुत रच्यो, पूरन रसिकाराम ॥ २ ॥

बीकानेर पुरे श्रिया सुख करे नृपस्य भूमीपतेः।
देवीदास इति त्रिलोक विदितो व्यासान्वयोऽस्ति प्रधी
तत्पुत्र किल देवजाति विदितो स्तत्सूनुनायं कृतं
शृङ्गारात्मक एकरूप रसिका रामः सुबोध्यो बुधैः ॥ ११ ॥

लेखन—संवत १७५२ वर्ष माघमासे शुक्लपक्ष तिथौ ११ एकादश्यां सोमवासरे लिखते ब्रा० बदरा दांहिवां ओझा, वांचे तिने राम राम।

प्रति—गुटकाकार। पत्र ५८ से ६४। पंक्ति १६। अक्षर १८। साइज ६×६

विशेष—प्रथम अध्याय—नायिका निरूपण पद्य ४३ द्वितीय अध्याय—नायक निरूपण पद्य १६, तृतीय अध्याय अलंकार निरूपण पद्य ३१।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२४) रसिक मंजरी भाषा। हरिवंस।

आदि—

कल कपोल मद लोभ रस, कल गुजत रोलंब।
कवि कदंब आनंद कहि, लंबोदर अवलंब ॥ १ ॥

अति पुनीत, कलि कलुप विहंडन, साहि सभा सबहिनि सिर मंडन।
खुलित खग्ग खत्तिय सिर खंडन, जगमगात हक्कु इक्कुल तंडन ॥ २ ॥

पद्धरी छंद

तिह वंस किय उद्योत, तिहि कित्ति सुरसदि सोत।
छज्जमल सुभ आनंद, मसनंद परमानंद ॥ ३ ॥

कुल कमल मानस हंस, जसु कित्ति जगत प्रसंस।
मसनंद सुभ अवतंस, जयवंस मनि हरिवंस ॥ ४ ॥

रसिकराई हरिवंस तिनि, चंचरीक निज हेत।
भानु उदित रसमंजरी, मधुर मधुर रस लेत ॥ ५ ॥

अंत—

साक्षात् दर्शन—

हा हा तजि रे चित चंचलता, जीवरा निज लाजन लोलुप हैं।
करुणा करि नैननि नीर भये, तुम्हकूं न परौ पलके पल है।

सिर सोहत मोरनिके चंदुवा, मुरली मधुरा धर तै मधु ह्वै।
नव नीरद सुंदर स्यामल होत, हहा हरि लोचन गोचर ह्वै ॥ २७ ॥

इति श्री रस मंजरी भाषा, हरिवंस कृत संपूर्ण। श्री श्री श्री श्री।

लेखन—१८ वीं शताब्दी।

प्रति—१-गुटकाकार। पत्र २९। पं० १३। अक्षर २५। साइज ६×५॥।

२-विनय सागरजी संग्रह, (जयचंद्रजी भंडार)

(२५) रसिक विलास। कवि केसरी।

आदि—

जासु लगत सर निकट, कम्ह वृन्दावन नंचिय।
चलत जुद्ध जिहि कुद्ध सुद्ध, संकरु नहिं रंचिय॥
जेहि वस कियउ समग्ग, अमर दानव किन्नर नर।
जड़ जंगम केहरि जाहि, सेवत निस वासर॥
जिन रचिय जग तुअन वन विधि नमुनि जानत जिमि रत्ति वरु।
तेही तजि अवरु केहि वंदियइ, परम पुरुस प्रभु पंचसरु॥
महा महाकवि ह्वै गये, कोरे धरनि अनेक।
बहु रतना वसुधा कही, गुनी एक तें एक॥
निज भाषा में केहरी, केचित भयो प्रकास।
श्री ब्रजराज सुजान हित, कीनों रसिक विलास॥

अंत—

केहरी मैं धन आस बध्यो, मनु दाहै मरोद वज्यो प्रमदा हों।
रुख्यो पर्योइ रहे सजनि, सुनि नाह सों हीं नित नेहु निबाहों॥ १॥

इति श्री कवि केशरि कृते शृंगार रसे नायिका भेदे रसिकविलासोल्लासे सप्तमः प्रभावः। संपूर्णोयं ग्रन्थः।

लेखन—१८ वीं शताब्दी। लिखतमिदं पुस्तकं महानंदात्मज कृष्णदत्त व्यासेन।

प्रति—गुटकाकार। पत्र २१। पंक्ति १८ से २२। अक्षर २० से २४। साइज ६×९॥।

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(२६) रसकोष—जान कवि सं० १६७६।

ग्रन्थ रस कोष।

आदि—

अलख अगोचर निरंजन, निराकार अविनास।
काहू की पटंतर नहीं, ना को पटतर तास॥ १॥

निमसकार ताकों करों, नांउ महंमद जाहि।
असरन सरन अभरन भरन, मै भंजन गुन ताहि ॥ २ ॥
जबहि बखानौ नाइका, नाइक कहि कवि जान।
मथूं कथूं रसमंजरी, सुनो सबै धर कांन ॥ ३ ॥
तन मन मै संतोष है, मिटै चित कौ सोष।
आरस दोषन नास ह्वै, धर्यौ नांउ रसकोष ॥ ४ ॥

× × ×

अंत—

जहाँगीर के राज्य में, हरन चित को दोष।
सोलहसै पटहुतरै, कियौ जांन रसकोष ॥ १४१ ॥
चौपाइ ५०

लेखन—सौलहसै चौरासिये, नग्र फतेपुर थांन।
हुती जु सातैं जेठ बदि, लिख्यौ भीखजनु जांन ॥ १ ॥ (ग्र० ३००)

प्रति—गुटकाकार, जिसमें पहले आनंद रचित कोकसार (सं० १६८२ लिखित) है।
(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

× × ×

(२७) लखपति जस सिन्धु। तपागच्छीय कनककुशल शिष्य कुंवरकुशल।

आदि—

सकल देव सिर सेहरा, परम करत परकास।
सिविता कविता दे सफल, इच्छित पूरै आस ॥ १ ॥

अंत—

कवि प्रथम जे जे कहे, अलंकार उपजाय।
कुंवर-कुशल ते ते लहे, उदाहरन सुखदाय ॥ ८२ ॥

इति श्री मन्नमहाराज लक्षपति आदेशात् सकल भट्टारक पुरन्दर भ० श्री कनक-कुशल सूरि शि० कुंअरकुशल विरचिते, लक्षपति जससिन्धु शब्दालङ्कारार्थलंकार त्रयोदश तरंग।

प्रति—गुटकाकार। पत्र ५३।
(यति ऋद्धिकरणजी भंडार, चूरू)

(२७) विक्रम विलास। लालदास।

आदि—

जिहिन सुन्यौ हरिवंस जिमि, विक्रम साहि विलास।
तजहिनते रसराज वर, तनै जनम सुख आस ॥ १ ॥

कथा माधवानल करी, नाटक उखाहार।
नृपति न मानी लाल तव, नव रस कियो विचार ॥ २ ॥
नीरसु गहे न भाव रस, रसिकु भजे रस भाव।
गाड़ी चले न सलिल में, सूखि चले न नाव ॥ ३ ॥

अंत—

चरित रांम सुग्रीव के, सोरि नन्द व्यवहार।
इत्यादिक में जानियो, प्रिय रस के अवतार ॥ ४ ॥

इति श्री लालदास विरचिते विक्रम विलासे रसान्तरोपि समाप्तः।

लेखन—संवत् १७२९ वर्षे शाके १५९४ प्रवर्तमाने महामांगल्यप्रद माघ मासे, शुक्लपक्षे पूर्णमास्यां तिथौ सौम्यवासरे श्री नासिक महानगरे श्री गोदावरी महातटे श्री महाराजाधिराज श्री महाराज श्री ४ अनूपसिंहजी चिरंजीवी पोथी लिखावितं। शुभं भवतु श्री मथेन सांमा लिखतं ॥

प्रति—(१)—पत्र ३१। पंक्ति १९ अक्षर १६। साइज ६×९॥

(२)—पत्र २७। पंक्ति ८। अक्षर ३५

विशेष—प्रति में प्रथम अलसमेदनी, अनूपरसाल, योगवाशिष्ठभाषा, विक्रम-विलास, सतवंती कथा, वीबी बांदी झगड़ो, कथा मोहिनी, जगन बत्तीसी, रसिक विलास ग्रन्थ हैं। दूसरी प्रति में विक्रम विलास का निम्नोक्त अन्त पद्य अधिक है—

विवरण भेरस भीम के, आरण पायो लाल ॥ ३१८ ॥
जहां जांन अजान सें, कियो कछु अविचारि।
तहा कृपा करि सोधियो, सज्जन सबै विचारि ॥ ३१९ ॥

इति लाल कवि विरचिते विक्रम विलासे रसान्तर रस वर्णन समाप्त। श्लोक ५६१

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(२९) वैद्य विरहिणि प्रबंध। दोहा ७८। उदैराज। सं० १७७२ से पूर्व

आदि—

एकन दिन ब्रज वासिनी, दिल में दई उहार।
हों दुखहारी वैद पै, जाइ दिखाऊं नारि ॥ १ ॥
की विरहिन जिय सोच मैं, धर अपनी जिय आस।
रिगत पान क्यौं कर दनै, गयो वैद पै पास ॥ २ ॥

अंत—

अपनें अपनें कंत सूं, रस वस रहिया जोइ।
उदैराज उन नारि कूं, जमें दुहागन होइ ॥ ७७ ॥
जां लगि गिरि सायर अचल, जांम अचल द्रू राज।
तां लगि रंग राता रहै, अचल जोड़ि व्रजराज॥ ७८ ॥

इति श्री वैद्य विरहिणी संपूर्णा।

लेखनकाल—संवत् १७७२ वर्षे कार्तिक सुदि १४ तिथौ

प्रति—पत्र २। पंक्ति १७। अक्षर ५२।"। साइज १०×४॥।

विशेष—अक्षर बहुत सुन्दर हैं। विरहिणी नारी वैद्य के पास जाती है और कामातुर हो अपना सतीत्व नष्ट कर देती है। इसका शृंगार रसमय वर्णन है।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(३०) साहित्य महोदधि सटीक। रावत गुलाबसिंह। सं० १९३० लग०।

आदि—

गवरी उवटणो करत, गुटिका किय चुनि गाद।
ताके अंगज त्रय भये, सुतरु तुमरु नाद॥ १॥

अर्थ—एक समय गवरी कैलास में उवटणो नाम अन्न विकार को मालस करावते हुते। तदा वह उवटणा की गाद परिमणु तिकों भेगी करिकें तीनि गुटका कीनी। पुरुष रूप की वह गुटिका के तीन पुत्र प्रगट कीन्हें। वड़ा पुत्र को नाम सूतजी, दूजा को नाम तुमुलजी, तीजा को नाम नादजी, यह तीन पुत्र गवरी के भये।

अंत—

एक दिवस उद्दल नृप, मम प्रति कहो यह कत्थ।
रचिदौ ऐसो ग्रन्थ तित, मिले काव्य कृत सत्थ॥ १०॥
तब मैं कीनो ग्रन्थ यह, शिशु हित सूधपलेत।
काव्य अंग वेदांत अरु, प्राकृत राग समेत॥ ११॥

इति श्री चारणान्वय महड्ड कवि रावत गुलाबसिंह विरचित साहित्यमहा... स्तरणी टीकायां नृपवंश निरुपणे अमुक खंड॥ ११॥

लेखनकाल—सं १९६३

प्रति—पत्र १७,

विशेष—साहित्य महोदधि का यह खंड कवि वंश वर्णन और प्रतापगढ़ राज वंश वर्णन के रूप में है।

(कविराज सुखदानजी के संग्रह में)

(३१) संयोग द्वात्रिंशिका । पद्य । ३७. मान. । सं० १७३१ चैत्र शुक्ला. ६.

आदि—

अथ संयोग द्वात्रिंशिका लिख्यते

बुद्धि वचन वरदायिनी, सिद्धि करन सुभ काम।
सारद सों मांननि सखर, हिय की पूरे हांम ॥ १ ॥
राग सुभाषित रमन रस, तिहुन में ओ गूढ़।
जो जोगीसर जंगली, न लहै तिनको मूढ ॥ २ ॥

अंत —

आदि सुराग सुभाषित सुंदर, रूप अगूढ़ सरूप छतीसी।
पंच संयोग कहे तदनंतर, प्रीति की रीति बखान तितीसी।
संवत चंद्र[1] समुद्र[7] शिवाक्ष[3], शशी[1] युति वास विचार इतीसी।
चैत सिता सु छट्टि गिरापति, मान रची यु संयोग छ (ब?)त्तीसी ॥२।

दोहा

अमर चंद मुनि आग्रहै, समर भट्ट सरसत्ति।
संगम बत्तीसी रची, आछी आनि उकत्ति ॥ ७३ ॥

इति श्री मन्मान कवि विरचितायां संयोग द्वात्रिंशिकायां नायका नायक परस्पर संयोग नाम चतुर्थोन्मादः ॥ ४ ॥ इति संगम बत्तीसी संपूर्णम्।

लेखन—लिखितं वा० कुशलभक्ति गणिना पं० हर्षचंद्र सहितेन पंचभदरा मध्ये सं०१८२८ रा माह वदि २ बुधौ लिखित अति हर्षेन पं० हरनाथ वाचनार्थ लिखिता।

प्रति—पत्र ५

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(ग) वैद्यक-ग्रन्थ

(१) अतिसार निदान

आदि--

अथ अतीसार को निदान कथ्यते ।

परिहां—अजीर्ण रसहि विकार रुख मद पांनहीं ।
सीतल उष्ण स्निग्ध गमन जल पांनही ।
क्रम मिथ्या भय सोक करें बहु खेद ही ।
उपजै युं अतिसार वखांन्यो वैद ही ॥ १ ॥

× × ×

आंवा गिटक अरु बिल्व पतीस, ए सभ दारू सम कर पीस ।
तंदुल जल चूरणहु खाय, रक्त सकल अतिसार मिटाइ ॥ १९ ॥

इसके बाद मधुरा लक्षण, मुखवात लक्षणादि लिखे हैं । प्रति पत्र २ की अपूर्ण है । पता नहीं यह स्वतन्त्र रचित पद्य हैं या किसी अन्य भाषा वैद्यक ग्रन्थ से उद्धृत है । इसी प्रकार मूत्र परीक्षा का १ आदि (अपूर्ण) पत्र उपलब्ध है—

घटी च्यारि निसि पाछली, रोगी कुं जुं उठाइ ।
रोग परीक्षा कारणै, तब पेसाब कराइ ॥ १ ॥
आदि अंत की धार तजि, मध्य धार तहां लेहु ।
सेवत काच के पाच मझि, एकंत ढांकि धरेहु ॥ २ ॥

ये पद्य भी किसी वैद्यक भाषा ग्रन्थ से उद्धृत है या स्वतन्त्र है यह अज्ञात है ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२) कवि प्रमोद । पद्य २९४४ । मांन । सं० १७४६ कार्तिक शुक्ला २ ।

आदि—

कवित्त

प्रथम मंगल पद, हरित दुरित गद, विजित कमद मद, तासों चित्त लाईयइ ।
जाके नाम कूर करम, छिनही मँ होत नरम, जगत विख्यात धर्म, तिनही कौ गाईयइ ।
अश्वसेन वामा ताको अंगज प्रसिद्ध जगि, उरंग लछन पग जिनमत गाईयइ ।
धर्मध्वज धर्म रूप परम दयाल भूप, कहत मुमुक्ष मांन ऐसे ही कौ ध्याईयइ ॥ १ ॥

× × ×

युगप्रधान जिनचंद प्रभु, जगत मांहि परधान ।
विद्या चौदह प्रगट मुख, दिशि चारो मधि आंन ॥ ९ ॥
खरतर गच्छ शिर पर मुकुट, सविता जेम प्रकाश ।
जाके देखै भविक जन, हरखै मन उल्लास ॥ १० ॥
सुमतिमेर वाचक प्रकट, पाठक श्री विनैमेर ।
ताको शिष्य मुनि मानजी, वासी बीकानेर ॥ १ ॥
संवत सतर छयाल शुभ, कातिक सुदि तिथि दोज ।
कवि प्रमोद रस नाम यह, सर्व ग्रंथनि कौं खोज ॥ १२ ॥
संस्कृत वानी कविनि की, मूढ़ न समझै कोई ।
तातै भाषा सुगम करि, रसना सुललित होइ ॥ १३ ॥
ग्रंथ बहुत अरु तुच्छ मति, ताकौ यह परधान ।
सब ग्रन्थनि को मथन करी, कीयौ एह मइं आंन ॥ १४ ॥

अंत—

वाग्भट शुश्रुत चरक मुनि, अरु निबंध आत्रेय ।
खारनाद अरु भेड़ ऋषि, रच्यौ तहां सौ लेय ॥ ९२ ॥
मन मैं उपजी बुधि यह, भाषा कीजै आन ।
सब सुख दायक ग्रंथ मत, भाषा में परधान ॥ ९३ ॥
घटि बधि अक्षर चूक यह, सुजन होय के सोध ।
रस ही मंहि जु विरस जड, ताहिन उपजै बोध ॥ ९४ ॥
रोग हरन सब सुख करन, सबही के हित काज ।
और जु भाषा नाव सम, कीनौ एह जहाज ॥ ९५ ॥
कवित्त छंद दोहे सरस, तां महि कीने जोग ।
प्रथम कीए मह आप कर, भए प्रसन सब लोग ॥ ९६ ॥
अभिमांनी अक उपजसी, हीन शास्त्र नर होय ।
हाथ न ताके दीजियो, अवगुन काढ़े कोय ॥ ९७ ॥

खरतर गच्छ परसिद्ध जगि, वाचक सुमतिमेर ।
विनयमेर पाठक प्रगट, कीयै दुष्ट जग जेर ॥ ९८ ॥
ताकौ शिष्य मुनि मानजी, भयौ सबनि परसिद्ध ।
गुरु प्रसाद के वचन ते, भाषा को नव निद्ध ॥ ९९ ॥
कवि प्रमोद ए नाम रस, कीयो प्रगट यह मुख ।
जो नर चाहें याहि कों, सदा होय मन सुख ॥ १०० ॥
सब सुख दायक ग्रन्थ यह, हरै पाप सब दूर ।
जे नर राखै कंठ मधि, ताहि सद्द सब पूर ॥ १ ॥

इति श्री खरतर गच्छीय वाचक श्री सुमति मेरु गणि तद्भ्रातृ पाठक श्री विनैमेरु गणि शिष्य मांनजी विरचिते भाषा कविप्रमोद रस ग्रन्थे पंच कर्म स्नेह घृन्तादि ज्वर चिकित्सा कवित्त बंध चौपई दोधक वर्णनो नाम नवमोद्देसः ॥ ९ ॥

लेखन—१८ वीं शताब्दी

प्रति - पत्र १८० । पंक्ति १२ । अक्षर ३२ । पद्य २९४४ ।

(श्री जिनचारित्र सूरि संग्रह)

(२) कवि विनोद, । मान । सं० १७४५ वैशाख शुक्ला ५ सोमवार । लाहोर

आदि—

उदित उद्योत, जगिमगि रह्यौ चित्र भानु, ऐसैह प्रताप आदि ऋष को कहत है ।
ताको प्रतिबिंब देख, भगवान रुप लेख, ताहि नमो पाय पेखि मंगल चहत है ।
ऐसी दया करो मोहि, ग्रंथ करौ टोहि टोहि, धरो ध्यान तव तोहि, उमंग गहतु है ।
बीच न विघन कौऊ, अच्छर सरल दोउ, नर पढ़े जोऊ सोऊ सुख को लहतु है ॥ १ ॥

× × ×

गुरु प्रसाद भाषा करूं, समझ सकै सब कोई ।
ओषद रोग निदान कछु, कविविनोद यह होई । ५ ॥

× × ×

संवत सतरहसइ समइ, पैंताले वैशाख ।
शुक्ल पक्ष पंचम दिनइ, सोमवार यह भाख ॥ ९ ॥
और ग्रंथ सब मथन करि, भाषा कहौ बखांन ।
काढ़ा औषधि चूर्ण गुटी, करै प्रगट मतिमांन ॥ १० ॥
भट्टारक जिनचंद गुरु, सब गच्छ के सिरदार ।
खरतर गच्छ महिमानिलो, सब जन कौ सुखकार ॥ ११ ॥
जाको गच्छवासी प्रगट, वाचक सुमति सुमेर ।
ताको शिष्य मुनि मांनजी, वासी बीकानेर ॥ १२ ॥

कीयो ग्रंथ लाहोर मइं, उपजी बुद्धि की वृद्धि ।
जो नर राखे कंठ मइ, सो होवै परसिद्ध ॥ १३ ॥

अंत (प्रथम खंड)—

गुनपानी अरु क्वाथ क्रम, कहे जु आद कै खंड ।
खरतर गच्छ मुनि मांनजी, कीयो प्रगट रह मंड ॥ २६५ ॥

इति श्री ख० मानजी, विरचितायां वैद्यक भाषा कविविनोद नाम प्रथम खंड समाप्तं ।

अंत— (द्वितीय खंड) —

द्वितीय खंड ज्वर की कथा, कही सुगम मति आन ।
समझ परै सब ग्रंथ की, पढ़े सु पंडित जान ॥ २७७ ॥
खरतर गच्छ साखा प्रगट, वाचक सुमति सुमेर ।
ताकौ शिष्य मुनि मानजी, कीनी भाषा फेर ॥ २७८ ॥
संस्कृत शब्द न पढ़ि सकै, अरु अच्छर सै हीन ।
ताके कारण सुगम ए, तातै भाषा कीन ॥ २७६ ॥

इति ख० मुनि मानजी विरचितायां ज्वर निदान, ज्वर चिकित्सा, सन्निपात तेरह निदान चिकित्सा नाम द्वितीय खंड ।

लेखन—१८ वीं शताब्दी

प्रति १—पत्र १४ उपरोक्त दो खंड मात्र (जयचन्द्रजी भंडार बस्ता नं० ४१)
२—पत्र ४२ (,, बस्ता नं० १०)
३—पत्र ४५ । पंक्ति १३ । अक्षर ३८ । साइज १०॥×४॥ ।
(नकोदर भंडार पंजाब)

(४) कालज्ञान । पद्य १७८ । लक्ष्मीवल्लभ । सं० १७४१ श्रावण शुक्ल १५ ।

आदि—

सकति शंभु शंभू-सुतन, धरि तीनों को ध्यान ।
सुंदर भाषा बंध करि, करिहुं काल ग्यांन ॥ १ ॥
भाषित शंभुनाथ कौ, जानत काल ग्यान ।
जानै आउ छ मास थे, धुर तैं वैद्य सुजान ॥ २ ॥
× × ×
जग वैद्यक विद्या जिसी, नहीं न विद्या और ।
फलदायक परतखि प्रगट, सब विद्या कौ मौर ॥६५॥
× × ×

चंद्र[१] वेद[४] मुनि[७] भू[१] प्रमित, संवत्सर नभ मास।
पुनिम दिन गुरवार युत, सिद्ध योग सुविलास ॥७०॥
श्री जिनकुशल सूरीस गुरु, भए खरतर प्रभु मुख्य।
खेमकीर्ति वाचक भए, तासु परंपर शिष्य ॥७१॥
ता साखा में दीपते, भए अधिक परसिद्ध।
श्री लक्ष्मीकीर्ति तिहां, उपाध्याय बहु बुद्धि ॥७२॥
श्री लक्ष्मीवल्लभ भए, पाठक ताके शिष्य।
कालग्यान भाषा रच्यो, प्रगट अरथ परतक्ष ॥७३॥
पंडित मोसुं करि कृपा, शुद्ध करहु सुविचार।
पंडित मान करै नहीं, करै सबसुं उपगार ॥७४॥

× × ×

अंत—

ऐसे काल ग्यान कौं, कह्यौ पंचम समुद्देस।
सुगुरु इष्ट सुप्रसाद तैं, लिख्यौ अर्थ लवलेश ॥७८॥

इति कालग्याने भाषा प्रबन्धे उपाध्याय श्री लक्ष्मीवल्लभ विरचिते पंचम समुद्देस ॥ ५ ॥

लेखन—संवत १७६० वर्ष वैशाख सुदि ८ दिने पं० आणंदधीर लिखिता।

प्रति—पत्र ३। पंक्ति १७ से २१। अक्षर ५८ से ६८। साइज ९॥ × ४।

विशेष—इस ग्रन्थ की कई प्रतियाँ हमारे संग्रह में हैं।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(५) गज शास्त्र (अमर-सुबोधिनी भाषा-टीका) सं० १७२८।

आदि—

प्रथम पत्र पश्चात् ३ पत्र नहीं मिलते, पीछे का अंश—

—इनके वंस के तिनके भेद। जु पांडुर वर्ण होइ। भूरे केस। नखछवि पूछ होइ। धीर होइ। रिस कराई करे। सु एरापति के वंस को। आगी ते काहू ते न डेर (डरे?) नहीं। दांत सेत। आगिलो ऊंचो गात्र। मेरताई छवि। राते नेत्र। सेत सुधेदा। सु पुंडरीक के वंस को जानिवे।

अंत—

हस्ती को यंत्र लिखि जो हस्ती को जंत्र करी। जुद्ध मांझ अथवा लराई में

बांधिजै तौ जयु होइ । हाथी भागे नहीं । गोरोचन सों भोज पत्र में लिखी हाथी के दांत किंवा कांन बांधिजै । (इसके पश्चात् हाथियों के १४२ नाम लिखे गये हैं)

इति पालकाप्य रिषि विरचितायां तद्भाषार्थे नाम अमर सुबोधिनी नाम भाषार्थ प्रकाशिकायां समाप्ता शुभं भवतु ।

लेखन—सं० १७२८ वर्षे जेठ सुदी ७ दिने महाराजाधिराज महाराजा श्रीअनूपसिंहजी पुस्तक लिखापितः । मथेन राखेचा लिखतम् । श्री ओरंगाबाद मध्ये ।

प्रति—पत्र ९५ । पंक्ति ९ । अक्षर ३० । साइज १०॥ × ५। ।

विशेष—हाथियों के प्रकार और उनके रोगों का सुन्दर वर्णन है ।

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(६) गंधक कल्प—आंवलासार । दोहा ४६ । कृष्णानंद ।

आदि—

गंधक कल्प आंवलासार, दूहा ।

सुन देवी अब कहत है, गंधक विध समझाय ।
अजर अमर होय जगत में, जो कोइ एसै खाय ॥ १ ॥
यथा जोग्य सब कहतु है, भिन्न २ समझाय ।
जब लूं द्रव्य आकाश है, तब लूं काल न खाय ॥ २ ॥

अंत—

कृष्णानंद विचारकें, कह्यौ पदारथ सार ।
सिद्ध होय या युक्त (जगत?) में, अमर देव आकार । ४५ ॥
गंधक विधि ए हें चूर्नी, ओर कहे उपदेश ।
जरा मोत कुं जीत कै, जीवत रहै हमेश ॥ ४६ ॥

लेखन—१९ वीं शताब्दी ।

प्रति—पत्र २ । पंक्ति १३ । अक्षर ४० । साइज ९॥ × ४। ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(७) डंभ क्रिया । पद्य २१ । धर्मसी । सं० १७४० विजय दशमी ।

आदि—

आदि का पद्य प्राप्त नहीं हैं ।

अंत—

सतरसे चालीसे विजय दशमी दिने, गच्छ खरतर जग जीत सवै विद्या जिनै ।
विजय हर्ष विद्यमान शिष्य तिनके सही, कवि धर्मसी उपगारे; डंभ क्रिया कही ॥ २१ ॥

लेखन—१८ वीं शताब्दी ।

प्रति—पत्र ९८, कवि की अन्य कृतियों के साथ

(बड़ा ज्ञान भंडार)

(८) नाडी परीक्षा, मान परिमाण । पद्य ४५+१३ । रामचंद्र ।

आदि—

सुभ मति सरसति समरिये, शुद्ध चित्त हित आण ।
प्रगट परीक्षा जीवनी, लहीयो चतुर सुजाण ॥ १ ॥

अंत—

सौम्य दृष्टि सुप्रसन्न सदाई भालीयै, प्रकृति चित्त इहु दुख सहू ही टालीयै ।
शीघ्र शांति होइ रोग सदा सुख संदही, नाड़ि परीक्षा एह कही रामचंदही ॥ ४५ ॥

आगे मान परिमाण के १३ इस प्रकार कुल ५८ पद्य हैं। हमारे संग्रह में सं० १७६१ की लिखित रामविनोद की प्रति पत्र ४७ के शेष में है ।

विशेष—रामविनोद की किसी किसी प्रति में मान परिमाण के इन पद्यों को उसी में सम्मिलित कर दिया है ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(९) निजोपाय । पद्य ९६ ।

आदि—

दोहा अथ ग्रन्थ निजोपाय लिख्यते । दोहा ।

आदि सुमरुं अलख, दोम महंमद नाम ।
उनही को कलमां कहूँ, नसदिन आठूं जांम ॥ १ ॥
मानस रोगी कारणै, ओषद रची अपार ।
सीत गरम पुनि रक्त हुं, दीनो भेद विचार ॥ २ ॥
चार तत्व पैदा किया, आदम कै तन मांहि ।
खाक अग्नि पाणी पवन, सब सै मैं परिछांई ॥ ३ ॥

अंत—

इलाज नेत्रांजन का—

एक पीपा अर आंवरं, दार चीणी से आंनि ।
महलोठी मिश्री जु संग, सब ही पीस समान ॥ ९५ ॥
जल सौं गोळी बांधिए, गुंजा के प्रमान ।
अंजन करि है नैन कुं, सकल दोष होइ हानि ॥ ९६ ॥

इति श्री निजोपाय छुटकर दवा संपूर्णम्।

प्रति—गुटकाकार। पत्र १४। पंक्ति ८। अक्षर १४।

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(१०) प्राणसुख। पद्य १८७। दरवेश हकीम।

आदि—

सुनिरे वैद वेद क्या बोला, उत्तमु इहि बिद्या पढ़ो अमोला।
वायु पित्त कफु तीनों जानौं, रोगां का घरु यही वखांनौं॥ १॥

अंत—

यहि प्राणसुख पोथी के, ओषध सकल प्रमांन।
कवि दरवेस हकीम की, सुनीयो वैद सुजांन॥ ८०॥

इति प्राणसुख वैद्यक चिकित्सा संपूर्ण।

लेखन—सं० १८०६ चै. व. १२ देरासमाइल खांन मध्ये।

प्रति—पत्र ११। पंक्ति १५। अक्षर ४८ करीब।

(श्री जिन चारित्र सूरि संग्रह)

(११) वालतंत्र भाषा वचनिका। दीपचन्द।

आदि—

—अथ बालतंत्र ग्रन्थ भाषा वचनिका बंध लिख्यते।

प्रथमहि श्री गणेशजी कूं नमस्कार करिकै। शास्त्र के आद। केसे है गणेशजी। कल्याण नामा पंडित कहते हैं। मैं प्रथम ही ग्रन्थ के धूर गणेशजी कुं नमस्कार करता हूँ। बालतंत्र ग्रन्थ कौ आरंभ करता हूँ। मूर्ख प्राणी के तांई ज्ञान होणे के खातरै इनका प्रयोग उपचार शास्त्र के अनुसार करैं। कौंण कौंण से शास्त्र श्रुश्रुत, हारित, चरख, वागभट, इन शास्त्रां की शाखा की अनुसार कर सर्व एकत्र करूं हूँ। इस बाल (तंत्र) ग्रन्थ विषै बाल चिकित्सा कौ अधिकार कहैं है।

अंत—

ग्रंधकर्ता कहै हैं मैंने जो यह बाल चिकित्सा ग्रंथ कीया है। नाना प्रकार का ग्रंथ कूं देख किया है सो ग्रन्थ कौंण कौंण से आत्रेय १, चरख २, श्रुश्रुत ३, वागभट ४, हारीत ५, जोगसत ६, सनिपात कलिका ७, बंगसेन ८, भाव प्रकाश ९, भेड १०, जोग·

रत्नावली ११, टांडरानंद १२, वैद्य विनोद १३, वैद्यकसारोद्धार १४, श्रुश्रुत १५ (?) जोग चिन्तामणि १६ इत्यादिक ग्रन्था कि साखा लेकर में यह संस्कृत सलोक बंध कीया है। कल्याणदास पंडित कहता है, बालक की चिकित्सा का उपाय को देख कीजे। अहिछत्रा नगर के विषें बहू पंडितां के विषें सिरोमण रामचंद नामा पंडित रामचन्द्रजी की पूजा विषें सावधान। सो रामचन्द्र पंडित कैसो है। सातां कहतां सजनां नैं विषें पंडित मनुष्यां ने प्रीय छै। तिसके महिधर नामा पुत्र भयौं। सो कशो हुवौं। पंडत मनुस्यां के तांइ खुस्यालि के करणहारे हुये। अत्यंत महापंडित होत भये। सर्व पंडित जनौं के बंदनीक भये। फेर महिधर पंडित केसे होत भये। श्री लक्ष्मीजी के नृसिंघजी के चर्ण कमल सेवन के विषें भृंग कहतां भंवरा समान होत भयो। माहा वेदांती भये। आतम ग्यानी भये। सर्व शास्त्र आगम अर्थ तिसके जांणणहार भये। महा परमागम शास्त्र के बक्ता भये। तिसके पुत्र कल्याणदास नामा होत भये। माहा पंडित सर्व शास्त्र के बकता जाणणहार वैद्यक चिकित्सा विषें महा प्रविण सर्व सास्त्र वैद्यक का देख कर परोपगार के निमित्त पंडितां का ग्यान के वासतैं यह वाल चिकित्सा ग्रन्थ करण वास्ते कल्याणदास पंडित नामा होत भये। तीसैं करी सलोक बंध। तिसकी भाषा खरतर गच्छ मांहि जनि वाचक पदवी धारक दीपचन्द इसे नामैं, तिसनैं कह्या यह संस्कृत ग्रन्थ कठिन है सौं अग्यानी मंद बुद्धि मनुष्य समझे नहीं तिस वास्तैं बालतंत्र ग्रन्थ भाषा वचनिका करें, मंद बुद्धि के वास्तैं और या ग्रन्थ विषैं षोडश प्रकार की बाँझ स्त्री कथन, नामर्द का उपाय, कथन, गर्भ रक्षा विधान कथन, बंध्या स्त्रि का रुद्र (ऋतु) स्नांन कथन, कष्टि स्त्रि का उपाय, बालक की दिन मास वर्ष की चिकत्सा कथन, बलि विधन कथन, धाय का लक्षण कथन, दुध शुद्ध कर्ण का उपाय, और सर्व बालक का रोगां का उपाय कथन, इसौ जो वालतंत्र ग्रन्थ सर्व जन कौं सुखकारी हुवौ। इति बालतंत्र ग्रन्थ भाषा वचनिका सर्व उपाय कथन पनरमौं पटल पूरो हूवौ ॥ १५ ॥ इति श्री बालतंत्र ग्रन्थ वचनिका बंध पूरी पूर्णमस्तु ॥

लेखन—लिपीकृतं पाराश्वर ब्राह्मण शिवनाथ, नीवाज ग्राम मध्ये। संवत् १९३६ रा वर्ष १८०१ असाढ़ शुक्ल ९ शनी।

प्रति—पत्र ७२, । पंक्ति ११, । अन्तर ४०, । साईज ११×५

विशेष—मूल ग्रन्थकार के सम्बन्ध में देखें "ऐतिहासिक संशोधन" ग्रन्थ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१२) माधव निदान भाषा

आदि—

अथ रोग परीक्षा निदान लिख्यते ।

प्रणमेति ग्रन्थकार इयुं कहेइ । रोगां का निश्चय ज्ञान होइ । जिसतें सो ऐसा ग्रन्थ करो । हो क्यूं करि करहू । सिव को आदि ही नमस्कार करिये । महादेव के नाम बहुत हई । सिव नाम जो आनिषा सा ग्रन्थकार । दोह नाम महादेव का कियूं न आनि राख्या । इस ग्रन्थ को जो पढ़ाए तथा पढ़े । तिनादे कल्याण प्देनमिति ।

अंत—

अंत के पत्र अप्राप्य हैं ।

प्रति—पत्र १३३, । पंक्ति ९, । अन्तर ३०, । साइज १०×५

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(१३) माल कांगणी कल्प (गद्य)

आदि

अथ माल कांगणी कल्प लिख्यते ।

माल कांगणी सेर २। तेल तिल्ली का सेर १। गऊ का घृत सेर २। मधु सेर २। गऊ का मूत्र सेर ४। माटी के पात्र मध्ये सब एकत्र करके मुख मूंदी करी दीपाग्नि देणी । पहर । ७ ।

अंत—द्वादश अंत परह (पहर?) जोग कार्य सिद्धी होइ । गेहूँ घृत खाय । निश्च सिद्ध होई । खाटाखारा वर्जनीक ।

प्रति—पत्र २, पंक्ति ११, अक्षर ३०, साइज ९॥।×५॥।

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

१४ मूत्र परीक्षा । पद्य ३७. लक्ष्मी वल्लभ ।

आदि—

आदि का पद्य अप्राप्य है ।

अंत—

मूत्र परीक्षा यह कहो, लच्छि वल्लभ कविराज ।
भाषा वंध सु अति सुगम, बाल बोध के काज ॥ ३७ ॥

लेखन—सं० १७५१ वर्षे कार्तिक वदि ६ दिने श्री बीकानेर मध्ये ।

प्रति—पत्र १.

(नवलनाथजी की बगीची)

(१५) रस मंजरी । समरथ । सं० १७६४ फाल्गुन ५ रविवार, देरा

आदि—

शिव संकर प्रणमुं सदा, उमा धरै अरधंग ।
जटा मुकुट जाके प्रगट, वहत जु निरमल गंग ॥ १ ॥
ताकौं दो कर जोरि कै, करूं एह अरदास ।
वंछित वर मोहि दीजियै, हरहु विघन परकास ॥ २ ॥

× × ×

वैद्यनाथ ब्राह्मण भयौं, ताको पुत्र परसिद्ध ।
शालिनाथ जसु नाम है, शुचि रुचि सदा सुबुद्धि ॥ ५ ॥
शास्त्र अनेक विचार के, देखि वैद्य संकेत ।
तिसने करी रसमंजरी, सुकृति जन के हेत ॥ ६ ॥
कोविद मधुभृत वृंद के, हरें निरंतर चित्त ।
रस अनेक जामैं वसैं, अनुभव - कीए जु नित्त ॥ ७ ॥
किये शालिनाथ रस मंजरी, संस्कृत भाषा मांहि ।
समझि न सकति मूढ़ की, व्याकुल होत है आहि ॥ ८ ॥
तातैं भाषा करत है, श्वेताम्बर समरत्थ ।
सुगम अरथ सरलता, मूरख जन के अरथ ॥ ९ ॥

अंत—

संवत सतेरेसय चौसठि समै, १७६७ (?) फा (गु) न मास सब जन कौ रमै ।
पांचमि तिथि अरु आदित्यवार, रच्यौ ग्रन्थ देरै मझारि ॥ ४१ ॥
श्री मतिरतन गुरु परसाद, भाषा सरस करी अति साद ।
ताको शिष्य समरथ है नाम, तिसने करि(यह)भाषा अभिराम ॥ ४२ ॥
रस मंजरी तौ रस सों भरी, पढ़ो सुनहु तुम आ [दर करी]
वनवाली को आग्रह पाइ, कीयो ग्रंथ मूरख समझाई ॥ ४३ ॥
रस विद्या में निपुण जु होइ, जस कीरति पाये बहु लोइ ।
जहां तहां सुख पावै सही, सो रस विद्या प्रगटावै[1] कही ॥ ४४ ॥

इति श्वेताम्बर समर्थ विरचितायां रस मंजरी—

चिकित्सा छाया पुरुष लक्षण कथन दसमोध्यायः ॥ १० ॥ समाप्तोयं रसमंजरी भाषा ग्रंथ शुभं ।

लेखन—१८ वीं शताब्दी ।

प्रति—१—पत्र ३० । पंक्ति १३ । अक्षर ४४ । साईज १०×४॥

(अभय जैन ग्रन्थालय)

---

१ पाठा० रस जाणही ।

२—अपूर्ण। महिमा भक्ति ज्ञान भंडार ब० नं० ८७।

विशेष—प्रस्तुत ग्रन्थ के १० अध्यायों के नाम व पद्य संख्या इस प्रकार है—

१—रस शोधन कथन प्रथमोध्यायः पद्य ३७

२—रस जारण मारणादि कथन द्वितीयोध्यायः ,, ६८

३—उपरस शोधन मारण सत्व नियात माणिक्य सोधन मारण कथन तृतीयोध्यायः पद्य १०

४—विष लक्षण, विष सेवा, विष परिहार, कथन चतुर्थोध्यायः पद्य ३२

५—स्वर्णादि धातु शोधन मारण कथन पंचमोध्यायः ,, ८४

६—रसमारण कथन षष्ठोध्यायः ,, २६४

७—वीर्य रोधनाधिकार सप्तमोध्यायः ,, २२

८— ? नाम अप्राप्य

९—मिश्रकाध्यायः नवमः ,, ७९

१०—छाया पुरख लक्षण कथन दशमोध्यायः ,, ४४

(१६) वैदक मति। दोहा १०१। कवि जान। सं० १६९५

आदि—

अथ वैदकमति पद नांवौ।

आदि अलह कौ नाम ले, दोम महमद नांम।
वैदक मत की सीख द्यै, कहत जान अभिराम॥ १॥
कहत जांन कवि यौं लिख्यौ, वैदक ग्रन्थन मांहि।
अनुरुचि है तौ लीजीयै, अनरुचि लीजै नांहि॥ २।

अंत—

जौबत तथा क्रोध करि, काहू काटै आइ।
फूल करर दोनुं सदल, ता ऊपरि घसलाइ॥ १००॥
सौरहसै पंचानवै, ग्रन्थ कीयो यहु जांन।
वैदकमति यह नाम है, भाख्यौ बुद्धि प्रमांन॥ १०१॥

इति पद नावां वैदकमति संपूर्ण।

लेखन—सं० १८०१ वर्षे वैशाख वदि ३ श्री मरोटे लि० पं० भुवनविशाल मुनिना।

प्रति—शिक्षासागर की प्रति के ५ वें पत्र के द्वितीय पृष्ट से इसका प्रारंभ हुआ है और ७ वें पत्र में संपूर्ण हुआ है। अतः पत्र २ पंक्ति १६, अक्षर ५० साइज १०×४।

विशेष—प्रारंभ में स्वास्थ्य सम्बन्धी उपयोगी शिक्षाओं के बाद कई औषध प्रयोग हैं। जनसाधारण के लिये प्रस्तुत ग्रन्थ विशेष उपयोगी है।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१७) वैद्यक सार। जोगीदास (दास कवि)। सं. १७६२ आश्विन शुक्ला १०। बीकानेर।

आदि—

विघ्न हरण सब सुख करन, भाल विराजत चंद।
सिद्ध रिद्ध जाकैं सदा, जय जय गवरी नंद ॥ १ ॥
प्रथम गणेश्वर पाय लग, अपने चित्त के चाय।
भाषा शुभ करिकै कहूँ, वैद्यकसार बनाय ॥ २ ॥
नव कोटि मैं मुकुट मन, बीकानेर शुभ थान।
राज करै राजा तहाँ, नृप मन नृपति सुजान ॥ ३ ॥
जाकै कुँवर प्रसिद्ध जग, सब गुण जांन अनूप।
जोरावर सिंह नाम जिह, राज सभा कौ रूप ॥ ४ ॥

× × ×

तिन महाराज कुंवार की, उपज लखी कविराय।
अपने मन उछाह सौं, भाषा करी बनाय ॥ ११ ॥

× × ×

अंत—

अथ कवि वर्णन—

बीकानेर वासी विसद, धर्म कथा जिह धांम।
स्वेताम्बर लेखक सरस, जोसी जिनकौ नाम ॥ ७२ ॥
अधिपति भूप अनूप जिहि, तिनसौं करि सुभ भाय।
दीय दुसालौ करि करै, कह्यो जु जोसीराय ॥ ७३ ॥
जिनि वह जोसीराय सुत, जांनहु जोगीदास।
संस्कृत भाषा भनि सुनत, भौ भारती प्रकाश ॥ ७४ ॥
जहां महाराज सुजांन जय, वरसलपुर लिय आंन।
छन्द प्रबन्ध कवित करि, रासौ कह्यौ बखांन ॥ ७५ ॥
श्री महाराज सुजान जब, धरम ललक मन आंन।
वर्षासन संकल्प सौं, दीय सांसण करि दांन ॥ ७६ ॥
व्यतीपात के पर्व विच, परवानो पुनि कीन।
छाप आपनी आप करी, दास कविनि कों दीन ॥ ७७ ॥

सब गुन जांन सुजांनसिंघ, सब रायनि के राय ।
कविराज सु करि कृपा, बहुरि दयो सिरपाय ॥ ७८ ॥
जिन महाराज सुजांन कै, जोरौं कुंवर सुजांन ।
कलि में दाता कर्ण सो, सूरज तेज समांन ॥ ७९ ॥
जिनकै नामै ग्रन्थ यहु, कर्यो दास कवि जान ।
राज कुंवर की रीझ को, अब कवि करै बखान ॥ ८० ॥

अंत—

नयन२ खंड६ सागर७ अवनि१; ऊजल आश्विन मास ।
दसम द्यौंस कवि दास कहि, पूरन भयो प्रकाश ॥

इति श्रीमन्महाराज कुंवार जोरावरसिह विरचितायां वैद्यक सारे। प्रथम पुरुष मर्दी उपाय + + + अस्त्री कष्टी छूटे नाल परावर्त्ति वर्ननं नाम सप्तमो अध्यायः । ७ शुभं भवतु । कल्याण मस्तु ॥

लेखन—१९ वीं शताब्दी ।

प्रति—पत्र ३९, पंक्ति १०, अक्षर ३२, साईज ९ × ५

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(१८) वैद्य विनोद (सारंगधर भाषा) । पद्य २५२५, । रामचन्द्र । सं० १७२६ वै० शु० १५ । मरोट

आदि—

श्री सुखदायक सलहीयै, ज्योति रूप जगदीस ।
सकत करी सोभइ सदा, श्री भगवत निशदीस ॥ १ ॥
हेमाचेल ओषद करी, ज्यूं राजै भू मांह ।
युं उमापति राज है, प्रणम्यां आपद जांहि ॥ २ ॥
युगवर श्री जिनसिंहजी, खरतर गच्छ राजांन ।
शिष्य भए ताके भले, पदमकीर्ति परधान ॥ ३ ॥
ताके विनय वणारसी, पदमरंग गुणराज ।
रामचन्द गुर देव कों, नीकैं प्रणयें आज ॥ ४ ॥
सारंगधर अति कठिन है, बाल न पावे भेद ।
ता कारण भाषा कहूँ, उपजै ज्ञान उमेद ॥ ५ ॥
पहिली गुरु मुख सांभली, भाव भेद परिज्ञान ।
ता पीछै भाषा करी, मेटन सकल अज्ञांन ॥ ६ ॥
पंडित भाषा देखि के, करिस्यै मोकुं हासि ।
सारंगधर तो सुगम है, योंहि कीयौं प्रकास ॥ ७ ॥

तेठ पंडित बचन छे, ताको सुणि अधिकार।
ज्यों तागौ मणि के विषै, छिन्न करे पैसार ॥ ८ ॥
ऐसी विधि मारग लह्यौ, मेरी मति अनुसार।
कहूँ चिकित्सा सांभलौ, दोस न देहु लिगार ॥ ९ ॥
विविध चिकित्सा रोग की, करी सुगम हित आंणि।
वैद्यविनोद इण नांम धरि, यांमैं कीयौ बखाण ॥ १० ॥

अंत—

पहिली कीनौ रामविनोद, व्याधि निकंदन करण प्रमोद।
वैद्य विनोद इह दूजा कीया, सज्जन देखि खुसी होइ रहीया ॥ ६० ॥

× × ×

कविकुल वर्णन चौपाई।

गरुआ खरतरगछि सिणगार, जांणै जाकुं सकल संसार
जिनके साहिब श्री जिनसिंघ, धरा मांहि हुए नरसिंघ ॥६४॥
दिल्लीपति श्री साहि सलेम, जाकुं मान्यों बहु धरि प्रेम।
बहु विद्या जिनकुं दिखलाय, दयावांन कीने पतिसाहि ॥६५॥
शिष्य भले जिनके सुखकार, पदमकीरति गुण के भंडार।
ताके शिष्य महा सुखदाई, सकल लोक में सोभ सवाई ।६६॥
वाचनाचार्य श्री पदमरंग, बहु विद्या जांने उछरंग।
चिर जीवौ ध्रू रवि चंद, देख्यां उपजै अतिहि आणंद।६७।
रामचंद क्षपणी मतिसार, वैद्य विनोद कीनो सुखकार।
पर उपगार कारण कै लई, भाषा सुगम जो मह करि दई ॥६८॥
रस[६] दृग[२] सागर[७] शशि[१] भयौ, रित वसंत, वैसाख।
पूरणिमा शुभ तिथि भली, ग्रन्थ समाप्ति इह भाख ।६९॥
साहिन साहिपति राजतौ, औरंगजेब नरिंद।
तास राज में ए रच्यौ, भलौ ग्रन्थ सुखकंद ।७०॥
गछनायक है दीपता, श्री जिनचंद राजान।
सोभागी सिर सेहरौ, वंदें सकल जिहांन ।७१॥
मरोट कोट शुभ थान है, वशै लोक सुखकार।
ए रचना तिहां किन रची, सबही कुं हितकार ।७२॥
पर उपगारी ग्रंथ है, सकल जीव सुखकार।
थिर रहिज्यौ जां लगि सदा, तां लगि ध्रू इकतार ।७३॥

इति श्री वणारस पद्मरंग गणि शिष्य रामचंद विरचिते श्री वैद्यविनोदे नेत्र प्रसादन कल्प नामाध्याय। इति श्री वैद्य विनोद संपूर्ण। ग्रन्थ संख्या ३७००।

लेखनकाल—सं० १८१० फाल्गुण शुक्ला ६ सहजहानाबाद। रत्नकलशभ्रातृ हितधर्म लि.

प्रति—पत्र ९८

विशेष—प्रस्तुत ग्रन्थ तीन खण्डों में विभक्त है, जिनकी क्रमशः पद्य संख्या ४५६+१२९२+७७७=२५२५ है।

(दान सागर भंडार बं० नं० २५)

(१९) वैद्यहुलास (तिब्ब सहावी भाषा)। पद्य ४०४/५१८। मलूकचंद।

आदि—

अथ वैद्य हुलास—तिब सहावी भाषा लिख्यते।

दोहरा

निक्र (ख ? क्ष) त देव चित्त धरन धर, रिद्धि सिद्धि दातार।
विमल बुद्धि देवे सदा, कुमति विनासन हार ॥ १ ॥
दूजे सरस्वती ध्याइयें, अरु सिमरो सारद माइ।
सुगम चिकित्सा चित्त रची, गुरु चरणे चितु लाइ ॥ २ ॥
श्रवणे प्रथमे सुनि लई, तिब सहावी आहि।
पाछे भाषा ही रची, गुनजन सुनिओ तांहि ॥ ३ ॥

× × ×

वैद्य हुलास जो नाम धरि, कीयो ग्रन्थ अमीकंद।
श्रावक धर्म्म कुल पक्ष(जन्म) को, ना (म) मलूक सु (सौं) चंद ॥ ५॥

अंत—

कुलांजण ककड़ासिंही, लौंग कुठ सु कचूर।
भीडंगी जल वपत सो, महाकास हुइ दूर ॥४०४॥

इति श्री मलूकचंद विरचिते तिब्ब सहावी भाषा कृत नाम वैद्य हुलास समाप्तं १॥

लेखन—पं० प्र० श्री १०८ श्री चैनरूपजी पं० प्र० श्री १०५ श्री श्रीचंदजी पं० पनालालि लिखतं समाप्ता। संमत १८७१ मिती ज्येष्ठ वदि ४ अदितवार। श्री मोजगढ़ मध्ये।

प्रति—पत्र २६। पंक्ति १३। अक्षर ३०। साइज १०×४।

विशेष—इसकी एक अपूर्ण प्रति भी हमारे संग्रह में है। एक अन्य पूर्ण प्रति कृपाचंद्रसूरि ज्ञान भंडार में थी जिसमें इसके पद्य ५१८ थे।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२०) सत श्लोकी भाषा टीका। चैनसुख जती। सं० १८२० भाद्रपद कृष्णा १२ शनिवार।

आदि—प्रति अभी पास में न होने से नहीं दिया जा सकता।

अंत—संवत अठारे वीस के, मास भाद्रपद जाण।
कृष्णपक्ष तिथ द्वादशी, वार शनिश्चर मान ॥ १ ॥
टीका करी सुधारि के, चैनसुख कविराय।
आज्ञा पाय महेस की, रतनचन्द के भाय ॥ २ ॥

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी।

विशेष—टीका गद्य में है।

(यति विष्णुदयालजी, फतहपुर)

(२१) हरि प्रकाश—

आदि—

अथ हरि प्रकाशाभिधस्य वैद्यक ग्रन्थस्य व्रजभाषा प्रसादि शोधन मारण विधान।

रस उपरस, विष उपविषहि, सबै धातु उपधातु।
कहौ रतन, उपरतन औ, शोधनीक जे बात ॥ १ ॥

अंत—

भल्ला तरु पुरु राम बहि, पंच लौंण त्रय क्षार।
सोधण कहें निघंट मैं, गुण मारण नहिं धार ॥१५१॥

कही रसादिक विधि सबै ....।

प्रति—पत्र ९। पंक्ति १२। अक्षर ४५। साइज १०×७ अंगुल

(श्री जिनचारित्र सूरि संग्रह)

———

(ङ) रत्न परीक्षा विषयक ग्रन्थ

(१) पाहन परीक्षा । जान कवि । सं १६९१ ।

आदि—

करता सुमरण कीजिये, निश वासर यह तत्थु ।
निस्तारण तारण जगत, पोषण भरण समत्थु ॥
नबी महमद मुसथकार, चाहेत जिहा सीसू ।
ताकी चाहत आस सव, धर्मी पुनि पापीसू ॥
पाहन की परिख्या कहूँ, जैसे ग्रन्थ बखान ।
को मुहरो किन काम को, प्रगट कहत कवि जांन ॥
हिन्दी तुरकी मति मथो, कथो खंड बखानि ।
कहत जान जानत नहीं, सोउ लहत सुजानि ॥

अंत—

रखत कपूर जु अपने पास, कवल बात दुख देत न तास ।
ग्रन्द नारिवर कोयउ आदि, तिनको उड़ि लागत है ताहि ।
पाहन परिख्या भाखि जान, जेसी विधि ग्रन्थनि परमानि ।

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी ।

प्रति—(१) दानसागर भंडार ।

(२) गुलाब कुमारी लायब्रेरी, कलकत्ता । गुटका नं० ३९

(२) पाहन परिक्षा (संग वर्णन)

आदि—

दोहा

किसन देव गुरु ध्यान कर, शिव सुत गौरि मनाय ।
संग जाति बर्नन करुं, पढ़त ज्ञांन होय ताय ॥ १ ॥

संग कहत कवी संग कुं, जुगल मिलण कहै संग ।
संग नाम पाषाण को, ताके अद्भुत रंग ।। २ ।।

× × ×

संग गिलोला नाम है, अवलाखा रंग तांहि ।
जहां तहां कहुं होत है, जात खार के मांहि ।। ८० ।।
नाम जराहि संग है, असमानो फीका ताहि ।
पूरब दखिण देस में, भरै घाव मिट जाय ।। ८१ ।।
पंचभदरा संग नाम है, लूण होत है तांह ।

(ग्रन्थ अपूर्ण)

विशेष—

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी ।

प्रति—पत्र २ । पंक्ति १६ । अक्षर ४२ ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(३) रत्न परीक्षा । पद्य १३६ । कृष्णदास । सं० १९०४ कार्तिक कृष्णा २

आदि—

कृष्णदेव गुरु ध्यान करि, सिव सुत गौरी मनाय ।
संग जाति वर्णन करौं, पढ़त ज्ञान होय ताहि ।। १ ।।

अंत—

चन्द्र चाप सुनि वेद ही, सम्वत उरजु जु मास ।
कृष्ण पक्ष तिथि दूज ही, भूसुर कृष्ण जु दास ।।
भूसुर कृष्ण जु दास की, मन सुख नाम हैं ।
आया बीकानेर ग्राम, तोसाम हैं ।। १३२ ।।
कृती करी यह ताहि, मित्र सुन लीजिये ।
छंद भंग कहिं होय, सुद्ध कर दीजिये ।। १३३ ।।
जोहरी कृष्ण जु चंद ही, श्रावग कुल हि निवास ।
विक्रमपुर का वासिन, पुनि दिल्ली में वास ।।१३४ ।।
जाति बोथरा नाम हैं, सुनो सबन दे ताय ।
ताही पढ़न के कारणे, मैं भाषा रची बनाय ।। १३५ ।।
रत्न परिच्छा ग्रन्थ ही, पढ़ै सुने जो कोय ।
रत्न परीक्षा मुनि करे, रत्न सरीखा होय ।।
रत्न सरीखा होय, मान नहीं कीजिये ।
दया धर्म के बीच, मीत चित दीजिये ।

कहिये वचन विचारि, कपट तजि दीजिये।
भज कमला-पति चरण, सुरग-सुख लीजिये ॥ १३६ ॥

इति रत्नपरीक्षा ग्रन्थ।

लेखनकाल—संमत् १९०४ कातिक वदि ९ लि० महात्मा हरखचंद विक्रमपुर मध्ये।

प्रति—गुटकाकार नं० ३९

(वृहद् ज्ञानभंडार)

(४) रत्न-परीक्षा। तत्व कुमार। सं० १८४५ श्रावण कृष्णा १०

आदि—

आदि पुरख आदीसरु, आदिराय आदेय।
परमातम परमेसरु, नमो नमो नाभेय ॥ १ ॥

अंत—

श्रावण वदि दसमी दिनै, संवत अढार पैंताल।
सोमवार साचो सुखद, ग्रन्थ रच्यो सुविशाल।
खरतर गच्छ जाणे खलक, मोटिम बड़े मंडाण ॥ ३ ॥
सागरचंद सूरीस की, ता मझि साखा भाण ॥ ४ ॥
ता शाखा में दीपते, महोपाध्याय जगीस।
आगम अरथ भंडार है, पदमकुशल गणिश ॥ ५ ॥
प्रथम शिष्य तिनके कहूँ, वाचक के पद धार।
दर्शनलाभ गणि कहें, ताहि शिष्य सुविचार ॥ ६ ॥
पं० संज्ञा धारक प्रवर, तत्वकुमार सुजाण।
ग्रन्थ रच्यौ बहु हेत धर, दिन दिन अधिक बखाण ॥ ७ ॥

लेखनकाल—सं० १८४७

विशेष—बंग देश के राजगंज के चंडालिया आसकरण के लिये रचित।

प्रति—(१) प्रतिलिपि—अभयजन ग्रन्थालय।

(२) गुटकाकार—वृद्धिचंद्रजी यति संग्रह जेसलमेर।

(३) मुनि कांतिसागरजी साहित्यालंकार।

(२) रत्न परीक्षा। पद्य ५७०। रत्नशेखर। सं० १७६१ मार्गशीर्ष शुक्ला ५ गुरुवार। सूरत। शंकर के लिये।

आदि—

ऊंकार अनेक गुण, सिद्ध रूप परगास।
पांचु पद यामैं प्रगट, सुमिन पूरन आस ॥ १ ॥

अलख रूप यामें वसे, अनहद नाद अनूप।
ब्रह्मरंध्र आसन सजै, रच्यौ अनादि सरूप ॥ २ ॥
सुमिरन याको साधिकैं, रचिहु ग्रन्थ मति आनि।
रत्न परीक्षा देखि कै, भाषा करहु वखानि ॥ ३ ॥
आन कवीसर के किए, संस्कृती सब ग्रन्थ।
तातैं मो मन में भई, भाषा रस गुन ग्रंथ ॥ ४ ॥

सोरठा

भाषा रस को मूल, भाषा सब कौ बोध कर।
तातैं हम अनुकूल, भाषा कारन मन करयौ ॥ ६ ॥
सूरति गुन मूरति जिहां, वसत लोग धन आढ।
ताहि विलोक कुबेर कत, मान धरत मनि गाढ ॥ ७ ॥
तहाँ वसत दातार मनि, गुनी धनी सुचिसील।
भाग्यवंत चतुरन चतुर, भीम साहि लछि लील ॥ ८ ॥
शंकर शंकर तास सुत, कुल मंडन जस जास।
ताहि विलोक विचछन ही, होवत हीयै प्रकास ॥ ९ ॥
श्री श्रीवंश उद्योत कर, धरमवंत धुरि धीर।
सकल साह सिरदार घर, भंजन दारिद नीर ॥१०॥
ताकी इच्छा इह भई, रतन सबन तै सार।
या की भाषा करि पढ़ै, गढ़ै हीयन दिढ हार ॥११॥
ताकी रुचि सुचि साधकैं, रचिहुं चित्त धरि चुंप।
मन वच क्रम मग पाइ वर, मनि जिन आनहु कोप ॥१२॥
वाचक रत्न प्रकास कर, रत्न परिच्छा भेद।
कहत रत्न व्यवहार इह, मनसौं धरयो उमेद ॥१३॥
संवत सतरह सै अधिक, साठि एक करि औंन।
अगहन सुदि पंचम दिने, गुरु मुख लहि गुरु भौंन ॥१४॥
ऋषि सबै कर जोरि कै, मुनि अगस्ति ढिग आइ।
पूछत रत्न विचार सब, विधि सौं प्रणमी पाय ॥१५॥

अंत—

छप्पय

विद्या विनय विवेक विभौ वानी विधि ग्याता।
जानत सकल विचार सार शास्त्रन रस श्रोता।
भीमसाहि कुलभान साहि शंकर शुभ लछन।
पढत गुनत दिन रयन विविध गुन जानि विचछन।
कुलदीपक जीपक अरपि भरीया लछि भंडार जिहि।
दोहि रत्न व्यवहार रस इह प्रारथना कीन तिहि ॥७७॥

दोहा

ता कारन कीनो अलप ग्रन्थ जु मो मति मानि ।
सज्जन सुनि सुध कीजीयउ, जहाँ घट मात्रा जानि ॥७८॥
अंचल गछपति श्री अमर, सागर सूरि सुजान ।
ताके पछि वाचक रतन, शेखर इमि अभिधान ॥७९॥
तिन कीनी भाषा सरस, पढ़त होत बहु मान ।
प्रथम लेख सुंदर लिख्यौ, विबुध कपूर सग्यान ॥८०॥
रवि शशि मंडल मेरु महि, जो लौं हुअ आकाश ।
पढ़ै सौ तौ लं. थिर रहै, लीला लछि विलास ॥८१॥

इति श्री वाचक रत्नशेखर विरचिते रत्नव्यवहारसारे श्रीमच्छ्रीशंकरदास प्रिये मणिव्यवहारो नामाष्टमो वर्ग: ॥ ८ ॥

इति रत्न परीक्षा ग्रन्थ संपूर्णमिदं ॥

प्रतिपरिचय-(१) पत्र ३२ । पंक्ति १३ । अक्षर २५ से ४५ तक । साइज ११×५ ।
(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२) अन्यप्रति—(वृहद् ज्ञान भंडार)

विशेष—वर्गनाम व पद्यसंख्या—१ वज्र पद्य १०५, मौक्तिक १२९, माणिक्य ९०, नीलमणि ४३, मरकत मणि ३३, उपरत्न ४७, नानोरत्न १८, माणिक्य ८१, प्रारंभिक १४ । कुल पद्य संख्या ५७० ।

(६) रत्न परीक्षा । पद्य ७० । रामचन्द्र ।

आदि—

प्रथमहि सुमर गनेश को, जातैं बाधे बुद्ध ।
ता पीछे रचना रचौ, रतन परिच्छा सुध ॥ १ ॥
रत्न दीपका ग्रन्थ में, रतन परिच्छा जानि ।
रामचन्द्र सौ समझि कै, भाषा करनो आनि ॥ २ ॥

अंत—

सवैया

मधुकर परीक्षा—निसा मुख ससी बुध गाइडू को काचौं लेइ,
ताके बिच मनिह कों मेल्हि निसो ठानिये ।
भा (नु उ) दे देखत ही दुद्ध लाल रंग होत,
तातैं जानों सत्रुन सौं जुद्ध जीत जानिये ।

काल रंग विष हरे पीले पित वाय नसै,
घीतडयौ सो पेट सुलंनिलोपित दांनिये ।
नीर पय जैसो य सोई राज मांन देत,
इहै घीध ननि के गुननि पहिचानिये ।

इति रत्नपरीक्षा संपूर्ण ।

लेखन काल—सं० १९३७ रा मिति आसु वदि १३ शनिवारे । शुभंभूयात् ।

प्रति—पत्र ११ । पंक्ति १३ । अक्षर २५ से ३० ।

(दानसागर भंडार ब० नं० २५)

(च) संगीत-ग्रंथ

(१) रागमाला। पद्य ३८४। उत्तत। सं० १७५८ मगसर सुदी १३। भेहरा।

आदि—

भरथनाद ग्रंथ ताकी सांख (१) 'नादग्राम स्वरापदा।' आदि श्लोक। सर्व संगीत विधि

आद नाद ध्यावै गुणगराम को मरम पावै सातो सुर सगम पवन वृत्तंत है।
चित बीच लै लागै गम कामै जोत जागै मूर्छना अ क ताल बरग अनंत है।
आलस्या उघट किलक तानि निरत हमै राग रागनी सरूप बूझमै अनंत है।
इंद्री भेद जानै सो संति पिहछानै जोग सोई राग मह जान सोई कलावंत है॥ २॥

नाद वर्णण—

दोहा

एक आप हर रुप है, अनहद अगम अतोल।
लख चौरासी मै बन्यो, जोन अनूपम बोल॥ ३॥
बोलन मैं अरु पठन मै, राग कला मै सोय।
जोग सबन मै नाद है, बिना नाद नहि कोइ॥ ४॥

× × ×

अंत—

जो कछु देख्यो भरथ मै, कीनो योग विचार।
जो कुछ चूक परी कहूँ, सुरजन लेहु सुधार॥ ७६॥
नगर भेहरो वसत है, नदी सरश्वती कूल।
च्यार वर्ण चारौं सुखी, धर्म कर्म को मूल॥ ७७॥
उत्तर दिसि पछिम हितु, अमर कुंड तट धन्य।
षट रस भोजन सोज जिह, तिनि की सैंधवारम्य॥ ७८॥

औरंग साह महा बली, साहन कै सिरताज।
करी रागमाला सर (स), ताकै अवचल राज ॥ ७९ ॥
चौरासी उदेस है, अरु चौरासी राग।
देस देस में राग है, गावत गुनी सुभाग ॥ ८० ॥
चतुरासी जो देस है, सुन ले ताके नाम।
पातसाह उस्तत कहै, गुनी जोग सुभ काम ॥ ८१ ॥
संमत विक्रम जोत को, सतरै सै पंचास।
आठ वरस दुन और संग, कीनो ग्रन्थ प्रकास ॥ ८२ ॥
बुद्धवार तिथि त्रयोदशी, सुकल पख्य परधान।
कहि राग-माला प्रगट, मगसिर मास प्रधान ॥ ८३ ॥
राग की माल श्री माल वनी चुनि उच्छर फूल समो संगवासी।
नाद को मेरु धरयो पट नारन कंठ कहैऽनुराग हुलासी।
सत्संग विचार हजार हजार परे सुन ते रस मै बुध जोग प्रकासी।
राग संगीत के भेद को देख कै नाउ करयो तिह राग चौरासी॥ ८४ ॥

इति रागमाला। श्रीरस्तु। शुभं भवतु। लेखक पाठकयो।

लेखनकाल—१८ वीं शती।

प्रति—(१) पत्र ११। पंक्ति १७ से १९। अक्षर ५० से ५५। साइज १०×४।
(महिमा भक्ति भंडार)
(२) पत्र ४। अपूर्ण। (हमारे संग्रह में)

(९) राग विचार। पद्य ९८। लछीराम।

आदि—

गुरु गनेश मन सुमरि कछु, कहौ कामिनी कंत।
राग ताल मिति नाहिनै, गुरु कहि गये अनन्त ॥ १ ॥
देव रिषिनि कीने विविध, मत संगीत विचार।
लछीराम हनिवन्त मतु, कहै सुमति अनुसार ॥

अन्त—

धैवतु ग्रह सुर रागना अरु कामोद सुनाउ।
लछीराम ए जानि कै तन मन आणंद पाउ ॥ ९७ ॥

प्रति—(१) पत्र ५ (अनूप संस्कृत लायब्रेरी)
(२) पत्र ९ सं० १७३२ चै० सु० ७। लि० जनार्दन।

(१०) राग माला। पद्य ८५। सागर।

आदि— अथ रागमाला लिख्यते—

गुरु प्रसाद सागर सुकवि, कृष्ण चरण रिदै धारि।
उतपंत जो षट राग की, ताका कहै विचार ॥ १ ॥
कहां तां उपजे रागषट, सुत नारी पित मात।
देस समो रुति पर तिनिह, तिनकी वरनो वात ॥ २ ॥

अंत—

राग रागिणी पन सपौं, गावत समे ज कोइ।
सख सिध सागर सुकवि, सो फल दायक होइ।

लेखनकाल—१८ वीं शती।

प्रति—पत्र २। पंक्ति ११-१२। अक्षर २५ से ३२। साइज १०×४। पद्य २५+११ के वाद (आगे के पत्र न होने से) ग्रन्थ अधूरा रह गया है। अतः अन्त का अंश अनूप संस्कृत लायब्रेरी के गुटके से लिखा गया है।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२) रागमाला—पद्य ६१। हीरचन्द। सं० १६९१। मांडलिनगर।

आदि—

अकल अरुप अमेय गुन, सुंदर रै जसु दीन।
परम पुरुष पय लागि कै रागमाल यह कीन ॥ १ ॥
ब्रह्मादिक हरिहर सबैं अहि निसि सब जग आहि।
कोटि कल्प युग वीहि(ति) गए, भेद न पायो ताहि ॥ २ ॥
सुर नर मुनिवर गन असुर, नाद ध्यान सब लीन।
आप आपनी बुद्धि तैं, है कोइ नहीं हीन ॥ ३ ॥

अन्त—

असित देह रमणी कलभ, लिखित कुसुम पीय हास।
मुगध धनासी लोचनह, मृगमद तिलक सुवास ॥५९॥
संवत सोलै एकानवैं मांडलि नयरि मझारि।
राग रागिनी भेव कीय, गुणी जन लेहु विचार ॥६०॥
सब जन कारन यह रची, रागमाल सुचि भेव।
हीरचन्द कवि सुचि कीयैं, नागरि जन कैं हेव ॥६१॥

इति रागमाला समाप्ता।

लेखन काल—१८ वीं शती।

प्रति—(१) पत्र ३। पंक्ति २७। अक्षर १८। साईज ४।×७।
(२) गुटकाकार प्रति में गाथा ५६ पीछे लिखते-लिखते छोड़ दिया है।
(अभय जैन ग्रन्थालय)

(३) राग माला। पद्य ९०। सं० १७४६ वि०।

आदि—

अथ गान कतुहल भाषायां राग संयोगः ॥ कानरउ ॥
शुद्ध कानरउ आदि दे, भेद कानरे पंच।
कह तिम तैं संगीत कै, गुन जन मानस संच ॥ १ ॥
प्रथम कहत हों गाइ कै, शुद्ध कानरउ एक।
भेद चार के गाईयइ, ताकौ सुनहू विवेक ॥ २ ॥
वागेसरी—कारउ इहाँ धनासरी दोउ मिलि अभिराम।
एकै सुर करि गाइयै वागेसरी सुनाम ॥ ३ ॥

अंत—

स्वर साधारण काकली श्रुत संगीति निवेद।
बिनु स्वर कैहू न समझीए विस्तर तांन सुभेद ॥ ९० ॥

सर्व गाथा सलो (क) १०४। इतिरागमाला सम्पूर्ण।

लेखन—संवत् १७४६ वर्षे माह वदि कृष्ण पक्षे तिथि इग्या (र) रसदे (दि) न बोधवारे पंडिते रामचन्द गणि लीपीकृतं भटनेर मध्ये श्री रसते सोभ भवतो। श्री छ।

प्रति—पत्रा २। पंक्ति २०। अक्षर ५०। साईज १०×४।।
(अभय जैन ग्रन्थालय)

(५) रागमाला

आदि—

चले कामनी कंत के, गृह सुर अरु सब मेव।
रहनि ! रुप लक्षन कहों करो कृपा गुरु देव ॥ १ ॥

भैरव राग लछनं

सोरठा

धरे रुद्र को भेष, तीनि नैन माथे जटा।
भालचंद्र की रेख, भैरव को लछन सरस ॥ २ ॥

अन्त—

देसकार लछनं—

नेन कमल मुख चंद, कुछ कठीर कंचन वरन।
हरति नाह दुख दंद, देसकार सुकुमार तन।

इति षट राग तीस रागिनी समेत समापतं।

लेखनकाल—१९ वीं शती।

प्रति—पत्र १। लम्बी पंक्ति ४५+४३। अक्षर १७। साईज ४॥।×१६।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(६) रागमाला

आदि—

भैरुं शिव मुख तें भयो, धनी सुगति सुर सोय।
सरद प्रात ही गाइयै, जाति सु अडो होय॥ १॥

मोदक छन्द

धौवत सुर गृह ताकौ जानौ, शिव मूरति संगीत बखानौ।
कंकन उरग और शशि भाल, सुर-सुरि जटा गरै रुंड माल।
सेत वसन नैन फुनि तीन, सिद्धि सरुप अरु महा प्रवीन॥ २॥

सोरठो

कहो भैरवी नारि, वैराडी मधु मधु धुनी।
सैंधवि तेहु विचारि, बंगाली हू जानियौ॥ ३॥

विशेष—प्रथम पत्र ही उपलब्ध है। ग्रन्थ अधूरा ही प्राप्त हुआ है।

लेखनकाल—१९ वीं शती।

प्रति—पत्र १ (एक तरफ)। पंक्ति १३। अक्षर ४८। साईज १०×४।।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(७) रागमाला। दोहा ३६।

आदि—

अथ रागमाला दूहा

स्याम वरन तन दुख हरन सब रागन कौ राइ।
चवर दुरै मरदन करैं, वनिता भैरों भाइ॥ १॥
पुहप माल गल छाजि हैं, राग करत दै ताल।
धाम फटक सरपो तरंग भाव भैरवी बाल॥ २॥

अन्त—

वैंनी लाबी स्याम बहु, बंगाला रंग सेत।
राग रागनी तीस षट, सुनि राइ कर हेत॥ ३६॥

लेखनकाल—१८ वीं शती ।

प्रति—पत्र २ । पंक्ति २७ । अक्षर २० । साइज ४।×७ ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(७) रागमाला । पद्य ८६ ।

आदि—

रसनिधि गुननिधि रूपनिधि राग रंग निधि श्याम ।
श्री नट नारायण प्रगट, ताकौं करूं प्रणाम ॥ १ ॥
गुण निधि गंगादास, हरिजन साह कल्याण सुव ।
हरिजस केलि निवास, रागमाला ता हित गुही ॥ ५ ॥

अन्त—

मधु माधुवा मिलि गोर तनु, धूमल हार शृंगार ।
भस्म पुण्ड अति अरुन तनु सबु भूषण उदार ॥ ८६ ॥

प्रति—पत्र २ । लक्ष्मीप्रभु लिखित ।

(श्री सीताराम शर्म्मा, राजगढ़)

(८) राग मंजरी— । शाकद्वीपी भूधर मिश्र । सं० १७३० माघ वदि ९ ।

आदि—

स्याम घन-स्याम सुख आनन्द को धाम, जाको,
राधावर नाम काम मोहन बखानिऐ ।
मन अभिराम मुरली को सुर ग्राम धरें,
याम याम यम यम ध्यान उर आनिऐ ।
लसे वनमाला दाम वाम प्यारी गोपीवाम,
मुनि गावें जाको साम काम रूप जानिऐ ।
भूधर नेवाज्यो राम वस्यो आए नन्द ग्राम,
तिहू लोक ऐक धाम साची जिअ मानिऐ ॥ १ ॥

दोहा

रंध्र[०] राम[३] मुनि[७] चन्द्रमा[१], नोमी माघ की स्याम ।
दछिन गढ़ नादेरि लगु, उपज्यो मन यह काम ॥ २ ॥
सूवा नाम विहार है, गढ़ मुगेरि निज धाम ।
आजम साह पयान में, देख्यो दन्तिन ग्राम ॥ ३ ॥
साकं द्वीपी भूमिसुर, मिश्र भार्गव राम ।
ता सुत भूधर यहो कही, राग मंजरी नाम ॥ ४ ॥

छे दर्पन संगीत को, मतो कहे कछु भेद।
राग रागिनी समय अरु, लछन पंचम वेद॥ ८॥

× × ×

इति सोमेश्वर मते राग रागिनी प्रथम प्रकास। अथ हनुमन्मते।

अंत—

सत्रह से चालीस मैं, दूज उजरी पाख।
नीरा तीर लिखी यहे, कटक स्वार तहा लाख॥ ३॥
आजम साह महाबली, आए उन्हके साथ।
भूधर करि यह पुस्तकी, दीन्ही गिरिश के हाथ॥ ४॥

इति श्री मिश्र भूधर वैद्य राज पंडित सकलं विद्या विनोद शाकद्वीपि द्विजवर विरचित रागमंजरी पुस्तक संपूर्ण।

लेखनकाल—सं० १७४२ काती वदी १२ बुध बीजापुर मध्ये लिखितं प्रो० विद्यापति तत्पुत्र हरिरामेण।

प्रति—पत्र २७। पंक्ति ८। अक्षर ३२।

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(१०) संगीत मालिका—महमद साहि।

आदि—

प्रारंभ के १० पत्र नहीं होने से नहीं दिया जा सका।

मध्य—

एक पताक त्रिपताक कहि पद्म कोष पुनि होए।
अलि पद्म कह शाख पुनि, संस पक्ष सुनि लोए॥२४१॥

गद्य

पहिले ही पाउको फिराई स्वस्तिक बांधियहि हाथै। (फिराई स्वस्तिक बांधयहि हाथे) फिराइ स्वस्तिक कीजहि। पीछे हाथ कौ स्वास्तिक अरु पाऊन कौ स्वस्तिक विलगाई फिरावत वाऐं दाहिनै ले जइये पीछे हाथ पाउ वेर हूँ ऊँचे नीचे कीजहि तिहि पीछे उद्दत अरिणहा उरो मंडर ए तीनिऊँ करण कीजहि तब आक्षिरे चित नाम अंगहार होई।

अंत—

इति कल्पनृत्यं। इति श्री पेरोज साह्या वंशान्वये मानिनी मनोहर कामिनी काम पूरन विरहनी विरह भंजन सदा वसंतानंद कंदारि गज मस्तकाकुंश श्री

मत्तत्तार साह्यात्मज महमदसाहि विरचितायां संगीतमालिकायां नृत्याध्याय समाप्त। शुभं भवतु।

लेखन काल—१९ वीं।

प्रति—पत्र ११ से ५३। पंक्ति २०। अक्षर १६। (मध्य के भी कई पत्र नहीं) (अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(११) हीय हुलास। सटीक। पद्य ६७।

आदि—

अथ राग रूपमाला लिख्यते।

दोहा—

प्रथमहि ताको सुमिरियै, जिणै दीनौ गुरु ग्यान।
ज्ञानी गुन गावें सदा, ध्यानी धरै जु ध्यान ॥ १ ॥
अंबर थम्बौ थंभ बिन, धरती अधर धराय।
मनुष्य रूप हुय अवतर्यौ, देखत कलि कौ भाव ॥ २ ॥
हीयें हुलास या ग्रन्थ को, राख्यो नांम विचार।
यामें सिगरे रागन के, रचेय रूप सिंगार ॥ ३ ॥

अंत—

महलार—

बीन गहैं गावत बहुत, रोवत है जलधार।
तन दुर्बल विरह दह्यौ, विरहिन नांम मल्हार ॥ ६६ ॥
सेझ बिछाई कमल दल, लेट रही मन मार।
लेत उसास निसियरि तन, तनक वियोगिनी नार ॥ ६७ ॥

इति हियहुलास ग्रन्थ रुपमाला संपूर्ण।

अथ रागमाला की टीका लिख्यते या को विचार याही में याकी मूर्छना याही में तीन ग्राम सप्त स्वर याहि में ग्राम १ ग्राम २ ग्राम ३। दूहा—

अन्त—

रागिनी पांचमी केदारा वखत घरी २ भारज्या २ भारज्या १ मारु वखत घटी २
इति रागमाला राग ६ रागिनी ३० भारज्या ४८ सर्व मिलि ८४ नाम संपूर्ण।

[इसके बाद रागिनी-उत्पत्ति दिवस-रागिनी, रात्रि-रागिनी आदि के कई पद्य है।]

इति छतीस राग रागिनी नाम संपूर्ण।

लेखन काल—१९ वीं शती।

प्रति—पत्र ४। पंक्ति १७। अक्षर ५२। साईज १०॥×५।

विशेष—टीका-टिप्पणी रूप (संक्षिप्त स्पष्टीकरण मात्र) है।

(महिमा भक्ति भंडार)

(छ) नाटक ग्रन्थ

(१) प्रबोधचन्द्रोदय नाटक। हरि वल्लभ।

आदि—

श्री राधा वल्लभ पद कमल मधु के भाइ।
हित हरि वंश बड़ो रसिक, रह्यो तिननि लपटाइ ॥ १ ॥
ताके चरननि बंदि के, वन चन्दहि सिर नाइ।
रचना पोथी की करौं, जाते करैं सहाइ ॥ २ ॥
कियो प्रबोधचन्द्रोदय जु, नाटक दीनो तोहि।
कृष्ण मिश्र रचि बहुत विधि, वहै दिखाउ सुजोहि ॥१६॥
कीरति वर्मा की सभा, तिनकै चित यह चाउ।
सो नाटकु नायक अबहि, इनकौं सजि दिखराउ ॥१७॥
यहै बात गोपाल जु, मोसों कही बनाइ।
तातें अब घर जाइ के, आनो जुवति बुलाइ ॥१०॥

अन्त—

हरि वल्लभ भाषारच्यो चित में भयो निसंक।
श्रीप्रबोध-चन्द्रोदयहि छठओं बील्यो अंक ॥

समाप्तोयं ग्रन्थः।

लेखन काल—१८ वीं शताब्दी।

प्रति—पत्र १४+१९+१५+१३+१२+१५। पंक्ति ११। अक्षर ३२।
साईज १०×५।

विशेष—राजा कीर्तिवर्मा तथा गोपाल का प्रारंभ में उल्लेख मात्र है।

(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(२) प्रबोधचन्द्रोदय नाटक

आदि—अथ प्रबोधचन्द्र नाटक लिख्यते ।

कवित्त

जैसे मृग तृष्णा विषैं जल की प्रतीति होत,
रूपैं की प्रतीति जैसें सीप विषैं होत है।
जैसे जाके बिनु जाने जगत सत जानियत—
विश्व सब होत है।
ऐसें जो अखंड ज्ञान पूर्ण प्रकाशवान,
नित्त समसत्त सुध आनन्द उद्योत है।
ताही परमातमा की करत उपासना हैं,
निसन्देह जान्यो याकी चेतनाहीं जोत हैं ॥१॥

ऐसे मंगल पाठ करी सूत्रधार अपनी नटी बुलाई यहां आज्ञा दीज । सूत्रधार बोल्यो ।

अन्त—

विशेष—प्रति के केवल तीन पत्र होने से अंत का भाग नहीं मिला, तथा कर्ता का नाम भी ज्ञात नहीं हो सका ।

प्रति—पत्र ३ । अपूर्ण । पंक्ति २४ । अक्षर ६२ । साईज ९।" × ४।" ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(३) हनुमान नाटक । जगजीवन ।

आदि—

श्रीमज्जगजीवन कवे आत्म विनोदार्थं हनुमान्नाम्ना नाटक पर(?)यतुं समुद्यतः ।

कहे प्रिया कविराज कहि रामायन की बात ।
नाटक श्री हनुमान कौ नचौ अंक द्वे सात ॥

अन्त—

सातवें अंक का समाप्ति वाक्य—

उठि जानुकि रन स्रवन दे दसआनन गत जोति ।
दुंदभिरि मृभेदंग धुनि ! अंत संख धुनि होति ॥ २९ ॥

इति श्री जगज्जीवन कृते महानाटके रावननिदहनो नाम सप्तम अंकः ।

इसके बाद आठवें अंक के ५४ वें पद्य तक है । बाद के पत्रे नहीं हैं ।

प्रति—पृष्ठ ७२ । पंक्ति १८ । अक्षर १२ । साईज ६" × ९।" ।

(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(ज) काव्य ग्रन्थ

(१) कथा

(१) अंबड चरित्र। हिन्दी गद्य । क्षमाकल्याण।

आदि—

वर्द्धमान भगवन्त के पावन पद अरविंद।
आतम चित्त अंतरधरी प्रणमी नवपद वृंद॥ १ ॥
अबंड नामे अवनिपति चाथो चौथे काल।
श्रावक वीर जिनेश को ताकौ चरित्र विशाल॥ २ ॥
श्री मुनि रत्न सुरिन्द कृत संस्कृत मय संबंध।
वर्तमान अवलोक के विरचुं भाषा बन्ध॥ ३ ॥

गद्य—

धर्म सै सर्व लक्ष्मी संपजै धर्म सै प्रशंसनीक रूप संपजै, धर्म सै सोभाग अरु वडौ आउखौ जीव पावैं बहुत क्या कहें धर्म सें सब मनो वंछित मिलै जैसे अंबड क्षत्रिय के धर्म के प्रसादे सर्व संपदा मिली आपदा मिटी उस अंबड का दृष्टान्त दिखावै है।

अन्त—

बाचक अमृतधर्म वर सीस क्षमाकल्याण,
पालीताना पुरवरै चरित रच्यौ यह जान।
सय अठारा चौपन समै सुदि आषाढ सुमास।
तृतीय तिथि कुजवार युत सिद्ध योग सुप्रकास॥
आर्या उत्तम धर्मरुचि पुत्री सम सुविनीत।
नाम खुस्याल श्री निमित्त, यही कीनौ धरि चित्त॥ ३ ॥

लेखन काल—१९ वीं शताब्दी।

प्रति—पत्र ३७। (महिमा भक्ति भंडार)

(२) कथामोहिनी। पद्य १२२। जान कवि। सं० १६९४ अगहन शुक्ला ४।

आदि—

आदि अगोचर अलख प्रभु निराकार करतार।
दैनहार ज्यौ सकल तन, रचनहार संसार॥ १ ॥

रवि ससि उडिन अकास सब पल मै करै प्रकास ।
देत हुलास उदास कौं पुजवन आस निरास ॥ २ ॥
नाम महंम्मद लीजियें, तन मन है आनंद ।
पूजैं मन की इच्छ सब, दूर होंहि दुख दंद ॥ ३ ॥
अबहि बखानों जांनि काई, सुलप कथा चित्त लाहि ।
पढत न हारै रसन जिह लिखत न कर अरसाइ ॥ ४ ॥

अन्त—

जौं लौं मोहन मोहनी जीये इह सँसार ।
एक अंग संगही रहे रंचक घटयो न प्यार ॥२११॥
सोरह सै चोरानवै ही अगहन सुद चार ।
पहर तीन में यह क्रथा, कीनी जांन विचार ॥१२२॥

इति कथामोहनी कवि जान कृत संपूर्ण ।
लेखन काल—सं० १६३० वि० ।
प्रति—गुटकाकार पत्र ८ । पंक्ति १८ । अक्षर १७ । साईज ६×९॥ ।
इस प्रति में कवि जान कृत सतवंती (१६७८) भी है ।
(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(३) कुतबदीन साहिजादैरी वारता—

आदि—

अथ कुतबदीन साहिजादैरी वारता लिख्यते ।

वडा एक पातिस्याह । जिसका नाम सबल स्याह । गढ मांडव थांणा । जिसकै साहिजादा दाना । मौजे दरियावतीर । जिसकै सहर मैं वसै दान समंद फकीर । जिसकी औरत का नाम मौजम खातू । सदावरत का नेम चलातू । जो ही फकीर आवै । तिसकुं खांणा खुलावै । एक रोज इक दीवान फकीर आया । दावल दांन घरां न पाया ।

अन्त—

बेटे बाप विसराया, भाई वीसारेह ।
सूरां पुरां गललडी मांगण चीतारेह ॥१०७॥

वात—

अैसा कुतबदीन साहिजादा दिल्ली वीच पिरोसाह पातस्याह का साहजादा भया दांवलदांन फकीर की लड़की साहिंवा से आसिक रह्या बहुत दिनां प्रीत लगी । दुख पीड आपदा सहु भागी । पीरोसाहि का तखत पाया साहजादा साह कहाया । यह सिफत कुतबदीन साहिजादे की पढै बहुत ही वजत सुख सै बढै यह वात गाह जुग से रहि । ढढणी ने जोड कर कही ।

इति श्री दूतका ढढणी के प्रसंग कुतबदीन सहिजादै की वात संपूर्ण।

लेखन काल—१९ वीं शताब्दी।

प्रति—गुटकाकार। पत्र २४ से ३०। पंक्ति ३२। अक्षर २४। साईज ६।×८।

(अभयजैन ग्रन्थालय)

विशेष—१०७ पद्य दोहे-सोरठे हैं, बाकी गद्य है, इस वार्ता की प्रचीन प्रति १७ वीं शताब्दी की भी उपलब्ध है, पर उसका पाठ इससे भिन्न प्रकार का है।

(४) चंद हंस कथा। टीकम। सं० १७०८ जेठ बदि ८ रवि।

आदि—

अथ चन्द्रहंश कथा लिखिते।

दोहा

ऊंकार अपार गुण, सबही आर आदि।
सिधि होय याकुं जुपे, अक्षर एह अनादि॥ १॥
जिण बांणी मुख उचरै, ऊं सबद सरुप।
पिंडित होयै मति वीसरो, अखि (क्ष)र एह अनूप॥ २॥

अंत—

ऐसी जुगति खैचीयो भार, जाणे ताकुं सब संसार।
संवत आठ सतरा सै वर्ष, करत चोपइ हुआ हरिष॥ ४३८॥
पंडित होय हसो मति कोय, बुरा भला अखिर जो होय।
जेठ मास अर पखि अधियार, जाणो दोइज अर रविवार॥ ४३९॥
टीकम तणी वीनती एह, लघु दीरघ संवारि जु लैह।
सुणत कथा होय जु पासि, हुं तिनका चरणां कुं दास॥ ४४०॥
मन धरि कथा एहै जो कहै, चंद्रहंश जेम सुख लहै।
रोग विजोग न व्यापै कोय, मन धीर कथा सुणै जो कोय॥ ४४१॥

इति श्री चंद्रहंश कथा संपूर्ण।

लेखनकाल—लिखितं रिषि केसाजी पापड़दा मध्ये संवत् १७६३ वर्ष मास काति वदि ११ सौमवार दिने कल्याणमस्तु।

प्रति—पत्र ३१। पंक्ति १४। अक्षर २५। साइज ८×६॥।

विशेष—भाषा राजस्थानी मिश्रित है। रचना साधारण है।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(५) जम्बूचरित्र। चेतनविजय (ऋद्धिविजय शिष्य)। सं० १८५२ श्रावण सुदी ३ रविवार। अजीमगंज।

आदि— प्रति प्राप्त न होने से नहीं दिया गया !

अंत—

वाचक पद धारक भए, ऋद्धिविजय गुरु देव।
तिनके शिष चेतनविजय, नहीं ज्ञान का भेद ॥ १७ ॥
श्री गुरु देव दया किया, उपजी मन में ज्ञान।
भाषा जंबू चरित की, रचना रची सुजान ॥ १८ ॥
संवत अठारे बाच (व!) ने, श्रावण को है मास।
शुक्ल तीज रविवार को, पूरो ग्रन्थ विलास ॥ १९ ॥
बंग देश गंगा निकट, गंज अजीम पवित्र।
श्री चिन्तामणि पासको, देवल रचा विचित्र ॥ २० ॥
सतरै शिखर सुहावनौ, गुमटी च्यार सुचंग।
शोभै कलश सुवर्ण के, इकइ सरुप अभंग ॥ २१ ॥
ऊपर चौमुख राजते, श्री सीमंधर देव।
भाव भगति चित लायके, सब जन करते सेव ॥ २२ ॥

(जयचन्द्रजी भंडार)

(६) जम्बू स्वामी की कथा

आदि—

अथ जंबूस्वामी की कथा लिख्यते

एक समै श्री महावीर स्वामी राजगृही नगरै समवसर्या। राजा श्रेणिक वाणी सुणैं छैं। एता महं एक देवता आयो महाऋद्धवंत। श्री भगवंत सै पूछै स्वामी मेरी थिति केती है। भगवंतजी ने कहा सात दिन आऊखा तेरा है। देवता सुण कै आपणें स्थानक पहुँचा। तद श्रेणिक पूछै स्वामी ए देवता कौन है कहां उपजैगा। तद श्री भगवान कह्यो ए देवता जंबूस्वामी का जीव छै हला केवली होयगा।

अंत—

हे श्रेणिक एह जंबुना पांच भवना दृष्टांत संक्षेपें जाणिवा। अनेरा ग्रन्थनि विषइ विस्तार प्रचुर घणो होसी। इहां संक्षेप छई। ए जंबुनु चरित्र सांभली ने सदहसी ते आराधक जीव कह्या। ए जंबूना अध्ययन नै विषै एकविंशमो उद्देसम।

इति श्री जंबूस्वामी की कथा सम्पूर्णम्।

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी।

प्रति—गुटकाकार। पत्र ५७ से ७७। पंक्ति ११। अक्षर २७। साईज ८ × ५॥।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(७) दसकुमार प्रबन्ध । शिवराम पुरोहित । सं० १७५४ मार्गशीर्ष शुक्ल १३ मंगलवार ।

आदि—

श्री मन्मेघाभिधानाय मत्प्रशास्त्रे नमाम्यहं ।
गणेशाय सरस्वत्यै कथा-बोधः प्रदीयतां ॥
दूहा —नाम लियै नव निधि सधै, बधैः ज्ञान गुन भेव ।
खल खंडन मंडन सुरिधि, विघन विहडंन देव ॥ १ ॥
संकट परे सदा भजे, हरिहर ब्रह्म सुरेस ।
विघन हरन सब सुख करन, बंदू वहैं गनेस ॥ २ ॥
मेघ नाम गुरु के चरण, शरण गहुं सुख दैन ।
कविता दाता भजन तैं, ध्यान धरै चित चैन ॥ ३ ॥

× × ×

९ वें पद से ६१ पद्य तक बीकानेर के राजाओं की ऐतिहासिक वंशावली एवं वर्णन है। उनमें से कुछ पद्य जो ग्रन्थ और ग्रन्थकर्ता के सम्बन्ध में है, नीचे दिये जाते हैं।

अथ श्रीमतां राठौराभिधानजातीनां महन्महीपालानां वंशवर्णनं ।

× × ×

धरा न भूप अनूप सम, सब विधि जाण सुजाण ।
दीन्हो कवि सिवराम कूं, सदन वसन धन धान ॥ ५० ॥
वास वसायो नूप नृप, अपने दे सुभ धाम ।
वासी अहिपुर नगर को, प्रोहित कवि सिवराम ॥ ५१ ॥
सनि सनेह सिवराम सौं, मरुधरेस महा भूप ।
देख निदेस इहै दयौ, अद्‌भुत कथा अनूप ॥ ५२ ॥
बुधि बल नीति सहास रस, सुनत सुखद श्रुति होइ ।
दस कुमार भाषा कथा, यथा विरुच रुचि होइ ॥ ५३ ॥

× × ×

बरस वेद[४] सर[५] सात[७] भू[१], सित पख अगहन मास ।
मंगर वार त्रयोदसी, कथा जनम दिन जास । ६१ ॥

अन्त—

इति श्री मन्महाराजधिराज महा[राज] श्रीमदनूपसिंह नृपाज्ञया प्रोहित सिंवराम विरचिते दसकुमारप्रबन्धे एकादस प्रभाव विश्रुतचरितम् संपूर्ण ।

श्लोक

श्रीमदनूपसिंहानामाज्ञया शर्म्मणे कथा।
रचिता शिवरामेण शिवरामो व्यलीलिखत् ॥ १ ॥
अनूपसिंहनृपैः श्रवणोत्सुकैः प्रवचनेपि तथैव विचक्षणैः।
दशकुमारकथा वितथा भवेन्नहि यथा तथा क्रियतां चिरं ॥ २ ॥
यद्रूपं मदनो वनौ गत मदो दृष्ट्वाभवत् साम्प्रतम्।
यत्पादाब्जमवेक्ष्य कच्छपकुलं नीरेगमज्जजिनम्।
बुद्धि यस्य कुशाग्रभागसदर्शी खेचागमदुगीष्पतिः
सोयं श्रीमदनूपसिंह नृपति र्जीव्याच्चिरं भूतले ॥ ३ ॥
सुयशोनूपसिंहानाम् तेजो भूति सुखानि च।
सन्तु भूपाधिपानां च दान-विज्ञान-सालिनाम् ॥

शुभमस्तु श्रीमतां।
लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी।
प्रति—पत्र १७६। पंक्ति १०। अक्षर १२। साईज ११ × ५॥।
विशेष—दशकुमारचारित नामक संस्कृत ग्रंथ का भाषा पद्यानुवाद।

(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(९) प्रेमविलास चौपई। जटमल। सं० १६९२ भाद्र सुदि ५ रविवार जलालपुर।

आदि—

दोहा

प्रथम प्रणमि सरसती, गणपति गुण भंडार।
सुगुर चरण अंभोज नमि, करूं कथा बिसतार ॥ १ ॥
पोतनपुर नामा नगर, इन्द्रपुरी अवतार।
कोट नदी उत्तंग गृह, वनवारी सुखकार ॥ २ ॥

अंत—

प्रेम विलास सु प्रेमलत, सांप सर (?) मवहयो नेह।
प्रीत खरी यह जानीये, दीनौं किनूं न छेह ॥ ७ ॥

चौपाई

प्रेम लता की वरनी प्रीता, जटमल जुगत सकल रस रीता।
सुमति सुरसती सद्गुरु दीनी, सब रस लता कथा मुहि कीनी ॥ ७६ ॥

सोरठा

सब रस लता सुनाउं, मधि सिंगार अरु प्रेम रस।
विरह अधिक फुनि ताम, सुनति अधिक सुख ऊपजै ॥ ७७ ॥

चौपाई

संवत सोलह सै त्रेयासु' भाद्रमास सुकल पख जानु'।
पंचमि चौथ तिथैं संलगना दिन रविवार परम रस मगना ॥७८॥

दोहा

सिंध नदी कै कंठ पइ मेवासी घो फेर।
राजा बली पराक्रमी कोऊ न सक्के घेर॥ ७९ ॥

चौपाई

पूरा कोट कटक फुनि पूरा, पर सिरदार गाउ का सूरा।
मसलत मंत्र बहुत सु जाने, मिले खांन सुलताण पिछाने ॥८०॥

दोहा

सइदा कौ सहिबाजखां बहरी सिर कलवत्र।
जानत नाही जेहरी, सब अचान कौ छत्र ॥८१॥

चौपाई

रईयत बहुत रहत सुं राजी, मुसलमान सुखा सनि माजी।
चोर जार देख्या न सुहावै, बहुत दिलासा लोक वसावै ॥८२॥

दोहा

वसै अडोल जल्लालपुर, राजा थिरु सहिबाज।
रईयत सकल वसै सुखी, जब लगि थिर द्रु राज ॥८३॥

चौपाई

तहाँ वसत जटमल लाहौरी, करनै कथा सुमति तसु दोरी।
नाहर वंश न कुछ सो जानै, जो सरसति कहै सो आंनै ॥८४॥

सोरठा

चतुर पढो चित लाय, सभ रसलता कथा रसिक।
सुनत परम सुख दाय, श्रोता सुन इह श्रवण दे ॥८५॥

दोहा

सुनहि कथा दुर्जन सजन दुर्जन अवगुन लेह ।
सूकर पायस छाड कै मुख वृष्टा कुं देहि ।।८६।।

इति श्री प्रेमविलास प्रेमलता की सबरस लता नाम कथा नाहर जटमल कृता संपूर्णा ।

लिपिकाल – संवत् १८०९ रा वर्षे मिती वैशाख वदी ७ दिने गुरु वा सरे श्री मरोट नगर मध्ये चतर्मासी कृते पं० प्र० श्री १०५ श्री सुखहेमजी गणि शिष्य सरूपचन्द्रेण लिपिचक्रे शुभं भवतु ।

प्रति—(१) पत्र ८ । पं० १६ । अक्षर ५४ । साईज १०॥ × ५ ।

प्रति—(२) पत्र ११ । पंक्ति १४ से १६ । अक्षर ३५ । साईज १० × ४॥ ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(९) बहलिमां की वार्ता—

आदि—

हों बलिहारी ताजियां जिन्द जाति कही ।
तुरीया खेटत ताटजमरदा सट मही ।। १ ।।
बहली म उपति जेथी काबिल गजनी ।
पहिली बहिली मसरि जिये पीछे टोट उमत्ति ।।

वात—

पांच पैगम्बर उरस से उतरे । वनवास के विषै तपस्या करते थे । सवा पांच मण भांग । पचास मण दूध का । गैब का पेला पक्के । चार पैगम्बर लैटे लैटे दो पहरे उठे ।

अन्त—

ये लखु असवार फोज ले करि काबा गजनी गया । सो वहाँ जाई पातस्याही करी । ये दोनों ही पातसाही जबर हुई । खूब अमल जमाया । बहोत वरस पातस्याही करी । पीछे बीसती कुं गये । जदी पछे कहाणी तमाम हुई ।

दोहा

राणी पला राणी सोर घनी राहिब भाई ।
वात वणाई ख्याती करी चारण घनी चितरंग ।।
कौड़ी वरस रहसी वातड़ी कहसी चित मांहे उमंग ।
साल १३३१ की हुआ बलीम पठाण ।
चारण को चित उमगीयो कही वात वखाण ।।

इती श्री बहलीमां की राहिब साहिब की वार्ता संपूर्ण हुवी ।

लेखन संवत्—१९०५ का मिती जेठ सुदी ६ वार बुधवार लिखते नगर सीकरी मांहि। राज महाराजाधिराज श्री रामप्रतापसिंघजी कोड़ी वरस करौ।

प्रति—(१) गुटकाकार। पत्र १२ से ५६। पंक्ति १९। अक्षर १२। साईज ७×९।

(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(१०) बुध सागर। जान सं० १६९५

आदि—

अथ बुधसागर ग्रन्थ लिख्यते।

चौपाई

लीजै आदि अगोचर नाम, तो सब पूजै मनसा काम।
अभिगति गति सुर असुर न जांनत, मांनस वपुरो कहा वखांनत ॥१॥
येक जीभ ताको कछु वस नां, हार्यो सेस सहस है रसनां।
है अभिगति को जलधि अपार, ताको कोई न पैरन हार। २॥
काहू वाको भेद न पायो, निगम अगम निगमै में पायो।
अलख भेद में मन दोरावै, सो आपुन को निर्बुध पावै ॥३।

अन्त—

ये जु कथा तुम सौं कही सकल करहु इक ठांव।
ताको ग्रंथ वनाइकैं धरि बुधिसागर नांव ॥चौ० ४५५॥
जब ग्रन्थ ही पढ़ि तुम सुख पावहु, तव मोको चित तें न भुलावहु।
ज्यों ज्यों लाभ ग्रन्थ तें लहिये, मेरी सुरति कियेहि रहिये।
बुधिसागर पर जो तुम चलिहौ नीके मान अरनि को मलिहौं ॥
बुधिसागर में जो मन धरिहै, तातैं कबहू चूक न परिहैं ॥२॥
दाव सलॅम तवहि सिर नायो, सो करिहौ जो तुम फरमायो।
विदा होय अपने घर आये, कवि पंडित तव निकट बुलाये ॥३॥
सब मिल दीनों ग्रन्थ बनाई, रीझ बहुत दीनौं कछु राई।
जग में उपज्यो ग्रंथ उजागर, माला रत्न नांव बुधिसागर ॥४॥
चल्यो ग्रन्थ उपरि करि भाइ तवहि भयो रांइन को राइ।
पाछे जिते भये जगु राइ पढ्यो ग्रंथ यह हितु चित लाइ ॥५॥

दोहा

सोरह सै पंच्यानुवै संवत हौ दिन मांन।
अगहन सुदि तेरस हुती ग्रंथ कियो कवि जान ॥

इति ग्रन्थ बुधिसागर सपूर्ण सम्प्र (माप्त)।

लेखन काल— अथ संवत् १७१६ मिती आसौज सुदी १४ वार सोमवार ता० ११ मास मुहरमु सं० १०७० पोथी लिखाइतं पठनार्थ फतेहचन्द लिखतं भीख देवैं। श्रीमाल टाक गोत्र सुभं भवत। श्री

लिखीया बहु रहै, जे रखि जाने कोइ।
.......................गलमल मीटी होइ॥

प्रति—पत्र १८३। पंक्ति १८। अक्षर २१। साईज ४॥।×८॥।।

(अभय जैन पुस्तकालय)

विशेष—इस ग्रन्थ की अन्य एक प्रति दिल्ली के दिगंबर जैन ज्ञानभंडार में है। उसमें अन्त की प्रशस्ति भिन्न प्रकार की है, अतः वह भी नीचे दी जाती है—

दोहा

हांसी ऐसी ठौर है, उत जो रोवतौ जाई।
इच्छा पूजे सुखित ह्वै हसत खिलत घर जाई॥

चौपाई

पातिसाह को करो बखांन, साहिजहां ढिलो सुलतान।
दुहु जगत में भयो कबूल, गह्यौ पंथ विजसरा रसूल॥१॥
ऐसो दीनौ ग्यांन इलाह, दोनों जुग जीते पतिसाह।
इन के वडे जिते ह्वै गये, ते सब पातिसाह हो भये॥२॥
चिगंज तिमर उमर बब्बर, बहुरि हिमायूं साहि अकब्बर।
पाछे जहांगीर सुलतान, ताकै उपजे साहिजहांन॥३॥
जहाँगीर कीनौ तप कौन, साहिजहाँ उपजै जिन भौन।
साहिजहाँ की सब जग आंन, सप्त दीप पर ज्यों तप भान॥४॥
थहरत सप्त दीप के लोइ, ज्यों लगि पवन दीप की लोई।
रार्ना में नर हीरा नाई, राइ निरहीन राई राई॥५॥

दोहा

पातिसाह सौ नेकु वर, काहू कों न बसाय।
डंड परै सेवा करैं, राजा राहा राइ॥ १॥
शास्त्र कियौ नव नव कथन मूल शास्त्र मर्याद।
बुद्धि बड़ाई पाइये जुगन रहै अपवाद॥ २॥
कियौ शास्त्र कवि जान यह, साहजहाँ की भेट।
देस देस में विसतरयौ छानौ रह्यौ न नेट॥ ३॥
जो लौं तारा चन्द्र रवि, मेरु नदी जल राज।
ग्रन्थ येह तौ लौं रहे, स्वहित पर हित काज॥ ४॥

प्रभुताई या ग्रन्थ की, जानत चतुर सुजान ।
खोर होइ सो देखि कै, दूरि करो सुग्यांन ॥ ५ ॥

श्री क्यामखानी न्यामत खां कृत ग्रन्थ बुधिसागर समाप्तं ।

सम्वत १८०४ वर्षे चैत्र द्वितीय सुदि ९ बुधिवारे पांडे हरिनारायण लिखापितं वाच (न) ार्था । काष्टा सिंघे माथुर गच्छे पुहुकर गणे हिंसार पट्टे भट्टारक श्री क्षेमकीर्तिजी तत्पट्टे भट्टारक श्री महसकीर्तिजी तत्पट्टे भट्टारक श्री महीचन्दजी तत्पट्टे भट्टारक श्री देवेन्द्रकीर्तिजी तत्पट्टे भट्टारक श्री जगतकीर्तिजी विराजमानै । पांडे हरिनारायण वासी फतेपुर का वांसल गोत्र स्वामीजी श्री देवेन्द्रकीर्तिजी का शिष्य पोथी लिखाई श्री जहन्नावाद मध्ये ॥ इति ॥

(११) मैना का सत्त ।

आदि—

प्रथमहि विनऊं सिरजनहारु । अलख अगोचर मया भंडारु ॥
आस तोरी मम बहुत गोसाईं । तोरे डर कांपौं करर की नांई ॥
शत्रु मित्र सब काहू संभारे । भुगत देई काहू न विसारै ॥
फूलि ज रही जगत फुलवारी । जो राता सो चला संभारी ॥
अपने रंग आपु रंग राता । बूझे कौन तुमारी बाता ॥

दोहा

बंधन आंखि हमारियां एको चरित न सूझि ।
सोवत सपनो देखियो कोउ करे कछु बूझ ॥

अंत—

मैना मालिन निथर बुलाई । धरि झांटा कुटनी निहुराई ॥
मुंड मुंडाई कैसे दुर दीने । कारे पीरे मुख टीका कीने ॥
गदह पलानी के आन चढ़ाई । हाट हाट सब नगर फिराई ॥
जो जैसा करे सु तैसा पावे । इनि बातनि का अनखु न भावे ॥
आगे दिये जो जो रहवाना । को दो बोयें कि लुनिय धाना ॥

दोहा

सत मैना का साधन, थिर राखा करतार ।
कुटनि देस निकारि, कीन्ही गंगा के पार ॥

इति मैना का सत्त समाप्त ।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी

प्रति—गुटकाकार। पत्र ५०॥ से ६७। पंक्ति १३। अक्षर १२।

(अभय जैन ग्रन्थालय वि० गुटका)

विशेष—मालिन ने मैना को सत (शील) से च्युत करने का प्रयत्न किया पर वह अटल रही। बीच में १२ मास का वर्णन है।

(१२) मोजदीन महताब की वात। पद्य ९४।

आदि—

सेहर इरानी पातिस्या खुदादीन तसु नाम।
साहिजादा सिर मोजदीन मीनकेत के धाम॥ १॥
भया अठारह वर्ष का लगा इश्क के राह।
सहिजादा सिर उपरै संक न मानें साह॥ २॥

अंत—

मोजदीन के खास मैं हुरमं तीनसौ साठ।
ता उपर महिताब का बडा अमेरा घाट॥९३॥
मरदो कवहु न कीजीयै पर महिरी से प्रीत।
जो कोइ करो तो कीजीयो मोजदीन की रीत॥९४॥

इति मोजदीन महताब की वात संपूर्ण।

लेखन काल—१९ वीं शताब्दी।

प्रति—पत्र ३। (लच्छीराम यति संग्रह)

(प्रतिलिपि हमारे संग्रह में)

(१३) राधा मिलन—

आदि—

श्री राधा मिलन लिख्यते।

श्री किसन लीला। श्री वृन्दावन विहार जानि उजैनि को वास छोड़ि सुवा दीपन रसीस्वर की माता श्री पूरणमासि जु वृन्दावन में वास करन कुं आई। पोतो एक साथ लै आई। ताकों नाम मधु मंगल है। सो श्री किसनजी को गुवाल भयो है। सो श्री किसनजी के संग फिरे।

अंत—

तब उनकी मा (ता) कीरति ने पुचकारि छाती सौं लगाइ लई। अरु कहन लागी बेटी तोकौं अवार बोहत भई है। तु रसोई जीमि लैं भोजन सीरौं होइ गयो हैं। तब

भोजन करीं वीरी खाई सखिनी मिलि खेलनि लागि। और मुखरा अपनैं घर गई। अरु श्री किसनजी वन विहार करते (करते) सखा व गउवन सहित आपने घरकुं सिधारे।

इति श्री वृन्दावन माधव की कथा श्री माधौ श्री राधा विलास रास क्रीडा विनोद सहित चतुर्थ अंक समाप्तं शुभं। श्री राधा किसन प्रीति सें चारि बारि मिल्या।

प्रति—गुटकाकार। पत्र ३२। पंक्ति २०। अक्षर १८। ६॥×९॥।

विशेष—इसकी चार प्रतियें हैं। रूपावती वाले गुटके में भी यह ग्रन्थ है। उसके आदि में ५ दोहे हैं व अन्त भिन्न प्रकार का है।

(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(१४) रूपावती। सं० १६५७।

आदि—

जंबुद्वीप देग तहां वागर, नगर फतेपुर नगरां नागर।
आसि पासि तहां सोरठ मारू भाषा भल्ली भाव फुनि रू।
राजा तहां अलफखां जनाहु चहव:न हठी का पहिचानह।
ताकर कटक न आवै पारा समद हिलोरनि स्यों अधिकारा।
तुरक त मंकि चढ़े केकाना नगर गर नगर मू परे भगाना।
राजपूत असि चढ़ि करि कौपह रविरथ थकै गिमनि कौं लोपह॥ १॥

दोहा

ता घरि पूत सुलछनां, मन मोहन सुर ज्ञान।
चिरंजीघ दिनपति उदो दूलह दौलति खांन।

चौपाई

अलपखांन चहुवान की सरभरी कौं करि सकै न देख्यौं कर भरी।
इह विधि कीयो आप वखार करम जोति स्यौं दिपै लिलार।
इन्द्र की सभा सुनी हम कांनि परतकि देखी इन्ह पहचांनि।
जास्यों रस शो नो निधि पावै जहिस्यों रिशि सो मूल गंवावै।
दीनदार दया असि कीनो हजरति कह्यो सुशिर धरि लीनु।
ता ढिगि सेरखांन नित्य सोहे दीनदार अर सभात विमोहै।
सारदुल अर संघ विराजै गुजै साल शिवाली भाजै।

दोहा

ताहि वजीर साहिबखां औहदखांन उकील।
एक ही एक समंगल बैठे करह सवील॥ २॥

तहिका राज महि कथा इतारी, जहां लो बुधि परईश हमारी।
जे है गये अवह के कविजन, तिन्ह गुन चुर कहै मै सब जन।
इन स्यौं कछु अधिक नहीं आई, जहां तुरै तहां लेहु बनाई।
चोरि चोरि अछर सब जोरे काठौ खोर जै सबे विखोरे।
शास्त्र अक्षिर वेह आनी अै दीसत हे पासि लगीनी।

दोहा

सन हजार निवोतरै रबील आखरि मास।
संवत सोलह सतपनै हम कीनी बुधि परकास॥

अंत—

कुंडलियां

जो वह चाहै सो करै आदि पुरस करता व दोस नु किसही दीजिये। कुरे कहन कहाव कुंडल॥ कुरे कहन कहाव, पाव अन्तर गुन ज्यान्ह।

लेखन काल—सं० १७५४ वर्षे फागुण मासे वृख्य तिथौ तृतीया बुधवासरे शुभं भवतु। पद्य १९५।

प्रति—पत्र ५२। पंक्ति २१। अक्षर १६। साइज ६×१०।

(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(१५) लैला मजनूं की वात। पद्य ६५९। कवि जान।

आदि—

प्रथम चित्त सों लीजिये, अलख अगोचर नाम।
सुमिरत ही कवि जांन कहि, पूजै मनसा काम॥ १॥
साहिजहां जुग जुग जीवो, जिह हजरत सौं हेत।
जोई ईच्छा जीव की, सोइ करता दीन॥२६॥

अंत—

पेम नेम जान्यौं नहीं, ते निहचै पसु आहि।
सो मानस कवि जान कहि, जिह करता की चाहि॥५८॥
लैलै मजनूं वांचिकै पैमु वढयो मन जांन।
थोरे दिन में ग्रन्थ यह, बांध्यौ बुधि परवीन॥५६॥

इति लैले मजनूं ग्रन्थ कवि जांन कृत संपूर्ण।

लेखन काल—१८ वीं शताब्दी

प्रति—गुटकाकार। पत्र ५७। पंक्ति २१। अक्षर १४। साईज ६×१०।

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(१६) लैलै मजनू री वात

आदि—

श्री गणेशायनमः। अथ लैलै मजनूरी वात लिख्यते।

संवरकन्द विलायत। तहां साहि जुलम पातसाही करै। तहां विलायत ऐसी, जिसकी कौन तारीफ करै। बहुत ही जो इसकी बिलाइन ये तीसू बिम। जो कहां तांई तारीफ करिये।

दोहा

देख्या समर सुहांवनो, अधिक सुरंगा लोग।
नारी नैण सुहांवणी, पांन फूलदा भोग॥ १॥

अंत—

ऐसा प्यार दोनों का निवह्या है। जैसा सबहीं का निबहो। जिसकी आसकी लगै। जिसकी ऐसी निवहियौ। तिस बीच बहुतही निवाहीयो।

दोहा

लैलैं मजनूं नेह था, तैसा सब का होय।
अंखिया की अंखिया लगी, निरवरही नहि कोय॥ १॥

इति लैलै-मजनूरी वात समाप्ता।

लेखन—सं १९२० मासानुमासे माघ मासे कृष्ण मासे कृष्ण पक्षे तिथौ अमावस्यां सूर्यवासरे। लिपिकृत्वा आत्मारामेण।

प्रति—गुटकाकार। पत्र ४६। पंक्ति १३.। अक्षर १६। साईज ७×७।

एक अन्य प्रति भी है।

(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(१७) विक्रम पंच दण्ड चौपाई। मुनिमाल। १७ वीं शती।

आदि—

शान्ति जिनेसर पद नमी, विक्रम चरित उदार।
पंच दण्ड छत्रह, तणी, कथा कहूँ शुभकार॥ १॥
आगति थोड़ी खरच बहु, जिस घरि दीसै एम।
तिस कुटुम्ब का माल कहि, महिमा रहसी केम॥ २६॥

अन्त—

रिण अन्धारेउ मेटि दांनि प्रगट जगि जायउ।
ताते विक्रमादित्य, सांचउ नाम कहायउ॥

देई सर्व आशीस, जगति जिके नरनारी।
शशि रवि लगु थिर त (र) हो, श्री विक्रम उपगारी॥

लेखन काल—सं १७४८।

प्रति—पत्र ३०। पंक्ति १६। अक्षर ४०।

(गोविंद पुस्तकालय)

(१८) बीरबल पातसाह की वात।

मध्य

पातसाह तेंमूर समरकन्द की फतह करी तहां एक अन्धी लुगाई कैद में आई। पातसाह पूछी तेरा नाम क्या है। लुगाई कही मेरा नाम धौलति है। पातसाह कही धौलति भी आन्धी होती है। लुगाई कही धौलति अन्धी न होती तो तुम सरीखे लंगड़े की घर में क्यूं आवति।

प्रति— गुटकाकार। पत्र १० से ४५। पंक्ति १२। अक्षर २०। साईज ८।×६।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१९) वैताल पचीसी। भगत दास।

आदि—

गुरू गनेश के चरन मनावौ। देवी सरस्वती के ध्यावौ।
अकबर पातीसाह होत जहिआ। कथा अनुसार किन्ह मैं तहिआ॥
सुरा पानी न सुनीए काना। परबत अमन सीन्धु सब माना।
अचल इन्द्र सम भुंजै राजा। तख्त आगरा मोकाम भल छाजा॥ १॥

× × ×

अस्थल अकबरपुर वासा। बहुत सन्त ताही करै निवास।

× × ×

तेही पुर है कवि जन के वासा। हरि की कथा सदा परगासा॥
वरन काहू ताहा राघौ दास। तीन्ह के पुत्र कथा परगासा।

अंत—

दाशन्ह को दास भगत मोही नाउं, हरिके चरन सदा गीत भाउं।
वरना काहु है लघुता गाती; हरि जस कथा कीन्ह बहु भाती।

× × ×

दुनौ वीर तव नाउ कराहे, देवी वीर तब आह।
देई वर नृप वीक्रम कह, अस्तुती करत पुनि आह।

इति वैतालपचीसी विक्रमचरित्रे भगतदास विरचिते। कथा पचीस समाप्त।

लेखन काल—१८ वीं शताब्दी।

प्रति – पत्र ४८। पंक्ति २। अक्षर ४२ से ४५। साईज १०×५।

विशेष—प्रति बहुत अशुद्ध है।

(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(२०) शनिसरजी री कथा। विजयराम।

आदि—

श्री गुरु श(च)रण सरोज नमो, गणपत गुण नायक।
नमो शारदा सगत विगत, वाणी सुख दायक॥
नमो राधका रवन, नमो पारबती प्यारा।
नमो वीर बजरंग, लाल लंगोटै वारा॥
सुर गुरु मुनि अरु संत जन, सब के प्रणमुं पाय।
रचुं कथा रविपुत्र की, मोय सुध बुध देहो सहाय॥ १॥
व्यास पुत्र शुखदेव नमो, सद ग्रन्थ सुणायो।
वालमीक मुनि नमो, बड़ो हरि चरित्र वणायो॥
नमो सूरदा संत, कृष्ण की कीरत गाई।
तुलछी जिनकुं नमो, बनै पुत्रका वणाई॥
केशव नरहर और कवि, जा घर प्रभु की जोत।
विजैराम वरणन किया, मन बुध निर्मल होत॥ २॥

अंत

कुंडलिया—

आशायत दुर्गेश कौ गादी बैठक गाम।
लूणी कोठे वसत है, समदड़ी सो नाम
.... स्याम रो स्याम विराजै।
चरण कमल की सेवा सदा विजैराम साजै
कविजन किरपा करी, सुख सोनग अरु व्यासा
बाल्मीक जे देव, सूर तुलसी विसवासा
सबै संत सिरपर वस्या, उरैं विराजो श्याम
कथा रसक रवि पुत्रकी वरण करी विजैराम॥१५॥
आद अंत दोहु अंक, बाहु पर बिंदु आई
जोम घड़ी कुं जोड़, समत के वरष गिणाई
रवि चढयो तुलरास रवि सुतवार विराजै
सौ षोड़स उस कला संयुक्त राकापति ऊपर राजै

तिण दिवस कथा तीजै पहुर प्रीत जुगत पूरण करी
बात विक्रमादीत की, विध विध कीरत बिस्तरी ॥ १५९॥

प्रति—गुटकाकार (राव गोपालसिंहजी वैद के संग्रह में)

(२१) श्रीमाल रास । सं० १९२४ काती वदि १३ भृगु ।

आदि—

ॐ ह्रीं नमः सिद्धेभ्यः । अथ श्रीपाल रासो लिख्यते ।
श्री जिन गुरु परनाम करि हिय थापि जिन वान
सिरी पाल मैना तनौं कछुयक करौ वखान ॥ १ ॥

जंबू भारत खेत नगर चंपापुर मांहि,
नृप अरदमन कुमार नाम श्रीपाल कहाहि ।
अति उदार अति सूर कोट वलभर भुज खज्जै,
बहु गुन कला निवास दैन्न रिपु भय गहि भज्जै ।

अंत—

वेद नयन निधि चंद राय विक्रम संवत्सर
कार्तिक पक्ष असेत त्रयोदश भृगु वासर वर ।
उत्तरा फाल्गुण नखत अर्क तुल लग्न वृछी कौ ।
मध्य समापति कियौ पढौ पढावौ सुनो नित
भावौ वारंवार नर सुर के सुख भोग कै छिप्र होउ भवपार ॥ २९ ॥

इति श्रीपाल रासौ समाप्तं । शुभ संमतसर मिती मार्गशिर्ष वदि १२ ।

लेखन—संवत १९२५ शुभवंत । लिख्यतं पंडतं कालीचरन ब्राह्मन कान (कुब्ज) जैनी नैकोलमध्ये मोहल्ला छिपैटी लिखाइ भरपाइ लिखवाई लाला गोकलचंद नै हाथरस के वासी नै पठनार्थे शुभ भवतु कल्याण मस्तु ।

प्रति—गुटकाकार । पत्र ४७ । पंक्ति ७ । अक्षर २१ । साईज ७। × ४॥ ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२२) सनि कथा । पद्य २७७ । गणपति । सं० १८२६ वसंत पंचमी बुध वागौर ।

आदि—

अथ सनि चरित्र लिख्यते ।

दूहा—

श्री वृन्दावन चंद को ध्यान गणपति धार ।
पीछे श्री सनिदेव की कहिहु कथा विस्तार ॥ १ ॥
वल्लभ सुत वीठल विरुद करे वर्णन जो कोय ।
तिह गणपति गुण मथन तें नवग्रह सम्मुख होय ॥

अंत—

ग्रन्थ उत्पत कथन

राव श्री जसवन्त, तासु सुभगां अन्तेवर
कला सिन्धु करणोत, नाम तिहि सरस कुंवरि वर ॥ ३२ ॥
विक्रम रवि सुत भ्रात, दिव्य पुस्तक लिख दीनी।
ता पर कवि गणपत्य, वित्ति सद्‌मत्ति सु चिन्ही ॥ ३३ ॥
व्रज पध्यति भाषा विमल, आपे छंद वर ह्रकित की।
विविध भांति मेटण व्यथा, कथा कथी सनी चरित्र की ॥ ३४ ॥

छप्पय

सांगावत जसवन्त, भवन अन्तेवर भारिय।
राजावत कुल रूप, ओप ईसरदा वारिय॥
अमरि कुंवरि गुण अवधि, प्रेम मति भगति परायण।
सत गुरु गणपति दास, पास से अरज सुभायण॥
आंबेर नाथ अरधंग वर, कुंदण बाई वत कही।
ता ऊपरि सनि चरित की, भूरि कथा सुंदर भई ॥ ३५ ॥

दूहा

संवत अष्टादस जु सत छावीसा वरसानि।
वसंत पंचमी बार बुध, पूरण ग्रंथ प्रमाण ॥ ३६ ॥

कवित्त

संमत सत नव दून, वरस छावीस बखानं।
बुधि सुदि माल वसंत पंचमि तिथि परमानं।
मेदपाट धर मांहि नग्र वागोर नवे निधि।
मंदिर श्री गिरिधरन रीति कुल वल्लभ की विधि
गुजंरा गौर सुग निति दुज, सुरतांन देव सुत सुरत की
कवि गणपति लीला कथी, कथा सुभग सनि चरित्र की ॥ ३७ ॥

दूहा

अमर नगर वर उदयपुर अटल कृपा इगलिंग।
पति हिन्दू चित्रकोटि पति राण तपे अडसिंघ ॥ ३८ ॥

कवित्त

श्रवण सुनि हि सनि चरित, प्रेम धारिय निज पाणी को।
पढहि कण्ठ निति पाठ, सरब दुख हरहि सदन को।
नृप दशरथ कृति तवन बहुरि विक्रम वर दायक।
धीर विदुश चिति धरहि दिव्य रिधि सिधि के दायक॥

कहि गणपति हरिजस कथन, प्रगट पुण्य बल पाजकी ।
ह्वै ता ऊमर सदी विधू कृपा व्रजराज की ॥ ३९ ॥

इति श्री सनिचरित लीलायां विक्रमादित्य अवन्तिका पुरी प्रवेश निज स्थान प्राप्ति राज्य प्राप्ति वर्णनम् पंचमो उल्लास संपूर्णम् ।

लेखन काल—१९ वीं शताब्दी ।

प्रति—(१) गुटकाकार । पत्र २६ । पंक्ति २१ । अक्षर १३ । साइज ६॥×८॥
चिपकने से कुछ पाठ नष्ट हो गया है ।

प्रति—(२) गुटकाकार । पत्र १७ । पंक्ति १६ । अक्षर २९ । साइज ७॥×५॥

विशेष—ग्रन्थ में ५ उल्लास हैं पद्य ४६—४४—१०७—४१—३९=२७७ हैं।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२३) ज्ञान दीप । पद्य ८६० । कवि जान । सं० १६८६ वैशाख कृष्णा १२ ।

आदि— अथ ज्ञान दीप ग्रथ कवि जान कृत लिख्यते

प्रथम जपवै नांव जगदीस, ज्यों प्रगटै बुधि बिसवा बीस ।
कर्ता भेद न बरने जांहि, ना कछु आवतु है बुधि मांहि ॥ १ ॥
जो कछु है धरनी आकास, रचनहार सबकौ अविनास ।
मानस आपहिं ना पहिचानत, करता की गति कैसैं जानत ॥ २ ॥

+ × ×

साहिजहां साहन मन सांह, जगपर साहिब कीयौ इलाह ।
जंबूदीप दीपनि में दीप, छहु मुगता रलवै पट सीप ॥
मानत है दूरी लौं आँन, जस प्रगट्यो जग साहि जहांन ।
साहिजहां सम आज न कोइ, पाछैं भयौ न आगें होइ ॥
जहांगीर छत्रपति है दाता, तो ऐसौ सुत दयौ विधाता ।
जाकौ दादौ साहि अकब्बर, कौंन जु जासौं करै तकब्बर ॥
खुरासाँन कों पठवै माल, रोम सांम के देहि रसाल ।
मानत हैं सातौं इकलीम, कर जोरे करिहैं तसलीम ॥
रहौ चिरंजीव कहि जांन, कोटि बरस लौं साहिजहांन ।
कक्ष मोहि बुधि कौ परवांन, साहिजहां जस करौं बखांन ॥
सुनहुं काँन दे सब ससार, ज्ञान दीप कौ करौं विचार ।
जामैं ज्ञान होइ सो मांनत, दीप ज्ञान याकों परि जानत ॥
पढ़ै याहि आवतु है ज्ञान, तातैं भाख्यौं दीपग ज्ञान ।
यामैं तो बात वह राम, सब काहू के आवै काम ॥
सुनि सुनि जगत सयानों होइ, सीखवौई जनमत ना कोइ ।

× × ×

ज्ञान दीप कवि जांन कहि, कीने हित चित लाइ।
सीखजु ग्रंथन में हुती, कथौ सकल सुखदाइ ॥

अंत—

संवत सोलह सै जु छयासी, जांन कवी यह बुधि परकासी।
तिथि बारस बदिहिं बैसाख, दस दिन मांहि सुनाई भाख ॥
बुधि परवांन सुनाई गाइ, खोर दूर करि लेहु बनाइ ॥

× × ×

सिधि निधि घर में बहु भई, आप सम्हारे काम।
राज कियौ तेसठ बरस, सुख रस सौं बहराम ॥
सुख रस सौ बहराम, जांम आठौं बीतत है।

× × ×

रूम चीन अरु मारली, बहु बिध बाढ़ी रिधि।
आप संभारे तें भई, घर में यों नौ निध सिधि ॥१॥

इति श्री कवि जांन कृत ज्ञानदीप संपूर्ण।

लेखन-काल-संवत् १८९२ मिति चैत्र सुदि १३ दिने लिखितं प्रतिरियं लक्ष्मीचंद पतिना नवहर मध्ये चिरं सखतसिंध पठनार्थे न करे।

प्रति—(१) पत्र २३। पंक्ति १५। अक्षर २४०। (जिन चरित्र सूरिज्ञान भंडार)

(२) पत्र १६। (जयचन्द्रजी भंडार)

(भ) ऐतिहासिक काव्य ग्रन्थ

(१) अमर बतीसी । पद्य ३९ । हरीदास । सं० १७०१ आसू सुदि १५ ।

आदि—

प्रथम मनाइ देवी सारदा की सैव करूं, दूसरै गणेस देव पाइ नाइ सीसजू ।
हरीदास आंन कविराइ कै पासाइ बंधि, अखिर उकति जैसी वदतु कवीसजू ।
साहि दरबारि महाराजा गजसाहि तनै, कीयौ गज गाहु कमधजन कै ईसजू ।
ताको जस जोरि कछु मेरी मति सारू कहुं, अमर बतीसी के सवईया बतीसजू । १ ।

अंत—

सत्रै सै इकोतरा, आसू पूरन मासि ।
सखी अखी सरसती, कथा कवि हरदासी । ३७ ।
अमर बत्तीसी अमर की, कही सुकवि हरदास ।
कूरिन कौ न सुहाइ है, सूरनि कै मन हास । ३८ ।
च्यारी दहथ कवित इक, सवईये प्रथम बत्तीस ।
अमर बत्तीसी के कहे, कवि रूपक सैंतीस । ३९ ।

इति श्री कवि हरदास विरचिते अमर बत्तीसी संपूर्ण ।

लेखन–काल–संवत् १७०४ वर्षे फागुण वदि ५ दिने लिखित पं० मानहर्षमुनिना दहीरवास मध्ये ।

प्रति—पत्र २ । पंक्ति १८ । अक्षर ६६ । साईज १० × ५ ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२) कवीन्द्र चन्द्रिका । सुखदेव आदि अनेक कवि ।

आदि—

श्री गनपति गुरु सारदा, तीन्यौं मानि मनाइ ।
मनसा वाचा करमणा, लिखौं कवित्त बनाइ ॥ १ ॥

कासी और प्रयाग श्री, कर की पकर मिटाइ।
सबहि को सब सुख दिये, श्री कवीन्द्र जग आइ॥ २॥
सकल देस के कविनि मिलि, कीन्हें कवित्त अपार।
श्री कवीद्र कीरति करन तिनमैं लीने सार॥ ३॥
श्री कवीन्द्र द्विज राज की लखहु चन्द्रिका ज्योति।
दुनी गुनी के दुख दहति, दिन दिन दूनी होति॥ ४॥
पहिले गोदा तीर निवासी, पाछे आइ बसे श्री कासी।
ऋग्वेदी असुलायन साखा तिनको ग्रन्थु भयो है भाषा॥ ५॥
सब विषयनि सों भयो उदास, बालपना मैं लयो सन्यास॥
उनि सब विद्या पढी पढाई, विद्यानिधि सुकवीन्द्र गुसाई। ६॥

सवैया

तीरथि सबै अन्हाइ गाइ नसताई, जाइ कीन्हों काजु आजु देखौ कैसौ सुरसरी को।
यहै सुखदेव सुर नर मुनि दस नाम धन्य धन्य कहैं जैत वार बाजी अरी को।
नवो खडं दसौं दिसि दीप दीप मैं सुजसु सोरभयो जग मैं गहै याकोनु छरी को।
कवि इन्द्र सरस्वती विद्या बुद्धि महावर करयो छुडायौ ज्यौं छुडायो कर करीको॥

अंत—

जगत सरभयो धर्म, जलपूरी रह्यो, तामैं कमल कवि इन्द्र सोहे।
भक्ति पत्र ज्ञान बीच कोस जय किंजलक सीद्ध रस मोहे।
सब को बंधन तीरथ मं, तीरथ को बंधन काव्यो सोहू सुवास उपमा कों कोहै।
श्याम राम बानी वर कहें निसि दिन प्रफुल्लित यातें जु हरि रवि जोहे॥

शुभ भूयात्। श्लोक संख्या ४२५१।

विशेष—इसमें निम्नोक्त कवियों की कविताओं का संग्रह है—सुखदेव रचित पद्य ४, नन्दलाल १, भीख २, पंडितराम १, रामचन्द्र १, कविराज ४, धर्मेश्वर २+१, कस्यापि १, हीराराम २, रघुनाथ कवि १, विश्वंभर मैथिल १, धर्मेश्वर १, शंकरोपाध्याय १, रघुनाथ की स्त्री ३, भैरव २, सीतापति त्रिपाठी पुत्र मणिकंठ २, मंगराय१, कस्यापि १२, गोपाल त्रिपाठी पुत्र मणिकंठ १, विश्वनाथ जीवन १, नाना कवि १०, चिन्तामणि १७, देवराम २, कुलमणि १, त्वरित कविराज २, गोविंद भट्ट २, जयराम ५, गोविंद २, वंशीधर १, गोपीनाथ १, यादवराम १, जगतराय १, राम कवि की स्त्री ३।

लेखन-काल—१८ वीं शताब्दी।

प्रति—पत्र १९। पंक्ति ८। अक्षर ४५ से ५०। साईज १२×५॥।

(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(२) इसकी एक अपूर्ण प्रति महिमा भक्ति जैन ज्ञान भंडार में है जिसकी प्रतिलिपि अभय जैन ग्रन्थालय में है।

(३) कायम रासा (दीवान अलिफ़खान रासा)। जान।

आदि—

रासा श्री दीवान अलिफ़खां का दोहा ॥

सिरजन हार .वखांनिहै, जिन सिरज्यौं संसार ।
खंभू गिरतर जल पवन, नर पस पंछी अपार । १ ।
एक जात ते जात बहु, कीनी है जग मांहि ।
अनंत गोत कवि जान करि, गनति आवत नांहि । २ ।
दोम महमंद उच्चरौं, जाके हित के काज।
कहत जान करतार यहु, साज्यो है सब साज । ३ ।
कहत जांन अब वरनिहैं, अलिफखांन की जात।
पिता जान बढि ना कहौं, भाखौं साची बात । ४ ।
अलिफखांनु दीवान कौं, बहुत बड़ौ है गोत ।
चाहुवान की जोडी कौं, और न जगमें होत । ५ ।
अलिफखांन के वंस मैं, भये बडे राजान ।
कहत जान कछु ये कहें, सब को करौं बखान । ६ ।

अंत—

पूत पिता को देखिकै, वाढत है अनुराग ।
कहत खान सरदारखां, कोट वरष की आग ।

इति रासा संपूर्ण ।

लेखन काल—१८ वीं शताब्दी ।

प्रति—पत्र ७० । पंक्ति १५ से १७ । अक्षर १८ । साइज ५॥। × ८॥। ।

विशेष—ग्रन्थ का नाम कवि नें लेखक के लेखानुसार "रासा दिवान अलिफखां का" रखा होगा। इसमें अलिफ़खां की पूर्व परम्परा प्रासंगिक रूप से देकर अलिफ़खां का विस्तार से वर्णन है। और जैसा कि ग्रन्थ के मध्य के निम्नोक्त दोहे से स्पष्ट है ग्रन्थ सं० १६९१ में समाप्त कर दिया गया था पर कवि उसके बाद भी लम्बे अरसे तक जीवित रहा अतः पीछे के वंशजों का भी हाल देना उचित समझ कर उसने पीछे का हिस्सा रच कर ग्रन्थ की पूर्त्ति की।

यथा—

सोरह सै इक्यानुवें, ग्रन्थ क्यौ इहु जांन ।
कवित पुरातंन में सुन्यो, तिह विध कर्यो वखान ।

पूर्ति—

दौलतखां दीवन कौं, अब हौं करौं बखांन।
तेग त्याग निकलंक है, जानत सकल जिहान।

जान कवि बहुत बड़ा कवि होगया है । इसके ७० ग्रन्थों का संग्रह हिन्दुस्तानी एकेडमी, प्रयाग, के संग्रहालय में पहुँचा हैं।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(४) जसवन्त उद्योत (जसवन्त विलास) पद्य ७२० । दलपति मिश्र ।
सं० १७०५ आषाढ सुदी ३ । जहांनाबाद ।

आदि—

अथ महाराजाधिराज महाराजा श्री जसवन्तसिंहजी को ग्रन्थ मिश्र दलपति कौ कह्यौ लिख्यते ।

दोहा

प्रथम मंगला चरन, देव चरन चित्त लाइ ।
गनपति गिरा गिरीस की, विनती कही बनाइ ॥ १ ॥

× × ×

अथ कवि वंस वर्णनं—

अकबरपुर अनुपम सहरु, बसै सुरसरी तीर ।
चारों वर्ण रहैं जहां, धर्म धुरंधर धीर ॥ ५ ॥
दीप मिश्र माथुर तिहां, सदा कर्म बट लीन ।
साधु सिरोमणि शील निधि, पंडित परम प्रवीन ॥ ६ ॥
तिन पुनि राम नरेस ढिग, कियौ कछु दिन बासु ।
पाठे नृप कौविद धरनि, जगमगातु जसु आसु ॥ ७ ॥
सदाचार गुन गन निपुन, तासु तनय सिवराम ।
तिनके सुत तुलसी भए, सकल धरम के धाम ॥ ८ ॥
तुलसी सुत दलपति सु कवि, सकल देव द्विज दासु ।
तिन वरन्यौ बल बुद्धि सौं, श्री जसवन्त बिलासु ॥ ९ ॥
पांच अधिक सत्रह सई, संबत को परिमांनु ।
ग्रीष्म रीति आषाढ़ सुदि, तीज वारु हिम भानु ॥१०॥
नगर जहांनाबाद जहां, रच्चै चकतां भूप ।
तहां दलपति जसवन्त की, पोथी रची अनूप ॥११॥
नगर जहांनाबाद कौ, वरनन कर्यौ बनाइ ।
जहां नृपति जसवन्त कहं, मिल्यौ कवीसुर आइ ॥१२॥

अन्त—

जो जसवन्त उदोत कहँ, सुनै श्रवन चितु लाइ।
तिहि मानौं हरिवंश की, पोथी सुनी बनाइ ॥१८॥
कछुक वंस वरण्यो प्रथ (म) विष्नु पुरानहि मांनि।
करनि साठि नरिन्द की, वरनी लोक कथांनि ॥१९॥
लोक वेद बुधि जन सकल, कहत एकही रीति।
यह विचारि या ग्रन्थ महँ, मानहु परम प्रतीति ॥२०॥

इति श्री तुलसीरांम सुत दलपति कवि विरचते जसवन्त उदोते वंसावली प्रकरनो संपूर्ण । शुभं भवतु । श्री ।

लेखनकाल—सं० १७४१ रा मागिसिर व० १४ वार भोम दिने लिखंते मेड़ता नगर मध्ये लिखतं चूरा महीधर पोथी व्रा० चूरा महीधर छै शुंभ भवतु।

प्रति—पत्र ४० । पंक्ति २७ से २९ । अक्षर २४ । साईज़ ७×९॥

विशेष—ग्रन्थ ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्त्व का है।

(अनूप संस्कृत लायब्रेरी)

(५) दिल्ली-राज वंशावलि । पद्य ११९ । कल्ह । (जहांगीर के राज्य में)

आदि—

इकवार होइ प्रसूत नारी, कृपा राखी ईस ।
पाप को नाम न जाणीयइ, तह पुन्य विश्वे वीस ।
राजान ब्राह्मण अवर कोइ, करइ नाही रीस ।
राजान हूवइ सूरवंसी, पृथ्वी मांहि पृथीस ।

अन्त—

तौरे गगण अखरत चंद सरस संवच्छर जायो ।
आदित वार कहैं कल्ह कातिक वदि प्रतिपदा ।
सधर ध्रुव जोग जांणि धुअ पंजाब को मुगर ।
नगर लाहोर कोट थिर नृप जांहगीर साह अकबर सुतन ।
साह हमाऊ वंस वर जहांगीर महमद को सुजस आणंद कर ॥ १९ ॥

इति वंसावली संपूर्ण ।

लेखन-काल—पं० दानचंद्र लिखितं श्री नवलखी ग्रामे सं० १७३९ व० कार्तिक वदि ३ दिने ।

(बृहद् ज्ञान भण्डार, प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(६) दिल्ली राज-वंशावली । किशनदास । औरंगजेब के राज्य में ।

आदि—

ॐ नमः । अथ राजावली लिख्यते ॥

ॐकार का ध्यान लगाओ, शिव सुत चरन आनि मन लावौ ।
समरै आदि भवानी भाई, गुरु किरपा तै या बुद्धि पाई ।
दिल्ली पति जो राजा भए, तिन भूपति के नामु गिनए ।
प्रथ में कृत युग हरि प्रगटीया, चारि अवतारि वपु धरि आया ॥

अंत—

औरंग जेब साह आलमगीर सम जग सिरताज ।
निस वज्या डंका धर्म का, त्रय लोक में अवाज ।
कवि महाराजा जु भनै, किशनदास करै आसीस ।
तुम राज सुथिर करौ जुग जुग लाख बीस पचीस ।
यथा जुगतै बुद्धि आही, तथा अछर कीन ।
जहां दीन होइ सो सवारि पजो दोष मुझै न दीन ।

विशेष—इस ग्रन्थ में द्वापुर युग सोमवंश वर्णन से लगाकर अकबर तक का वर्णन उपरोक्त कल्ह रचित वंशावली से ज्यों का त्यों उठाकर रख दिया गया है ।

(बृहद् ज्ञान भंडार, प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(७) दीवान अलिफखां की पैड़ी । जान कवि ।

आदि—

श्री अलिफ खां कीपैड़ी लिखते ।

पहलैं अल्लाह सुमिरिये, जिन्ह सुभर उपाया ।
बौल जिलांवण कारणैं, रक्खै नहीं काया ।
मांणस दै सारै नहीं, सो कर सुभाया ।
सोई जिन्ते जांन कहि, जिस वोड खुदाया ।

अन्त—

सोलहसै इकईस मैं जनमे दीवाणा ।
कीये उजले क्यामखां चक्वैं चौहाणा ।
संवत हुवा तियासिया लेखै परवाण ।
वैकुंठ पहुंचे अलिफ खां छडु दीया जांण ।

इति श्री दीवांन अलिखां जी की पैड़ी संपूर्ण । समाप्ता ।

लेखन—अथ सं (व) त १७१६ मिती कातिक वदि ११ सनीसर वार ता० २३ महुरंम सं० १०७० लिखिइतं पठनार्थ फतैहचंद लिखतं भीखा।

प्रति—पत्र १४। पंक्ति १५-१६। अक्षर १५। साइज़ ५॥।×८॥।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(९) पंवार वंश दर्पण। पद्य ३०। दयालदास सिंढाय।

आदि —

वीणा धारद कर विमल, भव नारद सुरभाय।
हंसारूढ दारद हरो, शारद करो सहाय ॥१॥
धार उजयनी के अधिप, जिनह वीर वर जान।
कहूँ सार आचार कृत, वंश पंवार वखान ॥२॥

अन्त—

अनल कुंड उत्पन्न कोप खत्रिय वशिष्ट किय।
अरवुद धार उजीय देव सुरथान राज दिय।
पिंड शत्रुन किय प्रलय, कोम परमार कहाये।
पुनि वाराह पुराण गिरा श्रुति व्यास जु गाये।
जिण कुल अजीत लोभी, सुजस सुभट सिद्ध अवसा० रो।
अनकूल विरद परियां हता खाटण सुजस खुमाण रो।२५।

लेखन—इति श्री परमार वंश दर्पण सि (ढा) पच दयालुदास खेतसीयोत गांव कुविये के निवासी ने वनाय संपूर्ण हुआ। ठाकुरा राज श्री अजीतसिंहजी खुमाणसिंहोत गांव नारसैर ठाकुरों की आज्ञा से वनाया। पंवारों की पीड़िया एक सौ वतीस की उदारता वीरता का वर्णन कीया मिति पोष कृष्ण ३ संवत् १९२१ का (इसके बाद विस्तृत नामावलि है)

विशेष—इसमें २५ छप्पय और ५० दोहे हैं।

(भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना, प्रतिलिपि-अभय जैन ग्रन्थालय)

(ञ) नगर-वर्णन

(१) आगरा गजल । पद्य ९४ । लक्ष्मीचंद । सं० १७८० आषाढ़ शुक्ला १३ ।

आदि—

सरसती मात सुभावनी क, देहो दास कुं जानी क ।
अकबराबाद की टुक आज, उतपति कहत है कविराज ॥१॥
अकबर साहजी गुणधाम, रमते निकले इह ठाम ।
इहांइ एक देखया खासा क, अकबर साह तमासा क ॥२ ।
गीदर सेर कुं झीले क, ढाढे पातिसाह भाले क ।
इजरत लोक कुं ऐसी क, पूछे बात ऐसे की क ॥३॥

अन्त —

अकबराबाद है ऐसा क, लखियै इन्द्रपुर तैसा क ।
सब गुन सहर है भरपूर, देखत जात है दुख दूर ॥९१॥
जबलग गगन अरु इंदाक, पृथवी सूर गन चंदाक ।
सुवसो तब लगै पुर एह, सहर आगरा गुन गेह ॥९२॥
सवत सतरै सै असी क्या क, आषाढ़ मास चित वसियाक ।
सुदि पख तेरमी तारीख, कीनी गजल धुए बारीक ॥९३॥
अपनी बुद्धि के सारुक, कीनी गजल ए धारुक ।
लखमी करत है अरदास, नित प्रति कीजिये सुबिलास ॥९४॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(२) आबू शैल री गजल । पद्य ६५ । पनजीसुत चेलो । सं० १९०९ वैसाख वदी तीज ।

आदि—

ब्रह्म सुता पद धीनवुं, मन गणराज भनाय ।
शोभा आबू शैल की, वरणूं उक्ति बणाय ॥ १ ॥

अंत—

> सीधो करण नाइ साथ, भैरो जगू दोनुं भ्रात।
> सत उगणीस नौ की साख, वदि पख लाग तौ वैसाख ॥ ६३ ॥
> राजी रहै सारा रीझ, तापर करी आखा तीज।
> जिलीयो गाम रतनूं जात, पनजी सुतन चेलो पात ॥ ६३ ॥

(प्रतिलिपि—अभ यजैन ग्रन्थालय)

(३) इन्दौर वर्णन।

आदि—

> सकल गुणै करि सोहतो, सकल देश सिरदार।
> अति इंदोर उद्योत है, सब जाणत संसार ॥ १ ॥

छंद पद्धड़ी

> सब सिरै सहर इंदौर साच, वर्णवुं गुनह तिनके जु वाच।
> जिण नगर मांहि धनवान जाण, वलि बुद्धि सुद्धि बलवंत वखाण ॥ १ ॥

अंत—

> नगर सांध वरण्या सहु, चितधर अतिही चूंप
> अब वर्णन हासी करुं माजव री सुख दाय ॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(४) उदयपुर गजल। पद्य ८०। यति खेतल। सं० १७५७ मार्गशीर्ष।

आदि—

> जपूं आदि इकलिंगजी, नाथ दुवारै नाथ।
> गुण उदयापुर गावतां, सतां करो सनाथ ॥ १ ॥
> सघन अंब गिरिवर सघन, सिखर रमै सुर राय।
> राठ सेन सुप्रसन रही, प्रथम नमंता पाय ॥ २ ॥
> आंबेरी उमया रमन, भुवाणै भोलानाथ।
> रतन पुर हणमंत रिधु, सो सुप्रसन्न सनाथ ॥ ३ ॥

अंत—

> खर तर जती कवि खेताक, आखै मौज सुं एताक।
> राणा अमर कायम राज, लायक सुन जस मुखलाज । ७८ ॥
> लायक जस मुख लाज, सुनहु तारीफ सहर की।
> गुनियन सुन के गजल, निजर कर नेक मेहर की।

फतै जु गरुर फजर, रिधु अमरसिंह जू राना
उदयापुर जु अनूप, अजब कायम कमठाना
वाडी तलाव गिर बाग बन, चक्रवत्ति ढलै चमर
अन भंग जंग कीरत अमर, अमरसिंह जुग जुग अमर ॥ ७९ ॥

संवत सतरै सतावन, मिगसर मास धुर पख धन्न ।
कीन्ही गजल कौतुक काज, लायक सुणतसु सुख लाज॥ ८० ॥

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी ।

प्रति—पत्र ३ । पंक्ति १६ । अक्षर ४७ । साईज ९॥ × ४॥ ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(५) कापरड़ा गजल- पद्य ३१ । यति गुलाबविजय । संवत १८७२ चैत्र कृष्णा ३।

आदि—

सरस्वती पाय प्रणमुं सदा, रिद्धि सिद्धि नित देय ।
दुःख विनाशन सुख करण, अविरल वाणी देय ॥ १ ॥
देश चिहुं दिसि दीपतो, सदा सुरंगो देश ।
तिहं कापरड़ों वर्णवु, भैरुं वर्ण विशेष ॥ २ ॥
गजल करुं गोरातणी, सुणता उपजै स्नेह ।
बालक बुद्धि वधारबा, अकल ऊपजै एह ॥ ३ ॥
ज्ञानी ध्यानी बहु गुणी, पाखंड रहै न कोय ।
इण खंडे जन पुर अधिक, रंग रली घर होय ॥ ४ ॥

अंत—

संवत अठारह जाणुंक, वरस बहुंत्तर आणुक ।
चैत्र मास है चंगा, वद पख तीज दिन रंगा ॥ २९ ॥
तपा गच्छ यति है गुलाब, किया इस गजल का जाब ।
जिसने कहिये कैसीक, आंखियो देखी ऐसीक ॥ ३० ॥

निजरी

बावन वीर सधीर वार चामुंड माई, राज कली रस मंड भाटी वर सुभ सवाई ।
माम नृपति महाराज आज अधिक यश गाजै, कापरड़े कमधज खुशालसिंह नित राजै ॥

(प्रतिलिपि--अभय जैन ग्रन्थालय)

(६) गिरनार गजल । यति कल्याण । सं० १८३८ माह वदि २ ।

आदि—

दोहा

वर दे मात वागेसरी, गजल कहुं गुण खाण ।
जबर जंग है जीर्ण गढ, वाचा तास बखाण ॥ १ ॥
महबत खान महीपति, रघु विराजै राज
गय थट्ट हय थट्ट गाजता, सब ही सारे साज ॥ २ ॥
सकल लोक आगै खड़ा, बाबी के दरबार ।
सत विराजे अमर छव, दिन दिन दे दैकार ॥ ३ ॥

॥ गजल ॥

दिन दिन होत है दैकार, गिरवर गाजते गिरनार
दामोदर कुंड है सुख दाय, करतां स्नान पातक जाय ॥ १ ॥
देवल ऊच है धज दंड, नीचे खूब खेती कुंड ।
भवेसर नाथ संचू देव, सारत लोक जाकी हेव ॥ २ ॥

अन्त—

अैसी नारियां अलेख, उपमा कहीं ऐसी देख ।
संवत अढार अड़तीसैक, महा वदि बीज कै दिवसैक ॥ ५१ ॥
कीनी यात्रा गढ गिरनार, कहताग जल अति सुखकार ।
धर के अखर भेज सौभार, गढ पुवणमो गिरनार ॥ ५३ ॥
खरतर जती है सुप्रमाण, कवि युं कहत है कल्याण

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(७) गिरनार जूनागढ वर्णन । मनरूप विजय ।

आदि—

वरणूं अबहि सोरठ वखान, रीझै जु सुनहि सब राव रान ।
गिरनार जिहां तीरथ गजेन्द्र, वंदै जु सुरहिं इंद्राणी इंद्र ॥ १ ॥

अंत—

जूनोगढ जग येष्ट, श्रेष्ट वानी तिहां सोहै ।
दल सब्बल दईवान, मन्त्र जन देखत मोहै ॥
श्रावक जिहां सुखकार पार जिनका कुन पावै ।
धरम करत धमवंत, गुणह बद बड़े जु गावै ॥

तिण देश तीर्थ शत्रुंज शिखर, बले गिरनार बखाणिये।
मनरूपविजय कवि कहै मरद, अवस सोरठ चित आणियें ॥ १ ॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(८) चित्तौड़ गजल। पद्य ५६। यति खेतल। सं० १७४८ श्रावण वदि १२।

आदि—

दोहा

चरण चतुरभुज धारि चित, अरु ठीक करो मन ठौर
चौरासी गढ चक्कवइ चावो गढ चित्तौड़॥ १ ॥

गजल

गढ चित्तौड़ है बंका कि, मानु समंद मैं लंका कि।
विडइ पूरत लहलवनी, अरु गंभीर तीर रहति कि ॥ २ ॥
अला दैति अल्लावदिन, बंधी पुल बडी पदवीन
गैबी पीर है गाजी कि, अकबर अवलियौ राजी कि ॥ ३ ॥

अंत—

खरतर जती कवि खेताक, आखै मौज सुं एताक।
संवत सतरैसै अड़ताल, सावण मास ऋतु वरसाल :
वदि पख वाखी तेरी कि, कीनी गजल पढियो ठीकि ॥ ५५ ॥

कलश

पढ़ो ठीक बारीक सुं पंडिताणे जिन्हां रीत संगीत की ठीक पाई
च्यारुं कूट मालुम चित्तौड़ चावा जिहां चंडिका पीठ चामुण्ड माई।
झीली वावसै झीकतें झरणारे झीगरी झीठ दरखत जोइ भीडं
कहै कवि खेतल युं कहे वितारे गजल चित्तौड़ की खूब बणाई ॥

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी।

प्रति—पत्र २। पंक्ति १७। अक्षर ४७। साईज १०×८।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(९) जोधपुर वर्णन गजल। गुलाब विजय। सं० १९०१ पौष कृष्ण १०।

आदि—

समरूं मन शुद्ध शारदा, प्रणमुं श्री गुरू पाय।
महिपल मैं महिमा निलो, मरुधर है सुखदाय ॥ १ ॥
तिण देसै जोधाणपुर, दिन दिन चढतै दाव।
सकऊ लोक सुखिया वसै, राज करत हिन्दु राव ॥ २ ॥

गजल

जोधहि नगर है कैसाक, मानु इन्द्रपुर जैसाक ।
कहियै सोभ तिन केतीक, अपनी बुध है जेतीक ॥ १ ॥

अन्त—

पोसह मास वलि वदि पक्ष, दसमी तिथह भृगु परतक्ष ।
खमजो सुकवि चित्त हि लाय, बालक रीत कीनी धाय ॥ १०२ ॥

लेखन—सं १९०१ री गजल जोधपुर री है पं० नान विजय पं० गुलाब विजयजी कृत।

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(१०) जोधपुर नगर वर्णन गजल । पद्य ४९। हेम। सं० १८६६ कार्तिक सुद १५।

आदि—

दोहा

समरूं गणपत सारदा, धरूं ध्यान चित्त धार ।
जपूं गजल जोधाण की, निपट सुणो नर नार ॥१॥

× × ×

मुरधर देश है मोटाक, तिहां नहीं काहे का तोटाक ।
जिसमें शहर है जोधान, वर्णूं ताहि मिष्ट ही वान ।२॥

अन्त—

वली अठार छासठ वर्ष, हिकमत करी काती हर्ष ।
निपट ही पूर्णिमा तिथ नीक, ठावी गजल कीनी ठीक ॥ ४६ ॥
तप गच्छ गच्छ में सिरताज, विधु जिणंद सूरही राज ।
मुनि वर नेम अही में मौड, कहै कवि शिष्य हेम कर जोड़ ॥ ४७ ॥

कवित्त

योधनयर जगजाणं इन्द्रपुर ही सम ओपत ।
बाजत बज्ज छत्तीस निरय उच्छव कर नरपति ।
राज ऋद्ध बड़ रीत प्रीत नर नार रुपेखो ।
अही सूर चंद अडिग दुनी धाड नर थे देखो ।
धाह जी वाह ओपम वडिम मनुष्य घणा सुख माण री ।
कवि दिह जिसड़ी कही जग शोभा जोधाण री ॥ ४७ ॥

(प्रतिलिपि—अभयजैन ग्रन्थालय)

(११) जोधपुर वर्णन गजल

आदि—

सारद गणपति शिर नयुं, निश्चै इक चित्त होय।
गढ जोधाणो वर्णवुं, मोटी बुद्धि द्यो मोय ॥ १ ॥
सबही गढां शिरोमणि, अतिही ऊँचो जाण।
अनड़ पहाड़ां ऊपरै, जालम गढ जोधाण ॥ २ ॥
राज करै राठौड़ वा, श्री मानसिंह महाराज।
अटल आण वरतै अखंड, इसड़ो अवर न आज ॥४॥

गढ जोधाण अति मारीक, जाणै धरा जुग सारीक।
जब्बर कोट पक्का जोर, जाके जोड़ नावै और ॥१॥

(त्रुटित प्रति—अभय जैन ग्रन्थालय)

(१२) झींगोर गजल। जटमल नाहर।

आदि—

झींगोर कोटां खूब देखी नारी एक सुनार की।
मन लाइ साहिब आप सिरजी पत सिरजण हार की।
मुख चंद मुंह निसाण चाढे नैन घासी सार की।
अलि मस्ति आछो नाजि नखरा कली जान अनार की।

अन्त -

कर ओट गूंघट को विराजै, सबल फोज विठार की।
बहु खूब खूबाँ खूब सोभा खूब छबि गुलजार की।
बनी अजब महिमा, अजब सोभा नौंस सिंघार की।
मुख जटमल सिपत कीनी, कामनी किरतार की।

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(१३) डीसा गजल। पद्य १२१। देवहर्ष।

आदि—

चरण कमल गुरु लाय चित्त, गजल करुं सुखदाय।
कै प्रदद्ति बोधी किया, विपुल सुज्ञान बताय ॥ १ ॥
बीन डरदेश कथीर जुं, पहिर खुशी नहीं होय।
हीरा मणि माणक सही, लीला कवि जन लोय ॥ २ ॥
घ (घ !)र नीली धाणधार में, गुणीयल नर शुभ गाम।
नग फण रस कस नीपजै, धवल नवल सुख धाम ॥ ३ ॥

जपुं सिद्ध दीसा धणी गोला सुजस गढ सूर ।
धानेरा गढ सम श्रण जैथी जालिम नूर ॥ ४ ॥
सकल लोक सेवा करै, प्रबल विहार पठाण ।
रीधू विराजै राज ऋद्ध, दिली पत दीवाण ॥ ५ ।

कलश छप्पय कवित्त

अन्त—

सुणता मंगल माल देव कुशल गुरु वाँछित दाता ।
चुगली चोर मदचूर सदा सुख आपै साता ।
चन्द्र गच्छ सिरचंद गुरु जिणहर्ष सूरीसर गाजै ।
प्रतपी द्रूप जिम पुर भज्या सब दालिद्र भाजै । १२० ॥
पुण्य सुजस कीधो प्रगट, जिहा सिद्ध अंबा माता धणी
कवि देवहर्ष मुख थी कहै, दीयै सुजस लीला धणी ॥ १ ॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(१४) नागौर वर्णन गजल । ८३ पद्य । मनरूप । सं० १८६२ ।

आदि—

मरु धर देश है मोटा क, अनधन का जु नहीं तोटा क ।
जिस में शहर के तै जोर, निपट ही अधिक है नागोर ॥ १ ॥
महीपति मानसिंह महाराज, सबही भूप का सिरताज ।
खग बल प्रबल अरियण खेस, डंड ही भरै दसही देस ॥ २ ॥

अंतः—

गुम है अधिक करो कुन गाय, पंडित षढै पार न पाय ।
भविजन सुणै रीझै भूप, महिमा कही कवि मनरूप ॥ ८२ ॥

कवित्त

गजल सुणौ जे गुणी भली तिनके मन भावै
सुणै राव राजान, उमंग तिनके चित्त आवै ।
पंडित सुणै प्रवीण हरख उपजै हिय उलहसै ।
अवर सुणै नर नार, बड़े चित्त माया विलसै ।
नग रतन सहर नागौर है कहो कीरत केती करों ।
कूड नहीं जाण तिलमात कथ, निरख दाद देज्यो नरा ॥ ८३ ॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(१५) पाटण गजल । पद्य १४५ । कर्त्ता देवहर्ष । सं० १८५९ फागुन ।

आदि—

सरस वचन द्यो सरसती, पामी सु गुरु पसाय ।
विघन व्याधि भवभय हरण, विमल ज्ञान वर दय ॥ १ ॥
परम बुध परगट कवि, अर्णव जिम गंभीर ।
मेरी बुध अति मंद है, ज्यूं छीलर सरनीर ॥ २ ॥
खरी धरा नव खंड में, सतर सहस्स गुजरात ।
संखलपुर राणीश्वरी, मोटो वेध मात ॥ ३ ॥
धर धीली मंदिर धवल, अक्षय लाछि अलक्ष्य ।
सर्व लोक सुखिया वसै, खूबी करै खलक्ष्य ॥ ४ ॥
रथ पायक हय गय घणा, दिन दिन चढते दाव ।
गायक वाल गाजै गुहिर, राज करै हिन्दू राव ॥ ५ ॥

अन्त—

सखी मिल करत बयणं रसाल, अ घर कर होय नीहाल
संवत अठार उणसठ वरस, फागण वाणी सु दिखी सरस ॥ १४४ ॥
गाइ गजल गुणस लाक, खोल्या सुजस का तालाक
धरके अक्षर मन सुभ ध्यान, सुनतां होव नित कल्याण ॥ १४५ ॥

कलश कवित्त छप्पय

सुणतां नित कल्याण, दूरे दुख दालिद्र दूरै ।
प्रणमो सद्गुरु पाय, सदा मन वांछित पूरै ॥
खरतर गच्छ सिर ताज, श्री जिन हर्ष सूरि गुरु राजै ।
सेवै पवन छत्तीस, गच्छ सगलां सिर गाजै ॥
पाटण जस कीधौ प्रगट, जिहाँ पंचासर त्रिभुवन धणी ।
कवि देवहर्ष मुखथी रटै, कुशल रंग लीछा घणी ॥ १ ॥

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी ।

प्रति—पत्र ६ । पंक्ति १४ । अक्षर ४५ । साइज १० । × ४

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१६) पाली नगर वर्णन (कवित्त ढालादि में)

आदि—

पाली नगर सुहामणों, देख्यां आवै दाय ।
वर्णन ताको अब वदूं, सामण करत सहाय ॥ १ ॥

अन्त—

आण वहै जिननी सदा रे, प्रमुदित मन ससनेह।
नाम जपै श्री पूज्या नो रे, ज्यूं बावैया मेह ॥ २ ॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(१७) पूरब देश वर्णन। पद्य १३३। ज्ञानसागर (नारण)।

आदि—

कोई मैं देख्या देश विशेषा, नतिरे अब का सब ही में।
जिह रूप न रेखा नारी पुरूषा, फिर फिर देख्या नगरी में ॥
जिहाँ काणी चुचरी अधरी वधरी, लगुरी पंगुरी हूवै काई।
पूरब मति जाज्यो, पच्छि जाज्यो, दक्षिण उत्तर हे भाई ॥ १ ॥

अन्त—

घणुं घणुं क्या कहुं, कह्यो मैं किंचित कोई।
सब दीठौ सब लहै, देश दीठौ नहीं जोई॥
जाणी जेती बात, तिती मैं प्रगट कहाणी।
झूठी कथ नहीं कथी, कही है साच कहाणी।
पिण रहित हूँ इक वात री, तन सुख चाहै देहधर।
नारण घरी अरू क्या पहर, रहे नहीं सो सुघड़ नर ॥ १३३ ॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(१८) पोरबन्दर (सोरठ देश) वर्णन। पद्य २६। मनरूप

आदि—

तिण देश पुरहविंदर प्रसिद्ध, वर्ण वूं ताहि शुन सुन विशुद्ध।
कीरति ताहि की सुनहुं कान, अलका पुरी जूं ओपम जुं आन ॥ १ ॥

अन्त—

पुरविंदर है प्रसिद्ध, सारां विंदर में सिर हर।
जिन प्रसाद जिन बिंब, नित्य पूजै तिहां वड नर ॥
गच्छ पति महिमा घणी, करै नरनारी उमंग कर।
सुणै सूत्र सिद्धान्त, धरम मग अथग हियै धर ॥
शत्रुंज भेंट गिरनार सह, रीत धम खरचै जु रिद्ध।
कव मनरूप महिमा उरै, पुर विंदर दीठौ प्रसिद्ध ॥ २६ ॥

(प्रतिलिपि—अभय जैनग्रन्थालय)

(१९) वीकानेर गजल । उदयचन्द्र यति । सं० १७६५ चैत्र ।

आदि—

शारद मन समरूं सदा, प्रणमुं सद्गुरु पाय ।
महियल में महिमानिलो, सन जन कुं सुखदाय ।। १ ।।
वसुधा मांहे वीकपुर, दिन दिन चढते दाव ।
सर्व लोक सुखिया वसै, राज करै हिन्दु राव । २ ।।
पर दुख भंजनरिपु दलन, सकल शास्त्र विध जाण ।
अभिनव इन्द्र अनूपसुत, श्री महाराज सुजाण ।। ३ ।।
बांकी धर गढ बंकड़े, रिपु दल कीना जेर ।
चावो च्यारे चक में, निरख्यों वीकानेर ।। ४ ।।

अन्त—

झूलणा

संवत सतर पैंसठ रे मास, चैत्र में गजल पूरी कीनी ।
माता शारदा के सुपसाइ सुं रे, मुझै खूब करण की मति दीनी ।।
वीकानेर सहिर अजब है च्यारुं, चक में ताकी प्रसिद्ध दीनी ।
उदैचन्द आनन्द सुं युं कहै रे, चतुर मानस के चितमाहि लीनी ।।
चावो च्यारे चकमें नवखण्ड मे रे, प्रसिद्ध बण्यो वीकानेर बाइ ।
छत्रपति सुजाण सा जुग जुग जीवो, ताके राज्य में बाजते नौबत थाइ ।।
मनसुं खूब वणाई कै रे सू सुणाइ के लोक सुवास पाइ ।
कविचन्द आणंद सुं यु कहै रे गृ धूं धूं धूं धूं खूब गजल गाइ ।।

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी ।
प्रति—पत्र ६ । पंक्ति १३ । अक्षर २५ । साइज ५ × ३।।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२०) वड़ोदरा गजल । दीप विजय । सं० १८५२ मार्ग शीर्ष शुक्ल १ शनिवार

आदि—

वटप्रद (पद्र) क्षेत्र है वीराक, लटणी बहुत है नीगाक ।
फिरती गिरद दो कोशांक, क्यों रहैं शत्रु की हौंसांक ॥
आगुंराव दामाजीक, जैसा न्याय रामादिक ।
गोला न्याल सै सन्म्याक, किल्ला तेतना बंम्याक ॥

अन्त—

कलश सवैया—

पूरण किद्ध गजल अवल्ल अढार सै बावन चित्त उल्लासें ।
शनिवर वार मृगशिर तिथि प्रतिपद पक्ष उजासें ॥

उदयो तखे थाट उदय सूरि पाटह लक्ष्मी सूरि जिम भान आकाशें।
प्रमेय रत्न समान वरनन सेवक दीपविजय इम भासें ॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(२१) बंगाला की गजल। यति निहाल।

आदि—

दोहा

श्री सदगुरु शरद प्रणमो, गवरी पुत्र मनाय।
गजल बंगाल देश की, कहूं सरस बनाय ॥

गजल

अवल देश बंगाला कि, नदियां बहुत है नालाकि।
संकड़ी गली है वहां जोर, जंगल खूब घिरे चहुं ओर ॥
नवलख कामरू इक द्वार, दस्तक बिना नहीं पैसार।
बांए हाथ बहनी गंग, दक्षिण ओर परवत तुंग ॥

अन्त -

रेखता

यारो देश बंगाला खूब है रे जिहां बहत भागिरथी आप गंगा।
जिहां सिखरसमेत पर नाथ पारस प्रभु झाडखंडी महादेव चंगा ।।
नगर पचेट में रघुनाथ का बड़ा न्हाण है गंगा सागर सुसंगा।
देश उड़ीसा जगन्नाथ अरु वा कुंड के न्हात सुध होत अंगा ॥

दोहा

गजल बंगाला देश की भाषित जती निहाल।
मूरख के मन मां बसै, पंडित होत खुश्याल ॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(२२) भावनगर वर्णन गजल। पद्य ३२। भक्ति विजय। सं० १८६६ कार्तिक पूर्णिमा।

आदि—

आश्वंनाथ प्रणमी करी, धरूं ध्यान शुभ ध्याय।
भावनगर भेदह भणूं, सहु नर नारी सुहाय ।। १ ।।

अन्त—

गजल

गुज्जर धरह गुण केसाक, जो ज्यों सकर पय जैसाक्।
तिनकी सिफल कवि कहै ताम, नव खण्ड मांहे तिन का नाम ।।१।।

अन्त—

संवत् अठार छासठ साच बलि तिहाँ मास कातक वाच ।
पूनम सकल को दिन देख, वदो है गजल भाव विशेष ॥११॥
तप गच्छ धणी हालावंत, विजै जिन्द्रसूरि शोभंत ॥
सेवक भक्तिविजय कर सेव, पढी है गजल पूज पंच देव ॥१२॥

(प्रतिलिपि —अभय जैन ग्रन्थालय

(२३) भावनगर वर्णन । पद्य २५ । हेम । सं० १८६६ कातिक पूर्णिमा ।

आदि—

पंच देव प्रणमुं प्रथम, ऋषभ संत वड़ रीत ।
नेम पार्श्व बर्द्धमान नित, पाय धरू चित प्रीत ॥१॥
गुण गाऊँ गुज्जर धरा भावनगर भल मंत ।
राजे सुण गुण राजवी, सुण रीझे सुण संत ॥२॥

छन्द त्रोटक

गहिरो अत देश गुज्जारयं निभ्रम प्रह्यांजु नारी नरंय ।
घणी ऋद्धि वृद्धि जिये घर में, धरे चित्त सुवत्त दया धरमे ॥१॥
पंडित नेम गुरु के पसाव, मन शिष्य हेम उज्जल सुभाव ।
सुन कै जु रीझै नर सशान, वाह जू वाह वदइ महीवान ॥२४॥

दोहा

संवत अठारह छासठै पूनम कार्तिक पेख ।
भावनगर का गुण भला, बरण्या कवि विशेष ॥

(प्रतिलिपि— अभय जैन ग्रन्थालय)

(२४) मंगलोर (सोरठ) वर्णन ।

आदि—

नाभि नन्द कुं नमन कर, संत नेम सुखकार ।
पार्श्ववीर पाय प्रणमतां प्राणी उतरै पार ॥

छन्द पद्धरी

मंगलोर सहर मोटे मंडाण, उपात जगत मांह कैलास जाण ।
पहलो जु कोट अतही प्रचंड, नहीं इसौ अवरन वही जु खंड ॥१॥

अन्त—

तरुण तेज गच्छ तपै, विजय जिनेन्द्र सूरीश्वर ।
ज्ञानवंत गम्भीर, नमै सहू को नारी नर ॥

योग अष्ठ विध जाण. वाण अमृत सत वदियत ।
संग सकल मिल सदा, निज उच्छव करते नित ॥
देश परदेश मांहे दीपत, जीरत अष्ट कर्मह अरी ।
कीरत सत गच्छ पति तणो, कव जोद्धण सैह रह करी ।।१४।

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(२५) मरोट गजल । यति दुर्गादास । सं० १७६५ पौष कृष्ण ५ ।

आदि—

सम्मत सतरै पैंसठैं, पोह वदि पांचम्म ।
श्री गुर सरसती सानिधै गजल करी गुण रम्य ।।१।।
गुणीयल ग्राहक हुसी, खलह हुसी कोई खोट ।
तुरस कही दुरगेस मुनि, किले कोट मरोट ।।२।।

अन्त—

जब जग आग नाही करी, तब लग कोट नींव खरी ।
औसा कोट बरणाव, चित मैं चूप धरता चाव ॥
आग्रह दीपचन्द उल्हास कहता जती यूँ दुरगादास ।
सुण है दीजियो स्याबास गजल खूब कीनी रास ॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(२६) मेड़ता वर्णन गजल । पद्य ४८ । मनरूप । सं० १८६५ का सु० १५ ।

आदि—

मरूधर देश अति मोटाक, नित नित फबै नव कोटाक ।
तिनही देश की सुन तांम, निज ही कीर्ति नव खण्ड नाम ॥

अंत—

सम्वत अठारह पैंसट* साच, वलि सुद मास कार्तिक वाच ।
पखही सुकक्ष पुनम पेख, दाखी गजल कवि जन देख ।।४६।।
सब ही गच्छ मैं सिरताज, राजत अटल तप गच्छ राज ।
भक्ति ही विजय गुण भारीक, जाकुं खबर धर सारीक ।।४७।।
तिनके शिष्य मनरूप ताह, वदी है गजल वाह जी वाह ।
वांचै सुनै नर वड़रीत, पामै अचल मन बहु प्रीत ।।४८।।

अन्य प्रति में—

संवत अठारह तयासी साच, वलि कार्तिक मास ही वाच ।
पख ही सकल पूनम पेख, दाखी गजल कविजन देख ॥४६॥

कवित्त

सब ही में सहर जु सिरह, पुरह मेदनी पिछानौ।
इनका गुन अनपार, जाहि में रहस म जानौ॥
भाव भक्ति जिन भेद, जठै श्रावक सुखकारी।
दयावंत दातार निपुण धम में नर नारी॥
जिन धर्म मरम जाणण जिके, हित कर मानव हेरतो।
सुरपुरी मांहि इन्द्र पुर सरस विण मरूधर मांहि मेड़तो॥१॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(२७) मेदनीपुर (मेड़ता) महिमा छन्द। पद्य ३९। भक्ति विजय। सं० १८६६ का० शु० १५।

आदि—

नाभि नन्द नित नित नमुं, शन्त नेम सुख कार।
पारस श्री वर्द्धमान प्रति, धरूं ध्यान चित्त धार॥

छन्द पद्धरी

द्रिग दिट्ठ मिट्ठ मरुधरा देश, वलि शहर मेड़ता है विशेष।
बड़ कवि करत तिन के बखान, मानव जूं···त यह सतमान॥१॥

अन्त—

संवत अठार छासट्ठ वर्ष, हद मास कार्तिक आन हर्ष।
पूनम जु प्रथम कुजवार पेख, बड़ तप गच्छ दिपत विशेष॥३७॥
बिजैजिनेन्द्रसूरि भरपूरि राज, कर तेज धर्म के केई काज।
कवि कहत भक्त कर बिन्हु जोड़, मेड़तो सदा सुरधरा मौड़॥३८॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(२८) लाहोर गजल। पद्य ५६। जटमल नाहर।

आदि—

देख्या सहिर जब लाहौर, विसरे सहिर सगले और।
रावी नदी नीचे बहै, नावा खुब हाली रहै॥१॥
बोले बत्तकां बग तीर, निरमल बहै आछा नीर।
वसती सहिर है चौराम, बारह कोश गिरदी घास॥२॥

अन्त—

है जिहां जाइ गुल रंग, लाल गुलाब बहुत सुरंग।
पिपल राइवेल चंबेल, मरूआ मौगरा गुल केल॥५४॥

कितेहूक नागणी के फूल, कणेयर कवल मालति मूल ।
शोभानगर की अनेक, जटमल कहै केती एक ॥ ५५ ॥
लहानूर सुहावना देख्या होत अनन्द कवि जटमल वर्णन करि होत सुखकन्द।५६

लेखन—सं० १७६५ गेहरसर मध्ये पद्मा ।

प्रति—पत्र ६ (अन्य कृतियों के साथ) जिसमें पहले पत्र में यह गजल है । कुल पंक्तियाँ ३४ । अक्षर प्रति पंक्ति ६७ । साइज १०×४।

विशेष—अन्य प्रति में पद्य संख्या ६० है ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२९) सांडेरा छन्द । पद्य २५ । अपूर्ण ।

आदि:—

समरत सरसति सामणी गणपति के गही पाय ।
सुगुण सुगुरु के नाम जप, करत है छन्द वणाय ।। १ ।।
छन्द हाटकी
सकल देश मां सिर देश, अनोपम गुणवंत गोढाण ।
वस है भल्ला सहिर अवल्ला साडेरा शुभ ठाम ॥
प्रबल प्रतापी दिनकर सरिखो पाले राज प्रमाण ।
एसौ सांडेरा नगर सवाई परगट पुण्य प्रमाण ।। १ ।।

अन्तः—

पोसाला परगट बिहु, अति शोभित अभिराम ।
बहुले ताल पढे जिहां, ज्ञान रसिक हुई ताम ।। ३ ।

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(३०) सिद्धाचल गजल । पद्य ६९ । यति कल्याण । (सं० १८६४ भा० सु १४) ।

आदि:—

चरण नमुं चक्केसरी, प्रणमुं सद्गुरु पाय ।
विमलाचल गुण वर्णवुं, श्री सिद्धगिरि सुप(स) य ।। १ ।।

गजल छंद हिरणफाल

गुणवंत पाहु के गहगीर, पूरत हरत तन की पीर ।
भूषण बाब है भल्लीक, बद घन घटा है बह्लीक ।। १ ।।

अन्तः—

संवत अठार चौसट्टेक भाद सुद चउदसी ठेक ।
कीनी गजल दौलत हेत, चित में चार अखर समेत ।। ६८ ।।

जै भमै गुणै तस हर्ष हुव, सदा सुख होई सुख लहत।
खरतर जती है सुप्रमाण, कवि यु कहत (कल्याण ।। ६६ ।।

इति श्री सिद्धाचल गजल संपुरण।

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी।

प्रति—टिप्पणाकार पत्र १। पंक्ति ५४। अक्षर २४। साईज ९।×१७।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(३१) सूरत गजल। यति दीपविजय। सं० १८७७ मार्गशीर्ष २।

आदि—

दोहा

सरसत पद प्रणामुं सदा, प्रणमुं गुरू के पाय।
गजल सूरत की गाऊंगा, श्री गुरू देव सहाय ॥

गजल

सूरत शहर है सुथानाक, बिंदर दीपता दानाक।
अलका भूमि पै आईक, कोट कोट सै पड़ खाईक ।। १ ।।
पूरे लोक से पूरेक, अमर वास कुं धुरेक
शोभा देत है कमठाण, अट्टा पहुंचती असमान ॥ २ ॥

अन्त—

करके कृपा तप गच्छ भान, आना शेहर अपनो जाम।
जाणी संघ अपनो आश, आना पूज्य जी चौमास ।। ८१ ।।
सतोतर सतंर्घा अठार, मिगसर मास द्वितीयासार।
परण्या दीप श्री कविराज, सुरत सेहर को साम्राज ॥ ८२ ॥

कलश छप्पयः—

बंदिर सूरत सेहेर, ता बरनन इह कीनो।
सब सेहरां सिरताज, सूरत सेहर नगीनो ।।
नीको सूरत सेहर लख कोशां लख चावो।
देखन की जस हौंस सौं देखन पैं आवो ।।
श्री गच्छ पति महाराज कुं, चित लेख लिखनै लिछ।
दीपविजय कविराज ने, इह सूरत सेहेर वरनन कीउ ।। ८३ ।।

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(३२) सोजत वर्णन गजल । पद्य ६३ । मनरूप (संवत १८६३ काती सुद १५)

आदि—

चाल गजल

मुरधर देश देशां मौड़, राजहि करत है राठौड़ ।
वरणूं ताहि का वाखांन, जग जन सब सच्चा जान ।।
भनु जिहां मानसिंह भूपत्ति, राग छत्तीस सुण है रत्त ।
वाका तेज का वाखान, रटते सदा राव ही रान ।।

अन्त—

संवत अठार तेहुसह थात्र, वलि सुद मास कार्त्तिक वाच ।
पूनम तिथ के दिन पेख, दरस ही वजल कीनी देख ॥ ६१ ॥
तप गच्छ सदा मोटा नाम, पंडित भक्तिविजय है नाम ।
सहि तिन देव सूरह साख, भल शिष कवि मनरूप भाख ।। ६२ ॥

कवित्त:—

गजल कही गुणवंत भला, कवि तिण मन भावै ।
रीझै राव ही राण सुणै, नर अवर सरावै ॥
भावन वल अवहु बेद भेद, वांचे सु वखाणै ।
चारण भाट ही चतुर जिके, गुण बोहोला जाणै ।
सोझाली नयर करनी सुकव, जे जे ठौड़ हुंती जोती ।
कवि मनरूप अरजह करै, गुन सव रीझौ गहा पती ॥ ६३ ।।

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रन्थालय)

(ट) शकुन, सामुद्रिक, ज्योतिष, स्वरोदय, रमल और इन्द्रगाल ।

(१) अवयदी शकुनावली। रायचन्द। सं० (१८) १७ द्वितीय ज्येष्ठ वदि ५ नागपुर।

आदि—

महावीर कौ ध्याइकैं, प्रणम सरसति मात।
गणपति नितप्रति जै करै, देवै बुधि विख्यात ॥१॥
गुरु चरणन कौ वंदणा, कीजै दीजै दान।
इस विधि सेती जाचतां, पाइजै हनमान ॥२॥
रीतै हाथ न जाइयें, गुरु देवों के पास।
अरु विशेष पृच्छा विषै, मुद्रा श्रीफल तास ॥२३॥

गद्य—

अहो पृच्छक सुणहु तुम तौ गुणवन्त बुधिवन्त हौ परं तेरी बुधि अरु गुण लोक रहण देते नांही तुम्ह तौ सब ही लोगु सेती भलाई करते हो सो (लो) गु तुम्हारी भलाई जांणते नांही। लोगु वड़े दुष्ट है इस वास्ते स्थिर चित्र हुइ करिकै अब एक वार्ता करहु ज्यो अपणे मित्र भाई बंध है तिस मिलिज्यौ सभही कार्य तेरे भला होइगा।

अन्त—

संवत सतर दुतीथ ज्येष्ठ वदि पंचमी वसती नागपुर वणिक सरम।
श्रीपाठ गजीगे प्रगट अति सुजाण सिंघ गुण गेह।
जती रायचन्द लिखी सुकनोती ससनेह ॥२॥
भले जतन सौं राखियौ यह अब याकौ सारा।
कल्प वृक्ष ज्यौ देतु है वंछित फल श्री कारा ॥३१॥

लेखन—संवत १८९६ रा मिती ज्येष्ठ वदि ५ इति श्री अबयदी शुक्ला (कना) वली संपूर्णम ।

कर दुख बिगरी नेयन दुख, तन दुख समज समान ।
लिख्यो जात है कठनसुं सठ जानत आसान ॥१॥

प्रति—(१) पत्र २० । पंक्ति १० । अक्षर २६ से ५० । साइज १० × ४॥

(२) गुटकाकार । पत्र ११ । पंक्ति १५ । अक्षर ३४१ । साइज़ ८॥ × ४॥ ।
सं. १८९१ वि. (अभय जैन ग्रन्थालय)

(२) केशवी भाषा । जोशी त्रिलोकचन्द्र ।

अन्त—

लालचन्द श्वेतम्बरी, पुन उन ही को ध्यान ।
भिन्न भिन्न समझाय के, दियो अभय पद दान ॥

लेखन—संवत् १८७० माधव सुदि ३ भावहर्षीय कस्तूरचन्द लिखित ।
प्रति–पत्र ४ ।

विशेष—केशव रचित संस्कृत ज्योतिष ग्रन्थ की भाषा टीका है ।

(श्रीचन्द्रजी गधैया भंडार, सरदारशहर)

(३) चंपू समुद्र (सामुद्रिक) । भूप । सं० १७२५ वि० ।

आदि—

पीता धीता नहिन सो गङ्गा गीता कांथ ।
रीता होंही तान कोई सीतानाथ सहाय ॥१॥
सुंडार दंड अखंडित बलए, अलिगण मण्डित गंड स्थले ।
वर दस्पति सुअवरद अमीचं बन्दे गण नायव भवपुत्रं ।
वागी भूषण कण्ठ कवि भूपहि दीजै दानि ।
अङ्ग अङ्ग लछमन सवै कहो समुद्र बखानि ।
बत्तिस लच्मन पुरुष को प्रथमहि कहौ विचारि ।
बहुरि कहो सब अङ्ग को, जो वर देइ मुरारि ॥

अन्त—

अन्त अङ्गुरि मध्या जब भनी भूप अनूप ।
हो हि पुरुप ते उत्तम सामुद्री यह कव्व ।
भूपा परति अलंपटहि सिद्धि वद्य है सव्व ॥

इति भूप भाषित चंपू समुद्रे तृतीय सर्ग शुभमस्तु ।

लेखन—संवत् १७२५ मिति सावन वदी अमसा १५, पोथी लिखा जानसाही।
प्रति—पत्र ४३। पंक्ति ७। अक्षर २४। साईज ९×४।

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(४) ज्योतिष सार भाषा—कवि विनोद। कृष्णदत्त।

अदि—

अथ गणेस स्तुति

रिद्धि सिद्धि गणाधिपति नर महेश सुत का धर ध्याने।
हृदय कमल में कितेरे हृदय कमल में दे उयाने ॥ टेक॥
अरुण कुसुम की माल कण्ठ और परशु कमल है जिनके कर।
अरुण माल में लाल सिंदुर दिशा अरुण अधर।
सर्व अङ्ग है मनुष्य का गज सीस विराजे अति सुन्दर।
मुख सुखवाहन कि तुम तो सुपक वाहन लम्बोदर।
बन्धु मित्र सुत दार गेह में क्यों होता है अग्याना।
कृष्ण दत्त श्री कृष्ण भक्ति बीन कभी नही होती गुजराने।
भूत भविष्यत वर्तमान जो तिन काल बतलाता है।
जौति शास्त्र सब शास्त्रशिरोमणि, बिना भाग्य नहीं आता है॥ टेर॥

अन्त—

शिखरि स्युगमा तुम्ह ते, पाद नैन में रोग।
राज पंडित कृश तनु में भया मिला देव संयोग ॥१२॥

इति केतु फलं। इति श्री कृष्णदत्त विप्र विरचित जोतिसार भाषा कवि विनोद नवग्रह फलं समाप्तं।

लेखन काल—२० वीं शती।
प्रति—पत्र ८ से २६। पंक्ति ११। अक्षर २८ से ३२। साइज १०×५।

(अभय जैन ग्रंथालय)

(५) तुरकी सुकनावली।

आदि—

हमल १

सुणि हो पृच्छक इण काल कै आवणे आणंद खुशी, नेक वखत है दुस अरु चाड दफै होइगा, विरहा तेरा मन चित्या होइगा, इच्छा पूजैगी मन ॥१॥

अन्त—

सुण हो पृच्छक यः फाल युं कहत है तुझे साहिब चिंतार्था छुडावैगा सर्व सिद्ध होइगी अच्छा फक है तेरा काम होइगा खुदाइ का हुकम है फतै होइगी ॥१५॥

इति तुरकी सकुनावली संपूर्ण ।

लेखन काल—१९ वीं शती, पाली मध्ये ॥

प्रति—पत्र २ । पंक्ति ९ । अक्षर २४ । साइज ८॥ × ४ ।

(अभय जैन ग्रंथालय)

(६) पासा केवली—

आदि पत्र खो गया है—

अन्त—

जिस कारज की चिंता तू बार बार करता है सो कारज दर हाल सिद्ध होइगा किसी थांनक सु लाभ कै वासतै अपणा पुत्र भेजता है अथवा तू जाणौ की करता है सो दर हाल लाभ सेती आवैगा । जो तेरी गई वसत होइगी सो भी आवैगी, एक दिन में अथवा दो दिन में तेरे हाथ कछु लख भी आवैगा ॥१॥

इति पासा केवली समाप्त ॥१॥

दूसरी प्रति में पाठ भिन्न प्रकार का है यथा—

सुनि हो पृछक इस पासे का नाम विलक्षण है जा चित्त में वाता चीतवत हो सो सफल होइगी । पुत्र धरती सौं प्राप्ति होइगा, राजा के घर सौं तथा किसी वड़ा जाइगा सौ प्राप्ति हुवैगा ।

इति पासा केवली सम्पूर्णम् ॥

लेखन—संवत् १८३२ रा मिति आसू वदी ८ दिनै लेखि विक्रम मध्यै ।

प्रति—(नं० १) पत्र २ से ७ । पंक्ति ४ । अक्षर ३५ । साइज ७॥ × ४ ।

(नं० २) पत्र २ से ७ । पंक्ति १२ । अक्षर ४२ । साइज १० × ४

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(७) बारह भुवन (९ ग्रह) विचार । सार (?) ।

आदि—

ज्युं विचार ज्योतिष को, कहत न आवै पार ।
अब फल बारह भवन के, वरणत है कवि सार ॥१॥

तन भुवनै सुरज करैं, नर कुरूप बहु केस
विनै रहित क्रोधी सहज, सार विरत सविवेस ॥२॥

अंत—

एसे बारह भुवन पर ज्योतिस सास्त्र विचार ।
फल नवगृह को वर्ण क्यो सार बुद्धि अनुसार ॥१॥

इति नवग्रह फलं

लेखन काल—१९ वीं शती । १८ वीं शती की कई प्रतियां भी संग्रह में है ।

प्रति—(१) पत्र ३ । पंक्ति १५ । अक्षर ४८ से ५२ । साइज १०×४॥

(२) पत्र ५ । पंक्ति ११ । अक्षर ३० । साइज १०×४।

(३) पत्र २ । पंक्ति १८ । अक्षर ४८ । साइज ९×४

(४) पत्र ४ । पंक्ति १५ से १८ । अक्षर ३६ से ४० । साइज ९॥ ×४।

(५) पत्र ३ । पंक्ति १६ । अक्षर ४० । साइज ९×४। । अपूर्ण ।

(६) तीन प्रतियों के फुटकर पत्र ३ । सं० १८३८ आसू वद । लिहिमता लूणसर ।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(८) मेघमाल मेघ । सं० १८ १७ कार्तिक शुक्ला ३ गुरुवार । फगवाड़ा ।

आदि—

परम पुरुष घट-घट रम्यौ ज्योति रूप भगवान ।
सकल रिद्ध सुख दैन प्रभु, नमति मेघ धर ध्यान ॥१॥
ज्योतिक ग्रन्थ समुद्र है, जांकी ले इक विन्दु ।
मेघमाल मेघे रची, प्रगटे जिय जग चन्दु ॥८॥
मेघ विचार प्रथम ए थाई, जैसे इवकै कही बनाई ।
काल सुकाल सणी यहि बात, गुरु किरपा कर कह्यो विख्यात ॥३॥

अन्त—

दटपटा छन्द

श्री जटुमल मुनिसजी सब साधन राजा, ररमानन्द सु सीस है ग्रन्थ विगुनि साजा ।
शिष्य भयो सदानन्द तिसतें उपमा भारी, चौदा विद्या युक्त सोई आज्ञा गुरु कारी ॥ १ ॥

चौपाई

ताहि शिष्य नारायण नाम, गुण सोभा को दीसे ठाम ।
तांको शिष्य भयो नरोत्तम, विनयवंत आज्ञा नभगोत्तम ॥ १६ ॥

ता सेवा मैं मयाजु राम, कृपावंत विद्या अभिराम।
तिनकी दया भई मुझ ऊपर, उपज्यो ज्ञान सही मोही पर ॥ १७ ॥

अडिल्ल

तौते मेघ माल इहु कीनी, जो गुरु के मुख ते सुन लीनी।
इसको पढ़े सौ शोभा पावै, सो जग मैं पंडित कहलावै ॥ १८ ॥

रसावल छन्द

मुनि शशि वसु को जान महि, संवत ए आखत।
कातिक सुदि गुरुवार मान पत्र मिति तिथि भाखत ॥
उत्राषाढ नक्षत्र दिवस, मही एक विकीजत।
जो घट अक्षर होइ, ताहि कवि सुध करि लीजत ॥ १९ ॥

लीलावती छन्द

एक देस जलंधर सोभे सुन्दर नाम दुपा वा ठौर कह्यो।
शुभ दान पुन्य की ठौर इही है मानों सुर पुर आन रह्यो ॥
पण्डित नर सोभे कवि ते भारी गीत वजत रसयो।
ग्रह ग्रह मङ्गलचार जु होवे तामे पुर इक एह वसयो ॥ २० ॥

दोहा

सकल रिद्धि करि सोभए, फगवाड़ा शुभ थांन।
तहां मेघ कवता करि, आछी विध मन आन ॥ २१ ॥
चूहडमल्ल जु चौधरी, फगवारे को राउ।
चतुर सैनका सोभ हैं, जिउ उडगण शशि थाउ॥ २२ ॥

गीया छन्द

कर सर्व छन्द मिलाइ इकठा कही संख्या यास की।
द्वात्रिंश अक्षर के हिसाबै अठसै अनचासकी ॥
इहु छन्द सत अरू उनीसै कही कवि इहु भास की।
सजानु संख्या दौड जानै, मेघमाल विलास की ॥ २३ ॥

लेखनकाल—२० वीं शताब्दी।
प्रति—पत्र १७। पंक्ति १९। अक्षर ४५। साइज १०×४॥
(श्री जिनचरित्रसूरि संग्रह)

(९) रमल शकुन विचार। फाल फते की।

आदि—

फाल फते की—अरे यार बहुत दिन चिंता की है अब तेरी फिकर चिंता मटैंगी रोजी तेरी फणक होगी, अब तू अचित रहणा। जो कहांई

देश परदेश जाणां होई, अथ सौदा करण होई बेचण होई × सगाई करणी होई सौ कीजै, वैगी एक आदमी तेरा वही करता है सो रद होगा।

अन्त—

राजा प्रजा सुखी बैमार कुं कुसल दर हाल सुं छुटैगा ×
सर्व भला हो।। सर्व कांम प्रमांण चढ़ैगा।
रमल शकुन विचार समाप्तम शुभं भवतु।

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी। पं० सरूपा लिखतं।

प्रति—पत्र ३। पंक्ति १५। अक्षर ४८। साइज १०×४।

विशेष—इस प्रकार की अन्य कई शकुनावलियें पाई जाती हैं।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१०) शीघ्रबोध वचनिका—

आदि—

बिघन हरन बारन बदन, सिद्ध सदन गुण एन।
करहु कृपा गिरिजा सुतन, दीजै बानी बैन।।

लेखनकाल—सं० १९१९।

प्रति—गुटकाकार

विशेष—शीघ्रबोध ज्योतिष ग्रन्थ की भाषा टीका है।

(यति ऋद्धिकरणजी भण्डार, चूरू)

(११) सकुन प्रदीप। जयधर्म। सं० १७६२ आश्विन ५। पानीपत में रचित।

आदि—

स्वस्ति श्री जिन राज मुक्ति मन्दिर वर नायक।
सकल जगत सुखकार सरस मङ्गल बहु दायक।।
सजल जलद सम अङ्ग, विमल छिन छिन गुणधारक।
मथन कमठ शठ मान, इति भय पाप बिदारक।।
सर्पादि राज पद्मावती, जाके वंछित युग चरण।
कर जोरी चहुं नति करत, नित पार्श्वनाथ भव भय हरण।।

अन्त—

शकुन शास्त्र मंझार, निरखे श्लोक जु अति कठिन।
श्री जयधरम विचार, संस्कृत ते भाषा करी ।। १९१ ।।

संवत सतरै से बीते, बासठ उपरि जान ।
आश्विन मित तिथि पंचमी, शशि सुत वार बखान । १९२ ॥
श्री पानीपंथ नगर मंझार, जिन धर्मी श्रावक सुखकार ।
पुण्यवंत महा धनवन्त, दयावन्त अतिहि गुणवन्त ॥ १९३ ॥
आचरहि नित प्रति षट कर्म, श्री मुख भावत पालहि धर्म ।
नन्दलाल नन्दन सुभ कार, श्री गोवरधनदास उदार ॥ १९४ ॥
ताके हेत रची यह भाषा, शकुन श्रुत के लेकर शाखा ।
शकुन प्रदीप सु याको नाम, महा निर्मल ज्ञान को धाम ॥ १९५ ॥
पण्डित्त लक्ष्मी चन्द गुरू, ता प्रसाद ते एह ।
छन्द रच्यो यह ग्रन्थ शुभ, गोवरधन दास सनेह ॥ १९६ ॥
पढ़त सुनत उपजै मती, मंगलीक सुखकार ।
सकुन प्रदीप तन्त्र यह, कविजन लेहु सुधार ॥ १९७ ॥

प्रति—(१) जयसलमेर भंडार (अपूर्ण) ।

(२) पंजाब भंडार (पूर्ण) ।

(१२) सामुद्रिक । पद्य २११ । रामचन्द्र । सं० १७२२ माघ कृष्णपक्ष ६ । भेहरा ।

आदि—

अथ सामु (द्रि) क भाषा लिख्यते । दोहरा—
सरसति समरूं चित्त धरि, सरस वचन दातार ।
नरनारी लक्षन कहुं, सामुद्रक अनुसार ॥ १ ॥
सामुद्रक ग्रन्थ में कहे, अगम निगम की बात ।
इसह जांण जो नर हुवइ, ते होई जग विख्यात ॥ २ ॥
आदि अन्त नर नार की, सुख दुःख वात सरूप ।
कुहं अनेक प्रकार विध, सुणो एकंत अनूप ॥ ३ ॥
प्रथम पुरूष लक्षण सुणों, मस्तक पद पर्यंत ।
छत्र कुंभ सम सीस जसु, ते हुवै अवनी—कंत ॥ ४ ॥

अन्त—

वनवारी बहु बाग प्रधान, बहै वितस्था नदी सुथान ।
च्यार वण तिहां चतुर सुजान, नगर भेहरा श्री युग प्रधान ॥
बड़े बड़े पाति साह नरिंदा, जाकी सेव करे जन कंदा ।
पातिसाह श्री ओरङ्ग गाजी, गये गनीम दसो दिस भाजी ॥ ८९ ॥
जाकै राज ग्रन्थ ए कीनै, संस्कृत शास्त्र सुगम करि दीनै ।
संवत् सतरै से बावीसा, माघ कृष्ण पक्ष छठि जगीसा ॥ ९० ॥

गिरवर मांहे सुमेर विराजै, ज्योति चक्र जिम सूरज छाजै।
गच्छ माहे खरतर गच्छ राजा, जाकै दिन दिन अधिक दिवाजा ॥ ९१ ॥
श्री जिनसिंह सूरि सुखकारी, नाम जपै सब सुर नर नारी।
जाकै शिष्य सिरोमण कहियै, पद्मकीर्ति गुरुवर जसु लहियै ॥ ९२ ॥
विद्या च्यार दस कंठ बखाणें, वेद च्यार को अरथ पिछानै।
पद्मरङ्ग मुनिवर सुख दाई, महिमा जाकी कही न जाई ॥ ९३ ॥
रामचन्द मुनि इन परि आख्यौ, सामुद्रिक भाषा करि दाख्यौ।
जां लगि रहि ज्यो सूरिजी चन्दा, पढहु पंडित लहु आणन्दा ॥ ९४ ॥

प्रति—१९ वीं शताब्दी। पत्र २ अपूर्ण। हमारे संग्रह में है। अंत भाग बीकानेर के जिनहर्षसूरि भण्डार के बंडल नं० १६ की प्रति से लिखा गया है। यह प्रति सं० १७९९ की लिखित १३ पत्रों की है।

विशेष—ग्रन्थ में दो प्रकाश हैं, प्रथम में नर लक्षण में ११७ पद्य एवं द्वितीय नारी-लक्षण में ९४ पद्य, कुल २११ पद्य हैं।

(जिनहर्षसूरि भंडार)

(१३) सामुद्रिक शास्त्र भाषाबद्ध। पद्य १८८। नगराज। अजयराज के लिये रचित।

अथ सामुद्रिक शास्त्र भाषाबद्ध लिख्यते।

आदि—

एक बालक सब लक्षण पूरे, देखत जाई दोष सब दूरे।
आगम अगम आदि मुनि साखी, ज्युं सामुद्रिक ग्रंथे भखी ॥ १ ॥
आगम लछन अंग जणावै, सबे ऊपध पूरे फल पावै।
ताका अब कहूँ विचारा, समझत कहत सुनत सुखकारा ॥ २ ॥

अन्त—

सुगुन सुलछन सुमति सुभ, सज्जन को सुख देत।
भाषा सामुद्रिक रचौं, अजैराज के हेत ॥ ६६ ॥
जो जानइ सो जान, दाता दोहि अज्ञांन फुनि।
जानवनो अरू दान, अजैराज दुहु विधि निपुंन ॥ ६७ ॥

इति श्री सामुद्रिक शास्त्रभाषा बद्ध पुरुष स्त्री सुभासुभ लक्षण सम्पूर्ण।
लेखनकाल - संवत् १७७४ ना वैशाख सु० १ दिनै।
प्रति—(१) पत्र ८। पंक्ति १३ से १५। अक्षर ४० से ४८। साइज ९॥ × ४।
(२) पत्र १०। पंक्ति ११। अक्षर ४०। साइज १० × ४।

(३) पत्र २ से ७। आदि अन्त के पत्र नहीं।

(४) पत्र ४। पंक्ति २१। अक्षर ६०। साइज १२" × ५॥। सं० १७५१। उदेई-भक्षित।

विशेष—६२ वें पत्र की अन्त की पंक्ति से कर्त्ता का नाम नगराज जान पड़ता है।

'नगराज सुगुन लछन अजैराज बूझई सही ॥ ६२ ॥

प्रस्तुत ग्रन्थ में नर लक्षण के पद्य १२१, नारी लक्षण के ६७, कुल १८८ पद्य हैं। प्रति नं० २ में आदि के २ पद्य नहीं एवं ३ अन्य कम होने से १८३ पद्य ही हैं।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१४) इन्द्रजाल चातुरी नाटकी। सं० १९११ लिखित।

आदि—

अथ इन्द्रजाल लिख्यते।

चातुरी भेद विधान मैं कहो जु तुम से जे सुनियो दे कान रे।
अब चातुरी भेद उपदेस बतावो, पति राखो कुछ छाने रे॥
गोप्य सौ गोप्य चातुरी करणी, जाणे नहिं कोय।
प्रगट करी बात सब बिगडी, कछु न तमासो होय॥

अन्त—

हरि सरना जो इन्द्रीजीत जो होय, इन्द्रीजीत जो होय के रेणा।
गोप्य जो सोई उडण जो जन, १२ के जाणी जुग में जे सारा॥
इति युक्ति सुं रहिके जांणा जु खि सोही।

इति इन्द्रजाल चातुरी नाटकी सम्पूर्ण।

लेखन—संमत् १९११ मार्गशीर्ष कृष्ण ७ रविवासरे।

प्रति—पत्र २४। पंक्ति १९। अक्षर २०। साइज ६॥ × ८॥

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१५) इन्द्रजाल (नाटक चेटक)

आदि—

अथ तालक लोह हरताल अनुक्रम लिख्यते।

नागर वैल का पांन कै मध्यै काथो मासो १ हरताल मासा ३ छाल चाबी जै पीक वासण में थूकतो जाय निगलै नहीं।

अथ नाटक भेद लिख्यते ।

करता करतार जुग साचे सांई, मूरख अपनी लोक जानत नांई ।
कहेता हूँ बात तूं सुनरे प्यारे, सब घट व्यापिक सौ तौ सबसौं न्यारे ॥ ॥
मन्त्र यन्त्र तन्त्र तें सुनले सारे, नाटक कौ भेद अब कहूँगा रे ।
टूटे अग्यांन अरु खूटे तारै, दिल की जो संसै सब दूर डारै ॥२॥

अथ चेटके भेद लिख्यते—

दोहा

तुम कूं कहि सरवन सुनी, सरवे नाटक भेद ।
अब चेटक उपदेश कर, मिटे जीव कौ खेद ॥१॥

अन्त—

मुख सुं बोलो बात यह, जो गहलो हुय जाय ।
तब कपड़ा फाड़त फिरे, कछु न लागे उपाय ॥१८॥

अथ दीपावतार लिख्यते इन्द्रजाल प्रियोग ।

लेखन काल—२० वीं शताब्दी ।

प्रति—गुटकाकार । पत्र ३५ । पंक्ति १० । अक्षर १५ । साइज ४॥ × ३।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१६) इन्द्रजाल—

आदि—

अथ इन्द्रजाल लिख्यते ।

गुरु विन ज्ञान नहीं ध्यान नहीं हर विनु नर बिन मोक्ष न मुक्ति रे ।
धरनी करनी सार सकल में, इस विध भाखे उक्ति रे ॥१॥
इन्द्रजाल माल इह गुन की, गुरु गम नहीं पावे रे ।
वेद पुरान कुरान में नाहीं, व्यास न जानी बातें रे ॥२॥
प्रथम भेद वेद को सारो, सोह मन्त्र लेखे रे ।
आसन पदम सदन महिं बैठे, सूर चन्द्र घर ल्यावे रे ॥३॥

आसन सयम यतन विध, साध वाद विवाद कछू नधि वाद ।
मन्तर जन्तर तन्तर सारे, नाटिक चेटिक कहस्यूं रे ॥
विधि विधान चातुरी वेदक, कोक निरन्तर कहस्यां रे ।
सांदा वांदा तस्कार विद्या, जोति रूपक सारे रे ॥
कहत हम तुम सुणे महेश्वर, यही वरद तुम पालो रे ।

अन्त—

छटांक खस-खस, सवा तोले खल सुस, साढ़े सात मासे वंस लोचन, पांच मासे गऊ रोचन, पांच मासे सुहागा, चार मासे नर कचुर, चार मासे नौसादर, चार मासे शहद स्वसपी बारीक सवकु पीस मिलाय सहद मिलाय पीस गोली चणा प्रमाण की करे। मसाण की दवा पानी में घाल प्यावे।

लेखनकाल—१९११ के आसपास।

प्रति—पत्र ६९। पंक्ति १९। अक्षर १९। साइज ६॥×८॥

विशेष—इसमें मंत्र जंत्र तंत्र वैद्यक का समावेश है।

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(१७) इन्द्रजाल—

आदि—

कौतिक या संसार के, वरणि जाय नहिं एक।
जितने सुने न देखिये देखे सुने अनेक॥

प्रति—गुटकाकार।

(यति रिद्धिकरणजी भंडार, चूरू)

(१८) योग प्रदीपिका (स्वरोदय) । पद्य ६९० । जयतराम । सं० १७९४ आश्विन शुक्ला १०।

अन्त—

संवत सतरा से असी अधिक चतुर्दश जान।
आश्विन सुदी दशमी विजै, पूरण ग्रन्थ समान ॥९०॥

लेखनकाल—सं० १९४४ फागुण सुदी १३। फलोदी।

प्रति—पत्र २८।

(श्रीचन्दजी गधैया संग्रह, सरदार शहर)

(१९) रमल प्रश्न—

आदि—

अथ रमल प्रश्न—

साधु चंद्रमा उगै तिण दिन थी दिन गिणीजै शुभ दिने रमल का जायचा देखणा १६ ही घर में देखिये लहीयान किसै घर किसी पड़ी है उस घर से विचार होय तैसी

बात कहणी पहली सकल कुं देखीयै ऐही ऐसी सकल कहां पड़ी है जैसा घर मै होय तैसी हुक्म करणा प्रथम चोर प्रश्न चोर की बात पूछे चोर किस तरफ गया है।

मध्य—

सातमै घर में जैसी सकल होय तैसी और जैती जायगा होय तितरे चोर, चोर सकल १ चोर घर मै आय पड़ी तो आदमी लम्बा खुबसूरत मुसलमान है दाढ़ी बड़ी है कान बडै हैं नाक ऊँचा है जवां साफ है मुह सिर ऊपर तिलसमां की सहिनांणी है लाल सफेद रंग है इति प्रथम ॥१॥

अन्त—

नेस खारज है तो पाछा देती वखत झगड़ा सै दैगा। सावत दाखल है तो उधारा दैणा नहि दिया तो जावैगा नेक मुनकलवा होय तो वणा मांगै तो थोड़ा दीजै ॥५२॥

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी।

प्रति—(१) पत्र १९। पंक्ति १२-१३। अक्षर २९ से ३४। साइज पत्र ९ १०×४।; पत्र १० से १९ इंच ८॥×४॥

(अभय जैन ग्रंथालय)

(२०) स्वरोदय—चिदानन्द। सं० १९०५ आश्विन शुक्ला १० शुक्रवार।

आदि—

नमो आदि अरिहंत, देव देवन पतिराया,
जास चरण अवलम्ब गणाधिप गुण निज पाया।
धनुष पंच संत मान, सप्त कर परिमित काया,
वृषभ आदि अरु अन्त, मृगाधिप चरण सुहाया।
आदि अन्त युत मध्य, जिन चौवीश इम ध्याइये,
चिदानन्द तस ध्यान थी, अविचल लीला पाइए ॥१॥

अन्त—

कह्यो एह संक्षेप थी, ग्रन्थ स्वरोदय सार।
भाणे गुणे जे जीव कुँ, चिदानन्द सुखकार ॥४५२॥
कृष्ण साढ़ी दशमी दिन, शुक्रवार सुखकार।
निधि इन्दु सर पूरणता, चिदानन्द चित धार ॥४५३॥

(प्रतिलिपि—अभय जैन ग्रंथालय)

(२१) स्वरोदय । पद्य १३० । मयाराम (दादू पंथी) । जहांनाबाद ।

आदि—

अथ ग्रंथ सरोदो लिख्यते ।

दोहा

सत चित आनन्द रूप है, अवप अवचल जोय ।
नमसकार ताकूं करूँ, कारज सिद्ध जुं होत ॥१॥
गुरु दादूं कुं सुमर नित वनवारी सिर नाय ।
कव अख्यर धर साध सब, हूँ जो सल सिहाय ॥२॥
अचारज सिव जानीयै, प्रगट किया जग सोय ।
नाम सरोदै ग्रन्थ को, मैं वरन्यों अब सोय ॥३॥

अन्त—

दादू पन्थी सुद्ध उपासी, जहाँनावाद जू दिली वासी ।
जिन जो जुगत भली यहुं आनी, मयाराम······ जानी ॥१३०॥

लेखनकाल—२० वीं शताब्दी ।

प्रति—गुटकाकार । पत्र १९ । पंक्ति १० । अक्षर १७ । साइज ४॥ × ३।

(अभय जैन ग्रंथालय)

(२२)स्वरोदय— । पद्य २७ । वल्लभ ।

आदिः—

बुद्धि विमल दीजै कविहि, ज्यो सुगुन सुभ छन्द ।
कथौं सुरोदय ज्ञान कछु, गुरु गणपति पग वंदि ॥ १ ॥

× × ×

जैसें दधि तै माखन लीजै, छांडि हल हल अमृत पीजै ।
मथि के सकल सुरोदय ग्रंथ, रच्यौ सुलभ त्यों भाषा पन्थ ॥ २६ ॥

दोहा—

संस्कृत वानी कठिन, समझत पंडित राज ।
सुगम ग्रन्थ वल्लभ रच्यौ, हृदयराम कै राज ॥ २७ ॥

इति सुरोदय नक्षत्रमाला ।

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी ।

प्रति— पत्र १ । पंक्ति १६ । अक्षर ५० । साइज १० × ४

(अभय जैन ग्रन्थालय)

(२३) स्वरोदय । वैकुण्ठदास ।

आदि—

दोहा—

ज्योतिष दीपक जगत में, जो प्रापत किह होय ।
जाके पढ़ै मनुष्य को, गुह्य सुगम सब लोय ॥ १ ॥
मूक प्रश्न गर्भ त्रय, मेघ घमाघम जानि ।
लाभालाभ सुख दुःख जो, बैकुंठ सत करे मानि ॥ २ ॥

अन्त—

ससि स्वर ससि बुध सुक्र है, प्रश्न करे जु कोय ।
असुभ नास सुभ होयगी, स्वर परीच्छा सच होय ॥ ५९ ॥

इति स्वर प्रिच्छा वैकुण्ठदास कृत स्वरोदय ।
लेखनकाल—सं० १९१७ मि० वि० १ ।

(वृहद् ज्ञानभंडार)

(२४)स्वरोदयः — । दोहा ६४ ।

आदि—

सिवचरण करि वन्दना, ज्ञान सुरोदय देह ।
प्राण पाय इला पिंगला, असुभ फल जेह ॥ १ ॥

अन्त—

दाहिनी नाड़ जब ही बहे । कय तत्व आगिनी तत्वकहे ॥
जामे जो चाले अरू आवे । निहचे सो नर नासही पावै ॥ ६४ ॥

(वृहद् ज्ञान भंडार)

(२५) स्वरोदय भाषा (गद्य)

आदि—

अथ सरोदो लिखते भाषाकृत

दोहा—

पठन बीज पुसतग तहां, पिंड ब्रह्मंड बखानो ।
तत्व ज्ञान सुरदसौ निवर्ति प्रवरती जानो ।

पिंडे सो ब्रह्म हे प्रथवी तत्व फेरि दोउ सूर पंच पंच तत्वन के पंच पंच भेद ।

मध्य—

जो सूर जानतो नहीं होय तौ नेत्रन की कोर सौ आरसी मैं जानिये ।

तब कान नाक नेत्र मूदे। अंगुरीया तौ पाछे खास मारै। नैत्रन की कोर खोलि दिखाय। तत्व पहिचाने मंडल परे सो जानियें।

× × ×

अन्त—

विश्वासी होय ज्ञाति स्वमन होइ बात सत्य कहे दुष्ट की संगति न करे निन्दक की संगति न कर ताकुं यह स्वरोदय ज्ञान दीजे। इति श्री शिव शास्त्र स्वरोदय संपूर्ण।

लेखन-काल—लिखित जीवण सं० १९५७ मीं आसोज वदि ११ वार बुधवासरे सहर करोली मध्ये संपूर्ण ॥

प्रति—पत्र ४। पंक्ति १६ से २३। अक्षर ४३ से ५५। साइज १०×४॥

(अभय जैन-ग्रन्थालय)

(२६) स्वरोदय भाषाटीका।

आदि—

शिव कुं नमस्कार करिकै देहस्थ ज्ञान कहतु—षु और इडा-पिंगला
नाडी तिनके योग थे भावी शुभाशुभ फल—ऐसो स्वरोदय कहत है।

अन्त— अर्थ—

निश्चल बैठि के अंजलि मध्ये ले मोर आगे उंचो डारियो तब
जिनको दृफल गिरे सो पूर्ण अङ्ग बूझिवे। बाथे शुभाशुभ
विचार करणा। इति स्वरोदय विचार लिखितं ॥ ६ ॥

विशेष—६६ संस्कृत श्लोकों का अर्थ

लेखनकाल—१८ वीं शताब्दी।

प्रति—पत्र ११। पंक्ति १३। अक्षर २६। साइज ८×४॥

(अभय जैन-ग्रन्थालय)

(२७) स्वरोदय भाषाटीका। लालचन्द। सं० १७५२ भा० सुदि। अक्षयराज के लिये रचित

आदि—

अथाभ्यत् संप्रवक्ष्यामि शरीरस्थ स्वरोदयं।
हंसचार स्वरूपेण येन ज्ञानं त्रिकालजं ॥ १ ॥

टीका—

अब मैं स्वरोदय विचार कहूँगा आपुनै शरीर मैं जो व्याप रह्या है। स्वरोदय का नाम हंसचार कहीये जिण हंस चार जाणये तैं भूत १, भविष्यत २, वर्तमान ३, त्रिकाल ज्ञान जाणिये ॥ १ ॥

अन्त—

पीत वर्ण बिन्दु की चमत्कार दीसै तौ सावेर पृथ्वी तत्व वहै है। स्वेत वर्ण बिंदु दीसे तौ पानी तत्व वहै है, कृष्ण बिन्दु दीसै तौ पवन तत्व वहै है, रक्त बिंदु दीसै तो अग्नि तत्व वहै है। इति स्वरोदय शास्त्री भाषा समाप्त।

दोहा—

नाम स्वरोदय शास्त्र की, ... विचित्र।
याकी अर्थ विचारणा, नीकै करियो मित्र ॥ १ ॥
संवत् सतरै त्रेपनै, भादव को पख सेख।
लालचन्द भाषा करी, श्री अखयराज कै हेत ॥ २ ॥
सहज रूप सुन्दर सुगण, कवित्त चातुरी शक्ति।
जाकै हिरदै नित वसै, देव सुगुरु की भक्ति ॥ ३ ॥
अखयराजजी अति निपुण, बहु विधि विद्यावंत।
अक्षयराज प्रताप जसु, सदा करौ भगवन्त ॥ ४ ॥

लेखनकाल—१९ वीं शताब्दी।

प्रति—पत्र ६ (अंतिम पृष्ठ खाली)। पंक्ति १४। अक्षर ५०। साइज ८॥ × ३॥

(महिमाभक्ति भंडार)

(२९) स्वरोदय विचार (गद्य)

आदि—

अथ स्वरोदयरो विचार लिख्यते ॥ ईश्वरौवाच ॥

हे पारवती ! अब मैं सरोदय को विचार कहूंगा जिस सरोदय से भूत भवत्त (भविष्य) तथा वर्तमान तीनों काल की खबर पडे फेर आपणे शरीर में जो कुछ व्यापार होवे है तिस का नाम हंसाचार कहियै।

विशेष—प्रस्तुत प्रति २ पत्रों की अपूर्ण है। १९ वीं शताब्दी की लिखित है। इसी प्रकारअन्य एक अपूर्ण प्रति है, उसमें पाठ भिन्न प्रकार का है।

यथा—"श्री महादेव पारवतीरो सिरोघो लिख्यते—

"महादेव पारवती नै सुणावै छै अथ वारता है सो कहत हुं । हंस रूपी देह में है सो तोनुं कहुं छूं तूं सुण सीख ज्युं कालरूपी होय ज्युं । हेपारवती ए गुप्त वारता है गुज्य वारता है तंत सार है सो तो नें कहुं छूं ।

प्रति—इस प्रति के ५ पत्र हैं, अन्त के पत्र प्राप्त न होने से अपूर्ण है ।

(अभय जैन-ग्रन्थालय)

(ठ) हिन्दी ग्रन्थों की टीकाएं

(१) विद्यापति कृत कीर्तिलता की संस्कृत टीका।

आदि—

श्री गोपाल गिरा पंगुरपि शैलं विलंघते ।
तदादेशवशादेषा क्रियते मंगलैरलम् ॥ १ ॥
तिहुअणेत्यादि त्रिभुवन क्षेत्रे किमिति तस्य कीर्तिवल्ली प्रसारिता।
अक्षर संभारस्तं यदि मंचेन बंधामि ततोहं भणामि निश्चितं।
कृत्वा यादृशं तादृश काव्यम्।

× × ×

श्रोतुर्ज्ञान वदान्यस्य कीर्तिसिंह महीपते।
करोतु कवितः काव्यं भव्य विद्यापतिः कविः ॥ ५ ॥

अन्त—

शुभ मुहुर्ते अभिषेकः कृतः बान्धव जनेन उत्साहकृतः
तीरभुक्त्या प्राप्तो रूपः पातिसाहेन य·······कृतं कीर्तिसिंघो
भवद्भूपः। इति चतुर्थपल्लवः इति कीर्तिलता समाप्ता।

× × ×

श्री श्रीमद्गोपालभट्टानुजेन श्री सूरभट्टेन स्तम्भतीर्थे लिखापितमिदम्।

लेखन-काल—नेत्र (२) नग (७) रसो (६) रभीभी (१) मितेब्दे विक्रमा धु·······र्ये असिते स्वष्ट्यां विखितं भृगुवासरे।

प्रति—पत्र २२। पंक्ति १२। अक्षर ६०। साइज १४×६

विशेष—मूल ग्रन्थ का आद्य पद इस प्रकार है।

तिहुअण खेत्तहि काइ तसु, कित्ति वल्लि पसरेइ।
आखर खम्भारम जउ मंचा बंधि न देइ ॥ १ ॥

(अनूप संस्कृत पुस्तकालय)

(२) बिहारी-सतसई की संस्कृत टीका। वीरचन्द्र शिष्य परमानंद। र० १८६० माघ। बीकानेर।

आदि—

नत्वा श्रीशं जिनाधीशं, श्रीपार्श्वं पार्श्वसेवितं।
विहारीकृतग्रन्थस्य, वक्ष्ये व्याक्षा (ख्यां) सुबोधिकां ॥ १ ॥
मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरी सोइ।
या तन की झांई परई, स्याम हरित दुति होइ ॥ २ ॥

व्याख्या

सा राधा नाम्नी नागरी मम भव बाधा हरतु यस्य राधायाः तनोर्द्युतिः पतति कृष्णा काये तदा श्यामवर्णः हरित द्युतिर्भवति कृष्ण शरीर कान्ति। कृष्णा राधाया गौर वर्ण तथा मिश्रिता हरित द्युतिर्भवति गौरवर्ण। मिश्रिता श्यामवर्णौ हरिद्भवतीति प्रसिद्ध द्वितीयोर्थः—स राधा नागरिः नामकः कृष्णो मम भव बाधा हरतु यस्य कृष्णस्य तनु द्युतिर्यत्र नरे पतति तदा श्यामं पापं हरि दूरोस्यात् तदुति तत् द्युतिः स्यात् ॥ तृतीयार्थस्तु—वैद्यं प्रति रोगिण वक्तिः— हे वैद्य मम भवबाधां रोगं वा हरतु तदा वैद्ये-नोक्तं राधां नागरि सोई राधा शुंठि नागरि मोथ सोई सिन्धु सो वा यात नै। कृष्ण झांई पतति सा हरि सतैं भैषजैः दूरी स्यात् तदुति होय सा पूर्वोक्ता द्युतिः तद्युति स्यात् तुर्यार्थस्तु कृष्णशरीर द्युतिनाश्रित्य हरित द्युतिरूपमेव ॥ १ ॥

अन्त—

जद्यपि है सोभा घनी मुक्ता हल मैं लेख।
गुहौ ठौर की ठौर तें डरमैं होत विसेख ॥ ७११ ॥
इति बिहारीलाल कृत सप्त सतिका सम्पूर्णम् ॥
देखो प्यारी ऊठकै वर अत्थो है द्वार।
चन्द्रवदनी सुणिकै ऊठी हरसत हर्ष अपार ॥ इत्यादक्षरः ॥
व्यौमस्कन्धमुखेभकास्यतिमिते संवत्सरे वत्सरे
माघे मास शुक्लदले धनंजयतिथौ दैत्येजवारे वरे।
हर्म्यव्यूह विभूषते जित कुबेराधिष्ठित स्थानके।
श्रीमत्सूरतसिंह भूप विहितैश्वर्ये पुरे विक्रमे ॥ १ ॥
श्रीमन्नागपुरीय लुंपक गणे राकाब्जवन्निर्मले।
श्रीलक्ष्मीन्द्र गणाधिपे सुविदिते गच्छे सतां विभ्रति।
श्रीमच्छ्रीमुनि राजसिंह गुरवः सन्नामनामानुगाः।
तच्छिस्या गुणरत्न रत्न सरणाः विद्वल्ललाटंतपाः। १।
श्रीमत्तीर्थंकर प्रणीत समय श्रद्धालवः सूरताः।
कार्याकार्य विचार सारनिपुणाः श्री वीरचंद्राह्वयाः।

तत्पादांबुजरेणु रामनुज प्रमोदकाराय वै ।
नाना स्वादुभृतां व्यक्त परमानंदः परा मोदतः । ३ ।
माथुरीय द्विकुले विहारी ब्राह्मणो भवेत्
तद्विनिर्मितग्रन्थस्य पर्थ्यां तथ्यां रसान्वितं । ४ ।

इति विहारीसप्तसतिकावृत्तिः समाप्ताः ॥

लेखन काल—सं० १८८७ मिती फागुण वदि ७ तिथौ शुक्रवारे श्रीमद्विक्रमपुरे श्रीकीर्तिरत्नसूरिशां (सं) तानीय वा श्री मयाप्रमोदजिद् गणिः तच्छिष्य पं० लब्धि बिलाश लिखितं ॥ श्री ॥

प्रति—पत्र ५३ । पंक्ति १७—१८ । अक्षर ५० । साइज ९॥। × ४॥।

(वर्द्धमान भंडार)

(३) (केशवदास कृत) रसिक प्रिया की टीका । समर्थ । सं० १७५५ श्रावण सुदि ५ सोमवार । जालिपुर ।

आदिः—

अथ रसिकप्रियायाः वर्त्तिलिख्यते—

गीर्वाणनाथ विनताद्भुत मौलिमाला, माणिक्य कांति सुविशिष्ट नखांशुजालां ।
कल्याणकंदमतुलं नवनीरदाभं स्तौमि प्रभुं सुफलवर्द्धिपुरस्थ पार्श्वम् । १ ।
कुँदेन्दुहार निकरोज्वलचारुवर्णा वीणा सु पुस्तकधरा कमला सवर्णा ।
यास्तेतनीर जवरासन संशिता च ज्ञानप्रदा भवतु मोखलु सारदा सा । २ ।
राधां तनुच्छवि भरा वलितो मुरारिः संराजते हरितवर्ण तनुर्हतारिः ।
ध्यायन्मुदा ललितकांति धरां च राधां सो मे प्रभुर्हरतु भूरि भवस्य बाधां । ३ ।
श्रीमद्गुरुः सुमतिरत्न गणि प्रधानः कारुण्यपुण्यनिलयो महिमा निधानाः ।
तत्पादयुग्म सरसीरुहलीनभृंगः शिष्यः समर्थ विबुधो वरवाक् तरङ्गः । ४ ।
गुरोः प्रसादादधिगम्य भावं कुर्वे सुवृत्तिं रसिकप्रियायाः ।
विशिष्ट भावामृतपूरितायाः प्रमोदनी नाम मनः प्रमोदात् । ५ ।
सर्व्वा सुभाषा सुविशेष रम्या व्रजस्य भाषा ललिता सुवाणी ।
मुखेरमुखे भिन्नतरार्थं सज्ञादहं प्रवक्ष्ये खलु संप्रदायात् । ६ ।
प्रायशो व्रजभाषायाः केनापि न कृता पुरा ।
सुसंस्कृत मयी टीका सुगमार्थं प्रबोधिनी । ७ ।

इह खलु ग्रंथारंभे कविः श्री केशवदासः शिष्ट समय परिपालनाय स्वाभिमत फलसिद्ध्यर्थं प्राप्तिरिप्सित ग्रन्थ प्रतिबंधक विघ्नविघातकं विशिष्ट शिष्टाचारानुमिति श्रुतिबोधात्मकं समुचितेष्टदेवता श्री गणेशस्तुति कथन द्वारा मंगलमाचरति । एकरदनेति—तथा च ग्रन्थादौ विषयप्रयोजन सम्बन्धाधिकार चतुष्टयमवश्यं वाच्यं तत्र शृंगारादिरसवर्ण

विषय प्रयोजनं च रसिक जनमनःप्रमोदापत्तिः वाच्यवाचकभावःसम्बन्धःजिज्ञासुरधिकारी चेति अपि च अपारसंसारपारावार बहुल भवभ्रमणावर्त पतित प्राप्तातर्कितेपस्थितमनुष्यावतारस्य लब्ध घुणाक्षरप्रकारस्य प्राणिनः फलं द्वयं भोगो योगश्च तत्राद्यः भुज्यते शब्दादिभिरिति भोगः सुखं यदमरः भोगः सुखेस्त्र्यादि भृतावतेश्च फणिकाययोरिति।

अन्त—

सुर भाषा तें अधिक है, व्रज भाषा सौं हेत।
व्रज भूषण जाकौं सदा, मुख भूषण करि लेत ॥१७॥

व्याख्या—

सुर भाषा संस्कृत भाषायाः सकाशात् व्रजभाषा अधिकास्ति व्रजभूषणः कृष्णस्त स्वमुखं भूषयति यस्याः पठनात् मुख शोभा भवतीत्यर्थः ॥१७॥

इति श्री सकल वाचक चूड़ामणि वाचक श्रीमति रत्नगणि शिष्य पण्डित समर्थाह्वेन विरचिंतायां रसिकप्रिया टीकायां अनरस वर्णनो नाम षोडशः प्रभावः।१६। समाप्तोयं रसिकप्रिया भाषाग्रन्थ—ग्रन्थाग्रन्थ १६००

श्री वीर तीर्थेश जिनाप्रणीतः तुर्यार कांते गणवो बभूव।
स्वामी सुधर्म्मा कृत साधु कर्म्मा चतुष्टय ज्ञानधरो धरांया ॥१॥
तस्यैव सत्साधु परम्परायामशीति चत्व रि गणाः बभूवुः।
तेषु प्रधानः खलु चन्द्र गच्छः राका शशांकादधिकोहि स्वच्छ ॥२॥
राज्ये शुभं श्री जिनचन्द्रसूरेः सौभाग्य भाग्योदित रत्न मौलेः।
सदामुदाशं ददतो मुनीनां महीक्षितानामपि पूजितस्य ॥४॥
श्रीमत्सागरचन्द्र सूरिरवत् तस्मिन् गणे शुद्ध धीः।
स्फूर्त्तिर्यस्य जिनागमे च महती वारांनिधि ज्ज्योतिषः।
साध्वाचार रतो विशुद्ध हृदयो लब्ध प्रतिष्ठो महान्।
यस्मै क्षेत्र पति र्बभूव सततं वीरः सहायी सदा ॥५॥
तन्नाम शाखा प्रभृता गरिष्टा न्यग्रोधशाखे वरसेर्वरिष्टा।
तत्पाद राजीव प्रकाशनोद्यत् प्रद्योतनो निर्जित मोहमल्लः ॥६॥
भुवन रत्न मुनीश्वर सुन्दरः प्रवर साधु गुणोत्कर बंधुरः।
सम जनिष्ट ततो मुनि पुंगवो विमल कीर्ति समुज्वल वैंभः ॥७॥
सूरि स्ततो भूच्च सुधर्मरत्नो विशुद्ध बुद्धि कृत धर्म्म यत्नः।
रत्नाकरो निर्मल सद्गुणानां महां च मान्योखिल सज्जानानां ॥८॥
श्रीमानुपाध्याय पदाभिरामो पुण्यादिमो बल्लभ पूर्ण कामः।
धर्म्मं प्रियो हर्ष सुधाभितृप्तिः सत्वानुकंपा शुभ चित्र वृत्तिः ॥९॥
तत्पाद पंकेरु ह संस्पृहालुः दयादि धर्म्मो विबुधो दयालुः।
तान्छिस्य मुख्यो खिल शास्त्र पद्मा वर्यो मुनीनां स्वधर्म सद्मा ॥१०॥

तदीय शिष्यो मुनिरत्न धीरो गुणैः समुद्रादभि यो गभीरः ।
ततो बभौ वाचक वर्य्य धुर्य्यो ज्ञानप्रमोदो द मंत्र वीर्य्यः ॥११॥
षट् तर्काद्भुत बोध युक्ति कुशलो वाचां गुरोः सन्निगः ।
वर्द्दिष्णु प्रतिमाभिमान विलसद्वादीभ पंचाननः ।
निष्णातो निखिलागमेषु विमलै मंत्रे गंज स्तंभकृत् ।
विख्यातो भुवने गरिष्ट महिमा ज्ञानप्रमोददो गुरुः ॥१२॥
तेषां हि शिष्यो गुणनंदनारथः सच्छील मुक्तो नव नीरजाक्षः ।
वैराग्यतत्त्वपक्ष गृहस्थभार श्रीवाचको ऽभूत् विदितार्थ सारः ॥१३॥
तदीय पक्षैरव पार्वणेंदुः सद्वाक्य धारामृत तुल्य बिंदुः ।
गुप्तेन्द्रियो यो महिमा गरिष्टः श्रेष्टः सुधी साधु गणै वरिष्टः ॥१४॥
समय मूर्ति गुरुजित मेनाथः सकल नागर रंजित सत्कथः ।
परम धर्म्मरतः करुणालयः सुपद वाचकतां जगृहे भयः ॥१५॥
तच्छिस्यौ दधतुः श्रेष्टो वाचकस्य पदोत्तमं ।
मुख्यो हि नेमहर्षश्च मतिरत्नो महामुनिः ॥१६॥
गुरुमदीयो मतिरत्न न.मा शीतांशु बिंबादपि योहि सौम्यः ।
स्वार्थस्य बुद्धिः परमार्थ सिद्धौ गुप्तेन्द्रियो जागृत हस्त सिद्धिः ॥१७॥
तदीय शिक्षैर्गुरुर्भक्ति दक्षै विद्वत् समर्थै विदितागमार्थैः ।
व्यधायि वृत्ती रसिक प्रियायाः दक्षो चिता सभ्य मनोरमायाः ॥१८॥
एषा विशेषा द्विकरार्थ युक्ता व्रजस्य भाषा सरसा सुरम्या ।
लब्धार्थ भावोद्घटनासु शक्ताः तस्माद् विशोध्याः कविभिः पुराणैः । १९॥
संवद्बाण शराब्धि शीतगुर्मिते मासे शुभे श्रावणे ।
पंचम्यां शशिवासरे शुभ दिने पक्षे लसत्प्रोज्वले ।
श्री मज्जालिपुरे सदा सुख करे सिंधोस्तरे सुन्दरे ।
तत्रालेखि समर्थ साधुभिरियं वृत्ति मनोमोदिनी ॥२०॥
यावन्मेरु धरा पीठे यावत्तिष्टति मेदिनी ।
तावन्नंदतु टीकेयं साधु शब्दार्थ सुंदरा ॥२१॥
अदृष्टदोषान्मतिविभ्रमाद्वायत्किंचिदूनं लिखितं मयात्र ।
तत्सर्व मार्षैः परिशोधनीयं संतोयतः सर्व हितैषिणो वै ॥२२॥
मंगलं लेखकस्यापि पाठकस्यापि मंगलं ।
मङ्गलं सर्व लोकानां भूमि भूंपति मङ्गलं ॥२३॥
तैलाद्रक्षेज्जलाद्रक्षेत् रक्षेत् शिथिल बंधनात् ।
परहस्त गतां रक्षेदेवं वदति पुस्तिका ॥२४॥
भग्न दृष्टि कटि ग्रीवा चाधो दृष्टि रधो मुखं ।
कष्टेन लिखितं शास्त्रं यत्नेन परि पालयेत ॥२५॥

लेखन काल—संवत् १७९९ वर्षे आश्विन मासे शुक्ल पक्षे त्रयोदशी तिथौ भृगुवारे वाचनाचार्य श्री श्री १०४ श्री श्री देवधीरगणितत् शिष्य पं० प्रवर श्री हर्ष हेमजी शिष्य

पं० चतुरहर्ष लिखितं श्री वीकानेर मध्ये चतुर्मासी स्थितेन । श्रीरस्तु । म० श्री जोरावरसिंहजी ।

प्रति—पत्र ८१ । पंक्ति १६ । अक्षर ५२ । साइज ४० × १।

(दानसागर भंडार)

(४) (केशवदास कृत) शिखनख की भाषा टीका । संवत् १७६२ से पूर्व ।

आदि—

अथ शिख नख वर्णन लिख्यते । काव्य ।

गीर्वाण वाणी पु विशेष बुद्धिः तथापि भाषा रस लोलुपोहं ।
यथा सुराणाममृतेपु सत्सु स्वर्गाङ्गनामधरासवे रुचिः । १ ।

अर्थ

केसवदास कहै छै जे माहरी मति संस्कृत वाणीं नै विषै बुद्धि विशेष छै तो पिण हुं भाषा रस ने विषै लोलपी छु ते केहनी परै जिम देवतां ने देव लोक माहे अमृत थकां पिण देवांगना ना अधर ना रस नी वांछा करै अधर रसनी घणी इच्छा तिमजंपिण संस्कृत भाषा जांणु हु तौ पिण व्रज भाषा नी वांछा घणी हैं मुझनें ।

अथ छूटा केश वर्णन सवैया ॥

अन्त—

कमला जे लक्ष्मी तेहनुं स्थानक जांणीनें कै आणीयै कामना जे पांच वाण तेहना जे जोतिवंत फल कहर्ता भालोइ छै ते शोभै छै कै हूं जाणुं माहरे जाण पणै सुंदर सुंदरीना नखज छै । २८ ।

इति श्री केशवदास विरचित शिख नख संपूर्णः । श्रीरस्तु ।

लेखन काल—संवत १७६२ वर्षे मिगसर सुदि ८ भौमे लिखितं श्री भुज मध्ये पं० भागचंद मुनिना । श्री ।

प्रति गुटकाकार । पत्र ८ । पंक्ति ३३ । अक्षर २२ । साइज ४। × ६

(अभय जैन ग्रन्थालय)

परिशिष्ट १.

[ग्रन्थकार-परिचय]

(१) अभयराम सनाढ्य (१६)✲—जैसा कि आपने 'अनूप शृङ्गार' ग्रंथ में उल्लेख किया है आप भारद्वाज कुल, सनाढ्य जाति, करैया गोत्रीय केशवदास के पुत्र एवं रणथंभोर के समीपवर्ती वैहरन गाँव के निवासी थे। बीकानेर नरेश अनूपसिंहजी आप पर बड़े प्रसन्न थे और 'कविराज' नामसे संबोधित किया करते थे। महाराजा अनूपसिंहजी की आज्ञानुसार ही आपने सं० १७५४ के अगहन शुक्ला रविवार को 'अनूप शृङ्गार' ग्रन्थ की रचना की।

(२) आनन्दराम कायस्थ भटनागर (१४)–आप सुप्रसिद्ध कवि काशीवासी तुलसीदासजी के शिष्य थे। आपके रचित "वचन-विनोद" की प्रति सं० १६७९ की लिखित होने से उसका निर्माण इससे पहले का ही निश्चित होता है। प्रतिलेखक ने आपका विशेषण "हिंसारी" लिखा है अतः इनका मूल निवासस्थान हिंसार ज्ञात होता है। मिश्रबन्धु विनोद पृ० ३४७ में कोकसार या कोकमंजरी के कर्त्ता को "आनन्द कायस्थ, कोट हिंसार के" लिखा है। इस ग्रन्थ की प्रति अनूप संस्कृत लाइब्रेरी में सं० १६८२ लिखित उपलब्ध है। समय निवासस्थान और नाम पर विचार करते हुए कोकसार-रचयिता आनन्द वचन-विनोद के आनन्दराम कायस्थ ही प्रतीत होते हैं।

(३) उदयचंद (१५, १०९)—ये खरतरगच्छीय जैन यति या मथेन थे। महाराजा अनूपसिंहजी से आपका अच्छा सम्बन्ध था। उन्हीं के लिये सं० १७२८ के आश्विन शुक्ला १० कुजवार को इन्होंने बीकानेर में 'अनूपरसाल' ग्रन्थ बनाया। आपका 'पांडित्य दर्पण' नामक संस्कृत ग्रन्थ (सं० १७३४ के सावन सुदी में) पूर्वोक्त महाराजा की आज्ञा से रचित उपलब्ध है जिसकी आवश्यक जानकारी Adyar Library Bulletin में पांडित्य दर्पण ऑफ श्वेताम्बर उदयचन्द्र नामक लेख में प्रकाशित है। महाराजा सुजानसिंहजी के समय (सं० १७६५ चैत्र) में आपने 'बीकानेर गजल' बनायी।

(४) उदयराज (३९)—आप के रचित 'वैद्यविरहिणी प्रबन्ध' में कवि-परिचय एवं ग्रंन्थरचना-काल का कुछ भी निर्देश नहीं है, पर विशेष संभव ये उदय-

✲ पृष्ठाङ्क

राज वे ही हैं जिनके रचित हिन्दी एवं राजस्थानी के लगभग ५०० दोहे उपलब्ध हैं। यदि यह अनुमान ठीक है तो आप खरतरगच्छीय (चंदन मलयागिरी चोपई के रचयिता) भद्रसार के शिष्य थे। आप अच्छे कवि थे—आपकी निम्नोक्त अन्य रचनाऐं हमारे संग्रह में हैं।

(१) गुणबावनी सं० १६७६ वै० सु० १५ बवेरइ।

(२) भजन छत्तीसी सं० १६६७ फा० ब० १३ शुक्रवार, मांडावइ।

भजन छत्तीसी में कवि ने अपना परिचय देते हुए लिखा है कि यह ग्रन्थ ३६ वर्ष की उम्र में बनाया अतः इनका जन्म सं० १६३१ निश्चित होता है। आपने अपने पिता का नाम भद्रसार, माता का नाम हरषा, भ्राता सूरचंद्र, मित्र रत्नाकर, निवासस्थान जोधपुर, स्वामी उदयसिंह, पत्नी पुरवणि, पुत्र सूदन का उल्लेख किया है। इन बातों को स्पष्ट करने वाले दो कवित्त नीचे दिये जा रहे हैं:—

साम समपे उदयसिंह वास समपे योधपुर।
समपि पिता भद्रसार जन्म समपे हरषा उर।
समपि भ्रात सूरचंद्र मित्र समपे रयणायर।
समपि कलित्र पूरवणि समपि पुत्र सुदन दिवायर।
रूप अने अवतार ओ मो समपे आपज रहण।
उदैराज इह लधौ इतौ, भव भव समपे मह महण॥ ३२॥

× × ×

सौलहेसे सतसठै, कीध जन भजन छत्तीसी।
मोनुं वरस छत्रीस, हुअ मनि आवइ ईसी।
बदि फागुण शिवरात्रि, श्रवण शुक्रवार समूरत।
मांडावाइ मझारि, प्रभु जगमाल पृथी पति।
भद्रसार चरण प्रणाम करि, मैं अनुक्रमि मंड्या कवित।
त्रैलोक छत्तीसी बांचता दुःख ज।२ नासै दुरति॥ ३७॥

उदयराज या उदयकृत चौबीसजिन सवैयादि का संग्रह भी उपलब्ध है वे सब हिन्दी में हैं। प्रमाणाभाव से उनके रचयिता प्रस्तुत उदयराज ही हैं या उससे भिन्न अन्य कोई कवि है, नहीं कहा जा सकता;

मिश्र बन्धु विनोद भा० १ पृ० ३९६ में उदयराज जैन जति बीकानेर रचित फुटकर दोहे, गुणमासा तथा रंगेजदीन महताब, रचना १६६० के लगभग, आश्रयदाता महाराजा रामसिंहजी को लिखा है इनमें से फुटकर दोहे तो ठीक इन्हीं के हैं बाकी

की दोनों रचनाओं के नाम अशुद्ध प्रतीत होते हैं। संभव है गुणमासा गुणबावनी हो। रायसिंहजी के आश्रित होने की बात भी सही नहीं है। पूर्वोक्त पद्यों से ये यति होकर मथेन (गृहस्थ) सिद्ध होते हैं।

(५) उस्तत पातशाह (६१)—इन्होंने सं० १७५८ के मिगसर सुदी १२ बुधवार को सिन्ध प्रान्तवर्त्ती भेहरा नामक स्थान में रागमाला (राग चौरासी) भरत के ग्रन्थानुसार और शाह के राज्य-काल में बनाई।

(६) कर्णभूपति (१९)—इनके रचित कृष्णचरित्र सटीक के अतिरिक्त कुछ ज्ञात नहीं। संभव है ये बीकानेर नरेश कर्णसिंहजी हों। प्रति अपूर्ण प्राप्त है अतः अन्त का अंश मिलने पर संभव है इसके रचयिता के सम्बन्ध में विशेष जानकारी प्राप्त हो।

(७) कल्याण (१०२, ११४)—ये खरतरगच्छीय यति थे। इन्होंने सं० १८३८ के माघ बदी २ को गिरनार गजल एवं सं० १८६४ के भाद्रवा शुक्ला १४ को दौलत (रामजी) यति के लिये सिद्धाचल गजल बनाई।

(८) कल्ह (९६)—इन्होंने जहाँगीर के राज्यकाल में लाहौर में दिल्ली-राज्य-वंशावलि बनाई। इसका रचनाकाल "तौरे गगण अखरत चंद" कातिक बदी १ रविवार बतलाया है। संवत् स्पष्ट नहीं हो सका, संभव है पाठ अशुद्ध हो।

(९) किशनदास (९७)—इन्होंने औरङ्गजेब के राज्यकाल में उपरोक्त कवि कल्हकृत दिल्ली राज्य वंशावलि को आदि अन्त का कुछ भाग अपनी ओर से जोड़कर अपने नाम से प्रसिद्ध करदिया है मध्य का भाग कल्ह की वंशावलि से ज्यों का त्यों ले लिया गया है। जो वास्तव में साहित्यिक चोरी है।

(१०) कुंवर कुशल (३४)—ये तपागच्छीय कनककुशल के शिष्य थे। कच्छ के राजा लखपत के आदेश से उन्ही के नाम का लखपतजससिन्धु नामक ग्रन्थ बनाया। कच्छ के इतिहास में लखपत का समय सं० १७९८ से १८१७ लिखा है अतः कवि एवं ग्रन्थ का समय इसी के मध्यवर्ती है। कच्छ इतिहास के अनुसार कनककुशलजी ने राजा लखपत को ब्रजभाषा के ग्रन्थों का अभ्यास करवाया था। महाराजा ने इनके तत्वावधान में वहाँ एक विद्यालय स्थापित किया था जिसमें पढ़ने वाले विदेशी विद्यार्थियों को राज्य की ओर से पेटिया (भोजन का समान) दिये जाने की व्यवस्था की थी। सं० १९३२ में कनक कुशलजी की शिष्य परम्परा के भट्टारक जीवनकुशल जी की अध्यक्षता में यह विद्यालय चलरहा था, पता नहीं वह अब चालू

है या नहीं। कनककुशलजी के शिष्य कुंवर कुशलजी के रचित लखपतजससिन्धु ग्रन्थ का उल्लेख भी कच्छ के इतिहास में पाया जाता है।

मिश्रबन्धु विनोद पृ० ६६७ में इनका एवं इनके रचित लखपतजससिन्धु का उल्लेख है पर इन्हें जोधपुर निवासी बताना सही नहीं है। विनोद में कुंवर कुशल को कनक कुशल का भाई बतलाया गया है पर ये गुरु-शिष्य थे, यह हमें प्राप्त प्रति की प्रशस्ति से स्पष्ट है।

(११) कृष्णदत्त विप्र (११९)—इन्होंने 'ज्योतिषसार भाषा' या कवि-विनोद ग्रन्थ बनाया। विशेष वृत्त अज्ञात है।

(१२) कृष्णदास (५६)—इन्होंने बीकानेर निवासी जैन जोहरी बोथरा कृष्णचन्द्र जो कि दिल्ली में रहने लगे थे, के लिये रत्न परीक्षा ग्रन्थ सं० १९०४ के कार्त्तिक कृष्णा २ को बनाया।

(१३) कृष्णानन्द (४३)—गन्धककल्प आँवलासार ग्रन्थ के अतिरिक विशेष वृत्त ज्ञात नहीं है। मिश्रबन्धु विनोद के पृ० १०२८ में कृष्णानन्द व्यास का उल्लेख है वे इनसे भिन्न ही सम्भव हैं।

(१४) केशरी कवि (३३)—इन्होंने सुजान के लिये रसिकविलास ग्रन्थ बनाया।

(१५) खेतल (१००,१०३)—आप खरतरगच्छीय जिनराज सूरिजी के शिष्य दयावल्लभ के शिष्य थे। दीक्षानंदी सूची के अनुसार आपकी दीक्षा सं० १७४१ के फागुन वदी ७ रविवार को जिनचन्द्र सूरिजी के पास हुई थी। आपने अपना नाम पद्यों में खेतसी, खेता और कहीं खेतल दिया है। नन्दी सूचि के अनुसार इनका मूल नाप खेतसी और दीक्षित अवस्था का नाम दयासुन्दर था। आपने चित्तौड़गजल सं० १७४८ सावन वदी २ और उदयपुर गजल सं० १७५७ मिगसर वदी में बनायी थी। इनके अतिरिक्त आपकी रचित बावनी हमारे संग्रह में है जिसकी रचना सं० ७४३ मिगसर सुदी १५ शुक्रवार दहरवास गाँव में हुई थी। उसका अन्त-पद इस प्रकार है:—

संवत् सत्तर त्रयाल, मास सुदी पक्ष मगस्सिर।
तिथि पूनम शुक्रवार, थयी बावनी सुथिर।
वारखरी रो बन्ध, कवित्त चौसठ कथन गति।
दहरवास चौमास समय, तिणि भया सुखी अति।

श्री जैनराजसूरिसवर, दयावल्लभ गणि तास सिखि।
सुप्रसाद तास खेतल, सुकवि लहि जोड़ि पुस्तक लिखि ॥ ६४ ॥

आपकी उदयपुरगजल भारतीय विद्या में एवं चित्तौड़गजल फार्बस सभा त्रैमासिक पत्रिका में प्रकाशित हो चुकी है।

मिश्रबन्धुविनोद के पृ० ९६६ में खेतल कवि का नामोल्लेख है पर वहाँ इनके रचित ग्रन्थ का नाम व समय का निर्देश कुछ भी नहीं है। अतः वे यही थे, या इनसे भिन्न, नहीं कहा जा सकता।

(१६) खुसरो (४)—आप हिन्दी साहित्य संसार में सुप्रसिद्ध हैं। मिश्र-बन्धु विनोद पृ० २६६ में इनका व इनके नाममाला ग्रन्थ का उल्लेख पाया जाता है। खोज रिपोर्टों में अभी तक इनकी ख्वालकबारी नाम माला की नागरी लिपि में लिखित प्राचीन प्रति का कहीं भी उल्लेख देखने में नहीं आया। इसलिये प्रस्तुत विवरणी में इसका आदि अन्त भाग दिया है।

(१७) गनपति (८८)—ये गुर्जर गौड़ सुरतान देव के पुत्र थे। इन्होंने सांगावत जसवन्त की रानी अमर कंवरी और आम्बेरनाथ की पत्नी कुन्दन बाई के लिये सं० १८२६ बसन्त पंचमी को शनि कथा की रचना की। ये वल्लभ सम्प्रदाय के गिरधारीजी के मन्दिर के पुजारी थे।

श्रीयुत मोतीलालजी मेनारिया के सम्पादित खोज विवरण भाग १ में इनके सुदामाचरित्र का विवरण दिया गया है। वहाँ कवि का नाम गणेशदास लिखा है। गणेश और गनपति एकार्थवाचक नाम है अतः ये दोनों अभिन्न ही प्रतीत होते हैं।

(१८) गुलाबविजय (१०१, १०३)—आप तपागच्छीय यति थे। इन्होंने 'कापरड़ा गजल' कम धज खुसालसिंह के शासन काल में (सं० १८७२ चै० ब० ३ को बनाई) और जोधपुर गजल की सं० १९०१ पौष बदी १० को रचना की।

जैन गुर्जर कवियो भा० ३ पृ० १७५ में रिद्धिविजय शिष्य गुलाबविजय के समेदशिखर रास सं० १८४६ में रचे जाने का उल्लेख है पर वे इनसे भिन्न ही संभव हैं।

(१९) गुलाबसिंह (३६)—ये प्रतापगढ़ राज्य के संचेइ गाँव के अधिकारी थे। ओझाजी के प्रतापगढ़ के इतिहास में वहाँ के राजा उदयसिंह ने महडू गुलाबसिंह को पैर में स्वर्णाभूषण का सन्मान देकर प्रतिष्ठा बढ़ाई, लिखा है। आपके रचित साहित्य महोदधि की रचना इन्हीं उदयसिंहजी की आज्ञा से हुई थी मुझे उसका नृपवंश

निरूपण और कविवंश वर्णन नामक ऐतिहासिक अंश ही उपलब्ध हुआ है—सम्पूर्ण ग्रन्थ काफी बड़ा होना चाहिये और वह प्रतापगढ़ राज्य लाइब्रेरी या कवि के वंशजों के पास होना संभव है। संचेड़ गाँव आज भी इनके वंशजों के अधिकार में है।

मिश्र बन्धु विनोद पृ० १०५५ में बूंदी के गुलाबसिंह कवि के अनेक ग्रन्थों का उल्लेख है जो कि मुंशी देवीप्रसादजी के 'कविरत्नमाला' से लिया गया जान पड़ता है। इनका समय भी हमारे कवि गुलाबसिंह के समकालीन है पर ये दोनों भिन्न-भिन्न कवि प्रतीत होते हैं।

(२०) गोपाल लाहोरी (२९)—इन्होंने मुसाहिबखान के तनुज सिरदारखाँ के पुत्र मिरजाखाँन की आज्ञा से 'रसविलास' ग्रंथ सं० १६४४ के बैसाख सुदि ३ को बनाया, इस प्रन्थ का केवल अन्तिम पत्र ही हमारे संग्रह में है। अतः सम्पूर्ण प्रति कहीं उपलब्ध हो तो हमें सूचित करने का अनुरोध है।

(२१) घनश्याम (२३)—प्रति लेखक के अनुसार ये पुरोहित थे। राधाजी के नखशिख वर्णन के अतिरिक्त इनकी अन्य रचना अज्ञात है। ये कवि वल्लभ कुल के वैष्णव थे। सं० १८०५ के कार्तिक शुक्ला बुद्धवार को नखशिख वर्णन की रचना हुई थी।

(२२) चतुरदास (२०)—आप अमृतराय भट्ट के शिष्य व जाति के क्षत्रिय थे। चित्रविलास की रचना अपने मित्रों के कथन से सं० १७३६ कार्तिक सुदि ९ लाहौर में आपने गुरु के नाम से की थी।

(२३) चिदानंद (१२९)—ये आत्मानुभवी जैन योगी थे। इनका मूल नाम कपूरचंद और साधकावस्था का नाम चिदानंद है। बनारस वाले खरतरगच्छीय यति चुन्नीजी के ये शिष्य थे। आपके प्राप्त ग्रन्थों के नाम इस प्रकार हैं।

(१) स्वरोदय सं० १९०७ पालीताना
(२) पुद्गल गीता
(३) दया छत्तीसी सं. १९०५ का. सु. १ भावनगर
(४) प्रश्नोत्तरमाला
(५) सवैया बावनी
(६) पद बहोतरी
(७) फुटकर दोहे आदि

आपका स्वरोदय ग्रन्थ अपने विषय का अच्छा ग्रन्थ है। आपके पद बड़े ही सुन्दर एवं भावपूर्ण हैं। गम्भीर भावों को दृष्टांत देकर सरलता से समझाने में आप

बड़े सिद्धहस्त थे। इनके विषय में मेरा एक स्वतन्त्र लेख शीघ्र ही प्रकाशित होने वाला है।

(२४) चेतनविजय (३, १३, ७३)—ये तपागच्छीय रिद्धिविजयजी के शिष्य थे। लघुपिंगल की अन्तप्रशस्ति के अनुसार इनका जन्म बंगाल में हुआ था। दीक्षा लेकर तीर्थयात्रा करते हुए पुनः बंगाल में आने पर इन्होंने कई ग्रन्थों की रचना की जिनमें से 'आत्मबोध नाममाला' सं० १८४७ माघ सुदी १० और लघुपिंगल सं० १८४७ पौष बदी २ गुरुवार बंगदेश और जम्बूरास सं० १८५२ सावन सुदी ३ रविवार अजीमगंज में रचित ग्रन्थों के विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में दिये गये हैं। इनके अतिरिक्त श्रीपाल रास सं० १८५३ फागन सुदी २ अजीमगंज और सीता चौपाई सं० १८५१ वैसाख सु० १३ अजीमगंज, उल्लेखनीय हैं। स्वर्गीय बाबू पूरनचन्दजी नाहर कलकत्ता के गुलाबकुमारी लाइब्रेरी में इनके रचित अनेक फुटकर रचनाओं का एक बड़ा गुटका है।

मिश्रबन्धु विनोद पृ० ८३६ में भी इनका उल्लेख आया है।

(२५) चेलो (९९)—ये रतनु गोत्रीय पनजी के पुत्र एवं जिलिया गाँव के निवासी थे सं० १९०९ के वैसाख वदी में उन्होंने आबू शैल की गजल बनाई।

(२६) चैनसुख (५४)—आप खरतरगच्छीय जिनदत्त सूरि शाखा के लाभ निधानजी के शिष्य थे। इनकी परम्परा में यति रिद्धिकरणजी आज भी फतहपुर में विद्यमान हैं। इन्हीं के संग्रह में आपकी शतश्लोकी भाषाटीका की प्रति उपलब्ध हुई है जिसकी रचना सं० १८२० भाद्रवा वदी १२ शनिवार को महेश की आज्ञा व रतनचन्द के लिये हुई है। आपका अन्य ग्रन्थ 'वैद्य जीवन टवा' भी उपलब्ध है। सं० १८६८ में फतहपुर में इनकी छतरी शिष्य चिमनीरामजी ने बनाई थी। आपकी परम्परा के सम्बन्ध में विशेष जानने के लिये हमारे लिखित युग प्रधान श्री जिनदत्त सूरि ग्रन्थ देखना चाहिये।

(२७) जगजीवन (७०)—इनके हनुमान नाटक की प्रति अपूर्ण मिलने से आपका समय व अन्य जानकारी अज्ञात है।

(२८) जगन्नाथ (२६)—जैसलमेर के रावल अमरसिंह के लिये इन्होंने रतिभूषण नामक ग्रन्थ सं० १७१४ के जेठ सु० १० सोमवार को बनाया।

(२९) जटमल (७६-१०५-११३)—ये नाहरगोत्रीय जैन श्रावक थे। मूलतः वे लाहौर के निवासी थे पर पीछे से जलालपुर में रहने लगे थे। हिन्दी साहित्य में आपके रचित 'गोरा-बादल की बात' ने अच्छी प्रसिद्धि प्राप्त की, जिसका कारण एक

साहित्यिक विद्वान् द्वारा इसकी सटीक प्रति के गद्य को इनका रचित मान लेना था। परवर्ती विद्वानों ने इस भूल को बहुत वर्षों तक चलाये रखा पर अन्त में स्वामी नरोत्तमदासजी[1], बाबू पूर्णचन्दजी नाहर[2] और हमने अपने लेखों में इसका सुधार किया। हमारे अन्वेषण से जटमल के अन्य कई ग्रन्थ प्राप्त हुए उन सबका परिचय हमने हिन्दुस्तानी पत्रिका के वर्ष ८ अंक २ में 'कविवर जटमल नाहर और उनके ग्रन्थ' शीर्षक लेख में प्रकाशित किया था। प्रस्तुत ग्रन्थ में 'प्रेम विलास चौपाई,' 'लाहोरगजल' और 'झिंगोर गजल' के विवरण प्रकाशित हैं। इनमें से प्रेमविलास चौपाई के सम्बन्ध में स्वर्गीय सूर्यनारायणजी पारीक का एक लेख वीणा सन् १९३८ में प्रकाशित हो चुका है और 'लाहौरगजल' 'जैनविद्या' नामक पत्रिका में प्रकाशित हो चुकी है। 'झिंगोर गजल' अभी तक अप्रकाशित है। आपकी अन्य रचनाएँ, बावनी, सुन्दरीगजल और फुटकर सवैये हमारे संग्रह में है। जटमल-ग्रन्थावली का हमने संपादन किया है और वह प्रकाशन की प्रतीक्षा में है।

मिश्रबन्धुविनोद के पृ० ४०७ में भी जटमल का उल्लेख है।

(३०) जयतराम (१२८)—इन्होंने 'योग प्रदीपिका स्वरोदय' सं० १७९४ विजया दशमी को बनाया।

(३१) जयधर्म (१२३)—ये जैनयति लक्ष्मीचन्दजी के शिष्य थे। इन्होंने सं० १७६२ कातिक बदि ५ को पानीपत में नन्दलाल के पुत्र गोवर्धनदास के लिये 'शकुन प्रदीप' नामक ग्रन्थ बनाया।

(३२) जनार्दन गोस्वामी (२२)—इनके रचित 'दुर्गसिंह शृंगार' ग्रन्थ का विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में दिया गया है। इसकी प्रति प्रारम्भ में त्रुटित प्राप्त होने से दुर्गसिंह एवं कवि का विशेष परिचय ज्ञात नहीं हो सका। इस ग्रन्थ की रचना सं०१७-३५ ज्येष्ठ सुदि ९ रविवार को हुई थी। आपके रचित व्यवहार निर्णय सं० १७३७ और लक्ष्मी नारायण पूजासार (बीकानेर के महाराजा अनूपसिंहजी के लिये रचित) की प्रतियें अनूप संस्कृत लाइब्रेरी में विद्यमान हैं।

खोज रिपोर्टों के आधार से हस्तलिखित हिन्दी पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण भाग १ के पृ० ४९ में जनार्दन भट्ट के (१) बालविवेक (२) वैद्यरत्न (३) हाथी का शालिहोत्र और मिश्रबन्धुविनोद के पृ० १०७८ में इन ग्रन्थों के अतिरिक्त कविरत्न नामका चौथा ग्रन्थ भी इन्हीं के द्वारा रचित होने का उल्लेख किया है।

---

१ प्र० नागरी प्रचारिणी व, १४ अ, ४। २ प्र० विशाल भारत, दिसम्बर १९३३।

इनमें से वैद्यरत्न की प्रतियें मेरे अवलोकन में आयी हैं उसमें रचना काल सं० १७४९ माघ सुदि ६ स्पष्ट लिखा हुआ है। अतः मिश्रबन्धुविनोद में इनका कविता काल सं० १९०० के प्रथम बतलाया है वह और भी आगे बढ़कर सं० १७४९ के लगभग का निश्चित होता है। पता नहीं इनके नाम से जिन तीन अन्य ग्रन्थों का उल्लेख किया गया है उनमें रचनाकाल है या नहीं एवं कवि यही हैं या समनाम वाले अन्य कोई जनार्दन भट्ट हैं ?[१]

जनार्दन गोस्वामी के संस्कृत ग्रन्थों एवं वंशावलि के सम्बन्ध में डॉ. सी. कुन्हन-राजा अभिनंदन ग्रन्थ में पं० माधव कृष्ण शर्मा का 'शिवानन्द गोस्वामी' लेख देखना चाहिये।

(३३) जान (१८, २७, ३३, ४९, ५५, ७१, ७९, ८४, ९०, ९४, ९७)—आप फतहपुर के नवाब अलिफखाँ के पुत्र न्यामतखाँ थे। कविता में इन्होंने अपना उपनाम जान ही लिखा है। सं० १६७१ से १७२१ तक पचास वर्ष आपकी साहित्य-साधना का समय है। इन वर्षों में आपने ७५ हिन्दी काव्य ग्रन्थों का निर्माण किया; जिसकी प्रतियाँ राजस्थान में ही प्राप्त होने से अभी तक यह कवि हिन्दी साहित्य संसार से अज्ञात था। इनका (इनके ४ ग्रन्थों का) परिचय सर्व प्रथम हमारे सम्पादित 'राजस्थानी' और 'धूमकेतु' पत्र में प्रकाशित हुआ था। श्रीयुत मोतीलालजी मेनारिया के खोज विवरण में आपकी रचित रसमंजरी का विवरण प्रकाशित हुआ है। प्रस्तुत ग्रन्थ में आपके ११ ग्रन्थों का विवरण दिया गया है। इनके सम्बन्ध में हमारे निम्नोक्त चार लेख प्रकाशित हो चुके हैं अतः यहाँ अधिक न लिखकर पाठकों को उन लेखों को पढ़ने का सूचन किया जाता है।

(१) कविवर जान और उनके ग्रन्थ (प्र० राजस्थान भारती व० १ अं० १)
(२) कविवर जान और उनका कायम रासो (प्र० हिन्दुस्तानी व० १५ अं० २)
(३) कविवर जान का सबसे बड़ा ग्रन्थ(बुद्धिसागर)(प्र० ,, व० १६ अं० १)
(४) कविवर जान रचित अलिफखाँ की पेड़ी (प्र० ,, व० १६ अं० ४)

(३४) जोगीदास (५०)—ये बीकानेर के साहित्य प्रेमी नरेश अनूपसिंहजी के सम्मानित श्वेताम्बर (जैन) लेखक जोसीराय मथेन के पुत्र थे। महाराजा सुजान-

---

१ हिन्दी पुस्तक साहित्य के अनुसार यह मुहम्मदी प्रेस लखनऊ से छप भी चुका है। इस ग्रन्थ के पृष्ठ ६३ में सन् १८८२ लिखा है वह प्रकाशन का है। इसी प्रकार देवीदास की राजनीति को भी १९ वीं शताब्दी की मानी है पर वह १८ वीं की है।

सिहजी के वरसलपुर गढ़ विजय का वर्णन इन्होंने संवत् १७६७-६९ के लगभग सुजानसिंह रासो (पद्य ६८) में किया था। उससे प्रसन्न होकर महाराजा ने कवि को वर्षाशन, सासणदान और शिरोपाव देकर सम्मानित किया था। इन्हीं महाराजा के समय कवि ने उनके पुत्र महाराज कुंवर जोरावरसिंहजी के नाम से सं० १७६२ के आश्विन शुक्ल १० को "वैद्यकसार" नामक ग्रन्थ बनाया जिसका विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में दिया गया है।

(३५) **टीकम** (७३)—ये जैन कवि थे। सं० १७०८ जेठ वदि २ रविवार को इन्होंने 'चन्द्रहंस-कथा' बनाई।

(३६) **तत्वकुमार** (५७)—ये खरतरगच्छीय सागरचन्द्रसूरि शाखा के वाचक दर्शनलाभ के शिष्य थे। मिश्रबन्धुविनोद के पृ० ९७५ में अज्ञात कालिक प्रकरण में इनके रचित श्रीपालचरित्र का उल्लेख है। वह कलकत्ते से यति सूर्यमलजी ने प्रकाशित भी कर दिया है। आपके द्वितीय ग्रन्थ 'रत्नपरीक्षा' का विवरण इस ग्रन्थ में दिया गया है जिसके अनुसार इसकी रचना सं० १८४५ सावन वदि १० सोमवार को बंगदेशीय राजगंज के चंडालिया आसकरण के लिये हुई थी।

(३७) **दयालदास** (९८)—आप कुबिये गाँव के सिढ़ायच खेतसी के पुत्र थे। राठौड़ों की ख्यात के सम्बन्ध में आपके तीन ग्रन्थ (१) आर्याख्यान् कल्पद्रुम (२) देशदर्पण और (३) राठौड़ों की ख्यात बहुत ही महत्व के हैं। बीकानेर राज्य का इतिहास तो आपके इन ग्रन्थों के आधार से ही लिखा गया है। इनके अतिरिक्त 'जस-रत्नाकर', 'सुजस बावनी', 'अजस इकीसी', फुटकर गीत आदि की प्रतियाँ अनूप संस्कृत लाइब्रेरी में विद्यमान हैं। आपने नारसैर के ठाकुर अजीतसिंहजी की आज्ञा से परमारों के इतिहास के सम्बन्ध में 'पंवारवंशदर्पण' सं० १९२१ में बनाया।

(३८) **दरवेश हकीम** (४५)—आपके रचित 'प्राणसुख' ग्रन्थ के अतिरिक्त कुछ भी वृत्त ज्ञात नहीं है। इस ग्रन्थ की प्रति सं० १८०६ की लिखी हुई होने से कवि का समय इससे पूर्ववर्त्ती सिद्ध ही है।

(३९) **दलपति मिश्र** (९५)—'जसवन्त उदोत' में कवि ने अपना परिचय देते हुए लिखा है कि अकबरपुर में माथुरद्वीप मिश्र जिन्होंने कुछ दिन रामनरेश के यहाँ रहकर उन्हें पढ़ाया था उनके पुत्र शिवराम के पुत्र तुलसी का मैं पुत्र हूं। सं० १७०५ असाढ़ सुदी ३ को जहाँनाबाद में इस ग्रन्थ की रचना हुई। जोधपुर के महाराजा जसवन्तसिंहजी से इनका अच्छा सम्बन्ध था। इस ग्रन्थ का ऐतिहासिक

सार मैंने 'हिन्दुस्तानी' वर्ष १६ अंक ३ में प्रकाशित कर दिया है। 'जसवन्त उद्योत' में कवि ने नायिकावर्णन के सम्बन्ध में विस्तार से जानने के लिये अपनी 'रस रत्नावली' ग्रन्थ का निर्देश किया है जो अद्यावधि अप्राप्त है।

(४०) **दीपचन्द** (४५)—ये खरतरगच्छीय थे। इनके रचित 'लंघन-पथ्य-निर्णय' नामक संस्कृत ग्रन्थ की प्रति हमारे संग्रह में है जो कि सं० १७९२ माघ सुदि १ जयपुर में रचित है। प्रस्तुत ग्रन्थ में इनके बाल तन्त्र भाषा वचनिका का विवरण दिया है।

(४१) दीपविजय (१०९-११५)—ये तपागच्छीय रत्नविजय के शिष्य थे। इनका विरुद "कविराज बहादुर" था। आपकी निम्नोक्त रचनाएँ ज्ञात हुई हैं।

(१) रोहिणी स्तवन सं० १८५९ भा० सु० खंभात

(२) केसरियाजी लावणी—ऋषभ स्तवन सं० १८७५

(३) सोहम कुल पट्टावलि रास (ग्रन्थाग्रन्थ २०००) सं० १८७७ सूरत

(४) पार्श्वनाथ ५ बधावा सं० १८७९

(५) कवि तीर्थ स्तवन, सं० १८८६

(६) अड़सठ आगम अष्ट प्रकार री पूजा, सं० १८८६ जम्बूसर

(७) नन्दीश्वर महोत्सव पूजा ,सं० १८८९ सूरत

(८) सूरत गजल (९) खंभात गजल (१०) जम्बूसर गजल

(११) उदयपुर गजल (१२) बड़ौदा गजल। ये पाँचों गजलें सं १८७७ की लिखित प्रति में उपलब्ध हैं जो कि आगरे के विजय धर्म सूरि ज्ञान मन्दिर में हैं।

(१३) माणिभद्रछन्द (१४) चन्दगुणावली पत्र

(१५) अष्टापद पूजा, सं० १८९२ फागुन, रांदेर

(१६) महानिशीथ हुंडी (प्र० जैन साहित्य संशोधक)

(१७) नवबोल चर्चा सं० १८७६ उदयपुर

(४२) दुर्गादास (११२)—ये खरतरगच्छीय यति विनयानन्द (जिनचन्द्रसूरि शाखा) के शिष्य थे। इन्होंने दीपचन्द के आग्रह से सं० १७६५ पौष वदि ५ में 'मरोट गजल' बनाई। इनका अन्य ग्रन्थ जम्बू चौपाई हमारे संग्रह में है। इसकी रचना सं० १७९३ श्रावणसुदि ७ सोमवार को बाकरोद में हुई है।

(४३) दूलह (२३)—१९ वीं शताब्दी के कवि दूलह का 'कविकुलकंठाभरण' हिन्दी साहित्य में प्रसिद्ध है। मिश्रबन्धुविनोद पृ० १८१ में भी इसका उल्लेख है।

संभवतः ये उनसे अभिन्न ही होंगें। दूलह विनोद की प्रति का केवल प्रथम पत्र प्राप्त होने से कवि का परिचय एवं रचनाकाल ज्ञात नहीं हो सका। इसकी पूर्ण प्रति कहीं प्राप्त हो तो हमें सूचित करने का अनुरोध है।

(४४) देवहर्ष (१०५-१०७)—आप खरतरगच्छीय जैन यति थे। श्री जिनहर्षसूरिजी के समय में रचित इनकी 'पाटण गजल' (सं० १७५९ फाल्गुन) 'डीसा गजल' के अतिरिक्त 'सिद्धाचल छन्द' हमारे संग्रह में है।

(४५) धर्मसी (४३) ये भी खरतरगच्छीय वाचक विमल हर्षजी के शिष्य थे। इनका दीक्षा अवस्था का नाम धर्मवर्द्धन था। अपने समय के ये प्रतिष्ठित एवं राज्य-मान्य विद्वान् थे। इनके सम्बन्ध में मेरा विस्तृत लेख "राजस्थानी साहित्य और जैन कवि धर्मवर्द्धन" शीर्षक राजस्थानी वर्ष २ भाग२ में प्रकाशित है। अतः यहाँ विस्तृत परिचय नहीं दिया गया।

(४६) नगराज (१२५)—संभवतः ये खरतरगच्छीय जैन यति थे। १८ वीं शताब्दी में अजय राज्य के लिये आपने "सामुद्रिक भाषा" नामक ग्रन्थ बनाया।

(४७) निहाल (११०)—ये पार्श्वचन्द्रसूरि संतानीय हर्षचन्द्रजी के शिष्य थे। इनकी रचित बंगाल की गजल (सं० १७८२-९५) के अतिरिक्त निम्नोक्त रचनायें ज्ञात हुई हैं।

(१) ब्रह्मबावनी, सं० १८०१ कार्तिक सुदि ६ मुर्शिदाबाद

(२) माणकदेवी रास, सं० १७९८ पौष वदी १३ मुर्शिदाबाद(प्र० राससंग्रह)

(३) जीवविचार भाषा सं० १८०६ चैत सुदि २ बुध मुर्शिदाबाद

(४) नवतत्व भाषा, सं० १८०७ माघ सुदि ५ ,,

"बंगाल गजल" ऐतिहासिक सार के साथ मुनि जिनविजयजी ने भारतीय विद्या वर्ष १ अंक ४ में प्रकाशित करदी है।

(४८) नंदराम (१७)—इन्होंने बीकानेर नरेश अनूपसिंहजी की आज्ञा से रस ग्रन्थों का सार लेकर "अलसमेदिनी" नामक ग्रन्थ बनाया।

(४९) परमानंद (१२६)—ये नागपुरीय लोंकागच्छ के वीरचन्द्र के शिष्य थे। इन्होंने लक्ष्मीचन्द्र (सूरि) एवं बीकानेर नरेश सूरतसिंह के समय में (सं० १८६० माघ सुदि) में बिहारी सतसई की संस्कृत टीका बनायी।

(५०) प्रेम (२५)—इन्होंने सं० १७४० के चैत सुदि १० को प्रेममंजरी ग्रन्थ बनाया।

(५१) वगसीराम लालस (१९)—आपने सं० १९१३ आश्विन शुक्ला १५ को बीकानेर के महाराजा सरदारसिंह (काव्य में नाम सादूंल आता है पर वह अशुद्ध प्रतीत होता है) की छत्र छाया में "काव्य-प्रबन्ध" ग्रन्थ बनाया।

(५२) बद्रीदास (७)—इनकी रचित मानमंजरी नाममाला की प्रति सं० १७२५ की लिखित प्राप्त है अतः इनका समय इसके पूर्ववर्त्ती ही है।

(५३) भगतदास (८६)—इन्होंने सम्राट् अकबर के समय में अकबरपुर में "बैताल पचीसी" बनाई। ये राघवदास के पुत्र थे।

(५४) भक्तिविजय (११०-११३)—आपने सं० १८६६ कार्तिक सुदि १५ को भावनगर वर्णन गजल और मेदिनीपुर (मेड़ता) महिमा छंद विजय जिनेन्द्र सूरि[1] (तपागच्छीय) के समय में बनाया। आपके शिष्य मनरूप का परिचय आगे दिया जायगा।

(५५) भीखजन (६)—श्री गोपाल दिनमणि रचित 'फतहपुर परिचय' के पृष्ठ १५१ में इन्हें दादु शिष्य संतदास का शिष्य बतलाया है। ये जाति के आचार्य ब्राह्मण थे और इनके पिता का नाम देवी सहाय था। सन्यस्त होकर ये भजन स्मरण एवं अध्ययन करने लगे। इन्होंने भारतीय नाममाला सं० १६८५ आश्विन शुक्ला १५ शुक्रवार फतहपुर (शासक दौलतखां व उनके पुत्र ताहर खाँन के समय में) में बनाई थी। इनकी रचित अन्य रचना "भीख बावनी" है। आपके लिखे हुए रसकोष (कवि जान कृत) की प्रति अनूप संस्कृत लाइब्रेरी में है जो सं० १६८४ जेठ वदी ७ फतहपुर में लिखी गयी है।

मिश्रबन्धुविनोद के पृ० ९९३ में आपकी बावनी का उल्लेख है पर उसका परिमाण ५०० श्लोक का बतलाना सही नहीं है। वहाँ इन्हें अज्ञात कालिक प्रकरण में रखा गया है, पर भारतीय नाममाला की प्रति से आपका समय सं० १६८५ के लगभग निश्चित होता है।

(५६) भूधर मिश्र (६६)—ये शाकद्वीपी मिश्र भार्गवराम के पुत्र थे। सं० १७३९ के माघ वदी ९ को दक्षिणगढ़ नादेरी में "रागमंजरी" ग्रन्थ बनाना प्रारंभ किया। ग्रन्थ के अन्त में सं० १७४० का निर्देश है और यह भी लिखा है कि आजमशाह के प्रयाण के समय कवि ने सैन्य के साथ दन्तिन ग्राम देखा। कवि ने अपना निवास-स्थान सूबा बिहार, गढ़ मूँगेर लिखा है।

१ दे० जैन गुर्जर कविओ भा० २ पृ० ७३०

(५७) भूप (११८)—मिश्रबन्धुविनोद पृ० २९३ में अज्ञात कालिक प्रकरण के अन्तर्गत भूप कवि एवं उनके "चंपू सामुद्रिक" ग्रन्थ का भी उल्लेख है। हमें प्राप्त प्रति सं० १७२५ की लिखित होने से कवि का समय इससे पूर्ववर्त्ती निश्चित है।

(५८) मनरूपविजय (१०२-१०६-१०८-११२-११६)—ये पूर्व उल्लखित तपागच्छीय भक्तिविजय के शिष्य थे। इनके रचित (१) गिरनार-जूनागढ़ (२) नागोर (३) पोरबन्दर (४) मेड़ता (सं० १८६५ कार्तिक सुदि १४) और (५) सोजत की गजलें (सं० १८६३ कार्तिक सुदि १५) का विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में दिया गया है। सं० १८७८ में वैशाख शुक्ला १५ सोमवार के एक लेख से ज्ञात होता है कि जैसलमेर दरबार ने इन्हें लोद्रवा में उपासरा बना के दिया था।

(५९) मयाराम (१३०)—ये दादूपन्थी थे। इनका निवास स्थान दिल्ली—जहानाबाद था। शिव-सरोदय ग्रन्थ के आधार से इन्होंने स्वरोदय ग्रन्थ बनाया।

(६०) मलूकचन्द्र (५३)—वैद्यहुलास ग्रन्थ जो कि तिब्बसहावी का अनुवाद है, में आपने अपने श्रावक कुल का उल्लेख किया है। अत: ये जैन श्रावक थे। संभवत: ये १९ वीं शताब्दी में ही हुए हैं।

(६१) महमदशाहि (६७)—ये पिरोजशाह के वंश में तत्तारशाह के पुत्र थे। इनकी रचित संगीतमालिका की प्रारंभ-त्रुटित प्रति प्राप्त हुई है। संभव है कवि ने प्रारम्भ में अपना कुछ परिचय एवं समय दिया हो।

(६२) महासिंह (१)—इनकी "अनेकार्थ नाममाला" की प्रति सं० १७६० में स्वयंलिखित हमारे संग्रह में है। इसमें इन्होंने अपने को पांडे बतलाया है।

(६३) मान, (प्रथम) (२५)—आप खरतरगच्छीय उपाध्याय शिवनिधान के शिष्य थे। इनकी रचित "भाषा कविरस मंजरी" का विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में है। इनके अतिरिक्त आपके अन्य ग्रन्थ इस प्रकार हैं:—

(१) कीर्त्तिधर सुकौशल प्रबन्ध सं० १६७० दीवाली, पुष्करण
(२) मेतार्य ऋषि सम्बन्ध सं० ,, पुष्करण
(३) क्षुल्लककुमार चौपाई ,,
(४) हंसराज वच्छराज चौपाई सं० १६७५ कोटड़ा
(५) उत्तराध्ययन गीत सं० १६७५ सावन वदी ८ गुरु
(६) अर्हद्दास प्रबन्ध विजयदशमी जूनपुर
(७) मेघदूत वृत्ति सं० १६९३ भादवा सुदि ११

(८) जीवविचार टब्बा

(९) योगबावनी

(१०) शिक्षाछत्तीसी

(६४) मान (द्वितीय) (३७,३९,४०)—ये खरतरगच्छीय सुमति मेरु भ्रातृ विनयमेरु के शिष्य थे। कविविनोद और कविप्रमोद में इन्होंने अपने को बीकानेर-वासी लिखा है। सं० १७४५ वैसाख सुदी ५ लाहोर में कविविनोद और सं० १७४६ कार्तिक सुदि २ में कविप्रमोद ग्रन्थ बनाया। संयोगद्वात्रिंशिका भी संभवत: इन्हीं की रचना है जिसका निर्माण अमरचन्द्र मुनि के आग्रह से सं० १७३१ के चैत सुदि ६ को हुआ था।

(६५) माल (देव) (८५)—ये भटनेर की बड़गच्छीय शाखा के आचार्य भावदेवसूरि के शिष्य थे। आप अच्छे कवि थे। आपकी रचनाओं की सूची नीचे दी जारही है:—

(१) पुरन्दर चौपाइ (२) भोज-प्रबन्ध (पंचपुरी में रचित)

(३) अंजणासुन्दरी चौपाइ (४) विक्रम पंचदंड कथा

(५) देवदत्त चौपाइ (६) पद्मरथ चौपाई

(७) सूरिसुन्दरी चौपाइ (८) वीरांगद चौपाइ

(९) मालदेव शिक्षा चौपाई (१०) स्थूलिभद्र फाग-धमाल

(११) राजल नेमि धमाल (१२) शील बत्तीसी

(१३) कल्पान्तर वाच्य सं० १६१४ (१४) वीरपंचकल्याणक स्तवन आदि

मिश्र वन्धु विनोद के पृ० ३९१ में इनकी पुरन्दर चौपाई का उल्लेख है और उनका रचनाकाल १६५२ लिखा गया है पर वास्तव में वह संवत् प्रतियों का लेखनकाल है। इनका समय सं० १६१४ के लगभग है।

(६६) मुरलीधर (११)—ये त्रिपाठी रामेश्वर के पुत्र थे। इन्होंने पौल-स्त्यवंशी मार्त्तण्डगढ़ के महाराजा हृदयनारायणदेव के प्रोत्साहन से सं० १७२३ कार्तिक वदी १५ को "छन्दोहृदयप्रकाश" ग्रन्थ बनाया।

(६७) मेघ (१२१)—ये उतराधगच्छ के मुनि जटमल शिष्य परमानन्द शिष्य सदानन्द शिष्य नरायण शिष्य नरोत्तम शिष्य मयाराम के शिष्य थे। सं० १८१७ कार्तिक सुदि ३ गुरुवार को चौधरी चाहड़मल के समय में पंजाब प्रान्त के फगवाड़े स्थान में वर्षाविज्ञानसम्बन्धी "मेघमाला ग्रन्थ" बनाया। कई वष पूर्व हमने इस ग्रन्थ को

वेंक्टेश्वर प्रेस बम्बई से प्रकाशित देखा था। कवि मेघ का रचित मेघविनोद जो कि वैद्यक का बहुत ही उपयोगी ग्रन्थ है गुरुमुखी लिपि में प्रकाशित हुआ था। अभी लाहौर से संभवतः इसका हिन्दी गद्यानुवाद प्रकाशित हुआ है। इस ग्रन्थ की रचना सं० १८३५ फाल्गुन सुदि १३ फगवा नगर में हुई थी। आपका तीसरा ग्रन्थ "दान शील तप भाव" (सं० १८१७) पंजाब भंडार में उपलब्ध है।

मिश्रबन्धुविनोद के पृ० ९९७ में आपके मेघविनोद ग्रन्थ का उल्लेख है पर वहाँ इन्हें अज्ञातकालिक प्रकरण में रखा गया है। जबकि ग्रन्थ में सं० १८३५ पाया जाता है।

(६८) **रघुनाथ** (५)—ये विष्णुदत्त के पुत्र थे। प्रदीपिका नाम-माला ग्रन्थ के अतिरिक्त आपका विशेष वृत्तान्त ज्ञात नहीं है।

(६९) **रत्नशेखर** (५७)—ये अंचल गच्छीय अमरसागरसूरि के आज्ञानुवर्त्ती थे। सं० १७६१ के मिगसर सुदि ५ गुरुवार को सूरत के श्रीवंशीय भीमशाही के पुत्र शंकरदास की प्रार्थना से इन्होंने "रत्नव्यवहारसार" ग्रन्थ बनाया।

(७०) **रसपुंज** (११)—आपने सं० १८७१ की चैत्र वदी ५ गुरुवार को "प्रस्तार प्रभाकर" ग्रन्थ बनाया।

(७१) **रामचन्द्र** (४४-५१-१२४)—आप खरतरगच्छीय जिनसिंहसूरि शिष्य पद्मकीर्त्ति शिष्य पद्मरंग के शिष्य थे। आपके रामविनोद (सं० १७२० मिगसर सुदि १३ बुधवार सक्की नगर) ग्रन्थ की प्रति पहले भी मिल चुकी है और ये लखनऊ से छप भी चुका है। आपके वैद्यविनोद (सं० १७२६ वै० सु० १५ मरोट) एवं सामुद्रिक भाषा (सं० १७२२ माघ वदि ६ भेहरा) का विवरण इस ग्रन्थ में प्रकाशित है। इनके अतिरिक्त आपकी निम्नोक्त रचनाएँ ज्ञात हुई हैं।

(१) दश पचक्खाण स्तवन, सं० १७२१ पौष सुदी १०

(२) मूलदेव चौपाई, सं० १७११ फागण, नवहर

(३) समेदशिखर स्तवन, सं० १७५०

(४) बीकानेर आदिनाथस्तवन, सं० १७३० जेठ सुदी १३

मिश्रबन्धुविनोद के पृ० ४६६ में उल्लिखित रामचन्द्र ये ही हैं पर साकी बनारस वाले एवं ग्रन्थ का नाम राय विनोद और गुरु का नाम पध्मराग छपा है, वह अशुद्ध है वास्तव में सक्कीनगर सिन्ध प्रान्त में है, ये यति थे अतः सर्वत्र परिभ्रमण करते रहते थे-किसी एक जगह के निवासी न थे। ग्रन्थ का नाम रामविनोद और गुरु का नाम पद्मरंग है। मिश्रबन्धुविनोद में आपके अन्य एक ग्रन्थ जम्बू चौपाई का भी उल्लेख है।

(७२) रामचन्द्र (द्वितीय) (५९)—इनका रत्न परीक्षा (दीपिका) ग्रन्थ प्राप्त है। उसमें कवि ने अपना कुछ भी परिचय नहीं दिया अतः ये उपर्युक्त रामचन्द्र से भिन्न हैं या अभिन्न, कहा नहीं जासकता।

(७३) रायचन्द्र (११७)—ये खरतरगच्छीय जैनयति थे। सं० (१८) १७ में द्वितीय ज्येष्ठ वदी ५ नागपुर में आपने अवयदी शुकुनावली बनाई। संभव है कल्पसूत्र हिन्दी पद्यानुवाद के रचयिता रायचन्द्र ये ही हों जो कि सं० १८३८ चैत सुदी ९ बनारस में बनाया गया एवं प्रकाशित हो चुका है।

(७४) लच्छीराम (२१,६२)—इनके रचित दम्पतिरंग और रागविचार ग्रन्थों के विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में प्रकाशित हैं। उनमें कवि ने अपना कुछ भी परिचय नहीं दिया पर मोतीलालजी मेनारिया सम्पादित खोज विवरण के प्रथम भाग में इनके करुणा-भरण नाटक का विवरण प्रकाशित हुआ है। उसके अनुसार ये कवीन्द्राचार्य सरस्वती के शिष्य थे। बीकानेर की अनूप संस्कृत लाइब्रेरी में कवीन्द्राचार्य के संग्रह की अनेक प्रतियें हैं और लच्छीराम के (१) ज्ञानानन्द नाटक (२) ब्रह्मानन्दनीय (३) विवेक सार-ज्ञान कहानी और (४) ब्रह्मतरंग की प्रतियें भी उपलब्ध हैं। इनमें से ज्ञानानन्द नाटक में कवि ने अपना एवं अपने मित्रों का परिचय निम्नोक्त पद्यों में दिया है:—

देसु भदावर अति सुख वासु, तहाँ जोयसी इसुर दासु।
राम कृष्ण ताके सुत भयो, धर्म समुद्र कविता यसु छयो॥
तिनके मित्र शिरोमणि जानि, माथुर जाति चतुरई खानि।
मोंहतु मिष सुभग ताको सुतु, वसे गंभीरे सकल कला युत॥
पुनि अवधानि परम विचित्र, दोउ लच्छीराम सो मित्र।
तीनो मित्र सने सुख रहे, धनि प्रीति सब जग के कहे॥
अथ लच्छीराम वृत्तान्त कहीयतु है—
जमुनातीर मई इक गाऊँ, राइ कल्याण वसे तिह ठाँउ।
लच्छीराम कविता को नन्दु, जा कविता सुनि नासे दंदु॥
राइ पुरंदर करे लघु भाई, तासों मित्र बात चलाई।
नाटक ज्ञानानन्द सुनावो, देहुं सुखनि अरु तुम सुख पावो॥

इटली के प्रसिद्ध राजस्थानी के प्रेमी विद्वान् एल० पी० टेसीटोरी के केटलॉग में इनके बुद्धिबल कथा (सं० १६८१ रचित) का उल्लेख है।

मिश्रबन्धुविनोद में इसी नाम वाले तीन कवियों का उल्लेख किया गया है। इनमें से सूदन कवि के सुजानचरित्र में उल्लखित लच्छीराम ही प्रस्तुत लच्छीराम हो सकते हैं। अन्य लच्छीराम १९ वीं शताब्दी के हैं।

(७५) लक्ष्मीचन्द (९९)—ये खरतरगच्छीय जैनयति थे। यथा स्मरण ये अमरविजय के शिष्य थे। इनका एक वैद्यक ग्रन्थ इनकी परम्परा के उपाध्याय जयचन्दजी के भंडार बीकानेर में उपलब्ध है।

(७६) लक्ष्मीवल्लभ—(४१, ४७)—आप भी खरतरगच्छीय उपाध्याय लक्ष्मीकीर्त्तिजी के शिष्य थे। अपने कई काव्य ग्रन्थों में इन्होंने अपना नाम 'राजकवि' दिया है। १८ वीं शताब्दी के प्रसिद्ध विद्वानों में से आप भी अन्यतम थे। इनके कालज्ञान (१७४१ सावन सुदी १५) और मूत्र परीक्षा का विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में दिया है। इनके अतिरिक्त आपकी छोटी मोटी पचासों रचनाएं हैं जिनमें से उल्लेखनीय प्रतियों की सूची नीचे दी जारही है:—

१. अभयंकर श्रीमति चौपाई, सं० १७२५ चै० सु० १५.
२. अमरकुमार रास
३. विक्रमादित्य पंचदंड चौपाई, सं० १७२८ फा० व० ५
४. रात्रि भोजन चौपाई, सं० १७३८ वै० सु० १० बीकानेर
५. रत्नहास चौपाई, सं० १७२५ चै० सु० १५
६. भावना विलास, सं० १७२७ पौ० ब० १०
७. नवतत्व भाषा, सं० १७४७ वै० सु० १३ हिंसार
८. चौबीसी स्तवन
९. दोहाबावनी
१०. कवित्व बावनी
११. छप्पय बावनी
१२. सवैया बावनी
१३ भरत बाहुबलि भिड़ाल छंद
१४ महावीर गौतम छंद
१५ देशान्तरी छंद
१६ उपदेश बतीसी
१७ चैतन बतीसी, सं० १७३९

१८ बीकानेर चौबीसटा स्तवन, सं० १७४५ मा० सु० १५.

१९ शतकत्रय टबा (पंजाब भंडार)

२० स्तवनादि ४०

संस्कृत ग्रन्थ—

२१. कल्पसूत्र–कल्पद्रुमकलिका वृत्ति

२२. उत्तराध्यनवृत्ति

२३. कालिकाचार्य कथा

२४. पंचकुमार कथा

२५. कुमारसंभववृत्ति, सं० १७२१ सूरत

२६. मात्रिकाक्षर धर्मोपदेश स्वोपज्ञ वृत्ति, सं० १७४५

आप संस्कृत, राजस्थानी और हिन्दी तीनों भाषाओं पर समान अधिकार रखते थे। उपरोक्त ग्रन्थ इन तीनों भाषाओं के हैं। आपका विशेष परिचय स्वतंत्र लेख में दिया गया है जो कि शीघ्र ही प्रकाशित होने वाला है।

(७७) लालचन्द (१३२)—ये भी खरतरगच्छीय जैनयति थे। श्री शान्ति हर्षजी के शिष्य एवं कविवर जिनहर्ष के गुरुभ्राता लाभवर्द्धनजी का दीक्षा से पूर्व-वर्त्ती नाम लालचन्द था। विशेष संभव आप वही हैं। इन्होंने सं० १७५३ के भादवा सुदी में अक्षयराज के लिये स्वरोदय की भाषा टीका बनाई। आपके अन्य ग्रन्थ इस प्रकार हैं :—

(१) विक्रम नवसौ कन्या चौपाई एवं खापरा चोर चौपाई, सं० १७२३ श्रावण सु० १३ जेतारण।

(२) लीलावती रास, सं० १७२८ कातिक सुदि १४।

(३) लीलावती रास (गणित), सं० १७३६ असाढ़ वदी५, बीकानेर कोठारी जैतसी के लिये।

(४) धर्मबुद्धि पापबुद्धि रास, सं० १७४२ सरसा।

(५) पांडवचरित्र चौपाइ, सं० १७६७ बील्हावास।

(६) विक्रम पंचदंड चौपाई सं० १७३३ फाल्गुन।

(७) शकुनदीपिका चौपाई सं० १७७० वैसाख सुदी ३ गुरुवार।

मिश्रबन्धुविनोद के पृ० ५०८ में इनके लीलावती ग्रन्थ का उल्लेख है पर वहाँ सौभाग्य सूरि के शिष्य एवं नैणसी के आश्रित लिखा है वह ठीक नहीं है। आपके

गुरु का नाम शान्ति हर्ष और नैणसी के पुत्र जैतसी के लिये प्रस्तुत ग्रन्थ बनाया गया है। मिश्रबन्धुविनोद के पृ० १००४ में लाभवर्द्धन के रचित उपपदी ग्रन्थ का उल्लेख है पर मुझे यह नाम अशुद्ध प्रतीत होता है।

(७८) लालदास (३४)—इनके "विक्रमविलास" ग्रन्थ का विवरण इस ग्रन्थ में दिया गया है उसके प्रारंभ में कवि ने अपने दो अन्य ग्रन्थों का उल्लेख किया है जिनमें से उषा नाटक (कथा) की प्रति सन् १९०९ से ११ की खोज रिपोर्ट में प्राप्त है। इनकी माधवानलकथा अभी तक कहीं जानने में नहीं आई अतः उसकी खोज होना आवश्यक है।

नागरी प्रचारिणी पत्रिका के वर्ष ५१ अंक ४ में सन् १९४१ से ४३ की खोज का विवरण प्राप्त हुआ है उसमें लिखा है कि विक्रमविलास की दो प्रतियां प्राप्त हुई हैं जिनके अनुसार कवि का नाम लाल या नेवजी लाल दीक्षित था। ये विक्रम शाहि राजा के आश्रित थे। जिनके बड़े भाई का नाम भूपतशाहि पिता का नाम खेमकरण और पितामह का नाम मलकल्याण था। एक प्रति में इस ग्रन्थ का रचना काल १६४० लिखा है।

मिश्रबन्धुविनोद के पृ० १०७१ में लालदास के उषा कथा और वामन चरित्र का निर्देश है कविताकाल सं० १८९६ के पूर्व और मनोहर दास के पुत्र लिखा है। हमारे नम्रमतानुसार उषा कथा उपरोक्त लालदास रचित ही होगी और उसका रचना काल १७ वीं शताब्दी निश्चित ही है। वामनचरित्र के रचयिता लालदास प्रस्तुत कवि से भिन्न ही संभव हैं।

१७ वीं शताब्दी के कवि लालदास की इतिहाससार (सं० १६४३) प्रसिद्ध ही है एवं अन्य कई ग्रन्थ भी इसी कवि के नाम से उपलब्ध हैं पर उन सभी का रचयिता एक ही कवि है या समनाम वाले भिन्न भिन्न कवि हैं प्रमाण भाव से नहीं कहा जा सकता।

(७९) वल्लभ (१३०)—आपने हृदयराम के समय में या उनके लिये स्वरोदय सम्बंधी छोटा सा ग्रन्थ बनाया।

(८०) विजयराम (८७)—आशायत दुर्गेश के ग्राम समदड़ी (लूणी के पास) में आपने शनिकथा बनाई। कवि ने रचनाकाल का भी निर्देश किया है पर उससे संवत् का अंक ठीक ज्ञात नहीं होता।

(८१) विनयसागर (२)—इन्होंने अंचलगच्छीय कल्याणसागर सूरि के समय—सं० १७०२ कातिक सुदी १५ को, अनेकार्थ नाममाला बनायी।

(८२) वैकुण्ठदास (१३१)—इनके रचित स्वरोदय ग्रन्थ के अतिरिक्त कुछ भी ज्ञात न हो सका।

(८३) शिवराम पुरोहित (७५)—ये नागौर के निवासी थे बीकानेर नरेश। अनूपसिंहजी ने इन्हें सम्मानित किया था। कवि ने उन्हींकी आज्ञानुसार 'दशकुमार प्रबन्ध' सं० १७५४ के मिगसर सुदी १३ मंगलवार को बनाया। ग्रन्थ के आरंभ में कवि ने अपने गुरु मेव को नमस्कार किया है। पता नहीं वे कौन थे।

(८४) श्रीपति (१५)—आपकी 'अनुप्रासकथन' रचना के अतिरिक्त विशेष वृत्त ज्ञात नहीं है।

(८५) सतीदासव्यास (३१)—ये देवीदास व्यास के पुत्र देवसी के पुत्र थे। आपने बीकानेर-नरेश अनूपसिंहजी के समय सं० १७३३ माघ सुदी २ को 'रसिक-आराम' ग्रन्थ बनाया।

(८६) समरथ (४८,१३७) खरतरगच्छीय सागरचन्द्रसूरि सन्तानीय मति-रत्न के शिष्य थे। इनका दीक्षितावस्था का नाम 'समयमाणिक्य' था। इनके रचित रसमंजरी वैद्यक (सं० १७६४ फागुन ५ रवि, देरा) ग्रन्थ वनमाली के आग्रह से और रसिकप्रिय संस्कृत टीका (सं० १७५५ सावन सुदी ७ सोमवार, सिन्ध प्रान्त के जालिपुर में रचित) का विवरण इसी ग्रन्थ में दिया गया है। इनके अतिरिक्त (१) बावनीगाथा ५५ एवं मल्लिनाथ पंचकल्याणक स्तवन (सं० १७३६ भादवा सुदी ५ बन्नुदेश सक्कीग्राम) उपलब्ध हैं।

(८७) स्वरूपदास (१४)—ये पहले चारण थे फिर सन्यासी होगये। पांडवयशेन्दुचंद्रिका (सं० १८९२ चैत बदी ११) इनकी प्रसिद्ध रचना है जो प्रकाशित भी हो चुकी है। आपके अन्यग्रन्थ वृत्तिबोध (सं० १८९८ माघ बदी १ सेवापुर) का विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में दिया गया है। इसमें विवरण गद्य में है।

मिश्र-बन्धु-विनोद के पृ० १००८ में इनके पांडवयशचंद्रिका का उल्लेख अज्ञातकालिक प्रकरण में किया गया है पर इस ग्रन्थ में कवि ने रचनाकाल सं० १८९२ स्पष्ट दिया है। विनोद में इनके आश्रयदाता राजा बलवंतसिंह रतलाम का निर्देश है।

(८८) सागर (२,५,६२)—इनके रचित अनेकार्थी नाममाला, धनजी नाममाला और रागमाला उपलब्ध हुई है। कवि ने अपना परिचय एवं समय कुछ भी नहीं दिया है।

मिश्र-बन्धु-विनाद के पृ० ८९३ में गुणविलास के रचयिता जोधपुर के ठाकुर केसरीसिंह के आश्रित सागरदान चारण (सं० १८७३) का उल्लेख है पर वे संभवतः भिन्न हैं।

(८९) सुखदेवादि (९२)—१७ वीं शताब्दी के सुप्रसिद्ध विद्वान् कवीन्द्राचार्य ने काशी और प्रयाग का कर छुड़वाया था—इस कार्य की प्रशंसा में तत्कालीन काशीनिवासी कवियों ने कुछ पद्य बनाये जिनका संग्रहग्रन्थ कवीन्द्रचंद्रिका है। इसमें तत्कालीन प्रसिद्धाप्रसिद्ध ३० कवियों की कविताएँ हैं जिनमें दो स्त्री कवयित्रियां भी हैं।

मिश्रबन्धु-विनोद के पृष्ठ ४७६ में सुप्रसिद्धि कवि सुखदेव मिश्र का परिचय देते हुए इनके काशी में एक सन्यासी से तंत्र एवं साहित्य पढ़ने का उल्लेख है। संभव है वे सन्यासी कवीन्द्राचार्य ही हों। कवीन्द्रचन्द्रिका में जिस सुखदेव कवि के पद्य उपलब्ध हैं विशेष संभव वे वृतविचार रसार्णव आदि ग्रन्थों के रचयिता आचार्य सुखदेव मिश्र ही हैं।

(९०) सुबुद्धि (३)—आपकी रचित आरंभ नाममाला उपलब्ध है, मिश्र-बन्धु-विनोद के पृ० ४६० में सुबुद्धि का सं० १७१२ से पूर्व होने का निर्देश है पर वहाँ उनके ग्रन्थ का नाम नहीं लिखा गया। पता नहीं उपर्युक्त सुबुद्धि आरंभ नाममाला के कर्त्ता ही हैं या उनसे भिन्न अन्य कोइ कवि हैं।

(९१) सूरतमिश्र (१०)—आप प्रसिद्ध टीकाकार एवं सुकवि थे। ये आगरे के निवासी कन्नोजिया ब्राह्मण सिंहमनिमिश्र के पुत्र थे। मिश्र-बन्धु-विनोद पृ० ५५३ में इनके टीकाग्रन्थों को प्रशंसा करते हुए निम्नोक्त ग्रन्थों का निर्देश किया है।

(१) अलंकारमाला सं० १७६६
(२) बिहारी सतसई की अमरचन्द्रिका टीका सं० १७९४
(३) कविप्रिया टीका
(४) नखशिख
(५) रसिकप्रिया का तिलक
(६) रससरस
(७) प्रबोधचंद्रोदय नाटक
(८) भक्तिविनोद
(९) रामचरित्र

(१०) कृष्णचरित्र
(११) रसग्राहकचंद्रिका (रसिकप्रिया की टीका)
(१२) रसरत्नमाला
(१३) सरसरस सं० १७९१-९४
(१४) भक्तविनोद
(१५) जोरावरप्रकाश
(१६) वैताल पंचविंसति (महाराजा जैसिंह सवाई की आज्ञा से रचित)
(१७) काव्यसिद्धान्त सं० १७९८
(१८) रसरत्नाकरमाला

इनमें से अमरचंद्रिका की रचना महाराजा अमरसिंह जोधपुर के नाम से हुई लिखना गलत है वास्तव में वे अमरसिंह ओसवाल जैन थे। जोरावरप्रकाश रसिक प्रिया की टीका का ही नाम है जो कि बीकानेर के महाराजा जोरावरसिंहजी के लिये सं० १८०० में बनाई गई थी। रसरत्नाकरमाला संभवतः रसरत्नमाला ही होगी। रसरत्न की रचना सं० १७६८ वैसाख रविवार को हुई थी और उसकी टीका कवि ने स्वयं मेड़ता के ऋषभगोत्रीय ओसवाल सुलतानमल के लिये सं० १८०० श्रावण में की थी। रसग्राहकचंद्रिका की रचना सं० १७९१ वैसाख सुदी ८ को जहाँनाबाद के नशक (रु?) ल्ला खांन के लिये की गई थी। रस सरस और सरसरस दोनों ग्रन्थ एक ही हैं। इसकी रचना सं० १७९० के वैसाख सुदी ६ को आगरे में कवि-मंडली के कथन से हुई थी। खोज रिपोर्ट व मेनारियाजी के विवरणी भाग १ में इसके रचयिता का नाम राय शिवदास लिखा है। भक्तविनोद और भक्तिविनोद दोनों ग्रन्थ एक ही हैं।

सन् १९३२-३३ की खोज से प्राप्त आपके रचित शृंगारसार (सं० १७८५ अषाढ़ सु०) से आपके कई अप्राप्य ग्रन्थों का पता चलता है। उनमें से छन्दसार का विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ में दिया गया है। शृगांररस में उल्लेख होने के कारण इसका रचना काल सं० १७८५ से पूर्व निश्चित होता है। आपके अन्य अप्राप्त ग्रन्थ श्रीनाथ-विलास, भक्तमाला, कामधेनुकवित्त, कविसिद्धान्त का अन्वेषण होना परमावश्यक है। अनूप संस्कृत लाइब्रेरी में इनके अतिरिक्त रासलीला या दानलीला नामक ग्रन्थ की प्रति प्राप्त है। गत वर्ष सरस्वती में सूरतमिश्र नामक एक सुन्दर लेख भी प्रकाशित हुआ देखने में आया था। ओझाजी ने जोधपुर के इतिहास में इन्हें महाराजा जसवन्त-सिंहजी का विद्यागुरु खोज विवरण के अनुसार बतलाया है यह संभव नहीं है।

(९२) **सूरदत्त** (३०)—शेखावाटी-अमरसर के कछवाहा शेखावत राय मनोहर के पुत्र पृथ्वीचन्द्र के पुत्र कृष्णचन्द्र के कहने से इन्होंने सं० १७१२ के फागुन सुदी ५ को 'रसिकहुलास' ग्रन्थ बनाया। आप काशी के निवासी थे।

(९३) **हरिदास** (९२)–इन्होंने अमर बत्तीसी में जोधपुर के राठौड़ अमरसिंह के वीरतापूर्वक सलाबतखां को मारने का वर्णन किया है। रचना घटना के समकालीन रचित (सं० १७०१ आसोज सुदी १५) होने से इसका ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्त्व है। इसे मैंने अन्य एक राजस्थानी वात के साथ भारतीय विद्या वर्ष २ अंक १ में प्रकाशित कर दिया है।

(९४) **हरिवल्लभ**-(६९) इनके प्रबोधचंद्रोदय नाटक का विवरण इस ग्रन्थ में दिया गया है। मिश्र-बन्धु-विनोद भाग १ पृ० ४१८ में इनकी भगवद्गीता भाषानुवाद की प्रशंसा करते हुए इसका रचनाकाल सं० १७०१ बतलाया है। इसकी प्रति अनूप संस्कृत लाइब्रेरी में भी है। आपका संगीतविषयक संगीतदर्पण नामक ग्रन्थ भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त किशोरजु के लिये रचित भागवत् भाषानुवाद (पत्र ४८२) नामक वृहत्ग्रन्थ की प्रतियें चुरु के सुराना लाइब्रेरी और भंडारकर ओरियन्टल रिसर्च इन्सटीट्यूट पूना में उपलब्ध है।

(९५) हरिवंश (३२)—ये छजमल के पुत्र मसनंद के पुत्र थे। इन्होंने रसिकमंजरी भाषा ग्रन्थ बनाया। मिश्र-बन्धु-विनोद के पृ० ४६४ में हरिवंश भट्ट बिल ग्रामी का उल्लेख है वे इन हरिवंश से भिन्न प्रतीत होते हैं।

(९६) हृदयराम (२७) कवि ने अपने वंश का परिचय देते हुए लिखा है कि गौड़ ब्राह्मण यजुर्वेद माध्यंदिनी शाखा के छरोंडा निवासी विष्णुदत्त के पुत्र नारायण के पुत्र दामोदर बड़े विद्वान् थे। जिन्होंने हरिवंदन, कर्मविपाक (निदान के साथ) और चिकित्सासार ग्रन्थ बनाये। ये बेरम के पुत्र के पास रहे थे एवं वृद्धावस्था होने पर काशीनिवास कर लिया था। इनके पुत्र रामकृष्ण ने जौनपूर में निवास कर बहुत से ब्राह्मणों को विद्यादान दिया। आसफखां के अनुज एतकादखां ने इन्हें गुणी जान कर सम्मानित किया। रामकृष्ण के तीन पुत्र थे (१) तुलसीराम (२) माधवराम और (३) गंगाराम। इनमें से माधवराम बहुत समय तक शाह सुजा की सेवा में रहे थे। इनके पुत्र हृदयराम हुए जो उद्धव के पुत्र प्रयाग दीक्षित के दोहित्र थे। इन्होंने सं० १७३१ के वैसाख सुदी ५ को भानुदत्त की रसमंजरी के आधार से रसरत्नाकर ग्रन्थ बनाया। दामोदर के उपर्युक्त ग्रन्थत्रय अन्वेषणीय हैं।

(९७) हीरचंद्र (६३)—इन्होंने सं० १६९१ में मांडली नगर में रागमाला बनाई।

(९८) हेम (विजय) (१०४-१११) ये तपागच्छीय नेमविजय के शिष्य थे। इन्होंने सं० १८६६ कातिसुदी १५ को जोधपुर गजल और भावनगर गजल बनाई।

(९९) हेमसागर (९) आपने अंचलगच्छीय कल्याणसागर सूरि के समय (सं० १७०६ भादवा वदी ९ को) सूरत के निकटवर्ती हंसपुर में शाह कृआ के लिये छंद मालिका ग्रन्थ बनाया।

(१००) क्षमाकल्याण (७१)—आप खरतरगच्छीय वाचक अमृत धर्म के शिष्य थे। आप अपने समय के प्रतिष्ठा प्राप्त सैद्धान्तिक विद्वान् थे। जैन धर्म सम्बन्धी पचासों स्तवनादि और पचीसों ग्रन्थ आपके उपलब्ध हैं। यहाँ केवल उल्लेखनीय कृतियों की ही सूची दी जाती है :—

(१) भूधातुवृत्ति, सं० १८२९ चैत वदी १, राजनगर।
(२) गोतमीय काव्यवृत्ति, सं० १८२९, राजनगर में प्रारम्भ सं० १८५२ श्रावण सु० ११ जैसलमेर में पूर्ण।
(३) खरतरगच्छ पट्टावलि, सं० १८३० फागुन सुदी ९, जीर्णगढ़।
(४) आत्मप्रबोध, सं० १८३३ काति सुदी ५, मिनरावन्दर।
(५) चौमासी व्याख्यान, सं० १८३५ सावन सुदी ५, पाटोधी।
(६) श्रावक-विधि-प्रकाश, सं० १८३८ जैसलमेर।
(७) यशोधर-चरित्र, सं० १८३९ सावण सुदी ५ जैसलमेर।
(८) थावचा चौपाई, सं० १८४७ विजयदशमी, महिमापुर।
(९) सूक्त रत्नावली वृत्ति, सं १८४७।
(१०) जीव-विचार-वृत्ति, सं० १८५० सावण सुदी ७, बीकानेर।
(११) प्रश्नोत्तर सार्धशतक (संस्कृत), सं० १८५१ जेठ वदी ५, जैसलमेर।
(१२) प्रश्नोत्तर सार्धशतक भाषा, सं० १८५३ वैसाख वदी १२ बुध, बीकानेर।
(१३) अंबडचरित्र, सं० १८५४ असाढ़ सुदी ३ पालीताणा, आर्या खुस्याल श्री के लिये रचिता।
(१४) तर्कसंग्रह फक्किका, सं० १८५४।
(१५) चैत्यवंदन चौबीसी, सं० १८५६ जेठ सुदी १३ नागपुर।
(१६) विज्ञानचंद्रिका, सं० १८५९ जैसलमेर।

(१७) अष्टान्हिका व्याख्यान, सं० १८६० जैसलमेर

(१८) अक्षयतृतिया व्याख्यान।

(१९) होलिका व्याख्यान।

(२०) मेरुत्रयोदशी व्याख्यान।

(२१) श्रीपालचरित्र-वृत्ति, सं० १८६९ विजयदशमी बीकानेर।

(२२) समरादित्य-चरित्र, सं० १८७३।

(२३) चतुर्विंशति चैत्यवंदन।

(२४) प्रतिक्रमणहेतवः।

(२५) साधुप्रतिक्रमण विधि, बालुचर।

मिश्रबन्धु-विनोद के पृ० ८३२ में इनकी चार कृतियों का उल्लेख है।

(१०१) त्रिलोकचन्द्र (११८)—ये जोशी ब्राह्मण एवं ज्योतिषी थे। लालचन्द श्वेताम्बर यति के लिये इन्होंने केशवी भाषा टीका बनाई।

(१०२) ज्ञानसार (१२-१०८)—आप खरतरगच्छीय रत्नराजगणि के शिष्य एवं मस्त योगी एवं राज्य-मान्य विद्वान् थे। कवि होने के साथ-साथ ये सफल आलोचक भी थे। आपके सम्बन्ध में हमारा श्रीमद् ज्ञानसार और उनका साहित्य शीर्षक लेख हिन्दुस्तानी वर्ष ९ अंक २ में प्रकाशित हो चुका है। विस्तार से जानने के लिये उक्त लेख देखना चाहिये। यहाँ केवल आपके हिन्दी ग्रन्थों की ही सूची दी जा रही है।

(१) पूर्वदेश वर्णन (२) कामोद्दीपन सं० १८५६ वै० सु० ३ जयपुर के महाराजा प्रतापसिंहजी की प्रशंसा में रचित (३) माला पिंगल सं० १८७६ फा० व० ९ (४) चन्द चौपाई समालोचना दोहा (५) प्रस्ताविक अष्टोतरी (६) निहाल बावनी सं० १८८१ मि० व० १३ (७) भावछत्तीसी सं० १८६५ काति सु० १ कृष्णगढ़ (८) चारित्र छत्तीसी (९) आत्मप्रबोध छत्तीसी (१०) मतिप्रबोध छत्तीसी (११) बहुत्तरी आदि के पद हैं।

परिशिष्ट नं० २

[अज्ञात-कर्तृक ग्रन्थ-सूची]

१ अतिसारनिदान ३८[1]
२ से ५ इंद्रजाल १२६. १२६. १२७. १२८
६ इन्दोरगजल १००
७ कीर्त्तिलता टीका १३५
८ कुतबदीन वात ७२
९ गजशास्त्र ४२
१० जोधपुरगजल १०५
११ जम्बूकथा ७४
१२ तुरकी शुकनावली ११९
१३, १४ नखशिख २४, २४
१५ निजोपाय ४४
१६ प्रबोधचंद्रोदय ७०
१७ पालीगजल १०७
१८ पासा केवली १२०
१९ पाहन परीक्षा ५५
२० बहिली मांरी वात ७८
२१ बारह भुवन विचार १२०
२२ बीरवल पातसाह का बात ८६
२३ मनोहरमंजरी २६
२४ माधवनिदान भाषा ४७
२५ मालकांगिणी कल्प ४७
२६ मनोसत ८०
२७ मोजदीन महताब की वात ८२
२८ मंगलोरगजल १११
२९ रमल प्रश्न १२८
३० रमल शकुन विचार १२२
३१ से ३५ रागमाला ६४. ६४. ६५. ६५. ६६
३६ राधामिलन ८२
३७ रुपावती ८३
३८ लैलामजनूं री बात ८५
३९ शिखनख टीका १४०
४० शीघ्रबोध भाषा १२३
४१ श्रीपालरास ८८
४२ से ४४ स्वरोदय १३१. १३१. १३२
४५ ,, विचार १३३
४६ सांडेरा छंद ११४
४७ हरिप्रकाश ५४
४८ हिय हुलास ६८ †

---

१. † इनमें से नं० १, १०, १३—१६, १८, १९, २२, २४, ३३, ४५, ४६ की प्रतियें त्रुटित होने से रचयिता का नाम विदित नहीं हुआ। किसी सज्जन को पूर्ण प्रति प्राप्त हो तो सूचित करें। नं० २३ के रचयिता मनोहर, नं० २१ का रचयिता सार संभव है।

परिशिष्ट नं० ३

[पूर्वज्ञात ग्रन्थकार]

(मिश्रबन्धुविनोद में जिनका निर्देश है)

१. आनंदराम
२. उदयराज
३. कुंवर कुशल
४. खुसरो
५. चेतनविजय
६. जटमल
७. जनार्दन भट्ट
८. तत्वकुमार
९. दूलह
१० भीखजन
११ भूप
१२ मालदेव
१३ मेघराज
१४ रामचंद्र
१५ लालचंद
१६ लालदास
१७ स्वरूपदास
१८ सुखदेव
१९ सूरतमिश्र
२० हरिवल्लभ
२१ क्षमाकल्याण

(जिनका उल्लेख संदिग्ध है)

कृष्णानंद
खेतल
गुलाबसिंह
सागर
सुबुद्धि
हरिवंश

(मेनारियाजी के खोज ग्रन्थ भाग १ में)

गणेश
जान

[पूर्वज्ञात ग्रन्थ]

(मिश्रबन्धुविनोद में जिनका उल्लेख है)

१. ख्वालक वारी (खुसरो)
२. चंपू समुद्र (भूप)
३. लखपतजससिन्धु (कुंवर कुशल)

परिशिष्ट नं० ४

[अपूर्णप्राप्त ग्रन्थ]

१ अतिसारनिदान ३८ (अंत त्रुटित)
२ कृष्णचरित १९ (अंत त्रुटित)
३ जोधपुरगजल १०५ (,,)
४ दुर्गसिंह शृंगार २२ (आदि त्रुटित)
५ दूलहविनोद २३ (अन्त त्रुटित)
६ नखशिख २४ (,, ,,)
७ प्रबोधचंद्रोदय ७० (,, ,,)
८ पासा केवली १२० (आदि ,,)
९ पाहनपरीक्षा ५५ (अन्त ,,)
१० वीरबल पातसाह की बात ८६ (आदि अंत त्रुटित)
११ मूत्र परीक्षा ३९ (अन्त त्रुटित)
१२ माधवनिदान भाषा ४७(,, ,,)
१३ रसविलास २९ (आदि ,,)
१४ रागमाला ६५ (अन्त ,,)
१५ स्वरोदयविचार १३३ (,, ,,)
१६ साहित्यमहोदधि ३६ (अन्य खंड अप्राप्त)
१७ सांडेरा छंद ११४ (अन्त० त्रुटित)
१८ संगीतमालिका ६७ (आदि ,,)
१९ हनुमान नाटक ७० (अन्त ,,) ❀

❀ इनकी कहीं पूर्ण प्रति प्राप्त हो तो सूचित करने का अनुरोध है।

शुद्धाशुद्धि-पत्रक

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२	४	धन	घन	६२	२०	(९)	(१०)
४	१६		खुसरो	६२	३१	(१०)	(२)
५	१३	स्यांम	स्याम	६३	१४	(२)	(३)
१०	२	छदमालिका	छंदमालिका	६४	४	(३)	(४)
१०	४	छती	पत्री	६४	४	वि०	लि०
१०	५	सं० १७०७	१७८७	६४	३०	कुछ	कुच
१४	१	पद्म	पद्य	६५	२८	लाबी	लांबी
१९	१४	कान्य	काव्य	६६	४	(७)	(८)
२०	६	चतुर्भुदास	चतुरदास	६६	१५	(८)०	(९)९
२१	५			६६	२	रध्र०	रंध्र९
२२	११	है	रै	६६	२६	चद्रंमा७	चंद्रमा१
२४	३०	किर्धौ	किधौं	६७	१५	(१०)	(११)
३०	९	कपि	कवि	६८	६	(११)	(१२)
३४	२२	श्रीमन्न	श्रीमन्	७०	२७	दुंदभिरिमृभदंग	दुदभिमृदंग
३४	२६	२७	२८	७३	७	(८)	(२)
३८	१	(ग)	(घ)	७३	२३	धंार	धरि
४५	२५	ग्रंध	ग्रंथ	७४	२३	छेहला	छहला
४७	१७	निश्च	निश्चै	७६	१०	(९)	(८)
४८	१८	सतेरे	सतरे	७७	१४	बहरी	वहरी
४८	२२	पढ़ी	पढ़ो	८३	१३	रु	सारु
४९	२	संस्था	संख्या	८४	२२	दीन	देत
५०	४	१७६२	१७९२	८४	२७	परवीन	परवान
५७	२७	(२)	(५)	८५	२३	नभी	नमी
५७	३१	सुमिन	सुमिरन	८५	२५	धरि	घरि
५८	२७	प्रणभी	प्रणमी	८७	१६	सूरदासांत	सूरदासंत
५९	१७	नानो	नाना	८८	४	श्रीमाल	श्रीपाल
६१	७	अक	अनेक	८८	२०	पडतं	पंडत

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
८९	२४	सुग नीति	सुगनीति	१०८	५	ज्ञानसागर	ज्ञानसा
९१	१४	पतिना	यतिना	१०८	७	कोई	केई
९१	२४	सरवतसिध	सखतसिंघा	१०८	१६	रहित	रहिस
९१	१५	चरित्र	चारित्र	१०९	३	शाद	शारद
९३	४	कवीद्र	कवीन्द्र	१०९	१७	भेरे	मेरे
९३	२१	शुभ	शुभं	११०	८	बंगाल	बंगाला
९४	२०	आग	आउ	११०	१३	बहनी	बहती
९५	१८	बट	षट्	११०	१९	जनन्नाथ	जगन्नाथ
९७	७	प्रथ में	प्रथमै	११०	२२	मां	नां
९७	७	प्रगटीया	प्रगटाया	११०	२६	आर्श्वनाथ	पार्श्वनाथ
९७	१४	पजो	पढ़जो	१११	४	विजैजन्द्र	विजैजिनेन्द्र
९७	१५	द्वापुर	द्वापर	१११	१४	गुज्जारयं	गुज्जरयं
९७	२०	अलिक	अलिफ	११२	४	सैहरह	सैरह
९८	५	(९)	(८)	११२	९	औी	श्री
९८	५	सिंठाय	सिठायच	११२	२७	शिश्य	शिष्य
९८	८	भीले	भाले	११३	१२	शन्त	शान्त
९८	९	इजरत	हजरत	११५	१	भमै	भणै
९८	१५	सवत	संवत	११५	२	कहत	कहत है
९८	१८	पत्र	यत्र	११५	१०	प्रणासुं	प्रणमुं
९८	२३	भनाय	मनाय	११५	२१	परण्यां	वरण्यां
१०३	१७	वाखी	वारसी	११६	९	तेट्ठसह	तेसठह
१०३	२९	महिपल	महियल	११७	२	इन्द्रगाल	इन्द्रजाल
१०४	७	नानविजय	मानविजय	११७	१५	चित्र	चित्त
१०५	२७	प्रदृढ़बोधी	दृढ़प्रतिबोधी	११७	१९	सरम	सरस
१०६	१२	धणी	घणी	११८	१६	वि०	लि०
१०६	१२	गुम-पढ़ै	गुण, पढ़ै	११८	२१	नायव	नायक
१०७	२१	गच्च	गच्छ	११८	२३	समुद्व	समुद्र
१०७	२३	घणी	धणी	११८	२४	लच्मन	लच्छन

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
११८	२८	पुहष	पुरुष	१३५	९	कीत्तिसिंह	कीर्त्तिसिंह
११९	४	अदि	आदि	१३५	१७	विखितं	लिखितं
११९	१६	शास्त्र	शास्त्र	१३६	४	पाइर्चसेवितं	पार्श्वसेवितं
११९	२०	जोतिसार	जोतिषसार	१३७	४	ग्र न्थस्य	ग्रन्थस्य
१२०	७	आभय	अभय	१३७	१४	वर्त्ति	वृत्ति
१२०	१२	जाणौं	जाणै	१३७	२३	प्रिपाया:	प्रियाया:
१२१	२	क्रोध्री	क्रोर्धी	१३८	१२	ह्वेन	ह्वेन
१२२	२८	चरित्र	चारित्र	१३८	२०	श्री	श्री
१२२	३२	अचित	अचिंत	१३८	२०	रवत्	रभवत्
१२३	६	समाप्तम	समाप्तम्	१३८	२७	वैभ:	वैभवा:
१२३	२४	इति	ईति	१३८	२९	सज्ञानानां	सज्जनोनां
१२४	९	पडित	पंडित	१३८	३१	चित्र	चित्त
१२४	१४	(पूरा)	(पूर्ण)	१३८	३३	ताच्छिस्य	तच्छिष्य
१२५	८	सूरिजी	सूरज	१३९	६	ज्ञानप्रमोददो	ज्ञानप्रमोदो
१२५	२०	भरवी	भारवी	१३९	८	तस्पक्त	तस्त्यक्त
१२७	२२	पुरन	पुरान	१३९	१५	सौम्प:	सौम्य:
१३०	१	दाहू	दादू	१३९	१७	शिष्चै	शिष्यै
१३०	२१	हलहल	हलाहल	१३९	२५	यावर्तिष्ठति	यावतिष्ठति
१३०	२५	राज	काज	१३९	३१	द्रशे	द्रक्षे
१३३	१७	विद्यावत	विद्यावंत	१३९	३३	द्दष्टि	पृष्टि
१३३	२२	(२९)	(२८)	१३९	३४	शास्त्रं	शास्त्रं
१३४	१	सिराघो	सिराधो	१४०	३	साइल	साइज
१३५	६	मिभुवन	त्रिभुवन	१४०	१३	तिभजंपिए	तिमजंपिए

महत्वपूर्ण साहित्य

राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज भाग–१

मेवाड़ के सरस्वती-भण्डार में स्थित १७५ महत्वपूर्ण हस्तलिखित ग्रन्थों की २०१ प्रतियों के विवरण इसमें दिये गये हैं। इस ग्रन्थ से प्रसिद्ध साहित्यकारों के २६ नवीन ग्रन्थों, ४४ नवीन ग्रन्थकारों तथा उनके ५० ग्रन्थों की खोज हुई है। डॉ० हीरानन्द शास्त्री, डॉ० श्यामसुन्दरदास, डॉ० रामकुमार वर्मा, पं० अमरनाथ झा, डॉ० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा, पं० क्षितिमोहन सेन, दी० ब० हरविलास शारदा, विश्वेश्वरनाथ रेउ आदि द्वारा प्रशंसित।

लेखक—श्रीयुत पं० मोतीलाल मेनारिया एम० ए०। ४+६+४+२०+१८२ पृष्ठ। मूल्य तीन रुपया।

मेवाड़ की कहावतें भाग–१

राजस्थानी कहावत-माला की यह पहली पुस्तक है। इसमें १०३९ राजस्थानी कहावतें सम्पादित की गई हैं। भूमिका-लेखक डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल एम० ए०।

सम्पादक–श्रीयुत पं० लक्ष्मीलाल जोशी एम० ए०, एल-एल० बी०। १०+१६+२००+८ पृष्ठ। मूल्य दो रुपया।

मेवाड़-परिचय—

मेवाड़ के भूगोल, इतिहास, शासन-पद्धति, संस्कृति, भाषा, साहित्य तथा मेवाड़ की प्रगति के लिये किये गये विविध प्रयत्न और मेवाड़ के रमणीय एवं दर्शनीय स्थानों की जानकारी के लिये यह पुस्तक परम उपयोगी है।

लेखक—श्रीयुत विपिन विहारी वाजपेयी, एम. ए., सा० र०। ६+६८ पृष्ठ मूल्य आठ आना।

शोध-पत्रिका

१—अपने विषय के मान्य विद्वानों के सम्पादन में प्रकाशित होती है।
२—शोध-पत्रिका को भारतवर्ष के कई प्रमुख शोध-कर्ताओं का सहयोग प्राप्त है।
३—शोध-पत्रिका का प्रत्येक निबन्ध एक शोधपूर्ण पुस्तक का महत्व रखता है।
४—प्रत्येक संस्था, विद्यालय, वाचनालय, पुस्तकालय और घर में स्थान पाने योग्य है।
५—वार्षिक मूल्य छः रुपये। एक अंक का डेढ़ रुपया।

पृथ्वीराज रासो का प्रामाणिक संस्करण

१—विस्तृत खोजपूर्ण भूमिका, शब्दार्थ, पद्यार्थ और आवश्यक मानचित्रों सहित प्रकाशित होगा।
२—२२+२९।८ आकार के लगभग २५०० पृष्ठों में खण्डशः प्रकाशित होगा।
३—सम्पूर्ण रासो का मूल्य ४०) रु० होगा; किन्तु ५) रु० अग्रिम भेज कर ग्राहकश्रेणी में अपना नाम लिखवा लेने से ३०) रु० में मिल जायगी।
४—डाक अथवा रेलव्यय ग्राहकों के जिम्मे होगा।
५—सम्पादक—श्रीयुत कविराव मोहनसिंह, प्रसिद्ध रासो-तत्वज्ञ।
६—विशेष ज्ञातव्य के लिये प्राप्त कीजिये—रासो-विज्ञप्ति।

प्राचीन साहित्य शोध-संस्थान
उदयपुर विद्यापीठ, उदयपुर [राजपूताना]

महत्वपूर्ण साहित्य

१—राजस्थान में हिन्दी के हस्त-लिखित ग्रन्थों की खोज भाग-१ ।
पं० मोतीलाल मेनारिया एम.ए.
मूल्य तीन रुपया ।

२—राजस्थान में हिन्दी के हस्त-लिखित ग्रन्थों की खोज भाग-२ ।
अगरचन्द नाहटा
मूल्य चार रुपया ।

३—मेवाड़ की कहावतें भाग-१
पं० लक्ष्मीलाल जोशी,
एम. ए., एल-एल. बी.
मूल्य दो रुपया ।

४—मेवाड़-परिचय
विपिन विहारी वाजपेयी
एम० ए०, साहित्यरत्न,
मूल्य आठ आना ।

५—शोध-पत्रिका
प्राचीन साहित्य शोध-संस्थान, उदयपुर विद्यापीठ की त्रैमासिक पत्रिका, वार्षिक मूल्य छः रु० ।

प्राचीन साहित्य शोध-संस्थान
उदयपुर विद्यापीठ, उदयपुर ।

मुद्रक—फाइन आर्ट प्रिंटिंग प्रेस, अजमेर.